प्रारूप समिति की भूल : सात सदस्यीय उप समिति ने एक ऐतिहासिक भूल की। 19 अगस्त, 1947 से जनवरी, 1948 के बीच समिति से अपेक्षाएं भारत के इतिहास को रही हैं। उसमें इस समिति ने कर्तव्यहीनता और चूक की। संविधान सभा के सदस्य टी.टी. कृष्णमाचारी ने बाद में मार्मिक शब्दों में यह कहा कि इस समिति के एक सदस्य ने त्याग पत्र दिया, जिसकी जगह अन्य सदस्य को मनोनीत किया गया। एक सदस्य की मृत्यु हो गई और उसकी जगह मनोनयन नहीं हुआ। एक अथवा दो सदस्य अधिकतर दिल्ली के बाहर रहे और सम्भवतः स्वास्थ्य या अन्य कारणों से बैठक में शामिल नहीं हुए। एक सदस्य इसी अवधि में अमेरिका चले गये। इस तरह इस पूरी समिति का भार मूलतः अम्बेडकर पर आ गया, जिन्होंने संशोधित पाठ संविधान सभा को बहस के लिए उपलब्ध कराया। हरि विष्णु कामथ ने बाद में मर्माहत होकर कहा कि यदि इसमें कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी जैसे सदस्य सक्रिय होकर कार्य करते तो संविधान का स्वरूप ही कुछ और होता। संविधान सभा में 4 से 9 नवम्बर, 1948 के बीच पंचायत व्यवस्था की उपेक्षा को लेकर एक जीवन्त

बहस हुई। अनेक सदस्यों ने महात्मा गांधी का उद्धरण देते हुए कठोर स्वरों में यह तर्क रखा कि जब तक संविधान में पंचायत व्यवस्था पर आधारित स्वराज्य की परिकल्पना की प्रतिबद्धता परिभाषित नहीं की जाती, तब तक संविधान की रचना का ही कोई अर्थ नहीं है।

सदस्यों की उत्तेजना का एक महत्वपूर्ण कारण डॉ. अम्बेडकर के भाषण का अंश था। उन्होंने भारतीय गांवों की राजनीतिक स्थिति का मर्माहत कर देने वाले शब्दों में खाका खींचा था। अम्बेडकर ने उन सदस्यों को आड़े हाथों लिया था जिन्होंने भावावेश में संसदीय बहस में यहां तक कह दिया था कि पंचायती राज की व्यवस्था संविधान सभा में नहीं हो सकती तो वे केन्द्र तथा राज्य सरकारों का गठन भी नहीं चाहते। अम्बेडकर ने तल्खी में यह कहा कि बुद्धिजीवियों का ग्रामीण प्रेम असीम और कारुणिक दिखाई पड़ता है। उन्होंने व्यंग्य किया कि ऐसा प्रतीत होता है कि इन कथित बुद्धिजीवियों का ग्रामीण प्रेम सर चार्ल्स मेटकाफ नामक ब्रिटिश बुद्धिजीवी का भारत के गांवों का वर्णन था; जिसे उसने इंग्लैण्ड में हाउस ऑफ कामन्स की विषय समिति के समक्ष 1632 में रखा था। अम्बेडकर ने कहा कि भारतीय गांवों ने भले ही विदेशी आक्रमणकारियों के हमले झेले होंगे, परन्तु उन्होंने लगभग शुतुरमुर्ग की प्रवृत्ति का परिचय दिया और किसी तरह जीवित रहे भर हैं। अम्बेडकर ने बेलाग होकर यह कहा कि यह कथित ग्रामीण गणतंत्र भारत की बरबादी रहे हैं। उन्होंने सदस्यों से मुखातिब होकर पूछा कि गांव क्या हैं, सिवाय इसके कि स्थानीय झगड़ों के नाबदान और अज्ञान, संकीर्णता तथा संप्रदायवाद की मांद हैं। अम्बेडकर ने प्रतिरोधी उत्साह के साथ यहां तक कह दिया कि उन्हें इस बात की प्रसन्नता है कि संविधान के प्रारूप में गांवों की बुनियादी इकाइयों के रूप में उपेक्षा की गई है और उसके बदले व्यक्तियों को इकाई बनाया गया है।

संविधान सभा में विवाद : डॉ. अम्बेडकर के कथन की संविधान सभा में कड़ी आलोचना हुई। एक के बाद एक सदस्य ने उठकर उनके कथन का प्रतिकार किया। दामोदर स्वरूप सेठ, प्रोफेसर शिब्बनलाल सक्सेना, हरि विष्णु कामथ, लोकनाथ मिश्रा, काजी सैयद करीमुद्दीन, डॉ. पंजाब राव देशमुख, अरुण चन्द्र गुहा, टी. प्रकाशम, के. सन्थानम, आर. के. सिधवा, पं. ठाकुरदास भार्गव, चौधरी रणवीर सिंह, मुनिस्वामी पिल्लई, श्रीमती दक्षयानी वेलायुधन, गोकुल भाई दौलतराम भट्ट, अलादि कृष्णास्वामी अय्यर, प्रोफेसर

एन.जी. रंगा, एम. अनंतशयनम आयंगार, महावीर त्यागी, डॉ. कृष्णास्वामी भारती, किशोरीमोहन त्रिपाठी, विशम्भरदयाल त्रिपाठी, मोटूरी सत्यनारायण, सुरेशचन्द्र मजूमदार, एम. माधवदास आदि ने डॉ. अम्बेडकर के कथन का बड़ा कड़ा प्रतिवाद किया। आर. के सिधवा ने तो संविधान के उस ड्राफ्ट को ही खारिज कर दिया जो पंचायत संस्थाओं की बुनियाद पर नहीं लिखा गया था। सिधवा ने कहा, 'यह संविधान तो इस देश में लोकतन्त्र की स्थापना हेतु बनाया गया है। डॉ. अम्बेडकर ने तो लोकतन्त्र के मूल विचार को ही नकार दिया है क्योंकि उन्होंने स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामों की उपेक्षा की है। स्थानीय प्रशासन तो इस देश के सामाजिक एवं आर्थिक जीवन की धुरी है। यदि इस संविधान में स्थानीय शासन के अधिकारों के लिए कोई स्थान नहीं है, मुझे आपको यह कहने दीजिए, कि यह संविधान विचार करने योग्य ही नहीं है।'

इन विशिष्ट वक्ताओं ने महात्मा गांधी के वैचारिक सन्दर्भों के अनेक उद्धरण देकर भारतीय स्वराज्य की बुनियादी इकाई के रूप में गांवों को रेखांकित करने की लगातार कोशिश की। दामोदर स्वरूप सेठ ने अपने भावुक भाषण में कहा : 'मैं यह पूछना चाहता हूँ कि इस बड़े कान्स्टीट्यूशन के स्ट्रक्चर में आज जो हमारे सामने हैं, उसमें कहीं भी गांव का कोई जिक्र है और कहीं उसकी कोई तस्वीर है ? नहीं, कहीं नहीं। किसी आज़ाद मुल्क का कान्स्टीट्यूशन का आधार होना चाहिए–लोकल सेल्फ गवर्नमेंट।' यह सारा कान्स्टीट्यूशन बजाय अन्दर और नीचे से खड़ा करने के ऊपर से और बाहर से खड़ा किया जा रहा है और ऐसा कोई स्ट्रक्चर जो बाहर से और ऊपर से खड़ा किया जाय और जिसमें यूनिटों का कोई आधार और उनकी आवाज़ न हो, जिसमें हिन्दुस्तान के हजारों और लाखों गांव का कोई भी जिक्र नहीं है। आप इस कान्स्टीट्यूशन को इस मुल्क को दे सकते हैं; मगर इसको ज्यादा दिनों तक आप अच्छी तरह से चला सकेंगे, इसमें मुझे शक है। जरूरत थी, इस कान्स्टीट्यूशन में इस बात की कि फन्डामैन्टल राइट्स में यह बात शामिल की जाती कि हर आदमी को काम मिलने का, काम पाने का अधिकार होगा। हर आदमी को खाने और पहनने की फिकरों से छुट्टी मिल जायगी। हर आदमी के लिए तालीम हासिल करना, उसका हक होगा.....। अगर इस कान्स्टीट्यूशन के बनाने में देश के हजारों गांवों का हिस्सा होता, तो इस कान्स्टीट्यूशन की शक्ल आज की शक्ल से बिल्कुल मुख्तलिफ हुई होती।'

कामथ ने उन भारतीय बुद्धिजीवियों की खिल्ली उड़ाई जो आज़ाद भारत की रचनात्मक बुनियाद में विदेशों से आयातित मूल्यों के प्रति अपनी नतमस्तकता का बौद्धिक आडम्बर में डूबकर प्रचार करते रहे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में भारतीय प्रतिनिधि श्रीमती विजय लक्ष्मी पण्डित के उस कथन का भी प्रतिवाद किया जिसके अनुसार श्रीमती पण्डित ने संयुक्त राष्ट्र संघ के सम्मेलन में गौरवान्वित होकर यह कहा था कि भारत स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्शों को फ्रांस से ग्रहण कर कृतज्ञ है। उन्होंने नये भारत के निर्माण की पृष्ठभूमि में सुविकसित भारतीय मूल्यों की पुष्टि का अहसास तक नहीं कराया। कामथ ने कहा कि अम्बेडकर आभिजात्य शहरी भद्रपुरुषों की नकचढ़ी वृत्ति के प्रतीक हैं। यदि इस तरह के दृष्टिकोण से भारत के संविधान की रचना की गई तो इस देश का भगवान ही मालिक है। उन्होंने कहा कि गांधी ने पंचायत राज के आखिरी मंत्र के द्वारा इस देश की नई तवारीख लिखने का आह्वान हमसे किया है। कामथ ने आरोप लगाया कि संविधान लिखने की उपसमिति के सभी सदस्यों के कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी के अपवाद को छोड़कर भारतीय आज़ादी के सिपाही नहीं रहने के कारण उनकी आत्मा में देश के लिए वह गरमी ही नहीं रही है, जिस ऊष्मा ने गांधी का रूप धारण कर पूरे देश को अभिभूत किया है। कामथ ने भी अपने भाषण में अम्बेडकर से असहमति का इज़हार किया। उन्होंने कहा : ''मेरे विचार से उन्होंने यह कहने में गौरव समझा कि इस विधान में बहुत कुछ भारत शासन अधिनियम से लिया गया है और यथेष्ट मात्रा में ब्रिटेन, अमरीका, आस्ट्रेलिया के विधानों और कदाचित् कनाडा के विधान में से भी लिया गया है। मैं उनसे यह आशा करता था कि वे हमें यह बताते कि हमारे राजनैतिक अतीत से भारतीय जनता की अपूर्व राजनैतिक तथा आध्यात्मिक प्रतिभा से क्या लिया गया है। इस बारे में सम्पूर्ण भाषण में एक भी शब्द नहीं था। .....एक बात में मैं डॉक्टर अम्बेडकर का विरोध करता हूँ। उन्होंने गांवों का उल्लेख ''स्थानीयता की गंदी नालियां तथा अज्ञानता, विचार संकीर्णता और साम्प्रदायिकता की कन्दराओं'' के रूप में किया है और ग्रामीण जनता के लिए हमारे करुण विश्वास का श्रेय किसी मेटकाफ नाम के व्यक्ति को दिया है। मैं यह कहूँगा कि यह श्रेय मेटकाफ को नहीं है, वरन् उससे कहीं ज्यादा उस महान व्यक्ति को है जिसने अभी हमें हाल ही में स्वतंत्र कराया है। गांवों के लिये जो प्रेम हमारे हृदय में लहरा रहा है, वह तो हमारे पथप्रदर्शक तथा राष्ट्रपिता के

कारण पैदा हुआ था। उन्हीं के कारण ग्राम जनतन्त्र में तथा अपनी देहाती जनता में हमारा विश्वास बढ़ा और हमने अपने सम्पूर्ण हृदय से उसका पोषण किया। यह महात्मा गांधी के कारण है। यह आपके कारण है और यह सरदार पटेल, पंडित नेहरू और नेताजी बोस के कारण है कि हम अपने देहाती भाइयों को प्यार करने लगे हैं।''

कांग्रेस का दृष्टिकोण : संविधान सभा के दो सदस्य अरुणचन्द्र गुहा और एन.जी. रंगा ने संविधान की रचना को कांग्रेस की विचार-परम्परा के जीवित उद्देश्यों से बिंधकर उसके अगले रचनाकर्म के रूप में व्याख्यायित किया। प्रोफेसर रंगा के भाषण में पंचायतों को लेकर तल्खी और दुःख का घनत्व अभिव्यक्त किया गया था। उन्होंने कहा था : ''मैं बहुत अप्रसन्न हूँ कि डॉ. अम्बेडकर ने ग्राम पंचायतों के बारे में वह कहना जरूरी समझा, जो न कहा जाना था। हमारे देश की सारी लोकतान्त्रिक परम्पराओं को तो वे जैसे भूल ही गए। यदि उन्होंने दक्षिण भारत में ग्राम पंचायतों की एक सहस्त्राब्दी से भी अधिक अवधि की उपलब्धियों के बारे में जरा भी जाना होता, तो उन्होंने निश्चित ही वे बातें नहीं कही होतीं। यदि उन्होंने भारतीय इतिहास को भी उसी ध्यान से पढ़ा होता, जैसा कि उन्होंने अन्य देशों के इतिहासों को पढ़ा है तो उन्हें निश्चित रूप से वे टिप्पणियां करने का दुस्साहस न होता।.....निस्सन्देह यह सत्य है कि डॉ. अम्बेडकर ने संविधान के अनेक प्रावधानों का विश्लेषण दिया है तथा दुर्भाग्यवश, इसके कुछ पहलुओं पर अधिक जोर भी दिया है तथा ग्राम-गणतन्त्र, ग्राम-स्वायत्तता एवं लोकतन्त्र पर अपने खुद के विचार भी प्रस्तुत किए हैं। वे हमें तथा इस सभा को इन मुद्दों पर विवादास्पद स्थिति से बचा सकते थे। यदि मुझ पर छोड़ें, तो मैं तो कहना चाहूँगा कि यह संविधान स्वायत्तशासी ग्राम गणतन्त्रों पर ही आधारित होना चाहिए।.....बाद में एक ऐसा समय आएगा, जब इन गणतन्त्रों या स्वायत्तशासी पंचायतों के आधार पर भविष्य में एक संविधान निर्मित किया जा सके। .....डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि वे खुश थे, कि ''प्रारूप समिति ने इसमें गांव को स्थान नहीं दिया है।'' उन्होंने इसे ''स्थानीयता का नाबदान तथा साम्प्रदायिकता का ठौर'' माना है। गुलामी के इन्हीं नाबदानों ने स्वतन्त्रता संग्राम में सभी प्रकार का अत्याचार सहा था। डॉ. अम्बेडकर ने ग्रामों के विरुद्ध जो टिप्पणियां की हैं, उनके विरोध में जब तक मैं अपनी आवाज़ नहीं उठा लेता, तब तक मैं मेरे ग्राम के लोगों का

सामना नहीं कर सकता। डॉ. अम्बेडकर को पता ही नहीं है कि स्वतन्त्रता-संग्राम में ग्रामीणों ने कितना त्याग किया है।.....मुझे खेद है कि डॉ. अम्बेडकर ग्रामों के संबंध में संदर्भ देते हुए अपने मार्ग से भटक गए हैं, उनके संदर्भ एवं निरीक्षण इस सदन की इच्छाओं या भावना के अनुकूल नहीं हैं।...''

अरुणचन्द्र गुहा ने कहा कि संविधान के ढांचे में उन्हें कांग्रेस की आत्मा कहीं दिखाई नहीं पड़ती, जबकि संविधान कांग्रेस के सिद्धान्तों की अगली पायदान के रूप में इतिहास में व्यक्त होगा। उन्होंने पुरजोर वकालत की कि संविधान को कांग्रेसी आदर्शों और सिद्धान्तों के साथ सम्पृक्त करके ही लिखा जाना चाहिए था। परन्तु संविधान के मूल रचनाकार बी.एन. राव तथा संशोधन प्रस्तोता डॉ. अम्बेडकर की कांग्रेस समर्थक दृष्टि नहीं होने से वे इस पूरे मामले में राष्ट्रीय आन्दोलन की केन्द्रीय चिन्ता से अनभिज्ञ व्यक्तियों की तरह एक अनगढ़ संविधान लेकर आये हैं। गांधी ने 1920 में कांग्रेस के संविधान में स्वतः भारी उलटफेर की थी। 1920 की कांग्रेस का संविधान लगभग समकोण पर परिवर्तित कर दिया गया था। उस संविधान में 'हिन्द स्वराज्य' की महात्मा गांधी की परिकल्पना के अनेक तत्व उसके रचनाकार की बानगी की बारीकियों के साथ गुंथे दिखाई पड़ते हैं। दुर्भाग्यवश अम्बेडकर को इस साहसिक परन्तु रूमानी अभिभूति के साहचर्य का अवसर नहीं मिला था। कांग्रेस विचारधारा के समर्थकों ने बार बार यही शिकायत की कि उनको भारत के भावी संविधान की परिकल्पना एक पिरामिड के रूप में कराई गई है जिसकी बुनियाद में भारत के गांवों की मजबूत आधारशिला होगी और उसके ऊपर ही विकेन्द्रीकृत केन्द्र का राज्य अपनी नाभिकीय मुद्रा में खड़ा होगा। गुहा ने कहा कि वे इस बात से भी समझौता कर सकते हैं कि भारत के संविधान की आत्मा इस देश का प्रत्येक व्यक्ति उसकी इकाई के रूप में हो परन्तु प्रशासनिक ढांचे की बुनियाद प्रत्येक गांव के रूप में ही स्थापित होनी चाहिए। अरुणचन्द्र गुहा ने विरोध का स्वर जारी रखा और कहा : ''डॉ. अम्बेडकर ने ग्राम इकाईयों के बारे में कुछ टिप्पणियां की हैं। हम कांग्रेस में वर्षों से रहे हैं। प्रशासकीय यन्त्र के भविष्य में आधार के रूप में ग्राम पंचायतों को रखने की शिक्षा हमें मिली है। डॉ. अम्बेडकर के अनुसार, ग्राम ही देश की बरबादी के सबब रहे हैं। गांव ही अज्ञान के घर रहे हैं। यदि ऐसा मामला है, तो फिर यह हमारे ही कारण है, जो कि शहरों में रह रहे हैं, जो कि विदेशी शासन के अधीन चमक रहे हैं। हमारे

गांवों को भूखा मार दिया गया है। विदेशी सरकारों द्वारा जानबूझकर हमारे गांवों का गला घोटा गया है तथा शहरी लोगों ने इस गन्दे काम में उनके औजार बनकर मनमर्जी की है। ग्रामों का पुनरुज्जीवन मेरे विचार में, भविष्य के स्वतन्त्र भारत का पहला काम होना चाहिए।

टी. प्रकाशम्, के. हनुमंतैया एवं सारंगधर दास भी कांग्रेस की भूमिका को संविधान निर्माण के सन्दर्भ में नकारने वालों के प्रबल विरोधी के रूप में उभर कर आये। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर पर आरोप लगाया कि वे उन लोगों की भूमिका को समझ नहीं पाये हैं जिन्होंने पिछले लगभग तीस वर्षों में भारत की आज़ादी की लड़ाई से खुद को असम्पृक्त रखा है। आज़ादी के संघर्ष का खाका खींचते हुए प्रकाशम ने चुनौती उपस्थित की कि स्वाधीनता संघर्ष की केन्द्रीय ध्वनि की उपेक्षा के साथ-साथ डॉ. अम्बेडकर ने यह क्यों समझ लिया कि केवल ब्रिटिश विद्धान मेटकाफ के उद्धरणों की वजह से ही स्वाधीनता संग्राम के सैनिक पंचायत राज की स्थापना के पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि मेटकाफ अन्यथा भारतीय गांवों की संस्कारशीलता, संघर्षधर्मिता, सहिष्णुता और नैसर्गिकता का पक्षधर रहा है। उसने परेशानहाल अन्तर्द्वन्दों में डूबती उतरती ग्रामीण सभ्यता का परिचय भी कराया है। ग्रामीण पृष्ठभूमि के समसामयिक संलिष्ट सामाजिक कारणों को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा 'डॉ. अम्बेडकर के प्रति पूरी श्रद्धा के साथ, मुझे यह अवश्य कहना चाहिए कि वे अपने को उस स्थिति में रखने में समर्थ नहीं हो पाए, जिसमें कि लम्बे तीस वर्षों तक स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी इस देश की आज़ादी के लिए लड़ते रहे। एक ही झटके में उन्होंने ग्राम पंचायत व्यवस्था की धज्जियां बिखेर दीं। यह कोई ऐसा मामला नहीं है कि जिसे डॉ. अम्बेडकर को इतने हल्के फुल्के ढंग से लेना चाहिए था। अनेक विदेशी शासक जो इस देश में आये थे, उनके अत्याचारों से ग्राम पंचायतें मृत प्रायः हो चुकी थी। फिर भी यह सब होते हुए भी, इतने दबाव के बावजूद वे जीवित रहीं। यही तो मेटकॉफ संसार को तथा हमें समझाना चाहता था, जो कि इनकी उपेक्षा करते आ रहे थे। इसलिए ग्राम पंचायत को उस आधार पर नहीं कोसना चाहिए। आज मैं एक क्षण के लिए भी इस बात की वकालत नहीं करता कि ग्राम पंचायतें वैसी हों, जैसी मेटकॉफ ने उन स्थितियों में वर्णित की हैं। ग्राम पंचायत अधुनातन होनी चाहिए।'

संविधान की रचना का अरुणोदय की तरह धूमिल ख्याल शायद गांधी

के जेहन में उसी वक्त आ गया था, जब उन्होंने तिलक के अवसान के बाद कांग्रेस के शीर्ष पुरुष के रूप में कांग्रेस का एक वांछित संविधान के साथ परिष्कार किया। गांधी ने कांग्रेस के संविधान में इस बात का प्रावधान किया था कि लगभग 80 प्रतिशत सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस महासमिति में केवल ग्रामीण चुनाव केन्द्रों से निर्वाचित होकर जाएं। उन्होंने अलग प्रस्ताव के द्वारा अखिल भारतीय ग्रामोद्योग संघ की स्थापना को भी कांग्रेस की क्रेन्दीय घोषणा में शामिल किया था। इसी कारण शायद गांधी 1922 में अंग्रेज सरकार द्वारा छह वर्ष के लिए गिरफ्तार भी किए गए थे क्योंकि ब्रिटिश हुकूमत को इस बात का भय था कि गांधी धीरे-धीरे; बल्कि शायद तेजी से अपने पैर भारत के सात लाख गांवों में पसार कर हुकूमत के लिए मुसीबत खड़ी कर सकते हैं। बापू हालांकि दो वर्ष बाद रिहा कर दिये गये परन्तु उन्होंने उपरोक्त ग्रामीण विचार समुच्चय को अपने मस्तिष्क से कभी रिहा नहीं किया। उड़ीसा के प्रतिनिधि माधवराव ने गांधी के पुराने कथन को उद्धरित करते हुए याद दिलाया कि कांग्रेस के संविधान के संशोधन के पहले गांधी ने खुलकर कहा था कि यदि कांग्रेस में अधिकांश सदस्य गांवों से चुनकर आते हैं तब ही वे हमारे गांवों के लिए कम से कम सफाई के आदर्श मॉडल अपने अनुभव के आधार पर बना सकेंगे।

डॉ. अम्बेडकर की तीखी टिप्पणी भले ही विवादग्रस्त मानी गई, वह विचारोत्तेजक भी रही है। यदि अम्बेडकर ने मेटकाफ की उक्ति का भारतीय गांवों के प्रति कारुणिकता प्रदर्शित करने के लिए उल्लेख नहीं किया होता तो शायद संविधान सभा में पंचायत राज को लेकर उतनी उत्तेजना पैदा नहीं होती। अपनी तल्खी, कटाक्ष, व्यंग्य और निष्कपट साफगोई के रहते अम्बेडकर की टिप्पणी तथ्यात्मक दृष्टि से पूरी की पूरी गलत नहीं थी। कामथ ने अंग्रेजी बुद्धिजीवी मेटकाफ के कथन को उद्धरित करने के लिए अम्बेडकर की न केवल खिंचाई की बल्कि उन्हें सलाह दी कि वे डॉ. काशीप्रसाद जायसवाल लिखित 'इण्डियन पॉलिटी' और श्री अरविन्द लिखित 'स्पिरिट एण्ड फॉर्म आफ इण्डियन पॉलिटी' अवश्य पढ़े जिससे उनकी दूषित इतिहास दृष्टि शुद्ध हो। महावीर त्यागी अपनी व्यंग्य वृति, साफगोई और अनोखेपन के लिए मशहूर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन भारतीय गांवों को अम्बेडकर ने आपसी झगड़ों के नाबदान की संज्ञा दी है, उन्होंने ही स्वाधीनता संघर्ष में सबसे अधिक क्षति

उठाई है। त्यागी ने कहा कि गुलामी के ये कथित भग्नावशेष आग में झोंके गये हैं। उन्होंने यह चेतावनी भी दी थी कि यदि गांवों के लोगों को आज़ादी में उनका सम्मानजनक हिस्सा नहीं मिला तो वे आगामी इतिहास में क्रान्ति भी करेंगे। महावीर त्यागी ने उच्छ्वास लेकर यह भी कहा कि भारत की धरती बांझ नहीं है। वह किसी ऐसे नेता को जन्म देगी जो इस संविधान में भारतीय जीवन की सांस फूंकेगा। बलवंत सिंह मेहता ने यह चेतावनी दी कि पूरी दुनिया में तनाव और विध्वंस का जीवन व्याप्त है। ऐसे समय पूरा विश्व भारत की ओर आशा भरी निगाह से देख रहा है कि तीसरी दुनिया को कौन-सा रास्ता दिखाया जाए। शंकर राव देव ने चेतावनी दी कि संविधान निर्माताओं को भावुक होने के बदले विचारशील होना चाहिए तथा उनका दृष्टिकोण यथार्थवादी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति की कड़ियल दुनिया में स्वप्नलोक का कोई स्थान नहीं होता। याद रखना चाहिए कि जो कुछ हम करेंगे, भविष्य उसका हिसाब हमसे मांगेगा। इतिहास के कर्मगृह में कोई शयनकक्ष नहीं होता। उन्होंने कहा कि इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि कोई वृत्ति, व्यवसाय, विधि या व्यवस्था जल्दबाजी में इस तरह निर्मित की गई हो कि भविष्य उसे सुधार लेगा। शंकर राव देव ने भी सर चार्ल्स मेटकॉफ का उद्धरण देकर इस ऐतिहासिक तथ्य की ओर याद दिलाया कि भारत के जीवन और संस्कृति की निरन्तरता तथा सुगंधि भारत की ग्रामीण सभ्यता की वजह से ही सुरक्षित रही है, जबकि सत्ताभिमुख लोग पराजित होते रहे है।

पंचायती राज की उपेक्षा को लेकर सदस्यों के मन में सबसे अधिक क्षोभ संविधान की मूल संरचना में भारतीय अस्मिता के अभाव को लेकर रहा है। लोकनाथ मिश्रा ने उत्तेजना में कहा कि उन्हें डॉ. अम्बेडकर के बयान का एक्सरे ही करना पड़ेगा। उनकी दृष्टि में अम्बेडकर अत्यन्त प्रबुद्ध व्यक्ति हैं तथा भारत माँ के सपूत हैं। यह उनका दुर्भाग्य है कि उनका भारत के बारे में ज्ञान अत्यन्त न्यून है। डॉ. पंजाबराव देशमुख ने भारत की प्राचीन सभ्यता को उसके भविष्य की धरोहर बताते हुए इस विचारधारा से असहमति व्यक्त की कि उसका उपयोग भारत के संविधान बनाने में नहीं किया जा सकता। के. संथानम ने संविधान सभा को याद दिलाया कि कुछ अर्थों में गांवों के जीवन में गिरावट भले आई हो परन्तु इसके बावजूद क्रान्तियों और भावना के थपेड़े सहकर हमारे गांवों ने भारतीय जीवन की अस्मिता की रक्षा की है, अन्यथा देश गहरे

अंधकार में डूब जाता। पं. ठाकुरदास भार्गव ने संविधान को भारतीय आत्मा से वंचित दस्तावेज करार देते हुए कहा कि संविधान रूपी कैमरे से पूरे भारत का वास्तविक चित्र खींचा नहीं जा सकता। गोकुल भाई दौलतराम भट्ट ने अम्बेडकर पर कटाक्ष करते हुए यहाँ तक कहा कि इस महान पंडित ने संस्कृत और राजनीति के अथाह ज्ञान के बावजूद भारतीय प्राचीन पंचायत व्यवस्था का संविधान के संदर्भ में विरोध किया है। अलादि कृष्णास्वामी अय्यर ने अम्बेडकर के विचार से असहमति व्यक्त करते हुए संसद को याद दिलाया कि भारतीय धरती पर विदेशी लोकतंत्र का बिरवा गमले में नहीं बोया जा सकता क्योंकि प्रजातंत्र का सिद्धान्त प्राचीन भारतीय संस्था की परम्परा के रूप में इतिहास के पहले परिच्छेद से मनुष्य के ज्ञान के लिए सदैव विद्यमान रहा है। मोटूरी सत्यनारायण ने इतिहास के बदले भूगोल के उपादान का उपयोग करते हुए यह फतवा कसा कि संविधान राष्ट्रीय, स्वराज्यीय अथवा पंचायती व्यवस्था के बदले अन्तर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण से बनाया जा रहा है। सेठ गोविन्ददास के अनुसार हमारे महान भारतीय उपनिषद तथा कौटिल्य के अर्थशास्त्र से लेकर हेनरी मेन द्वारा लिखित 'एनशिएंट लॉ, बेडन पावेल' द्वारा लिखित 'इंडियन विलेज कम्युनिटी', और विपिनचन्द्र पाल रचित 'फण्डामेंटल यूनिटी ऑफ इण्डिया', जैसी कृतियों में वह सब कुछ मिलता है जिसके आधार पर संविधान की रचना की जानी चाहिए थी। वी.पी. झुनझुनवाला ने पंचायतों की भूमिका के सम्बन्ध में अम्बेडकर की टिप्पणी को नकारते हुए कहा कि उन्हें चाहिए कि वे असहयोग आन्दोलन का भारतीय इतिहास पढ़ें, जिससे हमारे ग्रामीणों तथा पंचायतों की भूमिका इसी परिप्रेक्ष्य में समझी जा सके। कमलापति त्रिपाठी ने भारतीय इतिहास तथा संस्कृति पर दृष्टिपात नहीं करने तथा भारतीय दृष्टिकोण की उपेक्षा करने को लेकर कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत ने महान और गौरवशाली परम्परा की थाती राजनीति के क्षेत्र में सुरक्षित रखी है परन्तु हमने ऐसे महान अतीत तक की उपेक्षा की है। ब्रजेश्वर प्रसाद ने बाकुनिन और प्रिंस क्रोपाटकिन के उद्धरण देते हुए संविधान में विकेन्द्रीकरण की छटा नहीं दिखाने पर गहरा असन्तोष व्यक्त किया।

एक भविष्य वक्तव्य : पंचायत राज की परिकल्पना को लेकर एक ऐसा वक्तव्य भी संविधान सभा में दिया गया था जिसकी प्रासंगिकता आज कहीं अधिक गहरी दिखाई देती है। इस वक्तव्य में एक ओर तो संविधान निर्माताओं

को चेतावनी दी गई थी कि भारतीय आदर्शवादी और भावुक लोग हैं जिन्हें अपने अतीत और व्यतीत से गहरा प्रेम है। वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत प्रणाली के आग्रही संस्थापकों को भी उन्होंने लगभग झकझोरते हुए कहा कि यदि ग्रामीणों को राज्य व्यवस्था के लिए पूरी तौर पर प्रशिक्षित नहीं किया गया तो उसके दुष्परिणाम भी उन्हें भोगना होंगे। पश्चिम बंगाल के डॉ. मनमोहन दास ने प्रारूप समिति और सदस्यों के बीच हुई सैद्धान्तिक तकरार में लगभग मध्यस्थ की शक्ल में कहा कि यदि संविधान के मूल पाठ में ही ग्रामीण पंचायत का उल्लेख तक नहीं हुआ है तो शायद संविधान निर्माताओं का मकसद रहा होगा कि विधायन का यह दायित्व राज्यों पर छोड़ा जाए क्योंकि अनेक राज्यों ने इस सम्बन्ध में विधायन की प्रक्रिया शुरू भी की है। दास ने बेलाग होकर कहा कि जब तक हमारे ग्रामीण बन्धु पर्याप्त शिक्षित और राजनीतिक दृष्टि से सजग तथा नागरिक अधिकारों के प्रति उत्तरदायी नहीं बन जाते, तब तक केवल उन्हें अधिकार और सुविधाएँ देने से वे उत्तरदायी आचरण का निर्वहन नहीं कर पाएंगे। उन्होंने एक खतरे की ओर भी संकेत किया था कि यदि ग्रामीणों को पूरी तौर पर शिक्षित करने के पहले ही पंचायत की प्रशासनिक व्यवस्था लागू कर दी गई तो सत्ता के दलालों की बन आएगी। जमींदार, तालुकदार, महाजन और सभी तरह से सत्ता के दलाल ग्रामीण प्रतिनिधियों का मुखौटा लेकर इस पूरी प्रणाली का शोषण करेंगे।

गांधी प्रशासन को नीचे से ऊपर की ओर अर्थात् गांवों से देश के केन्द्र की ओर ले जाने के हिमायती थे। एक सामान्य कहावत है कि भवन का निर्माण नीचे से ऊपर की ओर होता है। उसकी सफाई, रंगरोगन या विध्वंस ऊपर से नीचे की ओर। गांधी का सोच था कि प्राचीन प्रशासनिक व्यवस्था में ग्राम गणतंत्र जीवन्त रहे हैं। उस बुनियादी आधार पर ही नगर गणतंत्र और राज्य गणतंत्र की इमारतें खड़ी की जाती रही हैं। प्राचीन भारतीय प्रशासन के अधिकारिक विद्वान काशीप्रसाद जायसवाल सहित अन्य विद्वानों का लगभग ऐसा ही तर्क देखने को मिलता है। इस आशंका का खंडन या बयान ठीक ठीक नहीं मिलता कि ग्राम्य गणतंत्र की प्राथमिक इकाइयों में सामान्य जनता की कितनी भागीदारी रही होगी। सामन्ती और सूबेदारी व्यवस्था में रायशुमारी या मतदान के आधार पर जनता की निर्णायक या प्रतिनिधिक भागीदारी के विश्वसनीय साक्ष्य नहीं मिलते। संभवत: गांधी इस विलोप को जानते हुए भी

ग्राम लोकतंत्र के कट्टर पक्षधर हो गए थे। वे पहली बार आज़ादी मिलने के बाद भारतीय जनता को मतदान जैसे असाधारण संवैधानिक अधिकार के जरिए आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मौलिक प्रयोग कर रहे थे। गांधी के बरक्स उनके सहयोगी और अनुयायी कांग्रेस के नेतृत्व में होने के कारण संसदीय संस्थाओं में चुने गए थे। उनमें ऊपर से नीचे किए जा रहे ब्रिटिश प्रशासन की नकल का हिन्दुस्तान बनाने की प्रतिबद्धता का यूरोपीय भाव था। संविधान सभा में यही तय किया गया कि हिन्दुस्तान का आईन भारत शासन अधिनियम, 1935 को अपने रोलमॉडल के रूप में स्वीकार कर उसी ढांचे पर भारतीय समझ का पलस्तर चढ़ाएगा। संविधान अंततः यूरोपीय संवैधानिक समझ का भारतीय संस्करण बनकर रह गया। उसमें प्राचीन भारतीय ग्राम्य व्यवस्था और गांधी के सपनों का आधुनिक लेकिन परंपराबिद्ध पंचायती राज गायब है।

असहमति से सहमति : संविधान सभा के कुछ सदस्यों ने प्रारूप समिति द्वारा भारत के संविधान के मूल पाठ को समर्थन दिया। पं. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', बेगम एजाज रसूल, सारंगधर दास, रामचन्द्र गुप्ता, ओ.पी. अलगेसन, श्रीमती दुर्गाबाई, सरदार सोचेतसिंह, जसपतराय कपूर आदि ने एक मजबूत केन्द्र की अवधारणा के पक्ष में अपने बयान किए। सारंगधर दास ने संविधान के ड्राफ्ट के बचाव में यह कहा : ''अम्बेडकर के आरोप के उत्तर में मैं कहूँगा कि ग्रामों में कोई स्थानीयता का भाव नहीं है। वहां अज्ञान हैं-हां, अज्ञान अंग्रेजी भाषा का, तथा हमारी विभिन्न लिखित भाषाओं का, और यह स्थिति हमारी सरकार जिस प्रकार की थी, उस कारण बनी, एक सरकार जिसने हमारी शिक्षा प्रणाली बर्बाद कर दी। जहां तक प्रकृति के ज्ञान तथा शास्त्रों एवं पुराणों से प्राप्त बुद्धिमानी का सवाल है, मैं कहूँगा कि हमारे आधुनिक शहरों की अपेक्षा ग्रामों में ज्यादा बुद्धिमानी और ज्यादा ज्ञान है।.....मैं उन सभी आदरणीय मित्रों के प्रति कुछ शब्द कहने की अनुमति चाहता हूँ, जो ग्राम पंचायत प्रणाली के इतने अधिक उत्साही समर्थक हैं। जब तक हमारे ग्रामीण जन शिक्षित न हो जाएं, जब तक वे राजनीतिक रूप से जागृत न हो जाएं, जब तक वे अपने नागरिक अधिकारों एवं उत्तरदायित्वों के प्रति सजग न हो जाएं और जब तक वे अपने अधिकारों तथा विशेषाधिकारों के प्रति सचेत न हो जाएं, तब तक यह ग्राम पंचायत प्रणाली लाभ की अपेक्षा नुकसान अधिक पहुंचाएगी। मैं जानता हूँ कि मैं अपने लिए गंभीर हानि को निमन्त्रित कर रहा हूँ, जब मैं यह कहता हूँ

कि ग्राम पंचायत प्रणाली तो शताब्दियों और शताब्दियों तक यहां रही है, और रही थी। इसने हमारे देश के कल्याण के लिए कितना योगदान दिया, हमारे सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक उन्नयन के लिए इसने कितना क्या किया ?''

गांधी के निधन के कुछ माह बाद हुए संवैधानिक वाद विवाद में गांधी के विचार धूमिल भी हो रहे थे। यह आश्चर्यजनक था कि आज़ादी के आंदोलन में सक्रिय हिस्सेदारी करने वाले कुछ सदस्यों को भी गांधी का ग्राम्य विचार संदर्भहीन नज़र आने लगा था। इस सिलसिले में हिन्दी के कट्टर समर्थक और लेखक बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' का यह कथन ध्यान देने योग्य है : 'महात्मा गांधी अतिकेन्द्रीयकरण, ओवर सेन्ट्रलाइजेशन के विरुद्ध थे। मेरे मित्र को यह पता होना चाहिए कि इसेन्शियली गांधी वाज़ ए एनार्किस्ट। गांधी एक फिलासाफिकल अनार्किस्ट, एक अराजकतावादी थे। तत्त्व रूप से वह अराजकता को हितकर समझते थे, क्योंकि वह व्यक्ति को इतना ऊंचा बना देना चाहते थे, जहां उसे किसी प्रकार के बाह्य नियंत्रणों की आवश्यकता न हो। हम और आप इतने ऊंचे प्राणी नहीं हैं। हमारे लिए अराजकतावाद और गांधी के शब्दों को दुहरा कर उनके अनुसार कार्य करने का प्रयास हास्यास्पद होगा, और इसलिए गांधी के शब्द यहां पर दुहराना व्यर्थ है।' कुल मिलाकर संविधान सभा की केन्द्रीय बहस में जब पंचायती राज की अवधारणा को मूल अधिकारों के परिच्छेद में उल्लेख नहीं होने पर नीति निदेशक सिद्धान्तों के खण्ड में रखा गया तब अधिकतर सदस्यों की चेतना में गहराता हुआ अपराध बोध घिर आया था। लगभग सभी सदस्यों ने इस बात पर क्षतिपूर्ति मिलने की शैली में सन्तोष व्यक्त किया कि भले ही स्वशासन की इस बुनियादी पाठशाला को मूलभूत अधिकारों में स्थान नहीं मिला, तब भी नीति निदेशक सिद्धान्तों के तहत उसे रखने से अब राज्य की विधायिकाओं का कर्तव्य होगा कि पंचायत राज की अवधारणा को गांधी के सपनों के संदर्भ में बल्कि भारतीय राजनीतिक सिद्धान्तों को पुष्ट किया जाए। संविधान सतत तथा लचीला दस्तावेज है। संविधान में भारत के लगभग सात लाख गांवों की आत्मा आज तक यदि अभिशप्त नहीं है तो मुकम्मिल तौर पर अभिव्यक्त भी नहीं है। संविधान के ताजा संशोधन के बाद राज्य का दायित्व तो बढ़ा है परन्तु ग्राम स्वराज का बोध अब तक संविधान की चेतना के बाहर है। एक परिपक्व संविधान से वक्त पूछने को तत्पर

है कि आज़ादी के महासमर में जो अनगिनत सैनिक गांधी के नेतृत्व में निर्णायक योद्धा थे, उनके वंशज पंचायत व्यवस्था पर आधारित भविष्य का हिन्दुस्तान कब बना पाएंगे ?

गांधी के सामने भारत के गांव निर्विकल्प रोल मॉडल की तरह थे। उनकी ऐतिहासिकता में एक समुन्नत और संतुलित सामाजिक जीवन की अनुगूंज साफ साफ सुनाई पड़ती रही है। इतिहास की अवधारणाओं पर विश्वास करना और उन्हें अपने समय की चुनौतियों को हल करने के लिए प्रेरक संबल बनाने के कारण आलोचकों को गांधी बूर्ज़ुआ या कंजरवेटिव नजर आते रहे हैं। तो भी उन्हें अपनी आलोचना की परवाह नहीं रही है। साम्यवादी विचारकों से अलग हटकर गांधी जनअधिकारों के नए जुमलों के मुकाबले मानव अधिकारों के बड़े पैरोकार के रूप में इतिहास में अपनी दुर्लभ ऊंचाई लिए खड़े नजर आते हैं। इस अर्थ में कि मजदूर और मालिक के संघर्ष से उपजी घृणा की मन:स्थितियों से भारत के भविष्य को बचाया जाए। हृदय परिवर्तन जैसी मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया को गांधी एक सकारात्मक घटित मानते हैं।

गांधी के लिए शहरी-जीवन एक नया सामाजिक उद्‌वेग था। वह जीवन पूरी तौर पर आधुनिक सभ्यता से आच्छादित होता जा रहा था। नगर के जीवन को गांधी इतिहास की स्थापित मान्यताओं के खिलाफ ऐसा प्रयोग समझते थे जो अपनी जड़ों से कट गया हो और आकाश कुसुम बने रहने में गर्वोन्मत्त हो रहा हो। बड़े बड़े औद्योगिक नगरों के मुकाबले गांधी भारत के सात लाख गांवों को आवास की इकाइयां बनाकर एक सुसंस्कृत जीवन की कामना करते रहे थे। ग्रामीण जीवन उनके लिए शुतुरमुर्ग वृत्ति का पलायन प्रक्षेप नहीं था। उसमें जीवन का ऐसा आस्वाद था जो मनुष्य की बुनियादी प्रवृत्तियों को संतुष्ट करता है। कई मनोवैज्ञानिक अवरोधों से उसकी रक्षा भी करता है। गांधी के लिए भारत के गांव एक तरह से जीवन की अहिंसा का विश्वविद्यालय रहे हैं। भारत के संतों के महान आदर्शों के लिए ये गांव प्रयोगशालाएं रहे हैं। ये गांव आधुनिक सभ्यता से कुछ भी आयात करने के इच्छुक नहीं रहे हैं। ये अहिंसा-आधारित समाज व्यवस्था के विकल्प के रूप में आधुनिक सभ्यता के आक्रामक रुख को झेलने को तैयार नहीं थे।

भारत की ग्रामीण सभ्यता में माओ त्से तुंग बल्कि लिन पियाओ की विरोधी-उन्मूलन की नीति की तरह कोई वैचारिक स्वीकार्यता नहीं रही है। इन

गांवों ने अपने मतभेदों को सुलझाने के लिए आपसी सहकार की प्राथमिक संसदीय पद्धतियां चुन रखी थीं। उनके सामूहिक निर्णय के प्रति उनकी आस्था रही है। व्यक्तिगत जीवन में गैर-उच्छृंखलता और सहिष्णु-स्वायत्तता और सामूहिक जीवन में निर्णय-क्षमता का आविष्कार सामाजिक वैज्ञानिकों को भारतीय ग्राम्य जीवन की एक बड़ी देन रही है। गांधी के अनुसार कई अवसरों पर राजाज्ञा का प्रतिरोध करते ग्रामीणजनों ने राज्य से निर्वासित होने को अपना निर्णय बल्कि धर्म बनाया और राजाज्ञा को घुटने टेकने पड़े। 'हिन्द स्वराज' के अध्याय 17 के अनुसार, 'मुझे याद है कि एक रियासत में रैयत को अमुक हुक्म पसन्द नहीं आया, इसलिए रैयत ने हिजरत करना–गांव खाली करना–शुरू कर दिया। राजा घबराये। उन्होंने रैयत से माफी मांगी और हुक्म वापस ले लिया। ऐसी मिसालें तो बहुत मिल सकती हैं। लेकिन वे ज्यादातर भारत-भूमि की ही उपज होंगी। ऐसी रैयत जहां है वहीं स्वराज्य है। इसके बिना स्वराज्य कुराज्य है।' इस तरह अहिंसा का सर्वज्ञात, सर्वसुलभ और प्रयोगशील सिद्धांत भारतीय वैचारिकी में शुरूआत से शामिल रहा है। भले ही भारत के सामान्य ग्रामीण बौद्धिक दृष्टि से ख्यातनाम संस्था के रूप में विकसित नहीं समझे गए।

स्वराज पाने का सीधा रास्ता गांधी के अनुसार स्वदेशी का ही था। घुमावदार मोड़ नहीं होने से सीधा रास्ता पाथेय तक जल्दी पहुंचा सकता है। यदि गांधी के अर्थों में स्वदेशी आंदोलन को भारत की जनता ने अपना लिया होता तो स्वतंत्रता 15 अगस्त, 1947 को मुकम्मिल तौर पर मिल सकती थी। स्वदेशी के बहुत से आशयों में स्थानिकता का आग्रह भी एक केन्द्रीय बिन्दु है। वह भारत के गांवों का आर्थिक पुनरुत्थान करने का महत्वपूर्ण आंदोलन था। अंबेडकर ने भारत की संविधान सभा में चार्ल्स मैटकॉफ का उद्धरण देते हुए भारत के गांवों को नाबदान तक की संज्ञा दी थी। उनके उद्धार को एक असंभव परिकल्पना बताया था। गांधी इसके बरक्स गांव की गरिमा, स्वायत्तता और नैसर्गिक आध्यात्मिकता के पक्षधर रहे हैं। इसलिए गांधी का आंदोलन अपने देश के लिए भारतीय विकल्प बताते हुए पश्चिमी राष्ट्रवाद के मुकाबले एक ऐसे व्यक्ति की पेशकश थी जिसने उसे स्वदेशी आंदोलन का नाम दिया था। गांधी इस बात को लेकर आश्वस्त थे और ठीक ही कि शहरी भद्र लोक ने भारतीय गांवों की अर्थव्यवस्था पर अपना एकाधिकार कर उसे शोषण का हथियार बना रखा है। गांधी इस अर्थ में शहरों के पूरी तौर पर

विरोधी थे। वे इस पूरी प्रक्रिया को उलट देना चाहते थे। समतामूलक समाज की उनकी अवधारणा कोई रोमांटिक फितूर नहीं था। वह संपूर्ण बराबरी लाने की जिद थी।

माओ त्से तुंग ने भी चीन में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अपने विचारों के केन्द्र में रखा, लेकिन गांधी के लिए गांव भौगोलिक स्थान, सांख्यिकी या सामाजिक वर्गीकरण नहीं थे। वे उनके लिए घटना, सपना, संस्कृति थे। वे गांव शब्द से किसी भौतिक इकाई को नहीं, एक जीवन मूल्य-समुच्चय को ध्वनित करते थे। ग्राम्य जीवन को नगरीय जीवन के ऊपर तरजीह देते गांधी ऐसी व्यवस्था के पक्ष में थे जहां राज्य का हस्तक्षेप न्यूनतम हो। ब्रिटिश सांसद जे.सी.मोर यह कहते हैं– 'हमने पाया कि भारत एक प्राचीन सभ्यता है, जो वहां हजारों सालों से रह रही अतिशय बुद्धिमान जातियों के चरित्र का अंग बन चुकी है। उस सभ्यता ने भारत को राजनैतिक संरचना तो दी है। समाज और परिवार के जीवन को चलाने वाली अनेकों विविधतापूर्ण और सम्पन्न संस्थाएं भी दी हैं। अपनी इन संस्थाओं के कारण हिन्दू जाति का चरित्र उन्नत है। वे कुशल व्यापारी हैं, बुद्धिमान, विचारशील और समीक्षाबुद्धि से सम्पन्न हैं, कमखर्च हैं, उदार हैं, संयमी हैं, धर्म पर चलने वाले और नियमों को मानने वाले हैं, मधुर व्यवहार वाले हैं, दयालु हैं, विपत्ति में धैर्यशील हैं और मातापिता की आज्ञा मानने वाले हैं।' 'टॉमस मुनरो के अनुसार, 'भारत के हर गांव में ऐसी पाठशालाएं हैं जो गणित और साहित्य सिखाती हैं। भारत में खेती की श्रेष्ठ पद्धति और उत्तम कारीगरी है। यहां के लोग स्त्रियों के प्रति गहरे आदर, विश्वास और कोमलता का व्यवहार रखते हैं।' विक्टर कज़िन के अनुसार, 'भारत का दार्शनिक चिन्तन गहरे सत्य का साक्षात्कार करने वाला है।'

गांधी की सुनिश्चित राय थी कि राज्य-शक्ति तो हिंसा का एक हथियार है। यह अलग बात है कि भारत पाक विभाजन को लेकर अचानक और अनावश्यक उमड़ा धार्मिक उन्माद सार्वजनिक हिंसा में अभिव्यक्त हुआ था। उसे समाप्त करने के लिए गांधी राज्य की हिंसा का प्रबल विरोध भी नहीं कर पाए थे। स्वातंत्र्योत्तर भारत में राज्य की हिंसा के उत्तरोत्तर प्रकरणों से गांधी के आरोप बिना किसी अतिरिक्त साक्ष्य के सिद्ध होते प्रतीत होते हैं। कई बार राज्य-सत्ता की प्रतिरक्षात्मक हिंसा मूल आक्रामक आतंकी, नक्सली या निजी अपराधी की हिंसा के मुकाबले ज्यादा सघन, पुनरावृत्त और विषादमय हो

जाती है। इसलिए गांधी स्वतंत्रता आंदोलन तक में हिंसा के विरुद्ध थे। व्यवहृत हिंसा का परिणामात्मक कुनबा रक्तबीज की तरह बढ़ता है।

वैश्वीकरण इक्कीसवीं सदी का सबसे बड़ा अभिशाप है। गांधी के लिए आधुनिक सभ्यता उन्नीसवीं और बीसवीं सदी का अभिशाप रही है। गांधी के अर्थशास्त्र में स्वदेशी के माध्यम से ग्रामोद्योगों की भूमिका को लेकर स्थानिकता का जो आग्रह है उसे मटियामेट कर बाजार बनती दुनिया और इसलिए हिन्दुस्तान को ही विश्व गांव के रूप में तब्दील करने का झंझावात आ गया है। उसमें 'हिन्द स्वराज' के लिए केवल एक त्रासद संदेश है। गांधी के ग्राम-स्वराज की कल्पना में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्रियाकलाप प्रत्येक गांव के स्तर पर इस तरह संचालित होंगे कि उनकी निर्भरता शासन की अन्य किसी इकाई पर नहीं हो। ऐसा होने से तात्कालिक दृष्टि से उपलब्ध सहज समाज की वरीयता सामाजिक संरचना में स्थापित होती है। इससे एक अच्छी राजनीति अथवा राजनीति में अच्छेपन की शुरुआत की संभावना गांधी विचार में नज़र आती है। गांधी की दृष्टि में विकेन्द्रीकरण का अर्थ औद्योगिक इकाइयों का बिखराव भर नहीं है। वह समानांतर राजनीति की एक ऐसी रचना है जिसमें लोकशक्ति संस्थागत आचरण करे। वह केन्द्रीकरण और समाज में विभेद पैदा करने वाली आधुनिक राष्ट्र-राज्य की परिकल्पनाओं से टक्कर ले सके। गांधी की इस समझ के आधार पर विकेन्द्रीकृत राजदर्शन में सत्तामूलक समाज इस तरह बनता है। उसमें सत्ता मूल में नहीं होती बल्कि देश के ग्रामीण केन्द्र मूल सत्ता में होते हैं। यह सही है कि 'हिन्द स्वराज' की इस थीसिस को लागू करने की नीयत और इसलिए शायद अब भारत में नियति भी नहीं है। दुनिया की एक इकाई के रूप में भारत पूंजीकृत वैश्वीकरण के मकड़जाल में फंस गया है। विश्व समाज के उद्देश्य और प्राथमिकताएं ही बदल गई हैं। प्राकृतिक नियमों का उल्लंघन भौतिक संसाधनों की लिप्सा की वजह से औद्योगिक समाज का पाथेय बनता गया है। उस संदर्भ में गांधी पर बात करना एक तरह के पिछड़ेपन और यथास्थितिवाद का पोषण और पारेषण कह दिया जाता है।

गांधी विचारों के अध्येता डॉ. रामजी सिंह ग्रामीण सभ्यता की गांधी की थीसिस को अग्रसर कहते हुए यह तर्क करते हैं, 'बड़े-बड़े नगर बनाये जा रहे हैं।' लेकिन यह बड़े भीमकाय नगरों का जैसा कि स्पेंगलर ने 'डिक्लाइन ऑफ

द वेस्ट' में लिखा है कि भीमकाय नगर पतनोन्मुख संस्कृति के परिचायक हैं। इसीलिए प्रश्न है कि यह औद्योगिक सभ्यता हमारे सामने नगरों की अपसंस्कृति को लाई है। इस औद्योगिक सभ्यता ने हमारे पर्यावरण को प्रदूषित किया है। इसी औद्योगिक सभ्यता ने नागासाकी और हिरोशिमा में मानव का संहार किया है। प्रश्न है कि प्रगति क्या है? मैं तो बराबर उपनिषदों की ओर देखता हूँ। जब याज्ञवल्क्य ने कात्यायनी और मैत्रेयी को, (दोनों पत्नियां थीं) पूछा। जब वह वनवास जाने लगे तो सोचा कि आधा-आधा दोनों में बंटवारा कर दें। तो कात्यायनी सांसारिक थी उसने कहा कि हां–आधा बांट दीजिए। मैत्रेयी को पूछा कि मैत्रेयी तुम्हें आधी सम्पत्ति दे दें। वही प्रश्न आप पूछें और वही प्रश्न गांधी का 'हिन्द स्वराज' में खड़ा है। जब सभ्यता के संबंध में प्रश्न करते हैं कि क्या इससे मुझे सुख और शांति मिलेगी? याज्ञवल्क्य ने कहा कि इसकी तो कोई गारंटी नहीं है। तो मैत्रेयी ने हाथ जोड़कर कहा 'ये नाहम् नामृतास्याम, किमहम् तेनकुरुर्ष्याम्' (जो लेकर मुझे स्थायी सुख और शांति नहीं मिलेगी, वह लेकर मैं क्या करूंगी?)''

हेनरी समर मेन की क्लासिक कृति 'विलेज कम्युनिटीज़ इन द ईस्ट एण्ड वेस्ट' को भी गांधी ने 'हिन्द स्वराज' के परिशिष्ट में शामिल किया। यह गांधी की आश्वस्त समझ थी कि जब तक भारत के गांवों को आजाद होने का अहसास नहीं होगा, तब तक राजनीतिक आजादी को ब्रिटिश हाथों से भारतीय हाथों में अंतरण को स्वतंत्रता नहीं कहा जा सकेगा। गांधी के लिए भारत के गांव एक साथ चुनौती और उम्मीद की किरण जगाते हैं। अतीत में गांवों के किसानों के साथ अत्याचार हुए होंगे। उनका कोई ब्यौरा 'हिन्द स्वराज' में नहीं मिलता। गांधी के स्वप्न में गांव ऐसे ही हैं जो अपने सामाजिक जीवन के नैतिक बिन्दु से स्खलित नहीं हुए थे। ऐसे गांवों का पुर्नजन्म भारतीय स्वतंत्रता का वास्तविक पर्याय हो सकता था, उससे कमतर नहीं। ग्राम्य जीवन का उत्कर्ष भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में ही नहीं उसकी परिभाषा के अर्थ में महत्वपूर्ण था। यदि उसे उन प्राकृतिक अधिकारों से लैस किया जाता जो नैसर्गिक रूप में अन्यथा भी ग्राम्य जीवन का अंतर्भूत अवयव थे।

भारत के मध्य वर्ग बल्कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने भी इस तरह की आजादी की कल्पना नहीं की थी। इसलिए महात्मा गांधी का स्वाधीनता का निहितार्थ एक उच्चतर धरातल की प्रतीति था। वह दिवास्वप्न की तरह भले

दिखता हो। उसे साकार करने की कोशिशें भी स्वातंत्र्योत्तर भारत में नहीं की गईं। गांधी गांव को राष्ट्रीय जीवन की आधारभूत इकाई बनाना चाहते थे। उनकी शक्ति को शहरों की संस्थाओं के चोंचलों को नहीं सौंपना चाहते थे। ऐसी जन विरोधी संस्थाओं में से एक न्यायपालिका और इसलिए वकीलों के लिए उन्होंने 'हिन्द स्वराज' के ग्यारहवें अध्याय में निंदात्मक टिप्पणी तक की है। भारत के किसान बहुत बुरी हालत में रहे हैं। सभी शासकीय नीतियां, कार्यक्रम और उनके क्रियान्वयन में या तो गांवों की उपेक्षा हुई है अथवा उनका शोषण। यह सब गांधी की दृष्टि में आधुनिक सभ्यता के कारण हुआ। जब भारत के गांव नर्क बना दिए गए और उसके निवासी औद्योगिक सभ्यता के शिकार। मेन की थीसिस से गांधी ने दो राजनीतिक उद्देश्य हासिल किए। पहला तो यह कि उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में निवास कर रहे भारतीयों के लिए मतदान का अधिकार मांगा क्योंकि भारतीय सदियों से प्रजातांत्रिक संस्थाओं को समझते और विकसित करते रहे हैं। दूसरी प्रेरणा उन्होंने यह ग्रहण की कि ग्रामोद्धार को उन्होंने अपने जीवन का सबसे बड़ा ध्येय बना लिया।

यह गांधी ने कहा था कि इस देश के केवल शहरी लोग अंगरेजों के गुलाम हैं। अंग्रेजी पोशाक, भाषा, खानपान से लकदक भद्रजन अंगरेज हाकिम-हुक्कामों के हुक्का भरने वाले मनसबदार हैं। भारत के सात लाख गांव अंगरेजों के गुलाम नहीं हैं। अपनी पुश्तैनी पोशाकों में लैस, संस्कृति, परम्पराओं, तहजीब, धर्म में आकंठ डूबे ग्रामीण अपनी निपट सादगी की शक्ति लिए यह जानते ही नहीं हैं कि कौन है अंगरेज और कहां से आया है ? गुलामी एक मानसिकता है, राजनीतिक घटना नहीं। यह गांधी का प्रमेय था। राजनीति विज्ञान के तात्विक विवेचक किताबी दुनिया के लोग हैं। उन्हें ये जुमले समझ ही नहीं आए होंगे। भारत की आजादी के लगभग सभी जननायक पश्चिमी शिक्षा के अध्येता रहे हैं। उन्हें भी गांधी के सूत्रों का सरलीकरण करना नहीं आया। अंगरेज अपने नवोदित ज्ञान के दम्भ में इतना फूला रहा कि उसे गांधी से संवाद करने की इच्छा ही नहीं हुई। इसके मुकाबिल जिन दरिद्रों, पस्तहिम्मतों और पददलितों के लिए गांधी ने सामाजिक विज्ञान की सोच की नई भाषा गढ़ी, उसे उन अशिक्षितों ने अच्छी तरह घोख लिया। इतिहास में जब जनता कोई सबक पढ़ लेती है। तब इन्कलाब ही करती है। कैलेन्डर में 15 अगस्त, 1947 इसी जनभाषा की वजह से छप गया है।

गांधी गांव की आत्मा थे बल्कि गांव गांधी की आत्मा में थे। उन्हें शहरों से परहेज़ भी था। आज होते तो किसानों की हो रही अंधाधुंध आत्महत्याओं का गांधी ने कोई नायाब और असरदार विरोध किया होता। स्वावलंबी गांव की परिकल्पना वाले महात्मा को वैश्वीकरण कतई बर्दाश्त नहीं होता। वे सरकारों को समझाते कि विश्व को गांव बनाने की विश्वयारी के चक्कर में न पड़कर गांव को विश्व बनाने वाले **वसुधैव कुटुम्बकम्** के रास्ते पर चलें। इस तरह के गांधी का आज जगह-जगह इस्तेमाल होता। उनकी बेहद कुरूप मूर्तियां सारे देश में लगी हैं। वे अकेले हैं जो भारत में सभी दफ्तरों और न्यायाधीशों के सर के ऊपर तक टंगे हैं। उनके जन्मदिवस पर पूरी छुट्‌टी होती है। उनकी पुण्यतिथि पर उनकी पूरी छुट्‌टी कर दी गई है। उनके रास्ते पर चलने का वे लोग भी आह्वान करते हैं जो दुनिया की सबसे महंगी शराबें पीते हैं। जो विवाहेतर संबंधों को खुला रखने में परहेज़ नहीं करते। जो बिना रसीद दिए नकद में फीस लेते हैं। जो मांसाहार के समर्थक हैं। जो एयरकंडीशनर के बिना न तो उठते बैठते हैं, न सोते हैं और न ही यात्रा करते हैं। जो उस बूढ़े आदमी की हिदायत के बाद भी छोटे सरकारी मकानों में रहना पसंद नहीं करते। जो अमेरिका और यूरोप में इलाज कराकर ही मरने को प्राथमिकता देते हैं। जो भारतीय विद्यार्थियों को अमेरिका भेजकर उनके पैरों में बेड़ियां डलवाते हैं। आस्ट्रेलिया भेजकर उनका कत्ल करवाते हैं। जो दक्षिण अफ्रीका को क्रिकेट खेलने के नाम से जानते हैं लेकिन जिन्हें सेंट मेरिट्ज़बर्ग स्टेशन का नाम तक नहीं मालूम है।

गांधी विदेशी हुकूमत से लड़े थे। आज़ाद भारत में वह कुल जमा पांच छह महीने जीवित रहे। अपने सपनों के कुचले जाने के बावजूद गांधी ने अपने उत्तराधिकारियों का कोई ठोस विरोध नहीं किया। संविधानसम्मत प्रजातंत्र में यदि सरकारों के भ्रष्टाचार और उनकी कर्तव्यहीनता को लेकर गांधी के नाम पर आंदोलन किए जाएं तो गांधी से बड़ा कोई अराजक व्यक्ति इतिहास में नहीं दिखाई देता। वे होते तो कहते कि सरकार के काले कानूनों को मत मानो। सरकार ने मानव अधिकार विरोधी जितने कानून बनाए हैं, उनको खुली चुनौती दो। वे कहते कि अवैध टैक्स देना बंद करो। वे शराब माफिया के खिलाफ अहिंसक आंदोलनों की झड़ी लगा देते। वे आमरण अनशन भी करते कि एक ओर संविधान में शराब बंदी लागू होने की घोषणा हो गई है तो सरकारें

अतिरिक्त राजस्व की लालच में देश की पीढ़ियों के जिस्म में तेजाब क्यों भर रही हैं। वे किसी भी हालत में 'विशेष आर्थिक क्षेत्र' नहीं बनाने देते। वे विरोध करते कि धरती के नीचे जितनी भी खनिज संपदा है उसे एक बारगी खोदकर लुटेरों को नहीं दी जाए।

गांधी के जीवन का सबसे बड़ा अभिशाप यह है कि उन्होंने आदिवासियों के लिए ठोस कुछ नहीं किया। उन्होंने गरीबों को दरिद्रनारायण बनाया। अनुसूचित जाति के बंधुओं को 'हरिजन' कहा। हरिजन यात्राएं निकालीं और 'हरिजन' नाम का पत्र भी। गांधी ने पश्चाताप किया कि देश की सबसे बड़ी आबादी आदिवासी होने के बावजूद गरीबी की रेखा के काफी नीचे है। उन्होंने अपने रचनात्मक कार्यक्रम में अलबत्ता आदिवासी सेवा को जगह दी थी। उनके सबसे प्रिय शिष्य और अब तो संघ परिवार के भी आराध्य सरदार पटेल ने संविधान की उपसमिति का अध्यक्ष होने के बावजूद आदिवासी अधिकारों को अमली जामा नहीं पहनाया। गांधी नक्सल-प्रभावित इलाकों में अहिंसा का बिगुल बजाने के साथ-साथ यह सुनिश्चित करते कि देश के खनिज और वनोत्पाद सरकारी बिचौलिएपन के कारण पूंजीपतियों के हत्थे नहीं चढ़ जाएं। गांधी अंगरेज़ी पद्धति की अदालतों और पद्धति के सख्त खिलाफ थे। वे तो वकीलों को यथास्थितिवादी व्यवस्था का दलाल समझते थे। प्रचलित धारणा के विपरीत उन्होंने साफ कहा था कि आज़ादी के आंदोलन में केवल उन वकीलों का योगदान रेखांकित करने योग्य है जिन्होंने वकालत छोड़कर आंदोलन में हिस्सेदारी की थी।

गांधी को आदिवासियों के लिए कुछ सार्थक कर पाने का आत्मसंतोष नहीं था। आज गांधी को झुठलाकर आदिवासियों की जमीनें निर्लज्ज कानूनों के आधार पर छीनी जा रही हैं। एक तरफ सरकारें, दूसरी तरफ उद्योगपति, तीसरी तरफ राजनेता और चौथी तरफ खड़े नक्सलवादियों की चौहद्दी में आदिवासी किसान, परम्पराएं, संस्कृति, ग्राम्य बालाओं का शील, युवकों का भविष्य सब कुछ खतरे में है। दक्षिण अफ्रीका के मूल निवासी भी तो आदिवासी नस्ल के रहे हैं। उनका ही तो उद्धार गांधी ने किया। आदिवासियों को हिंसा की शिक्षा देकर सभी तरह के कुटिल लोग उन कुदरती जीवन तत्वों से वंचित कर रहे हैं जिनके परिष्कार ने गांधी का आविष्कार किया था।

किसान गांधी की आत्मा में थे। वे आज होते तो किसानों की

आत्महत्या जैसे अकल्पनीय सच को सत्याग्रह के हथियार से टटोलने की कोशिश करते। देसी उद्योगों के प्रति वितृष्णा का भाव नहीं रखने पर भी गांधी के लिए गरीब होना उनकी सम्मान सूची में कहीं ऊपर बैठना था। वे पहले भारतीय थे जिन्होंने अधिकारच्युत लोगों में आत्मविश्वास गूंथते हुए वक्त की नज़ाकत के अनुकूल चतुर रणनीति अख्तियार करने की शैली को भी इतिहास की प्राकृतिक दिशाओं के संदर्भ में बूझ लिया था। उनकी आंखों में आंसू सूख गए थे, लेकिन मरे नहीं थे। उनकी आंखों में आंसुओं के शोले ओलों की तरह दिखाई देते थे। वे आंखें मनुष्य के लिए वक्त के बियाबान के परे तक जाती थीं। लाक्षणिकता गांधी का विचार श्रृंगार नहीं थी। समस्याओं, विचारों, गलतफहमियों और अंतर्विरोधों की जड़ तक जाने में गांधी को जादुई दृष्टि हासिल थी। ऐसा नहीं है कि हर कोई उसी तरह परिश्रम करके गांधी बन सकता है। तवारीख में बड़ा आदमी होना केवल देह धरे का उत्कर्ष नहीं है। कहीं तो कुछ है जो किसी को इंसानियत की सरगनिसेनी बना देता है। सरगनिसेनी का लक्ष्य खुद कहीं पहुंचना नहीं है। वह पाथेय बताने का कुतुबनुमा है। कोई उस पर चढ़े तो!

गांधी ने भारतीय आज़ादी के सन्दर्भ में एक और प्रश्न हमारी जिज्ञासा के कार्यवृत्त पर रखा। यह बात विवादग्रस्त हो सकती है लेकिन गांधी ने राजनीतिक प्रक्रिया का गैरबौद्धिकीकरण किया। इस तरह उन्होंने कोरे बुद्धिजीवियों पर व्यंग्य किया जिनकी वजह से क्रान्ति की प्रक्रिया भोथरी होती है। लोकमान्य तिलक, महर्षि अरविन्द, विवेकानन्द बल्कि भारतीय नवजागरण के लगभग प्रत्येक अशेष हस्ताक्षर ने अपनी समकालीन दुनिया के सामने उगे पश्चिमी सवालों का जवाब देने कि लिए भारतीय इतिहास की प्राचीनता से मदद ली। इनमें से लगभग प्रत्येक विचारक ने पश्चिमी सभ्यता के आक्रमण का मुकाबला करने के लिए महान भारतीय आदर्शों के हथियारखानों में पनाह ली। यह तरीका गलत नहीं था। हमारे प्रामाणिक, पुष्ट और प्रयोगधर्मी भारतीय विचार के मानक सिद्धान्त पश्चिम की हर चुनौती का मुकाबला करने को मानो इन विचारकों द्वारा तत्पर किये गए। इसके समानान्तर चालीस वर्ष के मोहनदास करमचन्द गांधी ने जो विचारक, नेता या अन्य किसी भी रूप में भारतीय जनमानस में प्रतिष्ठित या सक्रिय नहीं हुए थे, 'हिन्द स्वराज' नामक निष्कलंक कृति लिखी। इस कृति में उन्होंने राम के नाम का उल्लेख तक नहीं किया, जिस

रामराज्य की परिकल्पना के लिए वे अन्यथा जीवन भर जूझते रहे। तुलसीदास के नाम का उल्लेख भी उन्होंने चलते चलते ही किया।

'**हिन्द स्वराज**' का मूल सन्देश भारत के ठेठ देहात के किसान हैं, जिनके माध्यम से गांधी ने भारत की आज़ादी का झंडा उठाया था। 'हिन्द स्वराज' की केन्द्रीय चिन्ता भारत के पुरातन इतिहास के ज्ञान की गवेषणा या पुनर्परिभाषा नहीं है। गांधी को चिन्ता है तो केवल हिन्दुस्तान के उन बुद्धिजीवियों की जो पश्चिम की भाषा, संस्कृति, राजनीतिक कौशल और आधुनिकता के समक्ष नतशिर हैं, कायल हैं बल्कि उसके बंधुआ मजदूर हैं। गांधी कहते हैं कि हिन्दुस्तान के करोड़ों लोग जहाँ यह अंग्रेजों की चाण्डाल सभ्यता नहीं पहुंची है, आज भी आज़ाद हैं। देश में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं हुआ। धरती के इतिहास पर किसी भी देश के जन आन्दोलन का ऐसा कोई नायक नहीं हुआ, जिसने उस देश की गुलामी का कारण वहां के बुद्धिजीवियों, नौकरशाहों और समाज के पूरे श्रेष्ठि वर्ग को बताया है। यदि सांस्कृतिक समास का सहारा लिया जाए तो कहा जा सकता है कि देश के लोक जीवन में राम और कृष्ण की कथाएं, आल्हा-ऊदल के गल्प और कुरान शरीफ की आयतों की ऊष्मा हो। उसे इस बात की परवाह ही नहीं थी कि अंग्रेजी राज्य उनके आँगन तक उतर आया है। गांधी भारतीय वातायन के अकेले बौद्धिक हैं, जिन्होंने पश्चिम की सभ्यता के मूल्यों को भारतीय मूल्यों के हथियारों के सहारे चुनौती दी। तो उसके सबूत, उदाहरण और प्रदर्शन के लिए निहत्थे, निस्तेज परन्तु संस्कृति सम्पन्न भारतीय देहातों को चुना। 13/14 नवंबर, 1936 को जॉन आर मॉट के साथ चर्चा में गांधी ने कहा था, 'मैं गांवों का उद्योगीकरण नहीं करना चाहता। मैं तो प्राचीन पद्धति पर उनका नव-संस्कार करना चाहता हूँ, अर्थात् गांवों में हाथ-कताई, हाथ-पिंजाई और अन्य महत्वपूर्ण दस्तकारियों का फिर से चलन करवाना चाहता हूँ। ग्रामोद्धार-आन्दोलन कताई-आन्दोलन से ही फूटकर निकली एक शाखा है। सन् 1908 में इस विषय में मैं इतना अज्ञानी था कि उस समय लिखी हुई अपनी छोटी-सी पुस्तक 'हिन्द स्वराज्य' में मुझे जहाँ चरखा लिखना चाहिए था वहां मैंने करघा लिख दिया था।'

कभी कभी लगता है कि बुद्धिजीवी के रूप में गांधी जी की यश-यात्रा ऊर्ध्व नहीं थी। वह किसी शास्त्रीय नाटक के विपरीत अपने प्रथम परिच्छेद पर ही चरमोत्कर्ष पर आ खड़ी है। 'हिन्द स्वराज' के मुकाबले खुद गांधी के बाद

के साहित्य में प्रौढ़ता होने पर भी वह जीवंतता, चुनौती और परेशान दिमागी नहीं है। 'हिन्द स्वराज' की उस दृष्टि से यदि आज के भारतीय जीवन पर हम नज़र डालें तो अंग्रेजियत, अंग्रेजी भाषा, आधुनिकता और विश्व गांव के चक्कर में पड़कर लगता है पूरे भारत में यह बुद्धिजीवी वर्ग ही केवल गुलाम है। हिन्दुस्तान के असंख्य लोग अब भी सांस्कृतिक दृष्टि से लगातार अपनी अस्मिता को कायम रहकर आज़ाद हैं।

संविधान के 73 वें संशोधन के अनुसार भाग-9 पंचायतों के संबंध में जोड़ा गया है। अनुच्छेद 243-छ यह कहता है :– 'पंचायतों की शक्तियां, प्राधिकार और उत्तरदायित्व-संविधान के उपबंधों के अधीन रहते हुए, किसी राज्य का विधान-मण्डल, विधि द्वारा, पंचायतों को ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्रदान कर सकेगा, जो उन्हें स्वायत्त शासन की संस्थाओं के रूप में कार्य करने में समर्थ बनाने के लिए आवश्यक हों और ऐसी विधि में पंचायतों को उपयुक्त स्तर पर, ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो उसमें विनिर्दिष्ट की जाएं, निम्नलिखित के सम्बन्ध में शक्तियां और उत्तरदायित्व न्यागत करने के लिए उपबन्ध किए जा सकेंगे अर्थात्–

(क) आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए योजनाएं तैयार करना;

(ख) आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय की ऐसी स्कीमों को, जो उन्हें सौंपी जाएं, जिनके अन्तर्गत वे स्कीमें भी हैं जो ग्यारहवीं अनुसूची में सूचीबद्ध विषयों के सम्बन्ध में हैं, कार्यान्वित करना।

इस प्रावधान के अनुरूप पंचायतों के क्षेत्राधिकार को महत्तर बनाते हुए संविधान में ग्यारहवीं अनुसूची को जोड़ा गया। इसके तहत पंचायतों को इन क्षेत्रों में अधिकार दिए जाने का वादा किया गया– 1. कृषि, जिसके अन्तर्गत कृषि-विस्तार है। 2. भूमि विकास, भूमि सुधार का कार्यान्वयन, चकबन्दी और भूमि संरक्षण। 3. लघु सिंचाई, जल प्रबन्धन और जलविभाजक क्षेत्र का विकास। 4. पशुपालन डेरी उद्योग और कुक्कुट-पालन। 5. मत्स्य उद्योग। 6. सामाजिक वानिकी और फार्म वानिकी। 7. लघु वन उपज। 8. लघु उद्योग, जिनके अन्तर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग भी हैं। 9. खादी, ग्रामोद्योग और कुटीर उद्योग। 10. ग्रामीण आवासन। 11. पेयजल। 12. ईंधन और चारा। 13. सड़कें, पुलिया, पुल, फेरी, जलमार्ग और अन्य संचार साधन। 14. ग्रामीण

विद्युतीकरण, जिसके अन्तर्गत विद्युत का वितरण है। 15. अपारमपरिक ऊर्जा स्त्रोत। 16. गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम। 17. शिक्षा, जिसके अन्तर्गत प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय भी हैं। 18. तकनीकी प्रशिक्षण और व्यावसायिक शिक्षा। 19. प्रौढ़ और अनौपचारिक शिक्षा। 20. पुस्तकालय। 21. सांस्कृतिक क्रियाकलाप। 22. बाजार और मेले। 23. स्वास्थ्य और स्वच्छता, जिनके अन्तर्गत अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और औषधालय भी हैं। 24. परिवार कल्याण। 25. महिला और बाल विकास। 26. समाज कल्याण, जिसके अन्तर्गत विकलांगों और मानसिक रूप से मंद व्यक्तियों का कल्याण भी है। 27. दुर्बल वर्गों का और विशिष्टतया, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनतातियों का कल्याण। 28. सार्वजनिक वितरण प्रणाली। 29. सामुदायिक आस्तियों का अनुरक्षण।

नगर सुधार कितना ?

गांधी ने स्वतंत्र भारत का ढांचा गांवों के चतुर्दिक विकास की बुनियाद पर रखने का आह्वान किया था। यह अलग बात है कि संविधान की इबारतों में गांधी के सपनों के चकनाचूर होने की कथा मर्माहत स्वर में गूंजती रहती है। फिर भी किसी न किसी रूप में स्वायत्तशासी राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देने से एक महत्वपूर्ण राजनीतिक उपक्रम की शुरुआत का श्रेय उन अवधारणाओं को दिया जा सकता है जो गांवों और नगरों के आर्थिक विकास को लोकतंत्र की रीढ़ मानती हैं। यहाँ ठहरकर यह देख लेना भी मुनासिब होगा कि ग्राम पंचायतों का अर्थतंत्र पूरी तौर पर राजनीतिज्ञों और नौकरशाहों के श्रेष्ठि वर्ग पर आवंटन, व्यय और पश्चातवर्ती जांच को लेकर लगभग एकाधिकार की मुद्रा में निहित होता है। संविधान की इस आर्थिक व्याख्या के संदर्भ में आम आदमी लगभग पराजय की भूमिका में है। उसे लगता है कि संविधान में ऐसा कुछ अंतर्निहित है जो उसकी समझ के लिए नहीं रचा गया है। वह संविधान की पोथी को हाथ लगाने से भी डरता है क्योंकि उसमें उसके लिए ऐसा कोई पाठ नज़र नहीं आता जिसे वह आत्मसात कर सके।

यह भी नहीं है कि संसद को पंचायती राज की अवधारणा के प्रति चिंता नहीं रही है। आज़ादी के बाद यह तय किया गया कि यद्यपि संविधान में पंचायती राज लागू करने की बुनियादी प्रतिबद्धता को अनुच्छेद 40 (ग्राम

पंचायतों का संगठन-राज्य ग्राम पंचायतों का संगठन करने के लिए कदम उठाएगा और उनको ऐसी शक्तियाँ और प्राधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हों।) में हिदायत के रूप में शामिल किया गया है लेकिन राज्य ग्राम पंचायतों का संगठन करने के लिए कदम उठाएगा। वह उनको ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हों। लोकसभा के पहले निर्वाचन के बाद ग्राम पंचायतों को शक्ति, अधिकार और उत्तरदायित्व देने के सरकारी प्रकल्प हाथ में लिए गए। उचित विधायन और व्यवस्थाओं के अभाव के कारण वैसा करना संभव नहीं हुआ। 1957 में बलवंत राय मेहता समिति का गठन किया गया। मेहता कमेटी ने पंचायतों के कृत्य, प्राधिकारियों और वित्तीय संसाधनों की सुनिश्चितता करते हुए अपनी रपट पेश की। उसे राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा स्वीकार भी किया गया। परिणाम वही ढाक के तीन पात की तरह हुआ। वाचाल तथा आश्वासनयुक्त योजनाएं भी टांय टांय फिस्स होती रहीं। लंबे अंतराल के बाद युवा नेता राजीव गांधी के प्रधानमंत्री काल में उनके इर्द गिर्द के गैरराजनीतिक जमावड़े ने यह वैचारिक तंतु बुना कि पूरी शासन व्यवस्था को केन्द्र और राज्य के संवैधानिक अधिकारों को कमतर करते हुए निचले पायदान की स्वायत्त संस्थाओं को समृद्ध और शक्तिशाली बनाया जाए।

यह संयोग है कि बीसवीं सदी के आखिरी दशक में पूरी दुनिया में क्षेत्रीय, स्थानीय और ग्राम्य स्तर की राजनीतिक शक्तियों ने केन्द्रीय शासन की जकड़न को ढीला करने की कोशिशें तेज़ कीं। नागरिक संस्थाओं ने लगातार दबाव बनाए रखा कि संवैधानिक, वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों का कुछ हिस्सा इन संस्थाओं में वेष्ठित किया जाए। मुख्यतः तीन बिंदु सुझाए गए– राजनीतिक वैधता, प्राधिकार का विकेन्द्रीकरण और संसाधनों की उपलब्धता का दोहन। अशिक्षा, दब्बूपन, सूचनातंत्र का अभाव और एकजुटता नहीं होने के कारण नगर तथा ग्राम स्तर के जनप्रतिनिधियों ने कभी कोई सार्थक संवैधानिक जन आंदोलन अधिकारों के बटवारे के लिए खड़ा नहीं किया। बीसवीं सदी के अंत में शिक्षा और तकनीकी के प्रसार तथा वैचारिक वैश्वीकरण की बयार में नागरिक आवाज़ें छिटपुट शोर के बदले आग्रही नारों में तब्दील हुईं। इसलिए दुनिया के महत्वपूर्ण लोकतंत्रों में एक वैधानिक सिविल सोसायटी की इयत्ता

को तरज़ीह दी गई। नई सामाजिक स्थिति को संवैधानिक दृष्टि से सामासिक बनाने के लिए संविधान में ही संशोधन करना आवश्यक प्रतीत हुआ। इन शक्तियों को मुहैया कराने का अर्थ गांधी की परिकल्पना को साकार करना कतई नहीं था। वह प्राचीन ग्राम्य गणतंत्र की अवधारणाओं से उपकृत होकर परिवर्तित परिस्थितियों में पुष्ट करने जैसा भी नहीं था। वह किसी उपवन के वनस्पति जीवन में लोकप्रिय फूलों और फलों की प्रजातियों को भारतीय मिट्टी में रोपने जैसा था। उसके बीज विदेशों से आयात किए गए थे। इसलिए इन फूलों और फलों में भारतीय नस्ल की गंध और स्वाद का अभाव आना लाजिम़ी था। ऐसा नहीं है कि संविधान संशोधन के पहले देश में किसान आंदोलन, मज़दूर हड़तालें, छात्र संघर्ष और पर्यावरण सम्मेलन आदि नहीं हुए होंगे। जनसमर्थक इन गतिविधियों का भी संसद के सोच पर सीमित असर अवश्य हुआ है। कुल मिलाकर विधानवेत्ताओं की नीयत की आंत में वह जज़्बा दिखाई नहीं देता जो इन प्राथमिक संस्थाओं को विधायिका का लघु रूप मान ले। संविधान के ये संशोधन अपनी भाषा और जिरह में पुश्तैनी विचार के अग्रसरकर्ता और पवित्र तो लगते हैं, परंतु कवि मित्र मधुकर खरे के इस कथन की तरह– 'लगता था जीते तो हैं, पर मनुष्य ही नहीं रहे।'

विकास की अवधारणा को लेकर संविधान में महत्वपूर्ण संशोधन हुआ जब नीति निदेशक सिद्धांतों के अध्याय में उल्लिखित पंचायती राज और नगर पालिक संस्थाओं को संविधान के 73वें और 74वें संशोधन के द्वारा संवैधानिक दर्जा दिया गया। अनेक तरह के प्राथमिक और मैदानी विकासों की जिम्मेदारियों से इन संस्थाओं को युक्त घोषित किया गया ताकि विधायिका संस्थाओं पर उनकी निर्भरता कम हो। किसी न किसी रूप में स्वायत्तशासी राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देने से एक महत्वपूर्ण राजनीतिक उपक्रम की शुरुआत का श्रेय उन अवधारणाओं को दिया जा सकता है जो गांवों और नगरों के आर्थिक विकास को लोकतंत्र की रीढ़ मानती हैं। यहाँ ठहरकर यह देख लेना भी मुनासिब होगा कि ग्राम पंचायतों का अर्थतंत्र पूरी तौर पर राजनीतिज्ञों और नौकरशाहों के श्रेष्ठि वर्ग पर आवंटन, व्यय और पश्चातवर्ती जांच को लेकर लगभग एकाधिकार की मुद्रा में निहित होता है। संविधान की इस आर्थिक व्याख्या के संदर्भ में आम आदमी लगभग पराजय की भूमिका में है। उसे लगता है कि संविधान में ऐसा कुछ अंतर्निहित है जो उसकी समझ के लिए नहीं

रचा गया है। वह संविधान की पोथी को हाथ लगाने से भी डरता है क्योंकि उसमें उसके लिए ऐसा कोई पाठ नज़र नहीं आता जिसे वह आत्मसात कर सके। एक संवैधानिक मुगालता देश के ज़ेहन में पिछले बीस वर्षों से पक रहा है कि प्रशासनिक व्यवस्था त्रिस्तरीय हो गई है। संसद और विधानसभाओं के बाद पंचायतों और नगरपालिक संस्थाओं के संविधान सम्मत गठन के कारण लोकतंत्रीय प्रशासन का व्यावहारिक विस्तार हो गया है।

1992 में 73वें और 74वें संविधान संशोधन के जरिए पंचायतों और नगरपालिक संस्थाओं को संवैधानिक अधिकार और स्वायत्तता से लबरेज़ किया गया है। ये संस्थाएं राजनेताओं और नौकरशाही के दुर्लक्ष्य के कारण अचानक भंग नहीं की जा सकतीं। छह माह की अवधि के भीतर ही आवश्यकतानुसार उनके नए निर्वाचन कराने होंगे। हकीकत लेकिन कुछ और है। संविधान की ग्यारहवीं और बारहवीं अनुसूची के अनुसार पंचायती तथा नगरीय स्वायत्तशासी संस्थाओं को अधिकार प्रावधानित हैं। वस्तुत: वे राज्य सरकारों द्वारा उन्हें अब तक दिए ही नहीं गए हैं। संविधान के भाग 9 तथा 9 (क) में पंचायत तथा नगरीय स्वायत्त संस्थाओं को दिए गए तमाम अधिकारों को राज्यों के विधानमंडलों के जिम्मे कर दिया गया है। राज्य आवश्यकतानुसार इन संस्थाओं को ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्रदान कर सकेंगे जिससे वे वांछित कार्य करने में समर्थ हो जाएं। संविधान में राज्यों के मुकाबले केन्द्र को बहुत अधिक अधिकार हैं। भले ही संवैधानिक व्यवस्था को राज्यों का फेडरेशन कहा गया हो। इसकी तह में मुस्लिम लीग का संविधान सभा में शिरकत करने को लेकर नकार था और साथ-साथ पाकिस्तान के निर्माण की घोषणा। विघटनकारी शक्तियों के अचानक सियासी सतह पर आ जाने के कारण मजबूत केन्द्र की अवधारणा संविधान के पाठ में कारगर बना दी गई। राज्यों को इसलिए लगातार यह बोध होता है कि उन्हें और अधिक शक्तियां मिलनी चाहिए। यही वह मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि है जिसमें राज्यों को लगता है कि उन्हें पहले से ही मिली कम शक्तियों में से यदि कुछ स्वायत्त संस्थाओं को आवंटित कर दी जाएंगी तो केन्द्र के संवैधानिक टीम टाम के सामने वे बौने नज़र आएंगे। एक दूसरा खतरा भी उत्पन्न हुआ है। राज्यों की असफलता तथा उन पर नकेल कसने के सियासी इरादों के चलते केन्द्र सरकार ने पिछले पैंसठ वर्षों में केन्द्रीय योजनाओं और प्रकल्पों में लगातार इजाफा किया है। भले ही

धन का आवंटन और व्यय राज्यों की नौकरशाही के जरिए किया जाए। केन्द्र सरकार द्वारा स्वायत्तशासी संस्थाओं को राज्यों के अधिनियमों के जरिए अधिक शक्तियां देने के उपक्रम का यह भी कूटनीतिक निहितार्थ हो सकता है कि राज्यों के प्रशासनिक अधिकार कुछ कम तथा विकेन्द्रीकृत हो जाने से केन्द्र की उन पर पकड़ अपेक्षाकृत मज़बूत हो जाएगी। दूसरा लाभ स्वायत्तशासी संस्थाओं और केन्द्र के बीच सीधे संबंध स्थापित होने का भी हो सकता है। उदाहरणार्थ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1980 के द्वारा केन्द्र ने राज्यों की वन भूमियों को अन्य प्रयोजनों के लिए अंतरित करने का राज्यों का अधिकार स्वयं में वेष्ठित कर लिया।

एक विशेषज्ञ अनुमान के अनुसार 2030 तक भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जी. डी. पी.) पांच गुना बढ़ जाने की उम्मीद है। तब देश की नगरीय आबादी 60 करोड़ हो सकती है जो संयुक्त राज्य अमेरिका की मौज़ूदा आबादी से दुगुनी होगी। केवल शहरों के लिए देश के सत्तर प्रतिशत नियोजन उपलब्ध होंगे। नगरों तथा महानगरों में सुलभ यातायात के लिए 7400 किलोमीटर लंबी मेट्रो तथा अन्य रेल सेवाओं की आवश्यकता होगी। (मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट 2010)। दरअसल शहरों की भूमिका, चुनौतियां, समस्याएं और तरक्की के नए आयाम बीसवीं सदी के सातवें दशक में लगभग झंझावात की तरह आए। इसी दशक में विकासशील देशों के लिए विकसित देशों से नगरीय समस्याओं को सुलझाने के लिए धन की आवाजाही शुरू हुई। इसी दशक के आसपास तरह तरह की नगर विकास संहिताएं केन्द्र और राज्य के विधायन के ज़रिए रची गईं। मसलन मध्यप्रदेश में नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 में हुए संशोधन सहित नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 और गृह निर्माण मण्डल अधिनियम 1972 के विधायन के ज़रिए नगरीय विकास को व्यवस्था और दिशा देने की कोशिश की गई। यह अलग बात है कि उनमें जिस तरह के नागर समाज की परिकल्पना की गई, वैसा समाज न तो विकसित होना था और न ही वह हुआ। संभावित समाज रचना के कारकों अर्थात जनप्रतिनिधियों एवं नौकरशाहों ने अपनी उस भूमिका का पालन नहीं किया जो अन्यथा समय की मांग थी। सामाजिक विकास तयशुदा सरकारी मानकों पर कभी भी निर्भर नहीं होता। समाज की आवश्यकता ऐसे कई अज्ञात तथा संभावित तत्वों पर निर्भर होती है जिनका अकादमिक पूर्वानुमान लगाना

मुश्किल है। उनके उपस्थित हो जाने के बाद उनका परीक्षण भले कर लिया जाए। आगे चलकर 2005 में संयुक्त प्रगतिशील दल की सरकार ने जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन की स्थापना के ज़रिए दो हज़ार करोड़ रुपयों का बजट प्रावधान किया जिसे सात वर्षों में खर्च किया जाना था।

शहरों की मुख्य समस्याओं का उद्‌गम बढ़ती आबादी के अनुपात में रहायशी इलाकों के लिए भूमि का संकुचन है। तमाम विषमताओं तथा विवशताओं के चलते ग्रामीण आबादी में उतना घनत्व अभी भी नहीं है, भारत के शहर जिसका शिकार हैं। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और बंगलुरु जैसे महानगरों में यह समस्या लाइलाज होने के कगार तक जा पहुंची है। इस वजह से रियल इस्टेट के धंधे में घोटालों का युग आया। जबरिया भूमि अधिग्रहण, झोपड़पट्टियों का क्रूर उजाड़, शहरी बेरोजगारी, न्यूनतम वेतन, अमानवीयकृत जीवनशैली और राक्षसी अहंकार के साथ बढ़ता प्रदूषण आदि नगरीय जीवन की कुछ कड़ियल सच्चाइयां हैं। इन कारणों से भारत समेत पूरे एशिया में नगरीय जीवन के चरित्र का कंटूर बहुत तेज़ी से बदल रहा है। नगर संभावित विकास और उसके आड़े आ रहे अवरोधों का युद्धस्थल बनते जा रहे हैं। तमाम तरह के आदर्श, स्वप्न, नवउदारीकरण, माओवाद, नई राजनीतिक पहचान, गांधीवादी समाजवाद, हिन्दू राष्ट्रवाद, पर्यावरणीय चिंताएं और इन सबका आपसी घालमेल शहरी जीवन में अपना स्पेस ढूंढ़ रहा है। यही वह स्थान है जहां पेयजल, विद्युत, आवास, स्वच्छ हवा, बाग बागीचे सहित अन्य सामाजिक उपयोगिता के स्थल, वैधानिक तथा स्थानीय कानूनों की रचना, उपभोक्तावाद, कारपोरेट बाज़ार, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, ट्रैफिक में भीड़भाड़, लोक स्वास्थ्य, शहरों का फैलाव, प्रवजन और निकटस्थ ग्रामीण क्षेत्रों पर शहरी सभ्यता और संस्कृति का दबाव आदि महत्वपूर्ण हो रहे हैं।

राज्यों ने वैसे भी सर्वशिक्षा अभियान, एकीकृत शिशु विकास योजना और राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन वगैरह की अनदेखी की है। उन सब अधिकार क्षेत्रों, जिनके लिए स्वायत्त संस्थाओं के पक्ष में संवैधानिक आज्ञप्तियां हैं, में राज्यों ने भारी भरकम विभाग भी खड़े किए हैं। उनमें मंत्री, सचिव, डायरेक्टर और अन्य कई स्तरों पर सरकारी मुलाजिमों की लंबी चौड़ी जमात लोककल्याणकारी योजनाओं के मद में आवंटित राशियों को वेतन एवं

भत्तों के रूप में राज्य सरकारें खर्च कर रही है। वित्तीय संसाधनों और अनिवार्य कृत्यों के रूप में स्वायत्त संस्थाओं को अधिकार मिल जाने के बाद सफेद हाथियों को लाल फीताशाही के जरिए अपनी काली करतूतों को अंजाम देने के युग की समाप्ति करनी होगी। राज्यों के सरकारी तंत्र फिलहाल आत्महत्या करने की मानसिकता में प्रतीत नहीं होते। संविधान सात्विक और तात्विक उपदेशों का चलता फिरता संग्रहालय है। वह पूर्वज वचन का संकलन है। पूर्वजों को इक्कीसवीं सदी के विश्व नागरिक जीवन और ग्रामीण समस्याओं की परिकल्पनाएं बहुत विस्तार में उपलब्ध नहीं रही होंगी। लोकतंत्र निखालिस देशज प्रकृति का कहां है ? यदि संविधान गोरी यूरोपीय अवधारणाओं पर आधारित पाठ है तो उसका आचरण भी तो संविधान के क्रियान्वयनकर्ताओं को उपलब्ध होता रहता है और न्यायालयों को भी। संविधान की व्याख्याओं के अमल करने के द्वन्द्व को लेकर प्रशासक और न्यायाधीश कई बार पश्चिम की समकालीन व्याख्याओं को भारतीय परिवेश में बूझने का काम आसानी से कर लेते हैं। नगरपालिकाओं के अवयवों अर्थात सदस्यों और पार्षदों को यह लगातार गुमान है कि वे अंततः छोटे-मोटे सांसद या विधायक समझे जा सकते हैं। संविधान के उर्वर लगते प्रावधानों का प्रजनन अपनी अर्थमयता में एक मिथक का सृजन करता है, यथार्थ का नहीं। आने वाली पीढ़ियां इससे ही दो चार होती रहेंगी।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में शहर शक्तिशाली चरित्र अभिनेताओं की तरह भूमिका अदा करते हुए कभी कभी खलनायकी भी कर रहे हैं। उनमें भी महानगरों की भूमिका निर्णायक प्रकृति की होती जा रही है। शहरीकरण और वैश्वीकरण दोनों की समानांतर प्रक्रियाओं में परीक्षण के केन्द्र बने महानगर संविधान की ग्राम सुधार संबंधी तथाकथित अवधारणा से मुक्त हो रहे हैं। मसलन दिल्ली एक साथ महानगर कार्यपालिका क्षेत्र, प्रदेश का केन्द्र और देश की राजधानी के रूप में तिहरी भूमिका में है। वह एक तरह का राष्ट्र-राज्य है, केवल महानगर नहीं। नगरीय जीवन की आवश्यकताओं, क्रियाकलापों और विकास के मानकों की संयुक्त दृष्टि से वह बहुलनगरीय नगर है। भारतीय संविधान के 74वें संशोधन में व्यक्त उम्मीदों के बावजूद दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों का विकास एक अलग पैटर्न पर हो रहा है। वहां अंतर्राष्ट्रीय मानकों की महत्वाकांक्षाओं का स्थानीयकरण हुआ है। उन्हें देश के अन्य नगरों

से तुलनात्मक स्थिति में नहीं रखा जा सकता। ये नगर न्यूयार्क, लंदन, टोकियो और पेरिस वगैरह से अपनी तुलना करते हुए कृतकृत्य होना चाहते हैं। उनके लिए जयपुर, भोपाल, रायपुर या देहरादून आदि का अर्थ अपेक्षाकृत उन पिछड़ी राजधानियों से है जो विकास की अवधारणाओं को लेकर प्रयोगशील दिखने पर भी परंपराबिद्ध हैं। ऐसे महानगर विकास के पारंपरिक राष्ट्रीय मानकों पर चेतावनी बिखेरते नज़र आते हैं। उनकी लेकिन व्यावहारिक चिंता यही है कि संसदीय और प्रादेशिक विधायनों में देश के सभी नगरों के विकास के लिए स्वायत्तशासी नागर संस्थाओं को बराबर का क्षेत्राधिकार दिया गया है। ऐसा विधायन महानगरों के तेज़ गति से होते दैत्याकार विकास की संभावनाओं के आकाश को अपने क्षेत्राधिकार में समेट नहीं सकता। ठीक वही विधायन अपेक्षाकृत छोटे नगरों के लिए न केवल पर्याप्त समझा जा रहा है, बल्कि उसमें निकट भविष्य में राज्यों के विधानमंडल संशोधन की संभावना भी नहीं देख पा रहे हैं। वह वक्त आ गया है जब 73वें और 74वें संविधान संशोधन अधिनियम पर पुनर्विचार किया जाए। यही वक्त है जब नगरों और महानगरों के बीच स्पष्ट विभाजक रेखा को पढ़ लेना भी आवश्यक है। ग्रामीण और नगरीय संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को संविधान के तहत विधायन करने की छूट नहीं दी गई है। उनका विकास मात्र अवलंबित संस्थाओं के रूप में किया गया है। यही अवधारणा उनके विनाश का भी कारण है। महानगरों के स्वशासी प्रशासन के सफल संचालन के लिए उन्हें कनिष्ठ विधायन का क्षेत्राधिकार दिया जाना समय की आवश्यकता है। अंतर्राष्ट्रीय झुकाव भी इसी ओर है।

गांधी का आप्त वाक्य 'भारत की आत्मा गांवों में बसती है', का नकारात्मक उपयोग विकास को अवरुद्ध करने के लिए स्वाधीनता के बाद जीवित और सक्रिय रहा। कई तरह के प्रशासनिक प्रयोग भी हुए। ग्रामीण सहकारी संस्थाओं को बहुआयामी तथा समर्थ बनाने के उपक्रम भी केन्द्र तथा राज्यों के स्तर पर किए गए। धीरे-धीरे यूरोप और अमेरिका से आयातित पछुआ हवा ने भारतीय विचार फलक को प्रभावित बल्कि प्रदूषित करना शुरू किया। विशेषकर बंगलुरु तथा हैदराबाद जैसी राजधानियों में कई कारणों से सार्वजनिक उपक्रमों तथा तकनीकी के नए युग का शोध तथा शिक्षण संस्थानों के साथ प्रवेश हुआ। ऐसे तमाम संस्थानों को प्रचलित नियमों, व्यवस्थाओं तथा कठिनाइयों के चलते मोटे तौर पर नगरपालिक संस्थाओं के भौगोलिक

क्षेत्राधिकार के बाहर स्थापित किया गया। इसके बावजूद नगरपालिक संस्थाओं के क्षेत्राधिकार के अंदर निवास कर रहे लोगों पर ही ऐसी संस्थाओं का आर्थिक प्रक्षेपण हुआ। मोटे तौर पर ऐसा ही तर्क मुंबई के लिए भी गढ़ा जा सकता है और चेन्नई के लिए भी। कोलकाता एक प्रतिगामी साध्य है। वहां 1970 के दशक तक औद्योगिक प्रगति का क्षरण ही क्षरण हुआ। ऐसा कोलकाता में नगर या महानगरपालिका की संरचना के कारण नहीं बल्कि उन राजनीतिक परिस्थितियों के कारण हुआ जो देश को बंगाल की देन है। वहां के कम्युनिस्ट शासन ने मोटे तौर पर आर्थिक उदारवाद को भी पश्चिमी आर्थिक साम्राज्यवाद के उत्पाद के रूप में ही देखा।

संविधान के भाग 9 तथा 9 (क) में पंचायत और नगरपालिक संस्थाओं को लेकर व्यापक संशोधन किया जाने का दावा किया गया है। अनुच्छेद 243 (झ) तथा 243 (म) के अनुसार पंचायत और नगरपालिक संस्थाओं की वित्तीय स्थिति के पुनर्विलोकन के लिए वित्त आयोग के गठन के प्रावधान किए गए हैं। अनुच्छेद 280 (3) (ग) के अनुसार वित्त आयोग का यह कर्तव्य होगा कि वह राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राज्य में नगरपालिकाओं के संसाधनों की अनुपूर्ति के लिए किसी राज्य की संचित निधि के संवर्धन के लिए आवश्यक अध्युपायों के बारे में राष्ट्रपति को सिफारिश करें। यह प्रावधान संविधान के भाग 12 में वर्णित है। अनुभव लेकिन बताता है कि इन प्रावधानों के अनुरूप सरकारें और वित्त आयोग आचरण नहीं कर रहे हैं। संविधान के साथ यही तो है कि वह अकादमिक उपदेशों का एक आध्यात्मिक संग्रहालय बनाया गया है। वह अपनी संततियों अर्थात केन्द्र और राज्य के अधिनियमों से बहुत कुछ अमल करने की अपेक्षा करता है। अमल लेकिन होता नहीं है क्योंकि अमल करने से राजनेताओं के पारस्परिक हितों का टकराव होता है। ऐसी स्थिति में संविधान एक पराश्रित और सेवानिवृत्त पिता की तरह संतानों से अपेक्षा नहीं करते हुए भी उम्मीदों को वाचाल बनाता रहता है। संविधान में अमूमन ऐसे प्रावधान नहीं हैं कि कार्यपालिका द्वारा उसकी हिदायतों के अनुरूप आचरण नहीं करने से वह उनके विलोप के कारण व्यवहार योग्य निर्देश जारी कर सकें।

उपरोक्त प्रावधान राज्य सरकार ने संविधान की सातवीं अनुसूची के अन्तर्गत राज्य सूची के अन्तर्गत दिए गए अधिकारों के तहत हैं। लेकिन इसके

विपरीत भारतीय संसद ने संविधान के 74वें संशोधन विधेयक के ज़रिए संविधान में नगरपालिकाओं से संबंधित जोड़े गए भाग 9 क के अंतर्गत नगरपालिकाओं के क्षेत्राधिकार और क्रियाकलापों को संविधान की 12 वीं अनुसूची के अनुसार व्याख्यायित किया है जो निम्नलिखित अनुसार है : 1. नगरीय योजना, जिसके अन्तर्गत नगर योजना भी है। 2. भूमि उपयोग का विनियमन और भवनों का निर्माण। 3. आर्थिक और सामाजिक विकास योजना। 4. सड़कें और पुल। 5. घरेलू, औद्योगिक और वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए जल प्रदाय। 6. लोक स्वास्थ्य, स्वच्छता, सफाई और कूड़ा करकट प्रबन्ध। 7. अग्निशमन सेवाएं। 8. नगरीय वानिकी, पर्यावरण का संरक्षण और पारिस्थितिक आयामों की अभिवृद्धि। 9. समाज के दुर्बल वर्गों के, जिनके अन्तर्गत विकलांग और मानसिक रूप से मंद व्यक्ति भी हैं, हितों की रक्षा। 10. गंदी-बस्ती सुधार और प्रान्नयन। 11. नगरीय निर्धनता उन्मूलन। 12. नगरीय सुख-सुविधाओं और सुविधाओं, जैसे पार्क, उद्यान, खेल के मैदानों की व्यवस्था। 13. सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सौंदर्यपरक आयामों की अभिवृद्धि। 14. शव गाड़ना और कब्रिस्तान; शवदाह और शमशान और विद्युत शवदाह गृह। 15. कांजी हाउस; पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण। 16. जन्म-मरण सांख्यिकी, जिसके अन्तर्गत जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रेशन भी है। 17. सार्वजनिक सुख-सुविधाएं, जिनके अन्तर्गत सड़कों पर प्रकाश, पार्किंग स्थल, बस स्टाप और जन सुविधाएं भी हैं। 18. वधशालाओं और चर्मशोधशालाओं का विनियमन।

निर्वाचित पार्षदों की कर्तव्यहीनता, अधिनियमों की असमर्थता तथा नौकरशाही के अधिनियमित अनावश्यक हस्तक्षेप के प्राधिकार के चलते नगरीय संस्थाओं के आदेशात्मक और विवेकसम्मत उत्तरदायित्वों को पूरा करने के लिए सिविल सोसायटी का मज़बूत हस्तक्षेप स्वायत्तशासी प्रशासन की एक आवश्यक परिणामधर्मी घटना है। कई नगरनिगम क्षेत्रों में वार्ड के मतदाताओं की समितियों ने भी ज़रूरी स्वायत्तशासी उत्तरदायित्वों को पूरा करने में अपना सहयोग तथा विरोध दोनों समय-समय पर समायोजित किया है। व्यवहार में वांछित नगरीय विधायन के अभाव में निर्वाचित पार्षदों द्वारा वह सब कुछ करना संभव नहीं होता, जिनकी पूर्ति के लिए इन संस्थाओं का गठन किया गया है। उस पर भी तुर्रा यह कि राज्यों के नगरपालिक अधिनियमों में नौकरशाहों को

निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सामूहिक निर्णयों को कुंठित, स्थगित या बातिल करने के अनावश्यक और असाधारण विवेकाधिकार दिए गए हैं। आम तौर पर ऐसे विशेषाधिकारों का उपयोग राज्यों के सत्तारूढ़ तबके के लिए किया जाता है। ऐसे प्रावधान लोकतंत्र की विश्वसनीयता, अनुपालन तथा व्यवहार्यता के खिलाफ साजिशी चरित्र के होते हैं। मतदाताओं और नगरवासियों को अधिनियमों में व्यक्त कुटिलता का आभास नहीं होता। वे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मुकाबिल खड़े होकर व्यवस्था को कोसने लगते हैं। इस संघर्ष का अंत लोकतांत्रिक प्रतिनिधियों के प्रति सामूहिक अविश्वास में अधिकतर होता है।

ऐसा नहीं है कि जनप्रतिनिधि पूरी तौर पर दूध के धुले होते हैं, लेकिन अधिनियमों का ढांचा इस तरह है कि नौकरशाही की पकड़ और सख्त हो गई है। इससे संविधान में किए गए 73वें और 74वें संशोधन का कोई असरकारी जनतांत्रिक योगदान दिखाई नहीं पड़ता। महीनों की मशक्कत के बाद अन्ना हज़ारे को छोड़कर अरविन्द केजरीवाल और साथियों ने अंततः दिल्ली के उन प्रशासनिक विलोप-बिंदुओं पर लगातार प्रहार किया जिनके कारण आम जनता का जीवन दूभर हो रहा था। इस लगातार आंदोलन-प्रक्रिया के बाद आम आदमी पार्टी को सिविल सोसायटी के प्रतिरूप राजनीतिक संगठन के रूप में पहली बार सार्थक पहचान मिली। ऐसे नए राजनीतिक प्रयोग का एक अवलोकनीय बिन्दु यह भी है कि सिविल सोसायटी का नेतृत्व तथाकथित एलीट तथा कुलीन वर्ग के हाथों में होता है। वह पिछले वार्डों के विकास की आवाज़ तो बुलंद करता है, लेकिन गरीबी रेखा के आसपास के रहवासियों को नेतृत्व सक्षम नहीं बनाता। कुल मिलाकर नगरीय संस्थाओं संबंधी स्थानीय प्रतिरोध समाज के निचले स्तर से उठी हुई स्वतः स्फूर्त आवाज़ के बदले पिछलग्गू नारों में तब्दील होती रहती है।

केन्द्र में जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के दिन 2004 में पंचायती राज मंत्रालय का गठन किया गया। इस मंत्रालय ने संविधान की आज्ञाओं और आग्रहों के मद्देनज़र पंचायतों की बहुआयामी संभावनाओं के लिए अध्ययन दल गठित किए तथा सेमिनार आदि आयोजित किए। मंत्रालय ने अपनी विस्तृत और वार्षिक रपटें भी प्रकाशित कीं। इन रपटों में केरल की स्वायत्त संस्थाओं के अधिकारों और कर्तव्यों को रोल मॉडल की तरह समझा गया। कहा गया कि

केन्द्र सरकार के कई निर्देशों और आदेशों तक का राज्यों ने पालन करना आवश्यक नहीं समझा। राज्यों ने तो वैसे भी सर्वशिक्षा अभियान, एकीकृत शिशु विकास योजना और राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन वगैरह की अनदेखी की है। उन सब अधिकार क्षेत्रों, जिनके लिए स्वायत्त संस्थाओं के पक्ष में संवैधानिक आज्ञप्तियां हैं, राज्यों ने भारी भरकम विभाग भी खड़े किए हैं। उनमें मंत्री, सचिव, डायरेक्टर और अन्य कई स्तरों पर सरकारी मुलाजिमों की लंबी चौड़ी जमात लोककल्याणकारी योजनाओं के मद में आवंटित राशियों को वेतन एवं भत्तों के रूप में खर्च कर रही है। वित्तीय संसाधनों और अनिवार्य कृत्यों के रूप में स्वायत्त संस्थाओं को अधिकार मिल जाने के बाद सफेद हाथियों को लाल फीताशाही के जरिए अपनी काली करतूतों को अंजाम देने के युग की समाप्ति करनी होगी।

वजीरों और हुक्मरानों की मुट्ठी में गांव और नगर पंचायतें

लोकतंत्र और संविधान के रिश्ते समधियों जैसे हैं। एक का बेटा दूसरे की बेटी से ब्याह में खटपट का कारण है। संविधान बनाने देश के चुनिंदा जनप्रतिनिधि विचार सभा में बैठे। पहले ही खटपट हुई कि भविष्य का भारत यूरोपीय अवधारणाओं पर चलेगा या देशज अनुभवों की परंपरा पर। भारत में इंगलिस्तानी परंपराएं देशज अनुभवों पर हर समय भारी पड़ती हैं। मसलन घटिया अंगरेजी को व्याकरणसम्मत हिन्दी पर तरजीह मिलती है। धोती, कुरते, पाजामे, साड़ी वगैरह को पिछड़ा और देहाती समझा जाता है। अधनंगी पोशाकें, फटी हुई जींस और रंगबिरंगे अजीबोगरीब यूरोपीय परिधान सांस्कृतिक बैरोमीटर हैं। घर घर में बर्गर, पिज्जा, हैम्बरगर, पास्ता वगैरह भारतीय व्यंजनशाला के छप्पन भोग पर काबिज हैं। बहुत चाहा गांधी और चहेतों ने देश में पंचायती राज के आधार पर हुकूमत तंत्र चले। अंबेडकर अड़ गए और नेहरू भी अपने बहुत से सत्ताधारी समर्थकों के साथ। गांधी समर्थक सांसद दूध की मक्खी की तरह समझे गए। प्रो. शिब्बनलाल सक्सेना, श्री हरिविष्णु कामथ, सेठ गोविंददास, श्री लोकनाथ मिश्रा, काज़ी सैय्यद करीमुद्दीन, डॉ. पी.एन. देशमुख, श्री अरुणचंद्र गुहा, श्री टी. प्रकासम, श्री के. सन्थानम, श्री आर.एस. सिध्वा, पंडित ठाकुरदास भार्गव इतना ही हासिल कर पाए कि पंचायती राज व्यवस्था को संविधान के नीति निदेशक तत्वों में क्रमांक 40 पर जगह मिली। उसमें लिखा है 'ग्राम पंचायतों का संगठन-राज्य ग्राम पंचायतों का संगठन करने

के लिए कदम उठाएगा और उनको ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हों।' यही हाल शहरों के लिए नगरपालिक संस्थाओं का हुआ। निर्वाचित पंच और पार्षदों को स्वायत्त शासन और पंचायत मंत्री अपने अंगूठे तले मसलते रहे। चुने गए प्रतिनिधि भ्रम और हताशा में जीते रहे। मंत्री का अट्टहास लोकतंत्र में भैरव संगीत की तरह गूंजता है। नौकरशाह तबले या तानपूरे बजाकर संगत करते हैं।

राजीव गांधी ने जनतांत्रिक दबाव और भारी संसदीय बहुमत के कारण पंचायती राज और नगरपालिका संस्थाओं को नीति निदेशक तत्त्वों के परिच्छेद से उठाकर संवैधानिक हैसियत देने का साहसिक निर्णय किया। प्रधानमंत्री अश्वगति से काम करना चाहते थे। संसदीय कार्यव्यवहार हाथी की गति से चलता है। श्रेय उत्तराधिकारी प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहराव की सरकार को मिला। संविधान के 73वें और 74वें संशोधन के जरिए पंचायत और नगरपालिक संस्थाओं को संविधानसम्मत दर्जा मिला। जीवन की गारंटी मिली कि पांच सालाना पुनर्जन्म लेने के लिए छह महीने से अधिक का दंभ नहीं भोगना पड़ेगा। ग्यारहवीं और बारहवीं अनुसूचियां जोड़ी गईं। उनमें स्वायत्त संस्थाओं के संवैधानिक अधिकारों का उल्लेख है। इस क्रांतिकारी कदम से पंचायत और नगरपालिक संथाओं और फिर सहकारी संस्थाओं की संवैधानिकता से लोकतंत्र के पैरों को मजबूती मिलती।

स्वायत्त संस्थाओं के लिए कानून बनाना राज्य सरकारों और विधानसभाओं के पास है। मंत्रियों और उनको फुसलाने बहलाने वाले वरिष्ठ नौकरशाह अरबों रुपयों के विकास कार्यक्रमों की राशि को अपनी मुट्ठी से ढीलना नहीं चाहते। अभिशाप है कि लोकतंत्र मंत्रियों और वरिष्ठ नौकरशाहों की सामंतवादी वहशी हरकतों का शिकार है। डंके की चोट पर कहा जा सकता है राज्य सरकारें स्वायत्त संस्थाओं को अधिकार देने के लिए अपने राजसी अहंकार और चौधराहट छिनने के भय का शिकार हैं। नगरपालिक संस्थाओं और पंचायतों प्रतिनिधियों की खुली बैठक में सोच-विचार कर लिए गए प्रस्ताव कलेक्टर या सचिव हस्ताक्षर की चिड़िया से एक क्षण में स्थगित, बाधित या निरस्त कर देता है। युवा आईएएस और मंत्रियों को अचानक मिल गए असाधारण अधिकार के अहंकार भारत की प्राचीन व्यवस्था के संवैधानिक

प्रतिनिधियों का मजाक उड़ाते हैं। चाहते हैं मंत्रियों और अफसरों के सरकारी दफ्तरों तो क्या उनके घरों की ड्योढियों में नाक रगड़ें।

जनता की बुनियादी समस्याओं की जिम्मेदारी स्वायत्त संस्थाओं पर है। गंदी बस्तियों में मोरियां बजबजा रही हैं। स्वायत्त शासन मंत्री एक नगर के विधायक भी हैं। वह नगर भयंकर गंदा है। आग लग जाए तो दमकल या तो है नहीं या है तो इतनी निरीह कि किसी भवन के राख हो जाने पर पानी छिड़कती रहे। स्कूलों की हालत पर तो गुनहगार मंत्रियों और अफसरों पर फौजदारी मुकदमा चलना चाहिए। करोड़ों बच्चों की शिक्षा मंत्री और अफसर बरबाद कर रहे हैं। दिल्ली में लेफ्टिनेंट गवर्नर और अरविंद केजरीवाल का झगड़ा सबसे बड़ा सबूत है। केजरीवाल ने हिम्मत की। सुप्रीम कोर्ट को दिल्ली सरकार के अनुरोध पर हालिया बड़े फैसले में लोकतंत्र की परिभाषा को प्याज के छिलकों की तरह छील छीलकर नौकरशाह शासकों को समझाना पड़ा। संविधान में स्वायत्त संस्थाओं का अलग योजना आयोग है। वह केन्द्र से आवंटित धन का बंटवारा लोकतांत्रिक आर्थिक वैज्ञानिक आधारों पर करेगा। राज्य सरकारें नगरपालिक और पंचायत अधिनियमों में इसे लागू नहीं कर रही हैं। लोकतंत्र को संविधान की मंशा और ऐलान के मुताबिक नहीं चलाया जाता। मंत्रियों और नौकरशाहों को वैभव महल भरभरा कर गिर जाने का डर है। संसद की मंशा को राज्य सरकारें अपने अधिकारों के तहत अपमानित या शिथिल कर रही हैं। गांवों में और शहरों में अननिगन समस्याएं हैं। सरकारों की तमाम योजनाएं इन संस्थाओं की उपेक्षा के कारण दम तोड़ती हैं।

चुंबक मंत्री चुंबक पर पार्षद और पंच लोहे के कण बने चिपकते हैं। गुड़ की डली नौकरशाह पर पार्षद और पंच मक्खियों की तरह-तरह भिनभिनाते रहें। रहा होगा ग्राम स्वराज भारत में और यूनान में भी। उससे गांधी प्रभावित हुए थे। सर चार्ल्स मेटकाफ बहुत पहले भारत आए थे। उन्होंने सत्ता के प्रबंधन और विवरण को भारत में देखा। फिर लौटकर अंगरेजी संसद में प्रशंसा की कि भारतीय ग्राम गणतंत्र अनोखा और अद्‌भुत है। जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप संविधान बनाने का दावा अब तो बार-बार एक गंभीर जिरह मांगता है। यूरोपीय अवधारणाएं भारतीय बुद्धिजीवियों के मस्तिष्क में कुंडली मारकर बैठी थीं। उन्होंने अपनी पकड़ अब भी बनाए रखी है। कलेक्टर और सेक्रेटरी साहब हैं, मंत्री लोकतांत्रिक बादशाह और पार्षद और पंच गिड़गिड़ाती जनता के

हरकारे। सरकारों में हिम्मत नहीं जनसभाओं में अपनी नीयत के संबंध में चुनौती दें। अफसर और हुक्काम तैश में आकर आदेश करते हैं। हाई कोर्ट तक त्वरित गति से चलने वाले संवैधानिक यंत्र नहीं हैं। फैसले होते हैं। कभी गलत, कभी सही और यदि सही तो इतनी देर से कि निचली संस्थाओं का कचूमर ही निकल जाए। कभी-कभार जज संविधान की मंशा समझकर कौंधता हुआ फैसला दे तो अंधेरा चिरता है। दिल्ली सरकार के प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट का फैसला रोशनी की तरह है। फिर वही ढाक के तीन पात। राज्य सरकारें उसके पूरक सिद्धांतों की समझाइश में पंचायतें और नगरपालिका संस्थाओं के प्रतिनिधियों को जिबह करना बंद करें भी या नहीं ? यही यक्ष प्रश्न है।

Shri Kanak Tiwari
HIG 155
Padamnabhpur
Durg 491001
Chhatisgarh
Mob. 9131255864

❑❑❑

राजनीति में आध्यात्मिकीकरण के गांधी के लक्ष्य का एक आलोचनात्मक विश्लेषण

सुनिता मौर्य • अफरोज अहमद

महात्मा गांधी के राजनीतिक विचारों में नैतिकता, आचार-विचार और नेतृत्व के बीच अभिसरण का एक दुर्लभ क्षण था, जो उनके आध्यात्मिक विश्वासों से काफी प्रेरित था। यह अभिसरण एक दुर्लभ घटना थी। राजनीति के आध्यात्मिकीकरण की गांधी की अवधारणा ने सत्य (सत्य), अहिंसा (अहिंसा) और निस्वार्थ सेवा को राजनीतिक कार्रवाई में शामिल करने की कोशिश की। यह अध्ययन राजनीति के आध्यात्मिकीकरण के लिए गांधी के प्रस्ताव का गहन विश्लेषण प्रदान करता है। गांधी ने राजनीतिक सफलता के लिए आध्यात्मिक शुद्धता की आवश्यकता पर जोर दिया, साथ ही साधनों और लक्ष्यों के मिलन पर भी। दूसरी ओर, विश्लेषण उन बिंदुओं पर गौर करता है जो गांधी की तकनीक के खिलाफ हैं। इन तर्कों में समकालीन प्रशासन द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों के साथ-साथ उनकी कार्यप्रणाली से जुड़ा आदर्शवाद भी शामिल है। यह आलोचनात्मक परीक्षण आधुनिक सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों में गांधी के दृष्टिकोण की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है, साथ ही उन प्रतिबंधों को भी रेखांकित करता है जिनका सामना वह कर रहा है। यह धर्म और राजनीति के बीच हमेशा मौजूद संबंधों के बारे में भी अंर्तदृष्टि प्रदान करता है।

खोज शब्द : *सविनय अवज्ञाएं साधनों और उद्देश्यों की एकता, मानवतावाद, सत्ता का विकेंद्रीकरण, भारतीय राष्ट्रवाद*

प्रस्तावना

1920-21 में महात्मा गांधी द्वारा भारत में असहयोग आंदोलन के संदेश के प्रसार के बाद, उड़ीसा में गांधीवादी विचारों का प्रवाह और

राष्ट्रवादियों द्वारा गांधीवादी रणनीति का अनुप्रयोग देखा गया। उत्कल दीपिका और आशा जैसे उड़िया समाचार पत्रों ने महात्मा गांधी के संदेश को स्पष्ट किया और उड़ीसा में कांग्रेस की राजनीति को पेश करने का प्रयास किया। 1921 और 1922 में महात्मा गांधी की महिमा और महानता का वर्णन करने वाली उड़िया में कई पुस्तकें प्रकाशित हुईं। 20वीं सदी के दूसरे दशक में गांधीजी के साबरमती आश्रम के एक निवासी के रूप में, दासपल्ला के गोविंद मिश्र ने महात्मा गांधी का जीवन इतिहास उनके भारतीय राजनीति में प्रवेश तक लिखा था। उड़िया में इस पुस्तक (महात्मा गांधी का जीवन चरित) के बाद महात्मा पर अन्य लेख लिखे गए। पुरी के पद्म चरण पटनायक ने 1921 में महात्मा गांधी के जीवन को तेरह अध्यायों में लिखा था गांधी का स्वराज्य (महात्मा गांधी का स्वराज) 1921 में चिंतामणि आचार्य द्वारा लिखा गया था। उस गांधी महात्म्य एक आलोचनात्मक विश्लेषण कैलाश चंद्र दास पुस्तक में, उन्होंने उड़िया लोगों को महात्मा के संदेश और असहयोग की रणनीति को समझने की आवश्यकता के बारे में बताया था। यह परिचय और निष्कर्ष को छोड़कर पाँच अध्यायों में पूरा हुआ।

गांधी महात्म्य में महात्मा के 1921 तक के प्रारंभिक जीवन पर रोचक छंद हैं और इसका उद्देश्य ग्रामीण अशिक्षित उड़िया लोगों के समक्ष गांधीवादी विचारों को स्पष्ट करना था। महात्मा गांधी पर अभिजात्य दृष्टिकोण उड़िया के समाचार पत्रों में प्रस्तुत किया गया था, लेकिन जगबंधु ने एक सरल शैली अपनाई जिसके द्वारा ग्रामीण उड़िया दुनिया महात्मा गांधी और उनके संदेश को जानती थी। यह मोहन दास के जन्म और उनके प्रारंभिक जीवन से सरल भाषा में शुरू होता है। यह दक्षिण अफ्रीका में उनकी गतिविधियों का विवरण देता है। औपनिवेशिक प्राधिकरण के अनुवाद के आधार पर दक्षिण अफ्रीका में उनके दिनों से लेकर 1921 तक गांधी महात्म्य का सारांश नीचे प्रस्तुत किया गया है।

उद्देश्य

1. सामाजिक विषमताओं के निराकरण के लिये गांधी द्वारा अपनाये गये मार्ग का विवेचनात्मक अध्ययन करना।
2. राष्ट्र को स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिये गांधी द्वारा बताये गये उपायों का मूल्यांकन करना।

3. सुशासन की स्थापना एवं राजनीति में सुचिता लाने के लिये गांधी द्वारा किये गये प्रयासों का गहनता से अध्ययन करना।

गांधी द्वारा प्रस्तुत अवधारणा

महात्मा गाँधी एक जन नेता थे और उनकी मान्यताओं ने आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभावित किया। जैसा कि यह माना जाता है कि सभ्यता की भावना का होना एक अच्छा विचार है। उनके मन में पश्चिमी सभ्यता और भारतीय सभ्यता के बीच का अंतर काफी स्पष्ट था। वह जीवन जीने की पश्चिमी विधा और नैतिकता की भावना के प्रबल आलोचक थे। उन्होंने यह कभी नहीं माना कि पश्चिम द्वारा वैज्ञानिक और तकनीकी विकास से उनकी सही मायने में प्रगति हुई है। गाँधी द्वारा अंग्रेजों और पश्चिमी भौतिकवाद के खिलाफ उनके लंबे राजनीतिक और दार्शनिक संघर्ष में इस्तेमाल किए गए अधिकांश शब्द और प्रतीक एक तरफ भारतीय परंपरा के प्रतीक थे और दूसरी तरफ आधुनिक पश्चिमी सभ्यता के आलोचक थे। इन शब्दों और प्रतीकों के एक से अधिक अर्थ हैं। वे कई संदेश भी देते हैं और उनमें से सबसे महत्वपूर्ण है आधुनिकता की आलोचना। इन भारतीय शब्दों और प्रतीकों का उपयोग गाँधी द्वारा राष्ट्रवाद, औद्योगीकरण और पश्चिमी शिक्षा की तीन महत्वपूर्ण अवधारणाओं की आलोचना करने के लिए किया गया था, जो भारत की आधुनिकता का मूल आधार हैं। इससे यह पता चलता है कि गाँधी ने आधुनिक सभ्यता को स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसे उन्होंने पश्चिमी सभ्यता के रूप में निर्दिष्ट और वर्णित किया था। उन्होंने सक्रिय रूप से भारतीय शब्दों, प्रतीकों, अवधारणाओं, परंपराओं, मूल्यों और दर्शन के आधार पर उनका विरोध किया।

गाँधी का सभ्यता का विचार

गाँधी ने अपने विचारों और सभ्यता की अवधारणाओं, पश्चिमी सभ्यता की सकारात्मक और नकारात्मक विशेषताओं, आधुनिक सभ्यता और भारतीय और पश्चिमी सभ्यताओं के बीच तुलना के बारे में विशेष रूप से अपने भाषणों में बताया और 1909 में हिंद स्वराज में गुजराती भाषा में लंदन से दक्षिण अफ्रीका की वापसी यात्रा के दौरान लिखा। यह दक्षिण अफ्रीका में गाँधी द्वारा प्रकाशित साप्ताहिक, इंडियन ओपिनियन के गुजराती संस्करण में उसी वर्ष दो

किस्तों में प्रकाशित हुआ। इसे 1910 में गुजराती में एक पुस्तिका के रूप में जारी किया गया जिसे ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा देशद्रोही सामग्री होने के आरोप में प्रतिबंधित कर दिया गया था। शाही अधिकारियों के इस कदम की परवाह न करते हुए, गाँधी ने बाद में हिंद स्वराज में व्यक्त विचारों को विकसित किया और उन्हें जीवन भर नए योगदानों से समृद्ध करते रहे। उनके विचार मुख्य रूप से घटनाओं पर उनकी प्रतिक्रिया और कई सामाजिक सुधारों और राजनीतिक आंदोलनों को प्रोत्साहन देने के उनके प्रयास से निकले। उनके विचारों में एकरूपता विद्यमान थी और गाँधी के विचारों में यह एकरूपता एक नैतिक दृष्टिकोण जो खुद के लिए नहीं बल्कि अपने देशवासियों के लिए सक्रिय और रचनात्मक जीवन जीने की इच्छा से उत्पन्न हुई थी।

हिंद स्वराज भौतिक शक्ति पर आधारित पश्चिमी सभ्यता पर एक विस्तृत टिप्पणी थी। हिंद स्वराज में उन्होंने पश्चिमी सभ्यता के हर पहलू पर हमला किया ताकि यह साबित किया जा सके कि यह कितना भयंकर और कितना हानिकारक था। इस पाठ में गाँधी ने आधुनिक सभ्यता के विकल्प के तौर पर कई गतिविधियों के बारे में बताया है जिसका पालन करके भारतीय इस विकल्प को वास्तविकता बना सकते हैं। गाँधी ने आधुनिक सभ्यता और पश्चिमी सभ्यता को एक समान माना क्योंकि पश्चिम सभी प्रकार की आधुनिकता का उद्‌गम स्थल था। उन्होंने वास्तव में जिसकी आलोचना की, वह पश्चिमी सभ्यता का एक विशेष रूप था, जो प्रबुद्धता और औद्योगिक क्रांति के साथ उभरा गाँधी के अनुसार, आधुनिक पश्चिमी सभ्यता में लालच, आक्रामकता, उपनिवेशवाद, साम्राज्यवाद, युद्ध तकनीक, असमानता, शोषण, गरीबी, अपव्यय और विलासिता, शारीरिक सुख, अपरिग्रह व्यक्तिवाद और अश्लीलता, अनैतिकता, वैधता और व्यावसायिक शिक्षा, अलगाव इत्यादि जैसी कई नकारात्मक तथ्य शामिल हैं। गाँधी ने इन सबकी आलोचना की। आधुनिक मानव जीवन के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और नैतिक पहलुओं पर इन तथ्यों के बारे में विस्तार से जानने और उनके प्रभाव की व्याख्या करने से पहले गाँधी की पश्चिमी सभ्यता की समग्र आलोचना जो उनके व्यापक कार्यों में बिखरी हुई है, यह जानना जरूरी है कि गाँधी के भारतीय सभ्यता और पश्चिमी सभ्यता के बारे में क्या विचार थे? गाँधी के अनुसार, सभ्यता आचरण की वह विधा हैं जो मनुष्य को कर्तव्य पथ की ओर

अग्रसर करती है। कर्तव्य का प्रदर्शन और नैतिकता का पालन परिवर्तनीय शब्द है। नैतिकता का पालन करना हमारे दिमाग और हमारे जुनून पर महारत हासिल करना है। ऐसा करते हुए ही हम खुद को जान सकते हैं।

पहले लोग खुली हवा में उतना ही काम करते थे जितना वे चाहते थे। अब कारखानों और खानों के रखरखाव के लिए हजारों श्रमिक एक साथ काम करते हैं। उनकी हालत जानवरों से भी बदतर है। वे करोड़पति लोगों की खातिर, सबसे खतरनाक व्यवसायों में, अपने जीवन के जोखिम पर काम करने के लिए बाध्य हैं। पहले लोगों को शारीरिक ताकत के बल पर गुलाम बनाया जाता था। अब वे पैसे के प्रलोभन और उन विलासिता की वस्तुओं के गुलाम बन गए हैं, जिन्हें पैसा खरीद सकता है। अब ऐसी बीमारियाँ हैं, जिनके बारे में लोगों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था और डॉक्टरों की पूरी फौज उनके इलाज का पता लगाने में लगी हुई है, और इसलिए अस्पतालों की संख्या में वृद्धि हो रही है। यह सभ्यता की परीक्षा है। पहले, संदेश भेजने के लिए विशेष दूतों की आवश्यकता होती थी और पत्र भेजने में बहुत खर्च होता था, आज, कोई भी अपने साथी को एक पैसा खर्च करके पत्र के माध्यम से गाली गलौज कर सकता है। और ये भी सच है, कि इसी कीमत पर कोई धन्यवाद और शुभकामनाएं भी भेज सकता है। पहले लोग घर में बनी रोटी और सब्जियों से दो या तीन बार भोजन करते थे। अब, उन्हें हर दो घंटे में कुछ खाने की आवश्यकता होती है क्योंकि अब उन्हें मुश्किल से ही आराम करने का समय मिल पाता है। यह सभ्यता न तो नैतिकता का ध्यान रखती है और न ही धर्म का। यह सभ्यता भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि करना चाहती हैं, और ऐसा करने में भी यह बुरी तरह से विफल हुई है। यह सभ्यता अधार्मिक है, और इसने यूरोप के लोगों पर ऐसी पकड़ बना ली है कि इसका पालन करने वाले आधे पागल प्रतीत होते हैं। यह सभ्यता ऐसी है कि बस धैर्य रखना है और यह स्वयं ही नष्ट हो जाएगा। मोहम्मद की शिक्षा के अनुसार इसे शैतानी सभ्यता माना जाएगा। हिंदू धर्म इसे काला युग कहता है।

गाँधी की बहुत प्रशंसा हुई और इसलिए भारतीय सभ्यता को भी उन्होंने बहुत गौरवान्वित किया। लेकिन, भारतीय सभ्यता की प्रशंसा करते हुए, गाँधी इस तथ्य से अनजान नहीं थे कि समसामयिक भारत वैसा नहीं था जैसा उन्होंने वर्णित किया था। वह भारतीय समाज के काले पक्ष जैसे बाल-विवाह, बाल विधवा, किशोर माता, सती प्रथा, विधवा के पुनर्विवाह की अमान्यता,

महिलाओं और लड़कियों को शिक्षा से वंचित रखना, कन्या शिशुहत्या, बहुपत्नी प्रथा, नियोग की प्रथा का अस्तित्व, जहाँ, लड़कियों से धर्म के नाम पर वेश्यावृत्ति करवाई जाती है, धर्म के नाम पर भेड़ और बकरियों को मारना, अस्पृश्यता इत्यादि के नाम पर समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों से अवगत थे। उन्होंने इन बुराईयों को स्पष्ट रूप से बुराई माना। उन्होंने घोषणा की कि प्राचीन सभ्यता के नाम पर कोई भी भारतीय सभ्यता में व्याप्त बुराइयों और कुप्रथाओं का पालन नहीं करें। उन्होंने इन कुप्रथाओं को दूर करने के लिए अतीत में किए गए प्रयासों को मान्यता दी और माना कि भविष्य में भी उन्हें दूर करने के लिए ऐसे प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने स्वीकार किया कि अन्य सभ्यताओं की तरह भारतीय सभ्यता भी हर मायने में परिपूर्ण नहीं थी, लेकिन उनके अनुसार भारतीय सभ्यता में नैतिकता को बढ़ाने की प्रवृत्ति है, जबकि पश्चिमी सभ्यता अनैतिकता का प्रचार करती है। पश्चिमी सभ्यता ईश्वरविहीन है जबकि भारतीय सभ्यता ईश्वर में विश्वास पर आधारित है।

आधुनिक सभ्यता और भारत की स्वतंत्रता का नुकसान

गाँधी ने कहा कि भारतीयों ने अपनी सभ्यता से खुद को दूर कर लिया जो अनिवार्य रूप से आध्यात्मिक था और इसके बजाय, भौतिक समृद्धि की ओर बढ़ रहा था, जिस पर पश्चिमी सभ्यता आधारित थी और यही भारत की स्वतंत्रता को खोने का आंतरिक और मूलभूत कारण था। वह भारतीय राजाओं के उस दुलमुल रवैये की निंदा करते हैं जिसने अंग्रेजों को यहां अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाने का अवसर दिया। वह हिंदुओं और भारत के मुसलमानों के बीच दुश्मनी का भी हवाला देते हैं जिससे भारतीयों ने उन परिस्थितियों का निर्माण किया जिसने ईस्ट इंडिया कंपनी को ऐसे अवसर प्रदान किए जिसके कारण धीरे-धीरे कंपनी का भारत पर नियंत्रण होता गया। और गाँधी का निष्कर्ष है कि, इसलिए यह कहना ज्यादा सही है कि हमने भारत को अंग्रेजी को दे दिया, न कि भारत हारा।

गाँधी का दृढ़ मत था कि जब भारतीय अपनी सभ्यता की महानता का एहसास करेंगे और अपनी प्राचीन जड़ों तक जाएंगे तो वे अपनी गुलामी की जंजीरों को तोड़ फेंकने में सक्षम होंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि उनका मानना था कि यह भारतीय सभ्यता की कमजोरी का दौर था, जिस दौरान अंग्रेजों ने भारत को अपने नियंत्रण में ले लिया। गाँधी का मानना था कि अंग्रेजों ने आधुनिक

रेलवे, टेलीग्राफ, पश्चिमी शिक्षा, वकीलों और डॉक्टरों के पेशे आदि को भारतीयों को लाभ पहुँचाने के लिए नहीं बल्कि उन्हें (अंग्रेजों को) आगे बढ़ाने के लिए पेश किया था।

आधुनिकता के आलोचक के रूप में शिक्षा

भारत में आधुनिकता की शुरुआत के लिए बुनियादी शिक्षा यकीनन सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र था। यह औपनिवेशिक हुक्मरानों द्वारा डिजाइन किया गया था, इसके अलावा आमतौर पर भारतीय परंपरा से अलग होने के साथ, यह ग्रामीण इलाकों में लाखों लोगों की जरूरतों और समस्याओं से बेखबर था। गाँधी की बुनियादी शिक्षा योजना मुख्य रूप से ग्रामीण शिक्षा और हस्तशिल्प का एक तंत्र था जो शिक्षा का माध्यम था। कताई और बुनाई गाँधी की प्राथमिकता थी और इसलिए उनका पूरा शिक्षाशास्त्र और शैक्षिक दर्शन उनके जीवन के लिए खादी-आधारित दृष्टिकोण से जुड़ा हुआ था। गाँधी शिक्षा की पश्चिमी व्यवस्था के घोर आलोचक थे। उन्होंने महसूस किया कि यह भारत की जरूरतों के लिए पूरी तरह से अनुपयुक्त और पश्चिमी मॉडल की एक बुरी नकल थी। उन्होंने आगे कहा कि तत्कालीन शिक्षा प्रणाली का माध्यम विदेशी भाषा होने के कारण हमारे स्कूलों और कॉलेजों के युवाओं की ऊर्जा का पूरा उपयोग नहीं हो पाता था और वे बस क्लर्क और कार्यालय के कामगार की फौज बनते जा रहे थे। उनका दृढ़ मत था कि इसने सारी मौलिकता का नाश कर दिया है, विभिन्न भारतीय भाषाओं को कमजोर कर दिया है और जनता को उच्च ज्ञान के लाभ से वंचित कर दिया है जो अन्यथा उनके साथ शिक्षा वर्गों के मिलन के माध्यम से सही रहता। इस शिक्षा प्रणाली ने शिक्षित भारत और आम जनता के बीच एक खाई पैदा की इसने मस्तिष्क को तेज किया। लेकिन धर्म पर आधारित शिक्षा और हस्तशिल्प प्रशिक्षण को दूर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रणाली ने कृषि प्रशिक्षण की सबसे बड़ी जरूरत को उपेक्षित कर दिया।

गाँधी ने शिक्षित भारतीयों के लिए काफी कठोर रूप में आवाज उठाई होती क्योंकि उन्होंने उनके शैक्षिक प्रशिक्षण और उनके मूल्यों को भुनाया था और उन्हें बताया था कि वे प्रचलन में शिक्षा प्रणाली के पीड़ित होने के कारण अपनी मातृभूमि के प्रति गद्दार थे। यह एक रोचक तथ्य है कि ब्रिटिश शासन के विरोध के बावजूद, अधिकांश राष्ट्रवादियों ने ब्रिटिश शासन को अस्वीकार

नहीं किया। उसी दौरान अधिकांश अन्य राष्ट्रवादियों ने शिक्षा की ब्रिटिश प्रणाली को सिरे से खारिज नहीं किया, क्योंकि वे इसे एक ऐसे साधन के रूप में देखते थे जिसके द्वारा भारत भौतिक रूप से उन्नत राष्ट्र बन सकता था। हालाँकि, गाँधी की अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत से ही अलग सोच थी। वह शिक्षा को स्वावलंबी बनाना चाहते थे, बच्चों के शरीर के साथ-साथ उनके दिमाग को भी प्रशिक्षित करना चाहते थे और विदेशी धागों और कपड़ों का पूर्ण बहिष्कार चाहते थे। इस प्रकार, बच्चे आत्मनिर्भर और स्वतंत्र हो जाएंगे।

ऐसे मौके आए जब गाँधी ने आधुनिक पश्चिमी सभ्यता पर टिप्पणी करते हुए उसे एक अच्छा विचार बताया। वे पूरी तरह से आधुनिक सभ्यता के खिलाफ नहीं थे, लेकिन पश्चिम में हो रही भौतिक प्रगति और आधुनिकता की अवधारणा में उन्हें संदेह था। उन्हें यह मालूम था कि आधुनिक सभ्यता में भी कुछ अच्छे तत्त्व थे, जैसे कि लोकतांत्रिक राजनीतिक दर्शन, जो भारत के लिए उपयोगी हो सकता था। हिंद स्वराज के अंग्रेजी संस्करण की प्रस्तावना में, उन्होंने अपने देशवासियों से भी आग्रह किया कि वे आधुनिक सभ्यता के ऐसे सकारात्मक पहलुओं को अपनाएं, जिससे अंग्रेजों को बाहर किया जा सके।

सामाजिक विषमताओं का निराकरण

टॉयनबी के अनुसार, 20वीं सदी के दो सबसे महत्वपूर्ण व्यक्तित्व जॉन लेनिन और महात्मा गांधी थे। गांधीजी के स्वभाव की जटिलता के कारण उनका विश्लेषण या व्याख्या करना बहुत मुश्किल है। ऐसा करने का कोई भी प्रयास एक बड़ी चुनौती होगी। एक आध्यात्मिक नेता और मुक्ति सेनानी के रूप में, गांधीजी एक राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक और राजनीतिक नेता भी थे, जिनकी अर्थशास्त्र और राजनीति के बारे में विशिष्ट मान्यताएँ थीं। एक ओर, वे एक आध्यात्मिक नेता और मुक्ति योद्धा थे। गांधीजी ने जो आदर्श बताए, वे लोगों के दिलों में गहराई से उतर गए। वे एक शानदार व्यक्ति थे।

एक ऐसा व्यक्ति जो मौजूदा स्थिति को बनाए रखने के बजाय, नए मानदंड और मानक स्थापित करने की पहल करेगा, वह व्यक्ति था जिसे वेबर ने भविष्य में देखने की कल्पना की थी। वेबर की करिश्माई नेताओं की सूची का एक महत्वपूर्ण हिस्सा ऐसे व्यक्तियों से बना है जो धार्मिक समूहों से जुड़े हैं।

इस संबंध में, हिटलर और ईसा मसीह के बीच के रिश्ते को समेटना संभव नहीं है। वेबर के अनुसार, करिश्माई व्यक्ति रहस्यवादी और भविष्यवक्ता होते हैं, जिनके कार्यों को किसी भी कारण से समझाया नहीं जा सकता। इसलिए, वेबर के मानदंडों के अनुसार, गांधीजी को करिश्माई के रूप में परिभाषित करना किसी के लिए भी संभव नहीं है। न ही वे कोई ऐसा व्यक्ति हैं जो पूरी तरह से नए बदलावों की शुरुआत करते हैं या जो व्यवस्था के विनाश के लिए जिम्मेदार हैं। यह दावा करने में सक्षम होना कि गांधीजी का लक्ष्य अतीत को उसकी संपूर्णता में वापस लाना है, स्थिति का अति सरलीकरण होगा। दूसरी ओर, वे परंपरा के महत्व पर काफी जोर देते रहे हैं। इस तथ्य के बावजूद कि गांधीजी व्यवस्था को उसकी संपूर्णता में बनाए रखना चाहते थे, वे इसकी कमियों को भी खत्म करना चाहते थे। गांधीजी ने जिन रणनीतियों का इस्तेमाल किया, वे उनके करिश्मे का एक महत्वपूर्ण घटक थे, जैसा कि पहले कहा गया था। गांधीजी के करिश्मे और उनके करिश्मे की अनूठी अभिव्यक्ति के बारे में उचित ज्ञान प्राप्त करने के लिए गांधीजी के जीवन दर्शन की स्पष्ट समझ होना आवश्यक है। जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण उस व्यक्तित्व का स्रोत है जिसे गांधीजी के कार्यों में देखा जा सकता है। अपने पूरे जीवन में, उन्हें महात्मा की उपाधि से सम्मानित किया गया, जो एक ऐसी उपाधि है जो उन लोगों को दी जाती है जिन्होंने आत्मज्ञान प्राप्त कर लिया है और अस्तित्व के रहस्यों में महारत हासिल कर ली है। टॉयनबी ने उन्हें एक संत के रूप में संदर्भित किया है, और वे एक राजनेता हैं जो हिंदू धर्म के हैं। अपने जीवन के अंतिम क्षणों में, उन्होंने एक नास्तिक से निम्नलिखित कथन कहा– 'ईश्वर के प्रति भक्ति मित्रता की भावना है जो आपको अपने भाई के दुख पर दुखी महसूस कराती है।' आप खुद को नास्तिक के रूप में पहचानने के लिए स्वतंत्र हैं। हालाँकि, जब तक आप अन्य लोगों के साथ संबंध बनाए रखते हैं, तब तक आप ईश्वर के और करीब होते जा रहे हैं। उनके समकालीनों द्वारा उन्हें समझने के लिए संघर्ष करने के बाद काफी समय तक, उनके बहुमुखी व्यक्तित्व ने जीवनीकारों को चकित करना जारी रखा। गांधीजी के जीवनकाल के दौरान, ऐसे लोग थे जो बिना किसी सवाल के उनका अनुसरण करते थे, लेकिन काफी संख्या में ऐसे लोग भी थे जो उनकी मान्यताओं पर संदेह करते थे।

गांधी ने जिन शांतिपूर्ण रणनीतियों और आदर्शों की वकालत की, उनकी कुछ लोगों ने अव्यावहारिक, असंगत और विरोधाभासी होने के कारण

आलोचना की है। अहिंसा की अवधारणा जिसे उन्होंने प्रस्तावित किया है, उन लोगों द्वारा विवादित है जो इसकी नैतिकता और प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हैं। गांधी को उपायों और परिणामों के बीच मौजूद जटिल संबंधों की पूरी समझ नहीं थी। परिणामों और मापों का सही तरीके से उपयोग करने के लिए, उन्हें संदर्भ में रखना महत्वपूर्ण है। गांधीवादी सिद्धांत के सबसे आवश्यक सिद्धांतों में से एक-एक शासक वर्ग स्थापित करने की क्षमता है जो न तो दमनकारी है और न ही हिंसक।

इसके आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि गांधीजी आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के खिलाफ थे। समाज की अंतर्निहित निरंतरता, जैविक एकता और अपरिवर्तनीयता को उजागर करने के साधन के रूप में, उन्होंने अपने हिंद स्वराज में एक बीज और एक पेड़ की तुलना का उपयोग किया। गांधीजी की शिक्षाओं की कई तरह से व्याख्या की जा सकती है, जिनमें से एक यह है कि वे रैखिक प्रगति के विरोधी थे, जिसे ऐसी उन्नति के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसमें एक दृष्टिकोण दूसरे सोचने के तरीकों की कीमत पर आगे बढ़ता है। वे तथ्य-मूल्य द्वंद्व, परंपरा से आधुनिकता के विचलन और महत्वहीन राजनीतिक और सार्वजनिक गतिविधियों के भी विरोधी हैं। ऐसा इस तथ्य के कारण है कि गांधीजी का मानना है कि भौतिक वास्तविकता की जिम्मेदारियाँ आदर्शवादी अमूर्तता से अलग नहीं हैं।

यही कारण है कि उनका दृष्टिकोण नव-मार्क्सवाद की तरह निराशावादी नहीं है। नव-मार्क्सवादी सोच ने, बिना किसी संदेह के, वर्तमान औद्योगिक उत्तर-औद्योगिक समाज में मौजूद विरोधाभासों की एक व्यापक दार्शनिक जांच प्रदान की है। इन विरोधाभासों में मानवीय रचनात्मकता का ह्रास, पारस्परिक संबंधों का विघटन और शून्यवाद की ओर निरंतर प्रवृत्तियाँ शामिल हैं। फिर भी, ऐसे उदाहरण हैं जिनमें बौद्धिकता उस निराशावाद पर विजयी होती है जो पहले प्रस्तुत किए गए विश्लेषण में सतह के नीचे निहित है, जो विकल्पों की बहुत ही तस्वीर को अस्पष्ट करता है। नव-मार्क्सवादी मानवतावाद का संवेदनशील चरित्र एक तर्क है जो इस घटना को समझा सकता है। दूसरे कारण के बारे में, यह इस तथ्य के कारण है कि नव-मार्क्सवादी दृष्टि पारंपरिक भेदों को पार करने में असमर्थ रही है। इसके अलावा, मूल्य विभाजन को एक असाध्य मुद्दे के रूप में देखते हुए, बुद्धिजीवियों ने ऐतिहासिक प्रक्रियाओं की

ताकत से सावधान रहना शुरू कर दिया है और साबित कर दिया है कि मनुष्य की क्षमता अनंत है। इसके आलोक में, विभिन्न दृष्टिकोणों पर विचार करने पर नव-मार्क्सवादी सिद्धांत कमजोर प्रतीत होता है।

निष्कर्ष

नैतिकता, आचार और शासन सभी राजनीति के आध्यात्मिकीकरण की गांधी की धारणा में एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, जो एक आकर्षक ढांचा है जो सत्ता से प्रेरित राजनीति के पारंपरिक प्रतिमानों पर सवाल उठाता है। सत्य, अहिंसा और आत्म-अनुशासन की परिवर्तनकारी शक्ति पर उनका जोर उन लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है जो नैतिक नेतृत्व का अभ्यास करना चाहते हैं जो स्थायी है और निर्णय लेने वाला है जो समावेशी है। इस तथ्य के बावजूद कि गांधी के दृष्टिकोण की बहुत आदर्शवादी होने और वर्तमान राजनीतिक प्रणालियों की पेचीदगियों को ध्यान में न रखने के लिए आलोचना की गई है, हिंसा, असमानता और पर्यावरण की तबाही जैसे वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने के लिए उनकी शिक्षाएँ अभी भी बहुत आवश्यक हैं। राजनीति में आध्यात्मिकीकरण के गांधी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए समकालीन राजनीतिक प्रवचन और कार्रवाई में नैतिकता का पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है, जो प्रेरणादायक और कठिन दोनों है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. गनी.एच.ए. (1998) राजनीतिक दल और लोकतांत्रिक और नैतिक मूल्यों का पतन, रेडिकल ह्यूमनिस्ट, खंड, 62 संख्या, 2 मई, पृष्ठ 28।
2. गांधी, एम.के., यंग इंडिया, 3.4.1924 पृष्ठ 112।
3. पांडे उपासना (2010) उत्तर आधुनिकतावाद और गांधी, नई दिल्ली, रावत प्रकाशन, पृष्ठ 204।
4. लाल, विनय। (2013)। गांधी का धर्म राजनीति, आस्था और हेर्मेनेयुटिक्स। जर्नल ऑफ सोशियोलॉजी एंड सोशल एंथ्रोपोलॉजी।
5. डोमिंगो, राफेल. (2021)। राजनीति के आध्यात्मिकीकरण की ओर। चर्च और राज्य का जर्नल.।
6. प्रभु, आर.के. और राव, यू. आर (कॉम्प. और संपादित) (1967) द माइंड ऑफ महात्मा गांधी, अहमदाबाद नवजीवन पब्लिशिंग हाउस.पी.43.।

7. चौधरी रामानंद (2007) गांधीज़ व्यू ऑफ़ पॉलिटिक्स, गांधी मार्ग, खंड, 29, संख्या 2 जुलाई-सितंबर, पृष्ठ 216।
8. गांधी, एम.के., (1994) सत्य के साथ मेरे प्रयोग की कहानी, अहमदाबाद।
9. गांधी, मो.क., आत्मकथा अथवा सत्य के प्रयोग-नवजीवन प्र. म. अहमदाबाद, 2001 गांधी, मो.क., आत्म संयम, सस्ता साहित्य मण्डल, नई दिल्ली-1954।
10. गांधी, मो.क., विश्व शांति का अहिंसक मार्ग, नवजीवन प्र.म., अहमदाबाद, 1959।
11. गांधी, मो.क., मेरा धर्म, नवजीवन प्र.म. अहमदाबाद, 1958।
12. गांधी, मो.क., गांधी शिक्षा (भाग-1-3) सस्ता सा.म., नई दिल्ली, 1952।
13. गांधी, मो.क., दक्षिण अफ्रीका का सत्याग्रह, नवजीवन प्र.म., 1928।
14. गांधी, मो.क., धर्मनीति, सस्ता साहित्य मण्डल, नई दिल्ली, 1947।
15. गांधी, मो.क., गीता माता, सस्ता साहित्य मण्डल, नई दिल्ली, 1950।
16. गांधी, मो.क., मेरा धर्म नवजीवन प्र.म. अहमदाबाद, 1958।

सुनिता मौर्य
शोधार्थी

अफरोज अहमद
सहायक प्रोफेसर

राज. विज्ञान विभाग
आरएनबी ग्लोबल विश्वविद्यालय, बीकानेर (राजस्थान)
(UGC- NAAC B++ GRADE)
email: sunitajatolia1982@gmail.com

❑❑❑

डिजिटल युग में अंबेडकर के सिद्धांत : ग्रामीण भारत में डिजिटल समावेशी समाज का निर्माण

• नेहा मीना

डिजिटलीकरण की दिशा में भारत की यात्रा ने विकास, शासन तथा समावेशन के नए अवसर पैदा किए हैं। हालाँकि, ग्रामीण समाज में सभी के पास डिजिटल संसाधनों तक समान पहुँच नहीं है। इससे एक असमानता पैदा होती है, जिसे डिजिटल डिवाइड के रूप में जाना जाता है। यह ग्रामीण समुदायों को डिजिटल तकनीक द्वारा प्रदान किए जाने वाले अवसरों का पूरा लाभ उठाने में असमर्थ बनाता है। भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रणेता, डॉ. बी. आर. अंबेडकर के सिद्धांत-सामाजिक न्याय, समानता, सशक्तिकरण, डिजिटल युग में इस असमानता का समाधान करने के लिए एक शक्तिशाली ढाँचा प्रदान करते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में, प्रस्तुत शोधपत्र इस बात पर प्रकाश डालता है कि अंबेडकर के सिद्धांत ग्रामीण भारत में डिजिटल रूप से समावेशी समाज के निर्माण का मार्गदर्शन कैसे कर सकते हैं, जहाँ ग्रामीण समुदाय डिजिटल तकनीकी प्रगति से पूरी तरह लाभान्वित हो सकें। इस दृष्टिकोण से यह डिजिटल विभाजन का विश्लेषण करता है, डिजिटल समावेशन के लिए अंबेडकर के सिद्धांतों की प्रासंगिकता का अध्ययन करता है तथा डिजिटल समावेशी विकास को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों का सुझाव देता है। निष्कर्षतः, यह कहा जा सकता है कि सच्चा डिजिटल समावेशन केवल एक डिवाइस या इंटरनेट तक पहुँच के बारे में नहीं है– यह एक ऐसे समाज निर्माण के बारे में है, जहाँ सभी व्यक्तियों को, उनकी भौगोलिक स्थिति या सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि प्रतिबंधों के बिना, डिजिटल दुनिया में सार्थक और समान रूप से भाग लेना का अवसर मिले। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में अंबेडकर के आदर्श महत्वपूर्ण हैं।

***मूल शब्द :** अंबेडकर, डिजिटल समावेशन, ग्रामीण भारत, सामाजिक न्याय, समानता, डिजिटल विभाजन, सशक्तिकरण, प्रौद्योगिकी तक पहुंच, डिजिटल साक्षरता*

परिचय

भारत में डिजिटल तकनीक तेजी से बदलाव ला रही है। यह ऑनलाइन शिक्षा, ई-गवर्नेंस, टेलीमेडिसिन, डिजिटल भुगतान प्रणाली, आदि के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए एक समाधान मंच प्रस्तुत करती है। लेकिन शहरी और ग्रामीण समुदायों के बीच डिजिटल विभाजन होने से इसका लाभ सबको समान रूप से नहीं मिल रहा है क्योंकि ग्रामीण आबादी, विशेष रूप से दलित, आदिवासी और महिलाएँ, डिजिटल बुनियादी ढांचे की अनुपस्थिति, सीमित डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक कारकों और भौगोलिक सीमाओं के कारण स्वयं को डिजिटल क्रांति से बाहर पाती हैं।[1]

डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने समाज में सामाजिक न्याय, समानता और समावेशिता के आदर्शों को स्थापित करने के लिए संघर्ष किया।[2] जातिगत भेदभाव और सामाजिक बहिष्कार के अनुभवों पर आधारित उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। भारतीय संविधान के निर्माता के रूप में जाने जाने वाले अंबेडकर एक महत्वपूर्ण समाज सुधारक भी थे जिन्होंने वंचितों, खासकर ग्रामीण भारत में रहने वाले लोगों के अधिकारों की पुरजोर वकालत की। उनके दार्शनिक विचारों ने स्वतंत्रता और समानता के साथ-साथ बंधुत्व को एक समावेशी और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए आवश्यक मूलभूत तत्वों के रूप में रखा।[3] हालाँकि, अंबेडकर के विचार डिजिटल युग से पहले के है लेकिन वे आज के तकनीकी संदर्भ में भी बहुत प्रासंगिक हैं क्योंकि जाति एवं वर्ग की पृष्ठभूमि और लैंगिक पहचान के आधार पर लोगों के विभिन्न समूहों को अभी भी डिजिटल संसाधनों से लाभ उठाने में बाधाओं का सामना करना पड़ता है और अंबेडकर के विचारों का उद्देश्य इस सामाजिक जाति-विभाजन को मजबूत होने से रोकना है तथा उनके विचार डिजिटल युग में व्याप्त असमानता का समाधान करने के लिए एक शक्तिशाली आधार प्रदान करते हैं।

यह अध्ययन ग्रामीण भारत में डिजिटल असमानता की समस्याओं के समाधान के लिए डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को आवश्यक मार्गदर्शन के रूप में प्रस्तुत करता है। डिजिटल शासन नीतियों में अंबेडकर के सिद्धांतों को शामिल करने से हम ग्रामीण भारत में ऐसा डिजिटल समाज विकसित करने में सक्षम होंगे, जो न्याय, समावेशिता एवं लोकतांत्रिक संरचनाओं से दृढ़ता से जुड़ा होगा।

उद्देश्य

1. ग्रामीण भारत में डिजिटल डिवाइड का विश्लेषण करना,
2. डिजिटल समावेशन के लिए अंबेडकर के सिद्धांतों की प्रासंगिकता का अध्ययन करना,
3. समावेशी डिजिटल विकास को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों का सुझाव देना।

डिजिटल डिवाइड : एक आधुनिक असमानता

डिजिटल डिवाइड का आशय उन व्यक्तियों और समुदायों के बीच असमानता से है जिनके पास डिजिटल तकनीक तक पहुँच है और जिनके पास नहीं है। भारत में, यह विभाजन मुख्यतः शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच स्पष्ट देखा जा सकता है। नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाइजेशन रिपोर्ट (जुलाई 2017, जून 2018) के अनुसार, भारत में जहां शहरी क्षेत्रों में कंप्यूटर की उपलब्धता और इंटरनेट तक पहुंच क्रमशः 23.4%, 42% थी, वही ग्रामीण क्षेत्रों में यह मात्र 4.4% व 14.9% ही देखी गई।

भारत		
	शहरी	ग्रामीण
कंप्यूटर की उपलब्धता	23.4%	4.4%
इंटरनेट तक पहुंच	42%	14.9%

स्रोतः Report_585_75th_round_Education_final_1507_0.pdf (mospi.gov.in)

इसके अतिरिक्त, ट्राई (TR-I) की रिपोर्ट 2023-24 के अनुसार, भारत के शहरी क्षेत्रों में टेली घनत्व और इंटरनेट सब्सक्राइबर ग्रामीण भारत की तुलना में बहुत अधिक है। ग्रामीण भारत में टेली घनत्व सिर्फ़ 59.19 है, जबकि शहरी इलाकों में यह 133.72 है तथा प्रति 100 लोगों पर इंटरनेट सब्सक्राइबर की संख्या ग्रामीण इलाकों में 44.16 है, जबकि शहरी इलाकों में यह 111.75 है।



स्रोत: Report_14082024_0.pdf (trai.gov.in)



स्रोत: Report_14082024_0.pdf (trai.gov.in)

डिजिटल विभाजन भारत की ग्रामीण आबादी के एक बड़े हिस्से को प्रभावित करता है। इंटरनेट और डिजिटल संसाधनों तक पहुँच के बिना ग्रामीण समुदाय शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आर्थिक गतिविधियों एवं शासन में अवसरों से

वंचित रह जाते हैं।[4] उदाहरण के लिए, ग्रामीण छात्रों के पास ऑनलाइन शैक्षिक संसाधनों और ई-लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म तक पहुँच की कमी हो सकती है, जो उनके शैक्षणिक विकास में बाधा बन सकती है।[5] किसान मौसम, फसल की उचित कीमतों और आधुनिक कृषि पद्धतियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी से वंचित हो सकते हैं। इंटरनेट तक पहुँच के बिना ग्रामीण लोग सरकारी योजनाओं, सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों व नौकरी के अवसरों से वंचित रह सकते हैं। डिजिटल विभाजन को खत्म करने का सबसे बड़ा उपाय सामाजिक एवं आर्थिक विभाजन को समाप्त करना है।[6]

डॉ. बी.आर. अंबेडकर की समानता और सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई इन असमानताओं को दूर करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है। ग्रामीण समुदायों के उत्थान एवं समाज के सभी पहलुओं में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करने के उनके सिद्धांत डिजिटल समावेशन को कैसे प्राप्त किया जाए, के लिए महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।

अंबेडकर का सामाजिक समानता एवं न्याय का सिद्धांत तथा डिजिटल समावेशन के लिए इसकी प्रासंगिकता

डॉ. बी.आर. अंबेडकर का सामाजिक समावेशन का दृष्टिकोण दलित समुदाय के सदस्य के रूप में उनके अनुभवों से जुड़ा हुआ था, जहाँ उन्हें सामाजिक अन्याय और बहिष्कार का सामना करना पड़ा।[7] उन्होंने जाति व्यवस्था को एक ऐसी सामाजिक संरचना के रूप में पहचाना, जो असमानता पैदा करती है तथा लोगों को मौलिक मानवाधिकारों से वंचित करती है। यही कारण है कि अंबेडकर ने जाति व्यवस्था की हमेशा आलोचना की और सच्ची सामाजिक समानता पाने के लिए इसके उन्मूलन की मांग की। उनका मानना था कि अगर समाज जाति के बजाय व्यक्तियों की योग्यता के आधार पर आधारित हो तो एक न्यायपूर्ण एवं सभ्य समाज प्राप्त किया जा सकता है। अंबेडकर, विशेष रूप से निचली जातियों को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक भागीदारी के अवसरों से वंचित किए जाने से चिंतित थे। उनका मानना था कि इन समुदायों को अक्सर उन संसाधनों तक पहुंच से वंचित रखा जाता है, जो उनके विकास में उनकी मदद कर सकते हैं।

अंबेडकर का दृष्टिकोण सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र से आगे कानूनी

और संवैधानिक सुरक्षा उपायों तक विस्तृत था। भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार के रूप में, उन्होंने ऐसे प्रावधान सुनिश्चित किए जो वंचित समूहों के अधिकारों की रक्षा करेंगे। संविधान के अनुच्छेद 15 और 17 इस संबंध में प्रमुख हैं : अनुच्छेद 15 जाति, धर्म, नस्ल, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर किसी भी तरह के भेदभाव को रोकता है और अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता को समाप्त करता है। ये कानूनी सुरक्षा उपाय भारत में वंचित समूहों की गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए अंबेडकर की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

आर्थिक न्याय भी अंबेडकर की सामाजिक समावेशन की अवधारणा का केंद्र था।[8] आर्थिक असमानता सामाजिक बहिष्कार का एक प्रमुख कारण है, इसलिए उन्होंने आर्थिक रूप से वंचित लोगों के उत्थान के लिए भूमि सुधार, श्रम अधिकार और शैक्षिक अवसरों जैसी नीतियों को बढ़ावा देने के लिए काम किया।[9] सामाजिक समावेशन के एक साधन के रूप में आर्थिक सशक्तिकरण में उनका विश्वास आज भी प्रासंगिक है, क्योंकि आर्थिक असमानताएँ समाज के बड़े वर्ग को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखती हैं।

इस प्रकार, उनका दृढ़ विश्वास था कि सच्ची समानता तभी प्राप्त की जा सकती है जब जाति, लिंग या आर्थिक स्थिति की चिंता किए बिना सभी व्यक्तियों को संसाधनों और अवसरों तक समान पहुँच प्राप्त हो। डिजिटल युग में, इन सिद्धांतों को मौलिक अधिकार के रूप में 'डिजिटल संसाधनों तक सभी की पहुँच' को शामिल करने के लिए विस्तारित किया जा सकता है। साथ ही, डिजिटल डिवाइड के संदर्भ में, अंबेडकर का समानता का सिद्धांत सरकार द्वारा ऐसी नीतियों और पहलों की आवश्यकता में परिवर्तित हो जाता है जो यह सुनिश्चित कर सके कि ग्रामीण समुदायों सहित सभी को डिजिटल संसाधनों तक समान पहुंच प्राप्त हो।[10] उनके सिद्धांत आर्थिक, सामाजिक या भौगोलिक बाधाओं को दूर करने की बात करते हैं जो ग्रामीण समूहों को डिजिटल तकनीक से लाभान्वित होने से रोकते हैं।

डिजिटल युग का उदय अंबेडकर के सामाजिक समावेश के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए अवसर और बाधाएँ दोनों प्रदान करता है। हालाँकि तकनीक से शिक्षा, सूचना तक पहुँच और आर्थिक असमानताओं को कम किया जा सकता है, लेकिन डिजिटल संसाधन एवं डिजिटल कौशल की कमी

से उत्पन्न डिजिटल विभाजन पहले से मौजूद असमानताओं को बढ़ा भी सकता है।

आज डिजिटल मीडिया एक शक्तिशाली साधन बन गया है, जिसके माध्यम से लोग अपनी शिकायतें व्यक्त कर सकते हैं और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा सकते हैं। यह नागरिक मामलों में प्रतिनिधित्व और भागीदारी पर अंबेडकर के विचारों के अनुरूप है। लेकिन गलत सूचना का प्रसार और ऑनलाइन उत्पीड़न जैसी समस्याओं के लिए डिजिटल तकनीक के प्रभावों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। अंततः, सामाजिक समावेशन एवं तकनीक के न्यायसंगत उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि ग्रामीण लोग डिजिटल क्रांति से वंचित न रहें।

सशक्तिकरण के साधन के रूप में डिजिटल साक्षरता

शिक्षा के लिए अंबेडकर का आजीवन संघर्ष इस विश्वास पर आधारित था कि ज्ञान सामाजिक एवं आर्थिक गतिशीलता की कुंजी है। शिक्षित बनो, आंदोलन करो, संगठित रहो का उनका प्रसिद्ध आह्वान शिक्षा को सशक्तिकरण के साधन के रूप में देखने के उनके दृष्टिकोण को दर्शाता है। उनका मानना था कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच एक विशेषाधिकार नहीं बल्कि एक मौलिक अधिकार है जो सभी के लिए सुलभ होना चाहिए। वह समझते थे कि शिक्षा के बिना, ग्रामीण समूह उन्नति के अवसरों से वंचित रह जाएँगे। अंबेडकर ने शिक्षा को एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में महत्व दिया, जो व्यक्तियों को अज्ञानता और गरीबी से मुक्त होने में सक्षम बनाती है। अंबेडकर के लिए, शिक्षा व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन और सामाजिक न्याय का एक महत्वपूर्ण साधन थी।[11] इसलिए सामाजिक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में शिक्षा को नियोजित करने का अंबेडकर का दृष्टिकोण आज विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि यह शिक्षा तक समान पहुँच की आवश्यकता और समानता, न्याय व आलोचनात्मक सोच के सिद्धांतों को बढ़ावा देने वाले पाठ्यक्रम के महत्व को रेखांकित करता है। शिक्षा न केवल ज्ञान प्राप्त करने के साधन के रूप में काम करती है, बल्कि सशक्तिकरण तथा सामाजिक गतिशीलता के लिए उत्प्रेरक के रूप में भी काम करती है।[12] सभी के लिए, विशेष रूप से ग्रामीण समुदाय के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुँच के

महत्व पर उनका बल, शिक्षा की परिवर्तनकारी क्षमता में उनके दृढ़ विश्वास को दर्शाता है।

इसी तरह, डिजिटल युग में, डिजिटल साक्षरता यह सुनिश्चित करने की कुंजी है कि ग्रामीण समुदाय डिजिटल दुनिया में सक्रिय रूप से शामिल हो सकें। डिजिटल साक्षरता में न केवल प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता निहित है, बल्कि डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को समझने के लिए आवश्यक कौशल भी शामिल हैं। इससे यह समझ आती है कि ऑनलाइन संसाधनों तक कैसे पहुँचा जाए, डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके प्रभावी ढंग से संवाद कैसे किया जाए और व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास के लिए इंटरनेट का उपयोग कैसे किया जाए।[13] ग्रामीण भारत में, जहाँ अधिकांश लोग डिजिटल तकनीकों से परिचित नहीं होते हैं, वहाँ डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम आवश्यक हैं। ये कार्यक्रम ग्रामीण लोगों को सशक्त बना सकते हैं, जिससे डिजिटल अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा।

डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए, शिक्षा पर अंबेडकर के विचारों को सरकारी योजनाओं के माध्यम से लागू किया जा सकता है। 2017 में प्रारंभ किया गया प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीदिशा) इस दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है, जिसका लक्ष्य छह करोड़ ग्रामीण परिवारों को डिजिटल रूप से साक्षर बनाना है, जिससे वे इंटरनेट पर जानकारी खोजने, सरकारी सेवाओं तक पहुँचने, इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन करने आदि के लिए कंप्यूटर एवं अन्य डिजिटल डिवाइस (जैसे स्मार्टफोन, टैबलेट) का उपयोग कर सकें।[14] हालाँकि, इस पहल को और अधिक व्यापक बनाने की आवश्यकता है, जिसमें डिजिटल सुरक्षा, ऑनलाइन वित्तीय लेनदेन और ई-गवर्नेंस जैसे क्षेत्र शामिल हों।

डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देकर ग्रामीण समुदाय आवश्यक सेवाओं तक पहुँचने, ऑनलाइन सीखने में संलग्न होने तथा ई-कॉमर्स, कृषि व डिजिटल उद्यमिता के माध्यम से आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आवश्यक कौशल विकसित कर सकते हैं। डिजिटल साक्षरता व्यक्तियों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए भी सशक्त बनाती है, क्योंकि आज अधिकांश सरकारी सेवाएँ और मतदान तंत्र डिजिटल हो रहे हैं।

ग्रामीण भारत में डिजिटल समावेशन प्राप्त करने में चुनौतियाँ

ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड की सुविधा राष्ट्रीय औसत से कम है क्योंकि प्रायः वहाँ की तकनीकी अवसंरचना पुरानी या अविकसित होती है। ट्राई (2023) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में केवल 34% ग्रामीण परिवारों के पास विश्वसनीय इंटरनेट तक पहुंच है। यह कमी लोगों को डिजिटल सेवाओं का उपयोग करने से रोकती है।

हालाँकि भारत में मोबाइल डेटा सस्ता है, लेकिन कंप्यूटर या स्मार्टफोन की अपेक्षाकृत अधिक कीमत के कारण बहुत से लोग इसे खरीद नहीं कर पाते। इसके अतिरिक्त, मोबाइल स्वामित्व एवं इंटरनेट उपयोग में लैंगिक अंतर भी असमानताओं को बढ़ाता है। जीएसएमए (GSMA) की मोबाईल जेन्डर गैप रिपोर्ट 2022 में पाया गया कि भारत में मोबाइल स्वामित्व में 14% तथा मोबाइल इंटरनेट उपयोग में 41% का लैंगिक अंतर है।

डिजिटल साक्षरता डिजिटल उपकरणों और ऑनलाइन सेवाओं के उचित उपयोग के लिए आवश्यक है, लेकिन भारत की समग्र डिजिटल साक्षरता 38% है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह केवल 25% है। सही प्रशिक्षण के बिना संसाधन सम्पन्न लोग भी तकनीक का पूर्ण उपयोग करने में असमर्थ होते हैं, इसलिए शिक्षित व्यक्ति भी ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं तथा उनका प्रतिशत गांवों में अधिक है।

नीतिगत कमियों और कार्यान्वयन की समस्याओं के कारण कई सरकारी योजनाएँ कार्यान्वयन के चरण में विफल हो जाती हैं। पारदर्शिता का अभाव, भ्रष्टाचार और अपर्याप्त अनुवर्ती कार्रवाई अक्सर उन्हें अप्रभावी बना देती है।

अंबेडकर के सिद्धांतों पर आधारित समावेशी डिजिटल विकास प्राप्त करने की रणनीतियाँ

समुदाय आधारित डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम–डिजिटल प्रशिक्षण को समुदाय स्तर पर डिज़ाइन और विकसित किया जाना चाहिए। स्थानीय नेताओं, स्कूली शिक्षकों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा संचालित कार्यक्रम ग्रामीण लोगों को डिजिटल संसाधनों से जोड़ने के लिए एक मंच के रूप में काम कर सकते है।

डिजिटल उपकरणों पर सब्सिडी–प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान जैसी सरकारी योजनाओं में डिजिटल उपकरणों की खरीद पर सब्सिडी को भी शामिल किया जाना चाहिए। सार्वजनिक-निजी भागीदारी भी डिजिटल संसाधनों की लागत को कम कर सकती है और सभी तक इसकी समान पहुंच को सुनिश्चित कर सकती है।

समावेशी नीति–अंबेडकर के समावेशी नीति के विचार सकारात्मक कार्रवाई को बढ़ावा देते हैं। डिजिटल नीति में, इसका आशय है ब्रॉडबैंड रोलआउट में कम सेवा वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देना, तकनीकी पहलों में समावेशन नीति को अनिवार्य करना और गरीबी उन्मूलन रणनीतियों में डिजिटल समावेशन को एकीकृत करना हो सकता है।

स्थानीय भाषा की सामग्री–डिजिटल संसाधनों की प्रासंगिकता और पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सामग्री क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होनी चाहिए। शैक्षिक वीडियो, मोबाइल ऐप और सरकारी प्लेटफॉर्म पर भाषायी विविधता को ध्यान में रखा जाए। यह भाषा की बाधा को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण है जो ग्रामीण लोगों को डिजिटल लाभ से वंचित करती है।

ग्रामीण स्कूलों में आईसीटी–ग्रामीण स्कूलों को स्मार्ट कक्षाओं, डिजिटल लाइब्रेरी और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म से जोड़कर शिक्षा का लोकतंत्रीकरण किया जा सकता है। शिक्षण में इन उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए शिक्षकों को डिजिटल प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए।

डिजिटल उपकरणों और सस्ती इंटरनेट सेवाओं तक पहुँच–अधिकांश ग्रामीण परिवार स्मार्टफोन, लैपटॉप, यहाँ तक कि इंटरनेट सेवाएं भी खरीदने में असमर्थ होते हैं। सरकारी योजनाओं के माध्यम से सब्सिडी वाले उपकरण, किफायती डेटा प्लान और अन्य डिजिटल संसाधन प्रदान करके इस बाधा को कम किया जा सकता हैं। इसके अतिरिक्त, कंप्यूटर और इंटरनेट एक्सेस सुविधाओं वाले सामुदायिक केंद्र डिजिटल शिक्षा तथा कौशल निर्माण केंद्र के रूप में काम कर सकते हैं।

निष्कर्ष

सामाजिक समानता, न्याय और सशक्तिकरण के प्रणेता के रूप में डॉ. बी.आर. अंबेडकर की चिरस्थायी विरासत ग्रामीण डिजिटल असमानता के

समकालीन मुद्दे को हल करने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करती है। अंबेडकर द्वारा प्रस्तुत सामाजिक समानता के दृष्टिकोण में जाति-आधारित और सामाजिक-आर्थिक पूर्वाग्रहों को समाप्त करना और साथ ही शैक्षिक अवसरों और न्यायसंगत संस्थागत प्रणालियों के माध्यम से वंचित समूहों को सशक्त बनाना शामिल था। डिजिटल युग के संदर्भ में, ये सिद्धांत नए महत्व लेते हैं। डिजिटल विभाजन को समाप्त करने के लिए व्यापक कार्रवाई की आवश्यकता है जो संरचनात्मक विकास से शुरू होकर डिजिटल कौशल सिखाने, न्यायसंगत डिजिटल पहुँच बनाने और समावेशी नीतियाँ बनाने तक विस्तारित हो।

ग्रामीण भारत में उसी गति और दृढ़ संकल्प के साथ डिजिटल समावेशन को लागू करना चाहिए जो अंबेडकर सामाजिक न्याय के लिए चाहते थे। डिजिटल उपकरणों के साथ इंटरनेट की सुविधा केवल एक शुरुआती बिंदु के रूप में कार्य करती है। सशक्तिकरण तब होता है जब ग्रामीण आबादी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सरकारी सेवाओं और आर्थिक अवसरों तक पहुँचने के लिए इन उपकरणों का उपयोग करने में सक्षम होती है। अंबेडकर के आदर्शों को डिजिटल नीतियों और कार्यक्रमों में एकीकृत करके, भारत एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ सकता है, जहाँ सभी भारतीय, चाहे वे कहीं भी रहते हों, डिजिटल क्रांति से लाभान्वित हो सकें। इस प्रकार अंबेडकर के सिद्धांत एक डिजिटल समावेशी समाज के निर्माण के लिए नैतिक आदर्श और रणनीतिक मार्गदर्शक दोनों के रूप में कार्य करते हैं।

संदर्भ सूची

1. Raghavendra, R.H. (2016). Dr B.R. Ambedkar’s Ideas on Social Justice in Indian Society. Contemporary Voice of Dalit, 8(1), 24-29. https://doi.org/10.1177/2455328X16628771
2. Pandey, Atul, (2021). Relevance of Ambedkar’s vision on social inclusion in contemporary time. http://dx.doi.org/10.2139/ssrn.5007383
3. Stroud, Scott R. (2017). The Influence of John Dewey and James Tufts’ Ethics on Ambedkar’s Quest for Social Justice, Relevance of Dr. Ambedkar: Today and Tomorrow, Pradeep Aglave (ed.), Nagpur University Press, 32-54.
4. Nguyen, A. (2022). Digital Inclusion. In: Liamputtong, P. (eds) Handbook of Social Inclusion. Springer. https://doi.org/10.1007/978-3-030-89594-5_14

5. Lone, Z. A. (2017). Technology in Education in Rural India. International Journal of Engineering Science and Computing, 7(7).

6. Reisdorf, Bianca & Rhinesmith, Colin (2020). Digital Inclusion as a Core Component of Social Inclusion. Social Inclusion, 8(2), pp. 132–137.

7. Sharma, R.K. (2025). Dr. B.R. Ambedkar's Contribution to Social Justice: A Review Study. International Journal of Innovations in Science, Engineering and Management, 4(1), 227–233. DOI: https://doi.org/10.69968/2025v4i1227-233.

8. Lincoln, Dr K. Abraham (2024). Dr. B.R. AMBEDKAR'S APPROACH TO LABOUR MANAGEMENT AND SOCIAL EQUITY. Journal of Engineering and Technology Management, 2226-2236.

9. Ara, Zinat (2023). Dr. B. R. Ambedkar's Vision of India: A Path Towards Social Equality and Justice. Contemporary Social Sciences, 32(2), 165-172.

10. Meka, James Stephen (2023). Digital India - Ambedkar's Vision and Modi's Provision. Journal of Engineering Sciences, 14(6).

11. Simatwal, Dr. Narendra (2024). Contribution of Dr. Ambedkar's Philosophy in Present India: A Critical Study. International Journal of Contemporary Research in Multidisciplinary, 3(2), 131-137.

12. Behera, D. K., & Paul, S. (2025). Voice Matters for Viksit Bharat: Dr. Ambedkar's Visions Realized Through NEP 2020. The Oriental Anthropologist. https://doi.org/10.1177/0972558X251317483

13. Mendez-Dominguez, P., Carbonero Munoz, D, Raya Diez, E. and Castillo De Mesa, J. (2023). Digital inclusion for social inclusion. Case study on digital literacy. Frontiers in Communication, 8. https://doi.org/10.3389/fcomm.2023.1191995

14. https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1811370

15. Sharma, Ravi S. and Mokthar, Intan Azura (2008). Bridging the Digital Divide in Asia- Challenges and Solutions. International Journal of Technology, Knowledge & Society, 1(3).

16. Nagrale, H., Zare, B. & Wakade, A. (2023). B. R. Ambedkar as Visionary Educator. The Palgrave Handbook of Educational Thinkers, Palgrave Macmillan. https://doi.org/10.1007/978-3-030-81037-5_218-1

17. Agrawal, S. (2021). Education and Its Influence on the Nation-Building Process: A Reflection on Ambedkar's Views in Colonial India. Contemporary Voice of Dalit, 13(2), 132-140. https://doi.org/10.1177/2455328X211008451

18. Mervyn, K., Simon, A., & Allen, D. K. (2014). Digital inclusion and social inclusion: a tale of two cities. Information, Communication & Society, 17(9), 1086–1104. https://doi.org/10.1080/1369118X.2013.877952
19. Report_585_75th_round_Education_final_1507_0.pdf (mospi.gov.in)
20. Report_14082024_0.pdf (trai.gov.in)
21. gsma: Growth in smartphone ownership, mobile internet user stalled in 2021: GSMA - The Economic Times
22. http://www.ideaforindia.inO

नेहा मीना

शोधार्थी

राजनीति विज्ञान विभाग

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी- 221005

पत्राचार पता- वार्ड नं. 13, 421, मीना कॉलोनी, गोविंदगढ़, तहसील– चौमूं, जिला–जयपुर, राजस्थान, पिन कोड-303712

ई-मेल : nehameena18@gmail.com

मोबाइल नंबर : 9971883996

❑❑❑

मनु स्मृति के महिला-संबंधी प्रावधानों की वर्तमान सामाजिक परिदृश्य में प्रासंगिकता—एक अध्ययन

• डॉ. अलका सैनी

आधुनिक महिलाएं समाज की रूढ़ियों को तोड़कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। अतीत में भारतीय समाज मनुस्मृति जैसे ग्रंथों से प्रभावित था, जो पितृसत्तात्मक व्यवस्था को बढ़ावा देते हुए महिलाओं पर सामाजिक बंधन थोपता था। कुछ विद्वान उस समय को महिलाओं के लिए बंधनकाल और वर्तमान को उनके लिए स्वर्णकाल मानते हैं। आज महिलाएं शिक्षा, पेशा, जीवन साथी और जीवन शैली चुनने के लिए कानूनी रूप से स्वतंत्र हैं, लेकिन समाज में उनके प्रति अपराध और समस्याएं अब भी गंभीर चिंता का विषय हैं। यह लेख मनुस्मृति के संदर्भ में महिलाओं की स्थिति, शक्ति, सामाजिक समस्याओं और अधिकारों का विश्लेषण करता है। अध्ययन में मुख्यतः द्वितीयक और गुणात्मक डेटा का उपयोग किया गया है, जिसे ऐतिहासिक सामग्री विश्लेषण पद्धति के माध्यम से एकत्रित किया गया है। मनुस्मृति के स्त्री संबंधी श्लोकों और प्राचीन समाज की ऐतिहासिक व्याख्याओं को आधार बनाकर यह समझने का प्रयास किया गया है कि महर्षि मनु का उद्देश्य महिलाओं के प्रति क्या था। अध्ययन से स्पष्ट हुआ कि मनुस्मृति में स्त्री-पुरुषों की भिन्न क्षमताओं और सामाजिक व्यावहारिकता के आधार पर संतुलन की कोशिश की गई है। हालांकि, इसके सभी प्रावधान आधुनिक समय में पूरी

 ISSN 2278-4632 जनवरी-जून 2025

तरह प्रासंगिक नहीं हैं। फिर भी, महिलाओं की कई मौजूदा समस्याओं के समाधान मनुस्मृति में निष्पक्ष और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाकर ढूंढे जा सकते हैं।

कुंजी शब्द : *मनुस्मृति, पितृसत्ता, संरक्षण, स्वतंत्र, महिला, हिन्दू*

प्रस्तावना :

भारत में महिलाओं की प्राचीन काल में स्थिति को दर्शाने के लिए मनुसंहिता/मनुस्मृति को उद्‌धृत किया जाता है जिसके विभिन्न श्लोकों के अर्थ के आधार पर यह दर्शाने की कोशिश होती है कि ''मनु के ग्रंथ में स्त्रियों को मिथ्या, तुच्छ और बेकार प्राणी बताकर स्त्रियों को किसी भी प्रकार की स्वतंत्रता नहीं दी गई है तथा उन्हें पुरुषों के अधीन रहना पड़ता था।''13 महिलाओं के लिए, आज के समय को बेहतर करने कि दिशा में विभिन्न सामाजिक आंदोलनों के साथ-साथ सत्तासीन सरकारों नें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस तरह भारत के साथ-साथ लगभग पूरे विश्व में महिलाओं की सामाजिक और कानूनी स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। ''इसके परिणामस्वरूप आज की महिला सशक्त है और उन क्षेत्रों में भी अपना दमखम दिखा रही है जो क्षेत्र कभी विशुद्ध रूप से पुरुषों के लिए आरक्षित माने जाते थे जैसे सैनिक का कार्य, भारी वाहन चालक का कार्य, पायलट का कार्य, अन्तरिक्ष यात्रा का कार्य आदि।''5 ''इसमें कोई संदेह नहीं है कि आज हम भारतीय महिलाओं के इतिहास में एक महान क्रांति के दौर में हैं। भारत में संविधान ने शुरू से ही महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार दिए जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं की आवाज़ संसद, अदालतों और सड़कों पर तेजी से सुनी जा रही है। जबकि पश्चिम में महिलाओं को वोट देने के अधिकार जैसे अपने कुछ बुनियादी अधिकारों को पाने के लिए एक सदी से अधिक समय तक संघर्ष करना पड़ा था।''11 ''इस तरह आज की बालिग महिला अपने लिए मनवांछित शिक्षा का क्षेत्र, कार्य का क्षेत्र, जीवन साथी, जीवन जीने का तरीका आदि चुनने के लिए कानूनी तौर पर एकदम स्वतंत्र है।''[1] मगर कानूनी स्वतन्त्रता प्राप्त कर लेने के बाद भी आज के समाचार-पत्र महिलाओं से सम्बन्धित सामाजिक समस्याओं और अपराधों से भरे रहते हैं जो आभास कराते हैं कि आज की महिला के सामाजिक जीवन एवं उनसे जुड़ी समस्याओं पर एक गहन चिंतन की आवश्यकता है।

आज के समय में कच्ची उम्र के प्रेम के फलस्वरूप लड़कियां अनचाहे गर्भ जैसी समस्या झेल रही हैं। ''पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित होकर, आजाद ख्यालात की मदहोशी में बिना विवाह बंधन के पुरुष के साथ लीव इन रिलेशनशिप में रहने का चलन बढ़ा है तो उसके परिणाम भी महिलाओं के लिए ही भयावह साबित हो रहे हैं।''[1] अधिकतर लीव इन वाले पुरुष अपनी लीव इन पार्टनर महिला से विवाह करते ही नहीं और जब महिला विवाह के लिए दबाव बनाती है तो हिंसा की शिकार होती है और कई बार तो पुरुष द्वारा उसकी हत्या कर दी जाती है। आज के समाज में विवाहोत्तर संबंधो के मामले बहुतायत में हो रहे हैं। ऐसे मामलों की संख्या बढ़ रही है जिनमें विवाहित महिलाएं अपनी स्वतन्त्रता को आधार बनाकर अपने पति और बच्चों को छोड़कर अपने प्रेमी संग जिंदगी बिताने का निर्णय ले रही हैं मगर उनमें से अधिकतर मामलों में प्रेमी द्वारा बाद में महिला को त्याग दिया जाता है या फिर उसकी हत्या कर दी जाती है। चूंकि ऐसी महिला अपने साहसिक निर्णय के कारण पहिले ही अपने निकटतम रिश्तेदारों से दूर हो चुकी होती है, ऐसे में उनके विरुद्ध अपराध करना आसान हो जाता है। इतना ही नहीं कुछ महिलाएं अपने पुरुष मित्रों के साथ मिलकर हनी ट्रेप का कार्य कर रही हैं। तो ऑनलाइन ठगी जैसे अपराधों के क्षेत्र में भी महिलाएं अपना नाम कमाने में लगी हैं। आज यूट्यूब, फेसबुक आदि जैसे सोशल मीडिया मंचों पर महिलाओं द्वारा धन कमाने के लिए अश्लील कन्टेंट उपलब्ध कराना सामान्य सी बात होने लगी है। आजकल सड़क पर झगड़ों की वीडियो वायरल होती रहती हैं जिनमें महिलाएं बिना किसी संकोच या लज्जा के ऐसी भद्दी भद्दी गालियाँ देती हुई दिखती हैं जो पहिले केवल पुरुष ही आपसी लड़ाई-झगड़ों में सुनी जाती थी। ऐसी घटनाओं से समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान का स्तर गिरा है।

यह सर्वविदित है कि समाज में महिलाओं की अहम् भूमिका होती है, क्योंकि वे मानव जाति के भविष्य का निर्माण करती हैं। एक महिला अपने बालक की प्रथम शिक्षिका होती है। मनुजी ने मानव समाज में महिलाओं की भागीदारी की महत्ता को खुले मन से स्वीकार किया है मगर महिलाओं की स्वतन्त्रता पर अंकुश लगाने की अनुशंसा भी की है। ''इस तरह बहुत से विद्वानों का मानना है कि प्राचीन भारत में महिलाओं को

 ISSN 2278-4632 जनवरी-जून 2025

जीवन के सभी क्षेत्रों में पुरुषों के बराबर दर्जा प्राप्त था मगर, कुछ अन्य विद्वान इसके विपरीत विचार रखते हैं।''[3] ऐसे में एक बार फिर से मनुस्मृति को पढ़ने की जरूरत है ताकि उसमें लिखे श्लोकों और उनके अर्थों को आज की इन सामाजिक समस्याओं के संदर्भ में जांचा परखा जा सके। इस लेख में हम मनुसंहिता में दर्शाई गई महिलाओं की स्थिति की एक संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करना चाहेंगे।

सम्बन्धित साहित्य सर्वेक्षण : आचार्य 'मनु' द्वारा बनाये गये सामाजिक नियमों को बताने वाली पुस्तक 'मनुस्मृति' कहलाती है। मनुसंहिता को मनुस्मृति या मानवधर्म शास्त्र भी कहा जाता है। मनुसंहिता में 2,685 श्लोक हैं जो 12 अध्यायों में विभाजित हैं। ''वेंडी डोनिगर के अनुसार, मनुस्मृति 'विश्वकोशीय दायरे की एक रूपरेखा' के रूप में हिंदूओं में प्रचलित विभिन्न संस्थाओं यथा परिवार, विवाह, कानून और न्याय, शिक्षा, महिलाओं की स्थिति, सामाजिक स्तरीकरण, धार्मिक प्रथाओं आदि को दुनिया के सामने उजागर करती है और जीवन जीने का एक तरीका प्रकट करती है।'' 12 मनुस्मृति का निर्माण हिन्दू संस्कृति की चरम प्रगति का सूचक माना जाता है। हिंदू धर्म के विकास के लिए 'मनु' ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है लेकिन 'मनु' कौन थे? उनकी जन्मतिथि, जन्मस्थान आज भी रहस्य है। ''मिथकों के अनुसार, पहले पुरुष को आचार्य मनु के रूप में जाना गया था जिनकी पत्नी का नाम सतरूपा था। कालांतर में मनु और सतरूपा की संतानें मनुष्य कहलायीं।''[4] ''वर्तमान नेपाली सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराएँ और रीति-रिवाज भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुनस्मृति से ही प्रभावित हैं।''13 श्रुति और स्मृति को मोटे तौर पर पर्यायवाची शब्द माना गया है।''14 हिंदू संस्कृति में, 'श्रुति' वेदों, ब्राह्मणों, आरण्यक और उपनिषदों को संदर्भित करता है, जबकि 'स्मृति' शब्द षड्वेदांग, धर्मशास्त्र, इतिहास, पुराण, अर्थशास्त्र, नीतिशास्त्र आदि को संदर्भित करता है। स्मृति के चार प्रमुख भाग और विषय ग्रंथ माने जाते हैं। पहला भाग 'आचरण', दूसरा भाग 'व्यवहार', तीसरा भाग 'प्रायश्चित' और चौथा भाग 'कर्म' से सम्बन्धित है। ''स्मृति का उल्लेख मनु, याज्ञवल्क्य, अत्रि, विष्णु, उशनस, हारीत, अंगिरा, यम, कात्यायन, बृहस्पति, पराशर, व्यास, दक्ष, गौतम, वशिष्ठ, नारद और भृगु के निर्माता के रूप में किया है जाता है।''14 ''रामास्वामी के अनुसार, धर्म-सूत्रों और धर्म शास्त्रों या स्मृतियों का कालक्रम अभी भी एक

अनसुलझा प्रश्न है।''15 ''हिंदू धर्मग्रंथों में वेदों के बाद मनुस्मृति का विशेष महत्व दर्शाया गया है और ऐसा कहा जाता है कि प्राचीन हिंदू सामाजिक व्यवस्था पूरी तरह से इसी पाठ पर आधारित थी।''11

राधाकृष्णन ने मनुस्मृति को महाभारत और पुराणों के समकक्ष पुस्तक माना जिसके श्लोकों की व्याख्याएं कानून और धर्म के बीच एक पुल के रूप में करती हैं। उन्होंने मनुस्मृति की व्याख्या करते हुए कहा कि यह मूलतः एक धर्मग्रंथ और नैतिक नियमों का समूह है।''8 ''इसी प्रकार, गैरोला ने मुनस्मृति को एक वयस्क विद्वान का परिचय देने वाली पुस्तक माना है और कहा कि मनुस्मृति के विषय की चर्चा में वैदिक पद्धति और दार्शनिक विचारधारा का समावेश है।''14 ''कौंडिननायन ने मनुस्मृति को मनु द्वारा रचित कार्य न मानकर इसको भृगु ऋषि या उनके शिष्यों द्वारा संकलित एक कृति के रूप मानने का विचार रखा।''10 ''वैदिक, महाकाव्य, जैन और बौद्ध काल के दौरान महिलाओं की गौरवशाली स्थिति में धर्मशास्त्र, मनुस्मृति के बाद काफी गिरावट आई। मनु के सामाजिक कानूनों का संकलन, भारतीय समाज पर ब्राह्मणवादी नियंत्रण, सामाजिक जाति व्यवस्था की कठोर बाधाएं, और आर्यों और गैर-आर्यों के बीच विवाह संबंध आदि सभी कारक महिलाओं की स्थिति में गिरावट के लिए जिम्मेदार थे।''6 ''मनुस्मृति समाज के अस्तित्व के सभी पहलुओं को प्रतिबिंबित करती है लेकिन इसमें बताए गए बहुत से नियम वर्तमान समय के अनुसार बदले हुए समाज के लिए उपयुक्त नहीं हो सकते हैं मगर इसके महत्व को पूरी तरह से नकारा भी नहीं जा सकता, क्योंकि हिंदू समाज को इसके सिद्धांतों के बिना समझना बेहद मुश्किल है।''9

अध्ययन का उद्देश्य एवं विधि : यह पेपर मनु स्मृति की व्याख्या के संदर्भ में महिलाओं की स्थिति, शक्ति, कर्तव्य और अधिकार का विश्लेषण करने पर केंद्रित है। यह शोध गुणात्मक शोध दृष्टिकोण द्वारा निर्देशित है। इस अध्ययन में प्राथमिक और द्वितीयक दोनों डेटा का उपयोग किया गया है। द्वितीयक डेटा ऐतिहासिक सामग्री विश्लेषण विधियों द्वारा एकत्र किया गया है जो विभिन्न पुस्तकों, विभिन्न शोध पत्रों, लेखों, पत्रिकाओं, वेबसाइटों आदि से प्राप्त किया गया है। प्राथमिक डेटा मुख्य रूप से विभिन्न लेखकों द्वारा लिखित मनु स्मृति नामक मूल पुस्तकों से एकत्र किया गया है। एकत्रित आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए सामग्री विश्लेषण पद्धति का उपयोग किया

गया है। अतः इस अध्ययन में वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक विधियों का प्रयोग किया गया है। पिछली पीढ़ी के लेखकों और वक्ताओं के बीच नस्लवादी और नारीवादी चर्चाओं और बहसों में मनु स्मृति का उपयोग करने की प्रवृत्ति भी रही है हालांकि नई पीढ़ी में ऐसे ग्रंथों के अध्ययन और उन पर बहस की संख्या घटती दिख रही है। इस अध्ययन में मनु संहिता में नारी के सन्दर्भ को जोड़कर बनाये गये एवं वर्णित नियमों का अध्ययन कर नारी से संबंधित श्लोकों को चर्चा का विषय बनाया गया है।

मनुस्मृति में महिलाओं पर प्रमुख चर्चाए एवं उनकी व्याख्याः

1. स्त्री अर्थात माता को सर्वोच्च स्थान

उपाध्यायान्दशाचार्य आचार्याणांशतं पिता।

सहस्त्रं तु पितृन्माता गौरवेणातिरिच्येते।। (2-145)

यं मातापितरौ क्लेशं सहेते संभवे नृणाम्।

न तस्य निष्कृतिः शक्या कर्तु वर्षशतैरपि।। (2-227)''7

शब्दार्थ–एक आचार्य दस उपाध्यायों से बढ़कर है और एक पिता सौ आचार्यों से बढ़कर है जबकि एक माता एक हजार पिताओं से भी बढ़कर है। सौ वर्षों के भीतर भी कोई पुत्र उस कष्ट का बदला नहीं चुका सकता जो उसके माता-पिता ने उसके पालन-पोषण के लिए उठाया है।

व्याख्या– मनुस्मृति में माता का स्थान पिता और आचार्य से भी ऊंचा माना गया है। माता को इतना उच्च स्थान इसलिए दिया गया है क्योंकि वही अगली पीढ़ी को संसार में लाने में सक्षम होती है। संतान का पालन-पोषण माता-पिता दोनों का दायित्व है जिसे वे विभिन्न कष्टों को सहन करके पूर्ण करते हैं। अतः संतान को चाहिये कि जीवन भर अपने माता-पिता के प्रति अनुगृहीत का भाव रखे, उनका सम्मान करें और यथोचित ध्यान रखें। वर्तमान में संतानों द्वारा माता-पिता के तिरस्कार किए जाने की घटनाएँ निरंतर बढ़ रही हैं। बहुत से माता-पिता घरों में अलग-थलग हैं तो बहुत से बुजुर्ग माता-पिता वृद्धाश्रम में रहने को मजबूर हैं। अतः मनुस्मृति का यह श्लोक सार्वकालिक प्रभावी होने के कारण आज के युवाओं के लिए भी पथ-प्रदर्शक का कार्य करता है। इससे प्रेरणा लेकर आज के लोग समाज में माता-पिता के लिए समुचित मान-सम्मान सुनिश्चित कर सकते हैं।

2. **स्त्रियों में स्वाभाविक आकर्षण**

स्वभाव एष नारीणां नराणामिह दूषणम्।

अतोऽर्थान्न प्रमाद्यन्ति प्रमदासु विपश्चितः।। (2-213)

अविद्वांसमलं लोके विद्वांसमपि वा पुनः।

प्रमदा ह्युत्पथं नेतुं कामक्रोधवशानुगम्।। (2-214)''7

शब्दार्थ–यह स्त्रियों का स्वभाव होता है कि वो पुरुषों पर दोष लगा देती हैं। इसलिए बुद्धिमान स्त्रियों से सदा सावधान रहते हैं।.संसार में पुरुष पण्डित हो या मूर्ख, उसको काम व क्रोध के वश कुमार्ग पर ले जाने में स्त्रियाँ बड़ी समर्थ होती हैं।

व्याख्या– स्त्री और पुरुष का एक दूसरे के प्रति मध्य आकर्षित होना प्रकृतिजन्य हैं। यदि पुरुष सावधान नहीं है तो वो हनी ट्रेप जैसी ठगी का शिकार हो सकता है। स्त्री किसी पुरुष को एक बार ऐसे ट्रेप में फंसाने के बाद उससे ब्लैकमेलिंग द्वारा दूसरे गलत कार्य करा सकती है। आजकल, हनी ट्रेप के माध्यम से जासूसी कराना, महिलाओं के माध्यम से पुरुष को अश्लील वीडियो कॉल द्वारा ठगी का शिकार बनाना, सोशल मीडिया पर महिला की फेंक आईडी बनाकर ठगी करना आदि घटनाएँ सिद्ध करती हैं पुरुष महिलाओं की और आकर्षित होकर अपना धन तो गंवा ही रहें है, साथ ही अपना सम्मान भी खो रहे हैं। एक सच्चरित्र पुरुष अपनी पत्नी के अलावा अन्य सभी महिलाओं से समुचित दूरी बनाए रखता है। जिससे संभ्रांत महिलाओं के बीच उसका का आदर बढ़ता है और दुष्ट महिलाओं को उसका अहित करने का मौका ही नहीं मिल पता है।

3. **वधू मूल्य की पूर्णतः अस्वीकृति**

नकन्यायाः पिताविद्वाङ्गृहीयाच्छुल्कमण्वपि।

गृहंश्छुल्कमंहिलोभेनस्यान्नरोऽपत्यविक्रयी।। (3-51)''7

शब्दार्थ– विद्वान पिता, कन्यादान में, कुछ भी उसके बदले में मूल्य न ले। यदि लोभवश कुछ ले लेता है तो वह संतान बेचने वाला है।

व्याख्या– एक पिता को अपनी पुत्री का विवाह बिना किसी लालच के एक सुयोग्य वर के साथ ही करना चाहिये। पुत्री के कन्यादान के बदले में धन

या कोई लाभ की इच्छा करने वाला पिता कभी भी समाज में सम्मान प्राप्त नहीं कर सकता। इस प्रकार मनु स्मृति द्वारा समाज में वधू मूल्य को अस्वीकार करने तथा बेटी की सामाजिक सुरक्षा करने का प्रावधान किया गया है। वर्तमान समय में लड़कियों की तस्करी और खरीद-फरोख्त एक बड़ी सामाजिक समस्या है। जो पुरुष विभिन्न कमियों या कारणों से शादी नहीं कर पाते, वे पैसे देकर भी अपने लिए पत्नी की व्यवस्था करने के लिए उत्सुक रहते हैं। ऐसे व्यक्ति के लिए गरीब परिवार के माता-पिता, रिश्तेदार आदि पैसों के लालच में उस व्यक्ति की उम्र और शारीरिक, मानसिक या अन्य कमियों को नजरंदाज कर देते हैं और उससे अपनी बेटी की शादी करने के लिए राजी हो जाते हैं। ऐसे में वह महिला जीवन भर समझौते वाला जीवन जीने को मजबूर हो जाती है। अतः इस श्लोक के माध्यम से समाज को प्रेरित कर बेटी की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

4. पारिवारिक पुरुषों द्वारा स्त्रियों का सम्मान आवश्यक

पितृभिर्भ्रातृभिश्चौताः पतिभिर्देवरैस्तथा।
पूज्या भूषयितव्याश्च बहुकल्याणमीप्सुभिः।। (3-55)
यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवतः।
यत्रैतस्तु न पूज्यंते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।। (3-56)
शोचान्ति जामयो यत्र विनश्यत्याशु तत्कुलं।
न शोचान्ति तु यत्रैतावर्धंते तद् हि सर्वदा।। (3-57)
जामयोयानिगेहानीशपन्त्यप्रतिपूजिताः।
तानिक्र्त्याहतानीवविनश्यन्तिसमन्नतः।। (3-58)''7

शब्दार्थ–पिता, भाई, पति और देवर द्वारा स्त्रियों का सत्कार करना चाहिए और आभूषण आदि से उनको विभूषित करना चाहिए। इससे बड़ा शुभ फल होता है। जिस कुल में स्त्रियों का सत्कार,पूजन किया जाता है, उस कुल पर देवता प्रसन्न रहते हैं। जहां सत्कार,सम्मान नहीं किया जाता वहाँ सभी धर्म कर्म निष्फल होते हैं। जिस कुल में स्त्रियाँ शोक में रहती हैं, वह कुल शीघ्र ही बिगड़ जाता है और जहां प्रसन्न रहती हैं, वह सदा बढ़ता ही जाता है। जिस कुल में स्त्रियों का सत्कार नहीं होता, वह उनके शाप से नष्ट हो जाता है जैसे विष आदि के मारण से हो जाता है।

व्याख्या–स्त्रियों की मूल प्रकृति में प्रेम,त्याग, समर्पण,लालन-पालन, देखभाल, परिश्रम आदि गुण शामिल होते हैं। उन्हें सिर्फ मान-सम्मान की आकांक्षा होती है। अतः मानव समाज में, पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर नारियों की उनके प्राकृतिक गुणों के साथ, सम्पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये पुरुषों द्वारा नारी का समुचित मान-सम्मान होना ही चाहिये। जिस परिवार में स्त्री चिंतित, शोकग्रस्त और असंतुष्ट रहेगी, वह परिवार नारी के मूल गुणों का पूरा उपयोग करने से वंचित रह जायेगा और अंततः उसकी समृद्धि, प्रगति और सामाजिक सम्मान नष्ट होने लगेगा। इस प्रकार, मनु स्मृति महिलाओं के पक्ष में सामाजिक नियंत्रण के एक तंत्र की भूमिका निभाती है। इससे समाज में एक प्रकार का डर पैदा होता है जो पुरुषों को महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करने के लिए प्रेरित करता है।

5. पति-पत्नी की पारस्परिक संतुष्टि आवश्यक

संतुष्टो भार्यया भर्ता भर्त्रा भार्या तथैव च।
यस्मिन्नेव कुले नित्यं कल्याणं तत्र वै ध्रुवम्।। (3-60)''7

शब्दार्थ–जिस कुल में पत्नी अपने पति से और पति अपनी पत्नी से संतुष्ट रहते हैं, उस कुल का कल्याण अवश्य ही होता है।

व्याख्या–स्त्री और पुरुष के अपने-अपने नैसर्गिक गुण होते हैं जो उनके परस्पर मिलने पर ही सम्पूर्ण होते हैं। अतः पति और पत्नी एक दूसरे के पूरक होते हैं और दोनों मिलकर ही एक सामाजिक इकाई का निर्माण करते हैं। अर्थात विवाह के बाद पति-पत्नी का अलग-अलग अस्तित्व न रहकर वे एक यूनिट हो जाते हैं। और ऐसा केवल पति-पत्नी के बीच आपसी घनिष्ठता, सहयोग और पारस्परिक संतुष्टि से ही सम्भव हो सकता है। इसके लिये पति-पत्नी दोनों को एक दूसरे के मनोभावों, आवश्यकताओं और इच्छाओं समझना और उनका सम्मान करना चाहिए। जिस समाज के परिवारों में पति-पत्नी के मध्य समुचित तालमेल और पूर्ण विश्वास होता है, वह समाज निरंतर प्रगति करते हुए अपना कल्याण सुनिश्चित करता है। जिन परिवारों में पति-पत्नी की आपसी समझ और तालमेल नहीं होता वे एक-दूसरे पर शंका करने लगते हैं और परस्पर चरित्र-हनन व दोषारोपण के द्वारा समाज में अपनी और अपने परिवार की छवि धूमिल करने लगते हैं। ऐसे

लोग न्यायालय में कुछ सच्ची तो कुछ मिथ्या आरोपों के साथ कानूनी लड़ाई में अपना धन भी गंवाते हैं। और सबसे बड़ा नुकसान उनके जीवन के उन स्वर्णिम वर्षों का होता है जिसे उन्होंने इस लड़ाई-झगडे में नष्ट कर दिया होता है जबकि उक्त समय उनके जीवन के आनंद के लिये सर्वोत्तम समय हो सकता था। मनुस्मृति के इस एक श्लोक से आज के समाज में टूटते परिवार और बढ़ते हुए तलाक, लिव इन रिलेशन, विवाहोत्तर सम्बन्धों आदि के मामलों पर प्रभावी रोक लग सकती है, बशर्ते कि सभी स्त्री-पुरुष इसके भाव को गहराई से समझे और अपने व्यवहार में लायें।

6. दैनिक जीवन में महिला प्रथम

सुवासिनीः कुमारिश्च रोगिणो गर्भिणीः स्त्रियः।
अतिथिभ्योऽग्र एवैतान् भोजयेदविचारयन्।। (3-114)''7

शब्दार्थ– नवविवाहिता, कन्या, रोगी और गर्भवती, इनको अतिथि से पहिले ही बिना विचार किए भोजन करा देना चाहिए।

व्याख्या– अतिथि को भोजन कराने के लिए सामान्यतः कई औपचारिकताओं का पालन किया जाता है। ऐसे में घर में मौजूद उन महिलाओं को जिनके लिए समय से भोजन करना शारीरिक तौर पर आवश्यक है, पहिले ही भोजन करा देने का प्रावधान मनुस्मृति में किया गया है। अर्थात सामाजिक स्तर पर सबसे पहिले नवविवाहिता बेटियों और बहुओं, गर्भवती महिलाओं,शिशुओं और बीमार लोगों को भोजन के लिए प्राथमिकता दी जानी चाहिए। दूसरे शब्दों में मनु जी के अनुसार दैनिक जीवन में व्यवहारिकता और आवश्यकता को औपचारिकता के ऊपर प्राथमिकता दी जानी चहिये।

7. स्त्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षण आवश्यक

बालया वा युवत्या वा वृद्धया वाऽपि योषिता।
न स्वातंत्र्येण कर्तव्यं किं चिद् कार्यं गृहेष्वपि।। (5-147)
बाल्ये पितुवर्शे तिष्ठेत् पाणिग्राहस्य यौवने।
पुत्राणां भर्तरि प्रेते न भजेत् स्त्री स्वतंत्रताम्।। (5-148)
पित्रा भर्त्रा सुतैर्वाऽपि नेच्छेद् विरहमात्मनः।
एषां हि विरहेण स्त्री गर्ह्यं कुर्यादुभे कुले।। (5-149)

 ISSN 2278-4632

सदा प्रहृष्टया प्रहृष भाव्यं गृहकार्ये च दक्षया।
सुसंस्कृतोपस्करया व्यये चामुक्तहस्तया।। (5-150)
यस्मै दड्यात् पिता त्वेनां भ्राता वाऽनुमते पितुः।
तं शुश्रूषेत जीवन्तं संस्थितं च न लड्घ्येत्।। (5-151)''7

शब्दार्थ– स्त्री चाहे बालिका, युवती अथवा वृद्ध हो, उनको घर में कोई काम स्वतंत्रता से नहीं करना चाहिये। स्त्री बालकपन में पिता की आज्ञा में, जवानी में, पति की आज्ञा में और पति के बाद पुत्र की आज्ञा में रहे परंतु स्वतंत्रता का भोग कभी न करे। स्त्री, पिता पति वा पुत्रों से अलग रहने की इच्छा न करें। अलग रहने से पिता और पति दोनों कुल-दोषी होते हैं। सदा प्रसन्नचित्त चित्त और घर के काम में निपुण रहे, घर के सामान को पवित्र रखे और खर्च सम्हाल कर करें। पिता या पिता की सम्मति से भाई जिसके साथ विवाह कर दे, उस पति की सेवा जीवन भर स्त्री को करनी चहिये और उसकी मृत्यु होने पर ब्रह्मचर्य से रहना चाहिये।

व्याख्या– किसी भी आयु की महिला को अपनी सभी गतिविधियों के बारे में अपने परिवार के सदस्यों को बता कर रखे। एक महिला को एकदम स्वतंत्र होकर अर्थात परिवार से छिपाकर कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए। बाल्यावस्था में उसे अपने पिता को विश्वास में लेकर ही अपने सभी कार्यो को संपादित करना चाहिए। स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय आदि में पढ़ने वाली बालिकाओं को अपने परिवार को वहाँ के लोगों के आचरण, माहौल आदि के बारे में परिचित कराना चाहिए और किसी भी असामान्य घटना को तत्काल अपने परिवारजनों को बताना चाहिए। इसी प्रकार विवाहित महिला को अपने पति को विश्वास में लेकर और पति के बाद अपने पुत्र को विश्वास में लेकर ही किसी कार्य के बारें में कोई निर्णय करना चाहिए ताकि किए जाने वाले कार्य में सभी की सहमति हो। आज भी हम देखते हैं कि यदि कोई महिला अपने परिवार से अलग-थलग होकर रहती है तो उसका जीवन आसान नहीं होता है। समाज के दुष्ट पुरुष उसको अपने चंगुल में फँसाने का प्रयास करते रहते हैं। उसके चरित्र पर उंगली उठते देर नहीं लगती। इसके विपरीत जो महिला अपने परिवार का ध्यान रखती है, अपने घर का प्रबंधन दक्षता से करती है एवं परिचित के साथ अच्छा व्यवहार रखती है, समाज में उसकी छवि बहुत सकारात्मक बन जाती है। आज भी जिन विवाहो में युवती अपनी पसंद के

युवक से विवाह करने से पहिले अपने माता-पिता और भाई की सहमति प्राप्त कर लेती है, ऐसे विवाह सामान्यतः अधिक सफल रहते हैं। ऐसे विवाहो में पति-पत्नी के बीच पारस्परिक संबंध मजबूत रहते हैं।

8. स्त्रियों की सुरक्षा पारिवारिक पुरुषों का दायित्व

अस्वतंत्राः स्त्रियः कार्याः पुरुषैः स्वैदिर्वानिशम्।
विषयेषु च सज्जन्त्यः संस्थाप्या आत्मनो वशे।। (9-2)
पिता रक्षति कौमारे भर्ता रक्षति यौवने।
रक्षंति स्थविरे पुत्रा न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति।। (9-3)
कालेऽदाता पिता वाच्यो वाच्य्श्चानुपयन् पतिः।
मृते भर्तरि पुत्रस्तु वाच्यो मातुररक्षिता।। (9-4)
सूक्ष्मेभ्योऽपि प्रसग्ड़ेभ्यः स्त्रियो रक्ष्या विशेषतः।
द्वयोर्हि कुलयोः शोकमावहेयुररक्षिताः।। (9-5)
इमं हि सर्ववर्णानां पश्यंतो धर्ममुत्तमम्।
यतंते रक्षितुं भार्यां भर्तारो दुर्बला अपि।। (9-6)''7

शब्दार्थ– पुरुषों को अपनी स्त्रियों को कभी स्वतंत्र न होने देना चाहिये। विषयों में आसक्त स्त्रियों को सदैव अपने वश में रखना चाहिये। बालकपन में पिता, युवावस्था में पति और बुढ़ापे में पुत्र को स्त्रियों की रक्षा करनी चाहिए। स्त्री स्वतंत्र होने योग्य नहीं है। समय पर कन्यादान न करने पर पति, ऋतु काल में प्रेम न करने पर पति और पिता के बाद माता की रक्षा न करने से पुत्र निंदा का पात्र होता है। साधारण कुसंग से भी स्त्रियों की रक्षा करनी चाहिए क्योंकि अरक्षित स्त्रियाँ दोनों कुलों को दुःख देती हैं। इस प्रकार यह सम्पूर्ण वर्णों का धर्म है। दुर्बल को भी अपनी स्त्रियों की रक्षा का उपाय करना चाहिए।

व्याख्या– प्रकृति में हम देखते हैं कि समूहों में रहने वाले सभी जीव-जंतुओं का अपना-अपना सामुदायिक स्तरीकरण होता है और अधिकतर स्तनधारी प्राणियों के नरों में पराई मादाओं पर अपना प्रभाव जमाकर उनको अपने पक्ष में कर लेने की प्रवृत्ति होती है। मानव भी एक सामाजिक प्राणी है जिसके सबसे छोटे समूह में पति-पत्नी और बच्चे होते हैं। इस परिवार को सुदृढ़ बनाये रखने का मुख्य दायित्व पति का है कि वह अपनी पत्नी की मानसिक,

सामाजिक एवं शारीरिक इच्छाओं तथा आवश्यकताओं को समझकर समय-समय पर उनको पूरा करें ताकि पत्नी अपने पति एवं परिवार से हृदय से जुडी रहे और कभी भी उससे अलग होने की ना सोचे। एक स्त्री को गलत लोगों से संरक्षित करके रखने का प्रथम दायित्व स्त्री के सबसे नजदीकी पारिवारिक पुरुष का होता है। स्त्री के बालपन में पिता व भाई, विवाहित अवस्था में पति और पति की अनुपस्थिति में पुत्र का कर्तव्य है कि वह उसकी सुरक्षा एवं देखभाल का उत्तरदायित्व लें। इस प्रकार मनु जी के अनुसार समाज में मौजूद दुर्जनों के दुराचार से स्त्रियों का बचाव, उसके पारिवारिक पुरुषों के संरक्षण द्वारा ही सुनिश्चित किया जा सकता है। पर-पुरुषों से अपने परिवार की स्त्री के संरक्षण की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

9. स्त्रियों के कार्य-दायित्व एवं स्व-सुरक्षा

अर्थस्य संग्रहे चैनां व्यये चैव नियोजयेत्।
शौचे धर्मेऽन्नपक्त्यां च पारिणाह्यस्य वेक्षणे।। (9-11)
अरक्षिता गृहे रुद्धाः पुरुषैराप्तकारिभिः।
आत्मानमात्मना यास्तु रक्षेयुस्ताः सुरक्षिताः।। (9-12)''7

शब्दार्थ–धन-संग्रह, खर्च, सफाई, पति-सेवा, धर्म, रसोई और घर को संभालने के कार्य में स्त्री को लगाना चाहिए। विश्वास-पात्र मनुष्यों से घर में रखवाली कराने से रक्षा नहीं होती है परंतु जो अपनी रक्षा अपने आप ही करें,वही सुरक्षित हो सकती है।

व्याख्या–मनु जी के अनुसार, घर के प्रबंधन का कार्य यथा धन संग्रह, खाद्य सामग्री का संग्रह,घरेलू वस्तुओं-सामग्रियों का चयन, धार्मिक पूजन की व्यवस्था, नियमानुसार परम्पराओं का निर्वहन, बुजुर्गों की सेवा, खाने-पीने की व्यवस्था, घर-सफाई आदि में महिलाओं को महारत होती है। महिलाओं अर्थात ग्रहणियों को अपनी एवं अपने घर की सुरक्षा स्वम ही करनी चाहिए। किसी अन्य को विश्वास-पात्र समझकर, उससे अपनी और अपने घर की रक्षा कराना नुकसानदायक साबित हो सकता है। आजकल अधिकतर घरों में महिलाएं काम-काजी हैं। इसके बावजूद महिला ही घर में स्वच्छता सुनिश्चित करती है, पोषण के लिए पुष्टिकर खाद्य सामग्री का चयन करती है, घरेलू सामानों यथा बिस्तर, फर्नीचर, बर्तन आदि का चयन व देखभाल करती है और

सभी गृहवासियों में सुसंस्कार सुनिश्चित करने की दिशा में धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों जैसे पूजा-पाठ, व्रत आदि के आयोजन करती हैं। एकाकी परिवारों में जहां पति-पत्नी दोनों काम पर जाते हैं, घर और बच्चों को नौकरानी के भरोसे छोडकर जाते हैं मगर अधिकतर मामलों में नौकरानी की सेवाओं से असंतुष्ट ही रहते हैं। अतः मनु जी का यह श्लोक आज के माहौल में प्रासंगिक है।

10. पुत्र और पुत्री एक समान

यथैवात्मा तथा पुत्रः पुत्रेण दुहिता समा।
तस्यामात्मनि तिष्ठन्त्यां कथमन्यो धनं हरेत्।। (9-130)
मातुस्तु यौतकं यत् स्यात् कुमारीभाग एव सः।
दौहित्र एव च हरेदपुत्रस्याखिलं धनम्।। (9-131)
दौहित्रौ ह्यखिलं रिक्थमपुत्रस्य पितुर्हरेत्।
स एव दद्याद् द्वौ पिण्डौ पित्रे मातामहाय च।। (9-132)
पौत्रदौहित्रयोर्लोके न विशेषोऽस्ति धर्मतः।
तयोर्हि मातापितरौ संभूतौ तस्य देहतः।। (9-133)''7

शब्दार्थ–जैसी आत्मा है वैसा ही पुत्र है और पुत्र और पुत्री समान हैं। इसलिए पिता की आत्मारूप-पुत्री बैठी हो तो दूसरा धन कैसे ले जाये? जो धन माता को दहेज में मिला हो वह कन्या का ही भाग है। और पुत्रहीन का सब धन दौहित्र का ही है। जिसको पुत्रिका किया हो उसके पुत्र को अपुत्र-पिता का धन लेना चाहिये और उसी को पिता और नाना का पिण्डदान करना चाहिए। लोक में धर्मानुसार पौत्र और दौहित्र में कुछ भी भेद नहीं है। क्योंकि दोनों के माता-पिता एक ही देह से उत्पन्न हुए हैं।

व्याख्या–मनु जी के अनुसार पुत्र और पुत्री दोनों समान हैं। किसी मनुष्य के पुत्र से उत्पन्न पुत्र अर्थात पौत्र और उसकी पुत्री से उत्पन्न पुत्र अर्थात दोहित्र, दोनों ही उसके लिए समान होते हैं तथा उसकी मृत्यु के पश्चात पिण्डदान कर सकते हैं। दूसरे शब्दों में पुत्र व पुत्री दोनों माता-पिता कि संपत्ति में समान अधिकार रखते हैं। सामान्यतः पुत्र माता-पिता के घर में उनके पास रहता है और अपने माता-पिता की घर-संपत्ति प्राप्त करता है जबकि पुत्री के विवाह के बाद उसके पति का घर व संपत्ति ही उसका घर-संपत्ति होता है। पुत्र

एक भाई के रूप में अपनी बहिन के सामाजिक प्रथाओं का निर्वहन करता है अर्थात सामर्थ्य के अनुसार त्यौहारों आदि पर बहिन और उसके परिवार को उपहार, वस्त्र आदि भेंट कर उसका सम्मान करता है। इस तरह भाई-बहिन के बीच माता-पिता की संपत्ति का बंटवारा न होकर बहिन का भाई पर एक सामाजिक अधिकार रहता है। परंतु यदि किसी माता-पिता को पुत्र न हो और सिर्फ पुत्री हो तो ऐसी अवस्था में माता-पिता की संपत्ति पर पुत्री और उसकी संतान का अधिकार होगा।

विश्लेषण एवं निष्कर्ष : मनु स्मृति के 12 अध्यायों में संकलित विभिन्न श्लोकों के अध्ययन से पता चलता है कि मनु जी ने स्त्री और पुरुष दोनों को समाज में एक दूसरे का पूरक माना है। पुरुष और महिलाएं शारीरिक और मानसिक रूप से भिन्न होते हैं। पति एक पुरुष शरीर है जबकि पत्नी एक महिला शरीर है जिसमें स्वाभाविक रूप से भिन्न विशेषताएं और क्षमताएं होती हैं। लेकिन जब वे दोनों विवाह करके पति-पत्नी बन जाते हैं, तो वे एक-दूसरे की विशेषताओं और क्षमताओं का उपयोग करके एक परिवार बनाते हैं, जो मानव समाज की एक इकाई है। इस प्रकार, पति-पत्नी न तो एक-दूसरे के बराबर हैं और न ही एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी हैं, बल्कि वे दोनों एक-दूसरे के पूरक होते हैं।

मनु जी के द्वारा परिवार और समाज का एक आदर्श ढांचा प्रस्तुत किया गया है, जिसमें महिलाओं को उनकी मानसिक एवं शारीरिक क्षमताओं के अनुरूप एक माता के रूप में सर्वोच्च पद प्रदान किया हैं। उनके बगैर मानव संतति की आगे उत्पत्ति संभव ही नहीं है। दैनिक जीवन में महिलाओं को प्रथम अवसर दिये जाने की संस्तुति की गई है ताकि उनको वांछित शारीरिक व मानसिक आराम के साथ सम्मान भी प्राप्त हो सके। आज भी बसों में पुरुष अपनी सीट छोड़कर महिलाओं को बैठने का अवसर पहिले देना अपना दायित्व समझते हैं। उत्सवों और त्योहारों पर पारिवारिक पुरुषों यथा पिता, भाई, पति, देवर, पुत्र आदि के द्वारा महिलाओं के लिए उनके पसंदीदा भोजन, वस्त्र, आभूषण, फल-फूल आदि उपलब्ध कराकर उनका सत्कार करने के लिए मनु जी ने संस्तुति दी है। आज भी रक्षा-बंधन, भाई-दूज, तीज आदि त्योहारों पर भाई और पिता के द्वारा स्त्री को धन, भोजन, आभूषण आदि प्रदान किए जाने की परंपरा है। करवाचौथ, दीपावली आदी त्योहारों पर पति

द्वारा अपनी पत्नी को नए वस्त्र , गहने आदि देना और पति-पत्नी दोनों के द्वारा इन त्योहारों पर अपने माता-पिता को वस्त्र, भोजन आदि देकर उनका सत्कार करना भारतीय परंपरा है।

नारी प्रकृति का प्रतिरूप है। वह सहिष्णु, त्यागशील, सेवा-उन्मुख और प्रेममय है। एक महिला ही बच्चों की आदर्श देखभाल कर सकती है। इसलिए, एक महिला स्वाभाविक रूप से एक पुरुष की तुलना में अधिक भावुक और नरम दिल वाली होती है''2। जबकि समाज में हमेशा दुर्जन नारी की इस कमजोरी का फायदा उठाने की ताक में रहते हैं। सम्मोहन कर ठगी की घटनाएँ भी महिलाओं के साथ ही अधिकतर इसी कारण से होती हैं। यही कारण है कि आज के समय में महिलाओं की मदद के लिए विशेष हेल्पलाइन/ दूरभाष की व्यवस्था की हुई है। इसलिए मनु जी ने महिलाओं को स्वतंत्र निर्णय लेने के बजाय अपने नजदीकी पुरुषों को विश्वास में लेकर ही कोई निर्णय लेने की संस्तुति की है। साथ ही पारिवारिक पुरुषों को अपने परिवार की महिलाओं की रक्षा और संरक्षण का दायित्व ग्रहण करने की संस्तुति की है। मनु जी ने पुरुषों का स्पष्टता से मार्गदर्शन किया है कि वह अपनी पत्नी को अपने प्रेम और व्यवहार इतना संतुष्ट रखे कि पत्नी कभी उससे स्वतंत्र होने कि सोचे भी नहीं। मनु जी के अनुसार परिवार का सुचारु रूप से चलना पति-पत्नी के आपसी प्रेम, संतुष्टि और तालमेल पर निर्भर करता है।

मनु जी के अनुसार स्त्री और पुरुष दोनों को अपनी मर्यादा में रहकर और उत्तम चरित्र का पालन करते हुए जीवनयापन करना चाहिए। स्त्री सुंदर होती है और पुरुष उसकी और स्वाभाविक तौर पर आकर्षित होता है। दुष्ट महिलाएं अपने इस आकर्षण से पुरुषों को अपने जाल में फंसाकर उनका सामाजिक सम्मान नष्ट कर सकती हैं। इसलिए विवेकशील पुरुष अपनी पत्नी के अलावा सभी स्त्रियों से हमेशा एक उचित दूरी रखते हैं। और समझदार महिलाएं भी अपने पति के अलावा सभी पुरुषों से एक सम्मानजनक दूरी रखती हैं। इस प्रकार मर्यादित और सदचरित्र लोगों वाले समाज का निर्माण होता है जिसमें विवाहोत्तर सम्बन्धों एवं उसके उप-उत्पाद विवादों व अपराधों की संभावना न्यूनतम हो जाती है।

कुछ शोधकर्ता आरोप लगाते हैं कि मनु जी ने पितृसत्तात्मक समाज की रचना करके महिलाओं को पुरुषों के अधीन कर दिया है। मगर इस शोध से

लगता है कि ऐसे शोधकर्ताओं को एकदम निष्पक्ष होकर और व्यावहारिकता के साथ दोबारा मनुस्मृति का अध्ययन करना चाहिए। मानव जीवन के सामाजिक अनुभव और अन्य सामाजिक जीवधारियों यथा बंदर, भेड़िया, शेर आदि के प्राकृतिक जीवन के विश्लेषण से यह एकदम सत्य है की मानव समाज पितृसत्तात्मक समाज है और हमें इसी सच के साथ आगे बढ़ना होगा। समाज का पितृसत्तात्मक होना कोई नकारात्मक बात नहीं है बशर्ते कि महिलाओं को सामाजिक ढांचे में उचित सम्मान और न्याय मिले। मनुस्मृति में दिये गए पितृसत्तात्मक ढांचे के अनुसार एक घर में पिता को अगर राष्ट्रपति की तरह मान लिया जाये तो निःसंदेह पत्नी प्रधानमंत्री की भूमिका में है या फिर हम इसके उलट भी समझ सकते हैं। आज भी, सबसे सफल परिवारों में, पति-पत्नी और परिवार के अन्य पुरुष और महिलाएं उसी तरह एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। महिलाओं को जबरन पुरुषों के खिलाफ खड़ा करने का चलन आज परिवारों को तोड़ रहा है। कड़वी सच्चाई तो यह है कि आज का तथाकथित आधुनिक समाज भी अपने परिवार से अलग हुई महिला यानी तलाकशुदा महिला को कोई सम्मान नहीं देता है। आज भी, एक तलाकशुदा पुरुष, तलाकशुदा महिला की तुलना में बहुत पहले पुर्नविवाह कर लेता है, जो फिर से साबित करता है कि महिला को समाज की पितृसत्तात्मक प्रकृति को बदलने के बजाय खुद को सम्मानजनक स्थिति में बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

मनुस्मृति के उपरोक्त विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि यदि इसे स्त्री और पुरुष के बीच प्रतिस्पर्धा के दृष्टिकोण से देखा जाए, तो यह पुरुषों को महिलाओं की तुलना में अधिक महत्व देती प्रतीत होती है। हालांकि, यदि इसे समाज की व्यावहारिकता और स्त्री-पुरुष की शारीरिक व मानसिक क्षमताओं, विशेषताओं, और सीमाओं के संदर्भ में समझने का प्रयास किया जाए, तो इसके प्रावधानों को पूरी तरह नजरंदाज करना उचित नहीं होगा। यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि मनुस्मृति में महिलाओं से संबंधित सभी नियम और प्रावधान आधुनिक समय में पूरी तरह प्रासंगिक नहीं हैं। फिर भी, मनुस्मृति के कुछ प्रावधान आज की महिलाओं की कई सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। आधुनिक स्त्री और पुरुष, यदि चाहें, तो मनुस्मृति के कुछ विचारों को अपनाकर अपने आचरण की

सीमाएं स्वयं तय कर सकते हैं, जिससे प्रगतिशील और खुले समाज में महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह तभी संभव है जब मनुस्मृति को निष्पक्ष, तटस्थ और जिम्मेदार दृष्टिकोण से पढ़ा जाए, जिसमें समाज के सभी व्यावहारिक पहलुओं को ध्यान में रखा जाए। साथ ही, इसके अध्ययन और मूल्यांकन के दौरान व्यक्ति (चाहे वह स्त्री हो या पुरुष) के बजाय परिवार को समाज की मूल इकाई मानने की आवश्यकता है। ऐसा करने पर ही मनुस्मृति के प्रावधानों को सही संदर्भ में समझा जा सकता है और उनका सामाजिक दृष्टि से उपयुक्त विश्लेषण किया जा सकता है।

सन्दर्भ :

1. अलका सैनी, सुमन शर्मा, भारतीय समाज पर पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव, पुस्तक: भारतीय संस्कृति पर पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव (आईएसबीएन 978-93-82065-95-1), आर. लाल बुक डिपो, मेरठ, 2013, पेज 40-43
2. अलका सैनी, शांति संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महिला शिक्षा का महत्व, रिसेंट एजुकेशनल एंड साइकोलोजिकल रिसर्च (इंटरनेशनल रेफरीड मल्टीडिसिप्लिनरी एंड ब्लाइंड पीयर रिव्यूड रिसर्च जर्नल) (आईएसएसएन 2278-5949), वर्ष 05, अंक 03, अक्टूबर-नवंबर-दिसंबर 2016, पेज 38-45
3. अविनाश गढ़रे, प्राचीनकाल से आधुनिक युग तक भारत में महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, एक प्रेस नोट, 2015

   (https://www.legalservicesindia.com/article/1867/The-Socio-Economic-Status-of-Women-in-India-Ancient-to-Modern-Era.html#google_vignette)
4. बी. बराल, हिंदू सामाजिक संगठन का प्रारूप, सहज प्रकाशन काठमांडू, 2050 बीएस
5. बी. ए. रानी, बी.टी.टी. रेकृी, महिला /शिक्षा, सशक्तिकरण और भावनात्मक बुद्धिमत्ता, (आईएसबीएन 978-81-8316-308-8), नीलकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद-500095, 2016
6. मनीषा द्विवेदी और सोनल मालिक, वैदिक काल में महिलाओं की स्थिति, जर्नल ऑफ़ पॉजिटिव स्कूल साइकोलॉजी (आईएसएसएनरू 5693-5702), संस्करण 6 (3), 2022, पेज 5693-5702
7. मनुस्मृति, श्री हिन्दू धर्म वैदिक एजुकेशन फाउंडेशन, (https://www.shdvef.com/)

8. राधाकृष्णन, भारतीय दर्शन, राजपाल एंड संस, कश्मीरी गेट, दिल्ली, 2004
9. रिधिमा सोइन, मनुस्मृति: एक आधुनिक परिप्रेक्ष्य, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च, कल्चर सोसायटी (आईएसएसएन 2456-6683), संस्करण 3 (12), 2019, पेज 37-40
10. एस. ए. कौडिन्नयन, वैदिक धर्म मूल रूप में, प्रकाशक स्वाध्याशाला काठमांडू, 2062 बीएस
11. श्याम कार्तिक मिश्रा, प्रदीप कुमार पाण्डेय, भारत में महिला स्थिति और सशक्तिकरण, न्यू सेंचुरी पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2012
12. वेंडी डोनिगर और ब्रायन स्मिथ, मनु के नियम, पेंगुइन बुक्स इंडिया, नई दिल्ली, 1991
13. विकास नंदल, वी. रजनीश, भारत में सदियों से महिलाओं की स्थिति, इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल ऑफ सोशल साइंसेज (आईएसएसएन 2319-3565), संस्करण 3(1), 2014, पेज 21-26
14. वी. गैरोला, संस्कृत साहित्य का इतिहास, चौखंबा विद्या भवन वाराणसी, 1978
15. वी. ए. रामास्वामी, भारत की सांस्कृतिक विरासत, रामकृष्ण मिशन संस्कृति संस्थान कलकत्ता, 1993

डॉ. अलका सैनी
सहायक आचार्य (शिक्षाशास्त्र)
विभागाध्यक्ष, शिक्षा शास्त्र विभाग
धनौरी पी. जी. कॉलेज, धनौरी, जनपद हरिद्वार (उत्तराखंड)
Email: alkasaini.vks@gmail.com, ORCID ID:0000-0002-8392-1205

❑❑❑

गोदान का समाज

• डॉ. स्वपना मीना

भारतीय समाज वर्गों में विभक्त है जिसमें उच्चवर्ग मध्यवर्ग एवं निम्नवर्ग का शोषण करता है। इस कार्य हेतु धर्म का सहारा भी लिया जाता है; जिसे मुंशी प्रेमचंद ने 'गोदान' में उद्‌घाटित करते हुए धर्म के नाम पर हो रहे अत्याचारों पर जमकर प्रहार किया है। यहाँ दातादीन जैसे ब्राह्मणों द्वारा होरी जैसा किसान आजीवन शोषण की चक्की में पिसता रहता है तथा दातादीन जैसे ब्राह्मण बिना किसी मेहनत के सुखी जीवन व्यतीत करते हैं। प्रेमचंद ने समाज में व्याप्त उन सभी रूढ़ियों एवं अंधविश्वासों का जमकर विरोध किया है जो मनुष्य के विकास में साधक न होकर बाधक बनी हैं। उस सामन्ती संस्कृति को ध्वस्त करने के लिए ललकारा है जिसके चलते किसान इस समाज की चक्की में लगातार पिसता रहा है।

बीज शब्द : *साहित्य समाज जमींदार महाजन किसान मजदूर धर्म संस्कृति मानवता राष्ट्रीयता राष्ट्रीय भाषा।*

मूल आलेख : समय के साथ-साथ मानव जीवन की गति भी पूर्तिगामी नदी की भांति होती है जिसमें स्थिति के अनुसार उतार-चढ़ाव होता रहता है। इसी प्रकार समाज में भी समय-समय पर अनेक बदलाव होते रहते हैं जिनसे समाज में निवासरत सामाजिक प्राणी भी प्रभावित रहे बिना नहीं रह सकता। चूंकि साहित्य समाज का अभिन्न अंग है और साहित्यकार सामाजिक प्राणी। अतः साहित्य और साहित्यकार दोनों समाज से प्रभावित रहते हैं। इसीलिए साहित्यकार साहित्य के माध्यम से समाज की परंपरागत संकीर्णता जकड़न विकृतियाँ आदि पर प्रहार करते हुए एक नवीन दृष्टिकोण समाज के सामने प्रस्तुत करता है जिससे व्यक्ति की अनुभूतियों की तीव्रता बढ़ती है परिणामस्वरूप

व्यक्ति समाज हित हेतु सामूहिक रूप से प्रयासरत रहता है। समाज पर कुछ लिखने से पूर्व समाज के स्वरूप को स्पष्ट कर देना अत्यावश्यक है जिसे विभिन्न विद्वानों ने विभिन्न परिभाषाओं के माध्यम से व्याख्यायित करने का प्रयास किया है—

(क) 'समाज रीतियों एवं कार्यप्रणालियों अधिसत्ता एवं पारस्परिक सहयोग अनेक समूहों एवं विभाजनों मानव व्यवहार के नियंत्रणों एवं स्वतंत्रताओं की व्यवस्था है। यह सतत् परिवर्तनशील जटिल व्यवस्था है जिसे हम समाज कहते हैं। यह सामाजिक सम्बन्धों का जाल है और यह निरन्तर परिवर्तनशील है।'[1]

(ख) 'समाज पुं. (सं.) 1 समूह, गिरोह। (2) एक जगह रहने वाले अथवा एक ही प्रकार का काम करने वाले लोगों का वर्ग दल या समूह समुदाय। (3) किसी विशिष्ट उद्देश्य से स्थापित की हुई सभा। (सोसायटी उक्त सभी अर्थों में)।'[2]

(ग) 'भारतीय चिंतन पद्धति के अनुसार समाज लोकमर्यादाओं और सामूहिक व्यवहार की प्रणालियों का नाम है। ये मर्यादाएं और प्रणालियाँ समय के साथ रूढ़ होती जाती हैं। उनके पालन करने से ही समाज का स्थायित्व बना रह सकता है और मनुष्य शांति और सुरक्षा के साथ जीवन बिता सकता है।'[3]

(घ) गिडिंग्स के अनुसार 'समाज स्वयं संघ है संगठन है औपचारिक सम्बन्धों का योग है जिसमें सहयोग देने वाले व्यक्ति एक-दूसरे के साथ जुड़े हुए या सम्बद्ध हैं।'[4]

(ड़) रेउटर ने लिखा है 'समाज एक 'अमूर्त' शब्द है जो समूह के सदस्यों में तथा उनके बीच पारस्परिक सम्बन्धों की जटिलता का बोध कराता है।'[5]

उक्त परिभाषाओं से यह स्पष्ट हो जाता है कि समाज एक ऐसा समूह है जिसमें मानवमन सामूहिक रूप से कार्य करने की ओर प्रवृत्त होता है और अपने सार्वजनिक उद्देश्य प्राप्ति हेतु शांतिपूर्वक लक्ष्य साधन की ओर बढ़ता है। सार्वजनिक उद्देश्य की प्राप्ति ही हमारे जीवन को स्वाभाविक बनाती है। इसी से हमारे मन का संस्कार होता है जिससे हमारे भावों और विचारों में तीव्रता आती

है। समाज एवं व्यक्ति में निहित पुनीत भावों का जागरण करना साहित्य का लक्ष्य होता है एवं साहित्यकार का कर्तव्य। इस पुनीत कर्तव्य को ध्यान में रखकर मुंशी प्रेमचंद ने साहित्य रचना की, यही कारण है कि उनके कथा साहित्य में भारतीय समाज के जितने वर्गों भारतीय जीवन के जितने पक्षों और भारतीय मनुष्य के जितने रूपों का चित्रण है वे सब किसी दूसरे भारतीय लेखक के कथा साहित्य में शायद ही मिलें। वे उन सबका वस्तुपरक चित्रण करते हैं लेकिन भारतीय समाज के दलित जनों किसानों मजदूरों हरिजन और स्त्रियों के प्रति अपनी अडिग पक्षधरता और गहरी सहानुभूति को छिपाते नहीं हैं।'[6] इसीलिए प्रेमचंद प्रणीत उपन्यास 'गोदान' में सामाजिक चेतना के विभिन्न आयाम प्रस्तुत हुए हैं जिन्हें हम समझने का प्रयास करेंगे।

प्रेमचंद ने जब लिखना शुरू किया तो तात्कालिक समाज परंपराओं और रुढ़ियों की अंधी आस्थाओं के जाल में बुरी तरह फंसा हुआ था। इस समय भारतीय समाज एक विशेष स्थिति के साथ पलायन कर रहा था। एक ओर जहाँ भारतीय सामाजिक धरातल पर पाश्चात्य मूल्यों का आगमन हो रहा था वहीं दूसरी ओर व्यक्ति परंपरागत रुढ़ियों में जकड़ा हुआ अपने व्यक्तित्व को ही नष्ट किये जा रहा था जहां समाज परतंत्रता की बेड़ियों में छटपटा रहा था वहीं व्यक्ति हीनता की भावना से ग्रसित होकर पतनोन्मुख हो रहा था। ऐसे समय में प्रेमचंद अपने विवेक और बुद्धि के कपाट को खोलकर समाज की कसमसाती स्थिति को स्वयं झेलते हुए महसूस कर रहे थे। वे समाज के किसान-मजदूरों की दयनीय स्थिति से द्रवित थे तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रयत्नशील थे। कार्लमार्क्स ने लिखा है 'मैं जिससे सच्चा प्रेम करता हूँ उसके अस्तित्व की अनिवार्यता अनुभव करता हूँ।' प्रेमचंद भी किसान-मजदूरों से सच्चा प्रेम करते थे और उनकी अनिवार्यता अनुभव करते थे इसलिए उन्होंने किसान मजदूरों की समस्याओं पर विचार करते हुए उन समस्याओं को जड़ से नष्ट करने का प्रयत्न किया जो किसान मजदूरों के अस्तित्व में बाधक थी। प्रेमचंद जानते थे कि जब तक किसानों पर आक्रमण करने वाले जमींदार व्यापारी वकील थानेदार एवं अन्य सरकारी महकमों पर बैठे बड़े-बड़े मगरमच्छ रूपी अफसरों के साथ-साथ ग्राम पंचायत गांव के सूदखोर अमीर किसानों के लिए काम करने वाले पुरोहित भू-स्वामियों द्वारा नियुक्त कारिन्दे एवं बिरादरी की दमनकारी शक्तियों पर प्रहार नहीं किया जाएगा तब तक किसान-मजदूरों का अस्तित्व बने रहना संदिग्ध है

क्योंकि यह सभी किसानों के पीड़क हैं। जमींदार असामियों से रुपए वसूल न होने पर उनसे चिढ़कर उन पर गुस्सा उतारते हैं सौ-सौ मनुष्यों को एक पंक्ति में खड़ा करके हंटर से मारते हैं। असामी तड़प-तड़प कर रह जाते हैं फिर भी कानून और न्याय उनका कुछ नहीं करता क्योंकि कानून और न्याय उसका है जिसके पास पैसा है। कानून तो है कि महाजन किसी असामी के साथ कड़ाई न करे कोई जमींदार किसी काश्तकार के साथ शक्ति न करे मगर होता क्या है। ...... जमींदार मुसक बंधवा के पिटवाता है और महाजन लात और जूते से बात करता है।'[7] यही कारण है कि 'गोदान' के होरी जैसे किसान की एक छोटी-सी लालसा 'घर में गाय लाने की' भी पूरी नहीं हो पाती है। वह आजीवन अथक परिश्रम करता है फिर भी न तो वह अपनी बेटियों की ठीक से कहीं शादी कर पाते है और न ही घर का लालन-पालन। स्थिति यहां तक आ जाती है कि अंततः वह मजदूर बनकर मृत्यु के ग्रास में चला जाता है। इन सबसे निजात पाने के लिए ही प्रेमचंद ने अपने उपन्यास में ऐसे चरित्र को प्रस्तुत किया है जो अपने अधिकार प्राप्ति हेतु इनका प्रतिरोध करता है। वह चरित्र है– 'गोबर'। गोबर होरी के खुशामदी चरित्र से खुश नहीं रहता है और विद्रोह के स्वर में कहता है 'यह तुम रोज-रोज मालिकों की खुशामद करने क्यों जाते हैं। बाकी न चुके तो प्यादा आकर गालियां सुनाता है बेगार देनी ही पड़ती है नजर नजराना सब तो हमसे भराया जाता है। फिर किसी की क्यों सलामी करो।'[8] अर्थात् कहा जा सकता है कि गोबर अन्याय के प्रति विद्रोही भावना से ओतप्रोत है।

प्रेमचंद स्त्री-पुरुष संबंधों के शाश्वत स्वरूप पर बल देते हैं। भारतीय संस्कृति में आदि से ही नारी को पवित्र माना गया है और कहा गया है 'यत्रनार्यस्तुपूज्यन्ते रमन्तेतत्र देवता' किंतु इस भौतिकतावादी युग में स्त्री को मात्र वासनामय दृष्टि से देखा जाता है उसका अर्थ मात्र देहलिप्सा के रूप में लगाया जाता है। पुरुष यह नहीं समझता कि स्त्री मात्र पुरुष की वासना को ही पूर्ण करने के लिए नहीं होती अपितु वह पुरुष को संबल प्रदान करने की ताकत भी होती है। प्रत्येक सामाजिक कार्य हेतु पुरुष के साथ स्त्री का होना अनिवार्य है। स्त्री-पुरुष के साथ से ही मानव का कल्याण हो सकता है। इस कल्याण के लिए स्त्री का दया त्याग सेवा श्रद्धा आदि गुणों से संपन्न होना अत्यावश्यक है इनसे रहित होकर स्त्री कुलटा का रूप ले लेती है क्योंकि यदि स्त्री में संघर्ष

संग्राम हिंसा कलह आदि भाव आ जाते हैं तो वह अपने देवत्व से गिर जाती है। दया सेवा श्रद्धा त्याग आदि गुणों से संपन्न होने के कारण ही प्रेमचंद स्त्री को पुरुष से श्रेष्ठ मानते हैं और लिखते हैं कि मैं प्राणियों के विकास में स्त्री के पद को पुरुषों के पद से श्रेष्ठ समझता हूँ उसी तरह जैसे प्रेम और त्याग और श्रद्धा को हिंसा और संग्राम और कलह से श्रेष्ठ समझता हूँ। अगर हमारी देवियां सृष्टि और पालन के देवमंदिर से हिंसा और कलह के दानव क्षेत्र में आना चाहती हैं तो उस समाज का कल्याण न होगा। मैं इस विषय में दृढ़ हूँ। पुरुष ने अपने अभिमान में अपनी कीर्ति को अधिक महत्त्व दिया है। वह अपने भाई का स्वत्व छीनकर और उसका रक्त बहाकर समझने लगा उसने बहुत बड़ी विजय पायी। जिन शिशुओं को देवियों ने अपने रक्त से सिरजा और पाला उन्हें बम और मशीनगन और सहस्त्रों टैंकों का शिकार बनाकर वह अपने को विजेता समझता है। और जब हमारी ही माताएं उसके माथे पर केसर का तिलक लगाकर और उसे अपनी असीसों का कवच पहनाकर हिंसा क्षेत्र में भेजती हैं तो आश्चर्य है कि पुरुष ने विनाश को ही संसार के कल्याण की वस्तु समझा और उसकी हिंसाप्रवृत्ति दिनदिन बढ़ती गई और आज हम देख रहे हैं कि यह दानवता प्रचंड होकर समस्त संसार को रौंदती प्राणियों को कुचलती हरीभरी खेतियों को जलाती और गुलजार बस्तियों को वीरान करती चली जाती है।'[9] इन सब क्रूरता का खेल खेलने वालों से निजात पाने के लिए संग्राम क्षेत्र से अलग रहने के लिए ही प्रेमचंद ने स्त्रियों से कहा है कि तुम वफा और त्याग की मूर्ति हो तुम पृथ्वी की तरह धैर्यवान हो शांति संपन्न हो सहिष्णु हो इसलिए तुम अपने धर्म का पालन करते जाइए निश्चय ही हिंदुस्तान की तरक्की होगी।

प्रेमचंद सजग युगचेता व्यक्ति थे। वह अपने समय की प्रत्येक गतिविधि से परिचित थे अतः प्रत्येक विषय पर वे गंभीर चिंतन कर उनकी त्रुटियों को दूर करने हेतु प्रयत्नशील रहते थे 'उन्होंने हिंदू मुस्लिम ईसाई आदि धर्मों और अपने देश की स्थिति का बारीकी से अध्ययन किया था और इस निष्कर्ष पर पहुँचे थे कि जहां विदेशी शासन से मुक्त होने के लिए और स्वराज्य प्राप्ति के लिए हिंदू-मुस्लिम में सर्वधर्म समभाव के प्रसार की बड़ी आवश्यकता है वहां धर्म के क्षेत्र में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने की भी परम आवश्यकता है।'[10] सर्वधर्म समभाव का तात्पर्य सभी धर्मों की समानता से लगाया जाता है जिसमें धर्म के आधार पर किसी भी व्यक्ति अथवा जाति के साथ कोई भेदभाव नहीं किया

जाता। प्रेमचंद संपूर्ण मानव समुदाय को मानवता के रूप में देखते थे इसलिए उनका मानना है कि 'किसी धर्म की महानता और फजीलत इसमें है कि वह इंसान को इंसान का कितना हमदर्द बनाता है उसमें मानवता इंसानियत का कितना ऊंचा आदर्श है और उस आदर्श पर वहां कितना अमल होता है।'[11] प्रेमचंद ऐसे धर्म से सख्त नफरत करते थे जिसमें हमदर्दी और भाईचारा अपने ही लोगों के लिए होता हो अन्य धर्म के अनुयायी इस दायरे से बाहर हो क्योंकि 'धर्म नाम है उस रोशनी का जो कतरे को समुद्र में मिल जाने का रास्ता दिखाती है— ....जो हमारी जात को इमाओस्त में हमारी आत्मा को व्यापक सर्वात्म में मिले होने की अनुभूति या यकीन कराती है।'[12] इसीलिए मुंशी प्रेमचंद ने अपने संपूर्ण उपन्यास में हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतिपादन कर राष्ट्रीय चेतना की मशाल को बुझने न दिया।

सामाजिक एवं शैक्षिक उत्थान में राष्ट्रभाषा की भूमिका महत्वपूर्ण होती है राष्ट्रभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक था विदेशी भाषा का बहिष्कार। लोग विदेशी भाषा बोलने और लिखने में गौरवानुभव करते थे फलतः पाश्चात्य संस्कृति को अपनाकर अपने मानवीय मूल्यों को ही विस्मृत कर रहे थे इसलिए अनेक समाजसुधारकों यथा राजा राममोहनराय बंकिमचंद्र चटर्जी क्षितिमोहन शर्मा महात्मा गांधी राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन महामना पंडित मदन मोहन मालवीय डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद आदि ने विदेशी भाषा का विरोध कर राष्ट्रीय भाषा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। महात्मा गांधी ने विदेशी भाषा का विरोध करते हुए लिखा है 'मैं यदि तानाशाह होता तो आज ही विदेशी भाषा में शिक्षा दिया जाना बंद कर देता तथा सारे अध्यापकों को स्वदेशी भाषा अपनाने को मजबूर कर देता मेरी मातृभाषा में कितनी ही खामियां क्यों न हों मैं इससे इसी तरह चिपटा रहूँगा जिस तरह बच्चा अपनी माँ की छाती से। यही मुझे जीवनदायिनी दूध दे सकती है। अगर अंग्रेजी उस जगह को हड़पना चाहती है जिसकी वह हकदार नहीं है तो मैं उससे सख्त नफरत करूँगा (क्योंकि वह कुछ लोगों के सीखने की वस्तु हो सकती है लाखों करोड़ों की नहीं।'[13] चूंकि प्रत्येक साहित्यकार समकालीन सामाजिक राजनैतिक गतिविधियों से प्रभावित रहता है फलतः मुंशी प्रेमचंद भी इस कार्य में अछूते नहीं थे वह इस बात से भलीभांति परिचित थे कि आज अंग्रेजी भाषा ने हमारे मन और बुद्धि को इस कदर जकड़ लिया है कि हमारा शिक्षित समाज भी उसे

नहीं छोड़ना चाहता है वही उसके रोजगार का साधन प्रतीत होती है उसी की बेड़ियों में जकड़े रहना उसे अच्छा लगता है। इस सामाजिक अवस्था से मुंशी प्रेमचंद क्षुब्ध हो चुके थे। इसीलिए वे समाज को चेताते हुए कहते हैं कि 'जिस दिन आप अंग्रेजी भाषा का प्रभुत्व तोड़ देंगे और अपनी एक कौमी भाषा बना लेंगे उसी दिन आपको स्वराज्य के दर्शन हो जाएंगे। मुझे याद नहीं आता कि कोई भी राष्ट्र विदेशी भाषा के बल पर स्वाधीनता प्राप्त कर सका हो। राष्ट्र की बुनियाद राष्ट्र की भाषा है। नदी पहाड़ और समुद्र राष्ट्र नहीं बनाते। भाषा ही वह बंधन है जो चिरकाल तक राष्ट्र को एक सूत्र में बांधे रहता है और उसका शीराजा बिखरने नहीं देता।'[14] समाज में जो अराजकता द्वेषता अधर्मता फैली हुई है वह भाषा से ही दूर हो सकती है क्योंकि समाज की बुनियाद भाषा है। ....भाषा का सीधा संबंध हमारी आत्मा से है। ......भाषा हमारी आत्मा का बाहरी रूप है। ....उसके एक-एक अक्षर में हमारी आत्मा का प्रकाश है। भाषा सदियों तक हमारा साथ देती रहती है और जितने लोग हम जबान हैं उनमें एक अपनापन एक आत्मीयता एक निकटता का भाव जगाती रहती है। मनुष्य में मेल डालने वाला रिश्ता भाषा का है। ....हमारे मुल्की फैलाव के साथ हमें एक ऐसी भाषा की जरूरत पड़ गई जो सारे हिंदुस्तान में समझी और बोली जाय ......हम सुबे की भाषाओं के विरोधी नहीं हैं (आप उनमें जितनी उन्नति कर सकें) करें लेकिन एक कौमी भाषा का मरकज़ी सहारा लिए बगैर आपके राष्ट्र की जड़ मजबूत नहीं हो सकती। ....अगर हमने कौमियत की सबसे बड़ी शर्त यानी कौमी जबान की तरफ से लापरवाही की तो इसका अर्थ यह होगा कि आपकी कौम को जिंदा रखने के लिए अंग्रेजी की मरकजी हुकूमत का कायम रहना लाज़िमी होगा वर्ना कोई मिलाने वाली ताकत न होने के कारण हम सब बिखर जाएंगे और प्रांतीयता जोर पकड़कर राष्ट्र का गला घोंट देगी। .....इस कौमी जबान के रास्ते में सबसे बड़ी रुकावट अंग्रेजी है उसका बढ़ता हुआ प्रचार और उसमें आत्मसम्मान की वह कमी जो गुलामी की शर्त को नहीं महसूस करती।'[15] इस आत्मसम्मान की रक्षा के लिए हमें हिंदुस्तानी भाषा का प्रयोग करना होगा यह हिंदुस्तानी भाषा वही भाषा है जिसे हिंदू और मुसलमान दोनों ही मानते हैं जो साधारण बोलचाल की भाषा है जिसमें किसी भाषा के शब्दों का त्याग नहीं किया जाता है। हिंदुस्तानी को अपनाकर ही हम एकता के सूत्र में बंध सकते हैं तथा परतंत्रता की बेड़ियों को

तोड़ सकते हैं इन परतंत्रता की बेड़ियों को तोड़ने के लिए मन और बुद्धि की जकड़न को खोलने के लिए आवश्यक है कि हमें अंग्रेजी का तिरस्कार करना होगा।

निष्कर्ष : निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि मुंशी प्रेमचंद ने अपने उपन्यास 'गोदान' के माध्यम से सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है; समाज में व्याप्त सड़ी-गली मान्यताओं पर कुठाराघात कर किसान मजदूरों की दैयनीय स्थिति छूत-अछूत समस्या, दहेज समस्या, अनमेल विवाह, विधवा विवाह आर्थिक शैक्षिक राष्ट्रीयता एवं राष्ट्रभाषा तथा हिंदू-मुस्लिम द्वेषता आदि समस्याओं को दूर करने का प्रयत्न किया है जिससे निश्चय ही हिंदुस्तान ने सामाजिक उत्थान में प्रगति की है।

संदर्भ :

1. आर-एम-मैकाइवर एण्ड चार्ल्स एच-सोसायटी एन इंट्रोडक्शन एनैलसिस 1985 पृष्ठ 5
2. रामचन्द्र वर्मा, लोक भारती प्रामाणिक हिन्दी शब्द कोश (संक्षिप्त संस्करण), लोक भारती प्रकाशन इलाहाबाद 1998 ई- पृष्ठ 895
3. बुद्ध प्रकाश भारतीय धर्म एवं सस्कृति मीनाक्षी प्रकाशन, मेरठ
4. फ्रैंकलिन हेनरी गिडिंग्स : द प्रिंसीपल ऑफ सोशियोलॉजी एन एनैलसिस ऑफ द फेनॉमिना ऑफ एसोसिएशन एण्ड ऑफ सोशल ऑर्गनाईजेशन प्रोफेशन ऑफ सोशियोलॉजी कोलम्बिया यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क एण्ड लंदन मैकमिलन एण्ड कम्पनी 1896 पृष्ठ 27
5. एडवर्ड बायरन रेउटर हैण्डबुक ऑफ सोशियोलॉजी द ड्राईडेन प्रेस न्यूयॉर्क 1941 पृष्ठ 127
6. मैनेजर पाण्डेय : साहित्य के समाजशास्त्र की भूमिका, हरियाणा साहित्य अकादमी पंचकूला 2006 ई., पृष्ठ 290
7. प्रेमचन्द : गोदान प्रकाशन, संस्थान नई दिल्ली, 2005 ई. पृष्ठ 224
8. वही, पृष्ठ 17-18
9. वही, पृष्ठ 147
10. राधा अग्रवाल : प्रेमचन्द के कथा साहित्य में धर्म निरपेक्षता की भावना पराग प्रकाशन, दिल्ली 1993 ई., पृष्ठ 45
11. प्रेमचन्द कुछ विचार लोक भारती, प्रकाशन इलाहाबाद, 2006 ई., पृष्ठ 82
12. वही, पृष्ठ 82

13. महात्मा गांधी : यंग इंडिया, 1936 ई.
14. प्रेमचन्द : कुछ विचार लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद 2006 ई, पृष्ठ-118-119
15. प्रेमचन्द : राष्ट्रभाषा 27 अक्टूबर, 1934 राष्ट्रभाषा सम्मेलन बम्बई

डॉ. स्वपना मीना
एसोसिएट प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी (उ.प्र.)
Email: swapanameena5@gmail.com
moMob. No-9415838929

❑❑❑

फार्म 4 (नियम 8)

1.	प्रकाशक स्थान	: श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर) राजस्थान
2.	प्रकाशन अवधि	: अर्द्धवार्षिक
3.	मुद्रक का नाम	: महर्षि प्रिण्टर्स, श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर)
	क्या भारतीय नागरिक है	: हाँ
4.	प्रकाशक का नाम	: महावीर प्रसाद माली
	क्या भारत का नागरिक है	: हाँ
	पता	: मरुभूमि शोध संस्थान श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर) राज.
5.	सम्पादक का नाम	: प्रो. बी. एल. भादानी
	क्या भारत का नागरिक है	: हाँ
	राष्ट्रीयता	: भारतीय
	पता	: रांगड़ी चौक, बीकानेर (राज.)
6.	उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों	: कोई नहीं

मैं महावीर प्रसाद माली एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिया गया विवरण सत्य हैं।

महावीर प्रसाद माली
प्रकाशक के हस्ताक्षर

कृष्णगढ़ राजघराने का ऐतिहासिक एवं साहित्यिक परिदृश्य

डॉ. सुरेश सिंह राठौड़ • भगवती सोनी

किसी देश की सभ्यता तथा संस्कृति के इतिहास को पढ़ने के लिए उसके साहित्य को ही पढ़ना पर्याप्त होता है। इसीलिए साहित्य किसी देश, समाज तथा उसकी सभ्यता या संस्कृति का दर्पण होता हैं। साहित्य एक ऐसा माध्यम है जिसमें समाज की राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति पर चिंतन किया जाता है। यहाँ मनुष्य अपने विचारों को खुलकर प्रकट कर सकता है, तर्क-वितर्क कर सकता है, एक आदर्श प्रस्तुत कर सकता है। साहित्य के क्षेत्र में किशनगढ़ राज्य अपनी अलग पहचान रखता है क्योंकि यहाँ के राज्याश्रय में केवल घनानंद और वृन्द जैसे महान साहित्यकारों ने ही कवित्व नहीं किया बल्कि यहाँ के राजाओं व राजकुंवरियों ने भी निरंतर साहित्य के क्षेत्र में अपनी रुचि बनाये रखी। किशनगढ़ राज्य के राजवंश ने यहाँ की कला, साहित्य एवं संस्कृति में रुचि बनाये रखी तथा सदैव यहाँ के कलाकारों एवं साहित्यकारों को प्रश्रय दिया।

बीज शब्द : *साहित्य, समाज, संस्कृति*

साहित्य, कला एवं सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध कृष्णगढ़ (वर्तमान नाम किशनगढ़) राजस्थान के ठेठ मध्य में बसा हुआ है। कृष्णगढ़ रियासत की स्थापना 17वीं शताब्दी में हुई, जो स्वतंत्रता से पूर्व देशी रियासतों तथा राजस्थान के एकीकरण के पश्चात् अजमेर जिले की एक तहसील बन गया। कृष्णगढ़ रियासत की स्थापना भक्ति काल और रीतिकाल के संक्राति काल में हुई। राजपूताना के इतिहास में कृष्णगढ़ रियासत के सम्बन्ध में बताया गया है कि इसकी स्थापना जोधपुर के राठौड़ मोटा राजा उदयसिंह के पुत्र

(कृष्ण सिंह) किशनसिंह ने वि. सं. 1611 में की थी। The chief of Kishangarh belong to the Rathore clan of history. Rajput's, and are descended from Raja Udai Singh of jodhpur. The latter's second son, Kishan Singh, was born in 1575, and remained in the country of his birth till 1596, when, in consequence of some disagreement with his elder brother, Sur Singh, then Raja of Jodhpur, he took up his abote at Ajmer. Obtaining an introduction to Akbar, he received from him the district of Hinduan, now in Jaipur; and subsequently, for services rendered in recovering imperial treasure carried off by the Mers, he received a grant of setholao and certain other districts. In 1611 he founded the town of Kishangarh close to Setholao, which is now in ruins, and from this time the state began to be called by its present name.[1]

कृष्णगढ़ के राज्याश्रित कवि वृन्द की वचनिका के अनुसार वि.सं. 1668 माघ मास वसन्त पंचमी को कृष्णसिंह द्वारा कृष्णगढ़ की स्थापना की गई थी। यहाँ के कृष्ण भक्त कवियों ने इस पावन धरा पर जन्म लेकर इसे यथा नाम तथा गुण 'कृष्णगढ़' या 'कृष्णभक्ति दुर्ग' के रूप में कीर्तित किया है।[2] किशनगढ़ कोई बड़ी रियासत नहीं थी। इसमें केवल तीन परगने थें–किशनगढ़, रूपनगढ़ और सरवाड़।

कृष्णगढ़ के नामकरण को लेकर इतिहासकारों, समीक्षकों और आलोचकों के मध्य मतैक्य नहीं हैं। उक्त में से कुछ कृष्णगढ़ राजघराने का नामकरण उनके स्थापक शासक किशन सिंह के नाम से जोड़ते हैं और कुछ उनके आराध्य देव कृष्ण के नाम से। यद्यपि राजस्थान की यह परम्परा रही है कि अधिकांश स्थानों और रियासतों का नाम उस क्षेत्र में शासन करने वाले संस्थापकों के नाम पर ही रखा जाता था और उस नाम के अंत में 'नेर', 'सर', 'पुर', 'मेर', 'गढ़' अथवा 'बाद' लगा दिया जाता था। जैसे-बीकानेर, नापासर, जयपुर, जैसलमेर, कृष्णगढ़, इत्यादि। बकौल कर्नल टॉड, डॉ. अविनाश पारीक ने 'किशनगढ़ का इतिहास' नामक पुस्तक में लिखा है–कुछ जागीरें राज्य की सीमा के बाहर बस गई, जो जागीर स्वतन्त्र हो गई उनका नाम वहाँ के संस्थापकों के नाम पर रखा गया।[3] इसके अतिरिक्त मध्यकाल में शहर के नामकरण से सम्बन्धित एक प्रथा और प्रचलन में थी। जिसके अनुसार राजा, महाराजा अपने आराध्य देव के नाम पर भी रियासत या शहर का नामकरण

किया करते थे। इस सम्बन्ध में डॉ. मोहनलाल गुप्ता का मत है मध्य काल में नगरों का नामकरण उस नगर के संस्थापक अथवा उसके आराध्य देव के नाम के साथ पुर, मेर, नर, गढ़ अथवा सर आदि प्रत्यय लगाकर किया जाता था। माना जाता है कि महाराजा किशनसिंह ने अपने आराध्य भगवान कृष्ण के नाम पर इस रियासत का नामकरण कृष्णगढ़ किया था। जब यह नगर किसी राजा की राजधानी होता था तो पूरा राज्य इसी नाम से जाना जाता था। माना जाता है कि महाराजा किशनसिंह ने अपने आराध्य भगवान कृष्ण के नाम पर इस रियासत का नामकरण कृष्णगढ़ किया था। कृष्णगढ़ का अपभ्रंश किशनगढ़ हुआ। बारहठ कृष्णसिंह तथा ओझा आदि विद्वानों ने भी इसे कृष्णगढ़ कहकर संबोधित किया है।[4] नैणसी के अनुसार किशनसिंह ने अपने नाम से इस शहर का नामकरण किया है। उन्होंने अपनी ख्यात में लिखा है–सं. 1669 अपने नाम पर कृष्णगढ़ बसाकर राजधानी बनाया।

किशनगढ़ के इतिहास एवं उसकी स्थापना से सम्बन्धित जानकारी हमें अनेक इतिहास ग्रंथों से प्राप्त होती है। मुँहणोत नैणसी की ख्यात से यह स्पष्ट होता है कि किशनगढ़ रियासत का सम्बन्ध जोधपुर से था क्योंकि यहाँ के शासक जोधपुर के राठौड़ों के ही वंशज थे। नैणसी लिखते है यहाँ के रईस जोधपुर के मोटे राजा उदयसिंह के दूसरे पुत्र कृष्णसिंह के वंश में है। जोधपुर में पहले दूधोड़ आदि 12 गाँव कृष्णसिंह की जागीर में थे और 10 रोज नकद खर्च में जुदा मिलते थे।[5] मुँहणोत नैणसी भी राजा उदयसिंह के 1583 ई. में गद्दी पर बैठने की बात पर अपनी मुहर लगाते हैं। वे कहते हैं– राजा उदयसिंह माजी स्वरूपदेवी झाली, सज्जा राजावत की बेटी। सं. 1640 में पाट बैठा।[6]

इतिहासकारों ने जोधपुर महाराजा मोटा राजा उदयसिंह के 16 पुत्र तथा 17 रानियाँ होना बताया है। जिसमें कर्नल जेम्स टॉड ने महाराजा किशनसिंह को उदयसिंह का आठवाँ पुत्र बताया है जबकि मुँहणोत नैणसी ने उन्हें द्वितीय पुत्र माना है। अर्सकिन भी किशनसिंह को महाराजा उदयसिंह का द्वितीय पुत्र ही बताते हैं। पंडित विश्वेश्वर नाथ रेउ तथा सुखसंपत्तिराय भण्डारी जेम्स टॉड के मत का ही समर्थन करते हैं। डॉ. सुमहेंद्र ने किशनसिंह को उदयसिंह का पंद्रहवां पुत्र बताया है जबकि गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने किशनसिंह ने को चौदहवें क्रम पर रखा है। इससे इस बात की पुष्टि तो स्वतः हो जाती है

कि किशनसिंह मोटा राजा उदयसिंह के ही पुत्र थे लेकिन 16 पुत्रों में से किस क्रम पर थे इसको लेकर इतिहासकार एकमत नहीं हो पाते।

इसी प्रकार महाराजा किशनसिंह की जन्म तारीख को लेकर भी इतिहास ग्रंथों में भिन्न-भिन्न तिथियाँ मिलती है। 'इम्पीरियल गजट ऑफ इण्डिया' में अर्सकीन ने किशनसिंह का जन्म 1575 ई. माना है the chief of Kishangarh belong to the Rathore clan of history. Rajput's, and are descended from Raja Udai Singh of jodhpur. The latter's second son, Kishan Singh, was born in 1575.7 जबकि जोधपुर की ख्यात में इनकी जन्म तिथि श्रावणादि वि. सं. 1639 (चैत्रादि 1640) ज्येष्ठ वदि 2 अर्थात् 28 अप्रैल 1583 ई. अंकित है। विश्वेश्वर नाथ रेउ तथा गौरीशंकर हीराचंद ओझा भी इसका समर्थन करते हैं।

किशनसिंह द्वारा अपने पिता का राज्य छोड़ने तथा तत्पश्चात सेठोलाव पर विजय प्राप्त करने को लेकर भी इतिहासकारों में मतैक्य नहीं है। इस सम्बन्ध में मुँहणोत नैणसी कहते हैं यहाँ के रईस जोधपुर के मोटे राजा उदयसिंह के दूसरे पुत्र कृष्णसिंह के वंश में है। जोधपुर में पहले दूधोड़ आदि 12 गाँव कृष्णसिंह की जागीर में थे और 10) रोज नकद खर्च में जुदा मिलते थे। जोधपुर के दीवान गोविन्दास भाटी ने वह तनख्वाह बंद कर दी तब कृष्णसिंह शहंशाह अकबर के पास चला गया।। सेठोलाव में उस वक्त घड़सिंहोत राजपूत थे और वहाँ का ठाकुर कृष्णसिंह का मौसेरा भाई था। उसको दावत में मदिरा पिलाकर बेहोश बनाया और साथियों सहित मारकर उसका इलाका लिया। सं. 1669 अपने नाम पर कृष्णगढ़ बसाकर राजधानी बनाया।[8] जगन्नाथ मिश्र के अनुसार किशनसिंह अपने भाइयों में छोटे होने के कारण जोधपुर की राजगद्दी के हकदार नहीं थे। इस बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने जोधपुर त्याग दिया। अर्सकिन के अनुसार 1596 ई. के बाद अपने भाई राजा सूरसिंह से अनबन होने पर किशनसिंह जोधपुर छोड़कर अजमेर चला गया।

उक्त सभी तथ्यों के आधार पर यह स्वतः सिद्ध होता है कि किशनसिंह जोधपुर महाराजा उदयसिंह के पुत्र थे। पिता की मृत्यु के पश्चात उनका बड़ा भाई सूरसिंह राजा बना जिससे अनबन होने पर जोधपुर छोड़कर अजमेर आ गए जहाँ पर अकबर के माध्यम से मुगलों से उनके घनिष्ठ सम्बन्ध बने। किशनसिंह

की बहादुरी और वीरता को देखते हुए अकबर ने उन्हें हिंडौन क्षेत्र प्रदान किया तथा राजा की उपाधि भी प्रदान की। लेकिन किशनसिंह स्वाभिमानी एवं पराक्रमी योद्धा थे। वे यह सहन नहीं कर पाये कि किसी अन्य के दिए हुए क्षेत्र पर वह शासन करे। इसीलिए अकबर की मृत्यु के पश्चात जैसे ही जहाँगीर शासक बना उन्होंने हिंडौन क्षेत्र त्याग दिया और सेठोलाव के राव दूधाजी को परास्त करके अपने स्वतन्त्र रियासत किशनगढ़ राज्य की नींव रखी।

किशनगढ़ के स्थापना वर्ष को लेकर भी इतिहासकारों में मतभेद है। 'इम्पीरियल गजट' में इसका स्थापना वर्ष वि.सं. 1611 बताया है– In 1611 he founded the town of Kishangarh close to Setholao, which is now in ruins, and from this time the state began to be called by its present name[9] जबकि श्यामलदास के अनुसार कृष्णगढ़ राज्य की स्थापना किशनसिंह ने वि. सं. 1666 अर्थात् 1609 ई. में बसंत पंचमी के दिन गुन्दोलाव झील के सुरम्य तट पर पहाड़ियों के मध्य मनमोहक वातावरण में की थी।[10] नैणसी और कर्नल टॉड के अनुसार किशनसिंह ने वि. सं.1669 (1612 ई.) में किशनगढ़ राज्य स्थापित किया। इनके सहसमल, जगमाल एवं भारमल नामक तीन पुत्र हुए। भारमल का पुत्र हरिसिंह और हरिसिंह का पुत्र रूपसिंह हुआ जिसने रूपनगर बसाया था।[11] डॉ. अविनाश पारीक ने डॉ. फैयाज अली खान के शोध ग्रन्थ को आधार बनाकर लिखा है किशनगढ़ राज्य के स्थापित होने का सन् वास्तव में वि.सं. 1666 (1609 ई.) है जबकि उसकी स्थापना सेठोलाव में इसी सन् में राजधानी स्थापित करने के साथ हुई। किशनगढ़ नामकरण इसी स्थापना के साथ हो चुका था। 1612 ई. तो वास्तव में वर्तमान किशनगढ़ नगर के बसाने का समय है न कि राज्य के स्थापित होने का है।[12] जबकि कवि वृन्द ने अपने ग्रन्थ 'वचनिका' के पद्य संख्या 30 में किशनगढ़ की स्थापना की तिथि वि. सं. 1668 बताई है जिसके अनुसार यह 1611 ई. ठहरती है। कवि वृन्द कहते है–

संवत सोरठ अठसठै है सुभ मुहरत सुमथांन।
किसन बसायो किशनगढ़ सुथिर सुमेर समान।।[13]

इससे यह स्पष्ट होता है कि महाराजा किशनसिंह ने 1609 अथवा इससे पहले ही किशनगढ़ क्षेत्र पर अधिकार कर लिया हो और उसके दो वर्ष बाद

विधिवत रूप से स्थापना की घोषणा की हो। इस प्रकार किशनगढ़ रियासत का विधिवत रूप से स्थापना वर्ष वि. सं. 1611 ई. ही ठहरता है।

कृष्णगढ़ राजघराने के शासकों का साहित्यिक परिदृश्य

साहित्य के क्षेत्र में किशनगढ़ राज्य अपनी अलग पहचान रखता है क्योंकि यहाँ के राज्याश्रय में केवल घनानंद और वृन्द जैसे महान साहित्यकारों ने ही कवित्व नहीं किया बल्कि यहाँ के राजाओं व राजकुंवरियों ने भी निरंतर साहित्य के क्षेत्र में अपनी रुचि बनाये रखी। किशनगढ़ राज्य के राजवंश ने यहाँ की कला, साहित्य एवं संस्कृति में रुचि बनाये रखी तथा सदैव यहाँ के कलाकारों एवं साहित्यकारों को प्रश्रय दिया। यहाँ के राजवंश ने सत्रहवीं शताब्दी से लेकर लगभग बीसवीं शताब्दी तक साहित्यिक क्षेत्र में अपनी सेवा प्रदान की। लगभग चार शताब्दियों के इस काल का पूर्वार्द्ध भक्ति रस से तथा उतरार्द्ध शृंगार रस से परिपूर्ण काल था। ऐसे समय में यहाँ के कवियों ने राधा कृष्ण को अपना आलंबन बना कर अपनी भक्ति प्रदर्शित की। सलेमाबाद में स्थापित निम्बार्क पीठ का प्रभाव यहाँ के शासकों पर पड़ा जिससे उनके द्वारा रचित काव्य में राधा कृष्ण के प्रति अनन्य भक्ति भाव प्रदर्शित होता है। इसके साथ ही रीतिकालीन धारा प्रवाह में शृंगारिक रचनाओं का आविर्भाव भी विपुल मात्रा में हुआ। महाराजा मानसिंह, राजकुमार राजसिंह, महाराजा रूपसिंह, महाराज नागरीदास, महाराजा कल्याण सिंह, महाराजा मदन सिंह, महाराजा यज्ञनारायण सिंह, महाराजा जवान सिंह प्रभृति शासक एवं अनूप कुँवरी, सुंदर कुँवरी, ब्रज कुँवरी, छत्र कुँवरी प्रभृति रानियों एवं राजकुमारियों ने भी अपने कवित्व के माध्यम से कृष्ण उपासना की है। नागरीदास, राजमाता ब्रजकुँवरी (बाँकावती), बणी-ठणी, सुन्दरकुँवरी, छत्रकुँवरी आदि अत्यन्त प्रसिद्ध साहित्यकार हुए हैं। बकौल मुनिकान्ति सागर के अविनाश पारीक ने लिखा है आश्चर्य की बात यह भी है कि जिस प्रकार कवि वृन्द के वंशजों में कवित्व प्रतिभा का निखार होता गया, उसी प्रकार आश्रयदाताओं में भी कवित्व विषयक शक्ति का प्रवाह कुछ वर्ष पूर्व तक अविच्छन्न गति से चला। महाराज मदन सिंह से पूर्व किशनगढ़ के सिंहासन पर ऐसा कोई नरेश नहीं हुआ, जिसने कोई न कोई स्वतंत्र ग्रन्थ न रचा हो, यहाँ तक कि रानियाँ भी प्रसिद्ध कवयित्रियाँ थीं।[14]

महाराजा किशनसिंह श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त थे। उनके श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य भक्तिभाव का उल्लेख करते हुए किशनगढ़ के कवि जयसिंह लिखते है –

श्री मन्नृत्य गोपाल के, है स्वरूप अभिराम।
छोटे श्याम सुजान हैं, बड़े रुचिर बलराम।।2।।
यह स्वरूप दोऊ सुखद, कृष्णसिंह महाराज।
पधराये निज सीस पै, कर सेवा सब साज।।3।।[15]

वीर योद्धा, परम भक्त एवं कवि महाराजा रूपसिंह की साहित्य में विशेष रुचि थी। अपने भावुक हृदय एवं भक्ति भाव के चलते उन्होंने लगभग 750 दोहों के ग्रन्थ 'रूपसतसई' की रचना की जो कि रीतिकाल का एक प्रसिद्ध भक्तिपरक ग्रन्थ है। इसमें रचित दोहे महाराजा रूपसिंह के लेखन कौशल का परिचय देते हैं। इन्होंने महाप्रभु वल्लभाचार्य के प्रपौत्र गोपीनाथ दीक्षित से वल्लभ सम्प्रदाय की दीक्षा ली थी। इनके पद भक्ति रस से युक्त हैं तथा बहुत ही सरस हैं। इनके पदों में युगल लीला का स्थान सर्वोपरि है। महाराज रूप सिंह की भक्ति-भावना, राधा-कृष्ण की गृह दम्पति रूप, विहार, गोपी-कृष्ण प्रेम, युगल-झाँकी, सखी भाव की उपासना, गुरु भक्ति आदि विविध रूपों में प्रकट हुई है। इनकी अधिकांश रचनाएँ भक्ति से ही सम्बन्धित है। इनके द्वारा रचित ब्रजभाषा पदों से यह निश्चित होता है कि वे सखी भाव के उपासक थे। ये संगीत और कला में निपुण थे। श्री कृष्ण के प्रति इनके अनन्य भक्ति भाव का परिचय इनके द्वारा लिखित एक पत्रिका से प्राप्त होता है –

प्रभुजी इहा रहे कछु नाही।
करिए गबन भवन दिशि अपने, सुनिये अरज गोसाई।
देखी बलख बरफ छू देखी, अधम असुद अवलोके।
मध्य प्रदेश देशहू मध्यम, इहां कहा ले रोके ?
भक्त बछल करुणामय सुख निधि, कृपा करो गिरधारी।
रूपसिंह प्रभु विरद लाजत है, ब्रज ले बसोऊ बिहारी।।[16]

प्रस्तुत पद महाराजा रूपसिंह के ईश्वर प्रेम के अतिरिक्त उनके काव्य कौशल का भी परिचय देता है। उन्होंने अनेक फुटकर पदों की रचना की जिससे

उनके काव्य में व्यक्त माधुर्य भाव की अनुभूति सहज ही हो जाती है जिनमें से एक पद यहाँ उद्धृत है –

अनियारे लोचन मोहन।
माधुरी मूरति देखत ही लालच लागी रह्यो मनमोहन।
हटकत मात तात यो भाखत लाज न आवत तोहन।
हों अपने गोपाल रंग राती काहि दिवावत सोहन।।
संध्या समय खटिक तें निकसी लिए दूध को दोहन।
रूपसिंह प्रभु नगधर नागर बस किनें है मोहन।।[17]

प्रभु के वियोग में रचित इनका यह पद दृष्टव्य है –

प्रभु जू इहाँ रहैं कछु नाई
करियै गवन भवन दिसि अपनैं, सुनिये अरज गुसाई
देखी बलख, बरफहू देखी, अधम असुर अवलोके
मध्यम देस, बेस हू मध्यम, इहाँ कहाँ लै रोके
भक्त-बछल करूणामय सुख-निधि, कृपा करो गिरधारी
'रूपसिंह' प्रभु विरद लजत है, ब्रज लैं बसो बिहारी।।

महाराजा रूपसिंह के पश्चात साहित्य एवं कला के प्रति विशेष रुचि महाराजा राजसिंह द्वारा रचित साहित्य में दृष्टिगोचर होती है। रीतिकाल के प्रसिद्ध कवि वृन्द इनके गुरु थे। कवि वृन्द ने औरंगजेब के दरबार में पयोनिधि पर्यो चाहे मिसिरी की पुतरी[18] नामक समस्या की पूर्ति करके औरंगजेब को प्रसन्न किया। महाराजा राजसिंह भी आध्यात्मिक कवि एवं साहित्यकार थे जिन्होंने कविवृन्द को मुगल बादशाह शाहआलम से उपहार स्वरूप मांग कर अपने राजदरबार के नवरत्नों में स्थान दिया। महाराजा राजसिंह स्वयं भी ब्रजभाषा में युगल भक्तिपरक सरस पदों की रचना करने वाले भावुक कवि थे। इन्होंने अपने उपास्य युगम स्वरूप ठाकुर श्री राधासंयुक्त (बाँकावती) 'श्रीनगधरजी' के प्रति कविनाम 'नगधर' के नाम से विष्णुपद नामक वृहत् उत्सव लीला पदावली रची है, जिसमें उन्होंने विशिष्ठ ऋतुओं, पर्वों तथा वैष्णवी उत्सवों के माध्यम से स्वामिनी श्री राधाजी के

स्वकीयात्व दाम्पत्य की सरस अभिव्यंजनाएँ की हैं। राजसिंह ने लगभग 24 ग्रंथों की रचना की जो मुख्यतः वैष्णव मंदिरों में मनाये जाने वाले विभिन्न पर्वों से सम्बन्धित है। जिनमें बृज भाषा से सम्बन्धित संगीतात्मकता एवं मधुरता इनके पदों को और भी अधिक विशिष्ट बनाती है। राजसिंह द्वारा रचित दो ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं जिसमें 'बाहू विलास' शृंगार रस से ओत-प्रोत है, जिसमें मुख्यतः रुकमणी के विवाह का प्रसंग है। दूसरा ग्रन्थ 'रसपाय नायक' है जिसमें दो सखियों के संवाद का वर्णन है। राजसिंह द्वारा रचित कुछ फुटकर पद प्राप्त होते हैं जिनमें से एक यहाँ उद्धृत है–

ए अखिया प्यारे जुलम करें।
यह महोटी लाज लपेटी झुक-झुक घूमें भूम परें।।
नगधर प्यारे होउहुन न्यारे हाहा तोसों कोटि रें।
राजसिंह को स्वामी श्री नगधर बिन देखे दिन कठिन भरें।।[19]

साहित्य सेवा में रत परिवार से सम्बद्ध होने के कारण महाराजा सावंतसिंह की शिक्षा-दीक्षा का कार्य साहित्यिक वातावरण से परिपूर्ण ऐसे ही अनुपम संस्कारों के मध्य पूर्ण हुआ। बचपन से ही कविता में उनकी विशेष रुचि थी इसीलिए वे 'नागरीदास' उपनाम से कविताएँ लिखते थे। वे एक राजा के रूप में बहुचर्चित न होकर एक कृष्ण भक्त, विचारक, कवि, संत तथा कला मर्मज्ञ के रूप में विख्यात हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी महाराज नागरीदास हृदय से राजा कम तथा भक्त अधिक थे। वे संस्कृत, फारसी, संगीत, कला, शास्त्र विद्या, चित्रकला आदि के अच्छे ज्ञाता थे। चित्रकला ने इनको इतना प्रभावित किया कि इनका सम्पूर्ण साहित्य ही चित्रमय बन पड़ा है। प्रिया-प्रीतम के अनेकानेक शब्द रेखाचित्र नागरीदास काव्य की धरोहर हैं। लेकिन बड़े होने पर पारिवारिक कलह और राजनीतिक षड्यंत्रों के कारण उनका सांसारिकता और राजसत्ता से मोहभंग हो गया। वे अपनी कविता के माध्यम से अपने इस भाव की व्यंजना करते हुए कहते हैं—

जहाँ कलह है, तहाँ सुख नाहीं, कलह दुखन को मूल।
सभी कलह इक राज में, राज कलह को मूल।।[20]

तत्पश्चात् सावंतसिंह जी वृन्दावन चले गये तथा वहाँ रहकर 'नागरीदास'

उपनाम से रचना करने लगे। सावंतसिंह जी का राजपाठ त्याग कर भक्ति मार्ग की ओर प्रयाण करना उनके कवित्व पूर्ण भावुक हृदय एवं भक्तिभाव को प्रदर्शित करता है। उन्हें संगीत, कला, शास्त्र विद्या, चित्रकला, फारसी, संस्कृति आदि का अच्छा ज्ञान था तथा साथ ही इनमें उनकी विशेष रुचि भी परिलक्षित होती है।

नागरीदास जी कृत 'नागरसमुच्चय' में लिखित नागरीदास जी के जीवन परिचय के अंतर्गत नागरीदास जी को श्री वल्लभाचार्य जी की शिष्य परम्परा में माना गया है। इनके विषय में भारतेंदु जी लिखते हैं—

हरिप्रेममाल रस जाल के नागरीदास सुमेर ने।
वल्लभ पंथहि दृढ़ाइ कृष्णगढ़ राजहि छोड़यो।
धन जन मान कुटुंबहि वाधक लखि मुख मोडयो।।[21]

नागरीदास जी द्वारा रचित सम्पूर्ण ग्रंथों का संग्रह 'नागरसमुच्चय' है, जिसमें नागरीदास जी द्वारा रचित कुल 69 काव्य ग्रन्थ संगृहीत हैं। इनके द्वारा लिखित ग्रन्थ 'इश्क चमन' पर सूफी काव्य का प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है जिसके प्रतिउत्तर में मेवाड़ के महाराणा अरिसिंह ने 'रसिक चमन' ग्रन्थ की रचना की। हृदय में भक्तिपरक संतोष जागृत करने वाला नागरीदास जी द्वारा रचित पद इस प्रकार है—

हमारी सबही बात सुधारी।
कृपा करी श्रीकुंजबिहारिनि अरु श्रीकुंजबिहारी।
राख्यो अपने वृन्दावन में जिहिको रूप उन्ज्यारी।
नित्त केलि आनंद अखंडित रसिक संग सुखकारी।।
कलह कलेस न व्यापै इहिठां ठौर विश्वतें न्यारी।
नागरीदासहि जनम जिवायौ बलिहारी बलिहारी।। 1।।[22]

किशनगढ़ राज्य की चित्रकला का पर्याय बनी बणी-ठणी अपने उपनाम रसिक बिहारी से काव्य सर्जन करती थीं। इनके सन्दर्भ में मान्यता है कि ये किशनगढ़ के महाराजा राजसिंह की द्वितीय महारानी ब्रजकुँवरी (बाँकावती) के यहाँ पासवान के रूप में रही थी। बणी-ठणी का वास्तविक नाम

विष्णुप्रिया था। बाल्यकाल से ही इनकी श्रृंगार एवं साहित्य में विशेष रुचि थी। इसी कारण वे सदैव नख से लेकर शिख तक सजी धजी रहती थी और मारवाड़ में सज-धज कर रहने वाली स्त्री को बण-ठण कर रहने वाली कहा जाता है। विष्णुप्रिया हर समय श्रृंगार करके सज-धज कर ही रहती थी इसीलिए विष्णुप्रिया राजमहल में बणी-ठणी नाम से विख्यात हुई। ये अपने उपनाम 'रसिक बिहारी' से काव्य सर्जन के कार्य में रत रहती थी। आलोचकों का मानना है कि बणी-ठणी महाराजा सावंतसिंह (नागरीदास) के साथ आजीवन वृन्दावन में रही थी। नागरीदास द्वारा संकलित 'पद मुक्तावली' में बणी-ठणी की रचनाएँ सम्मिलित हैं। नागरीदास द्वारा रचित ग्रन्थ 'नागर समुच्चय' में इनके सौ से भी अधिक पद रसिक बिहारी नाम से संकलित है। इनके पदों पर श्री वृन्दावन देवाचार्य द्वारा रचित वृन्दावनवाणी 'गीतामृग गंगा' का प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। इनके द्वारा रचित श्री राधा एवं श्री कृष्ण के प्रेम से सम्बन्धित पद इस प्रकार है–

मोहन म्हारे थे कांई हाठ लाग्या छोजी।
जाबां द्यौं घर, छोड़ों छेहड़ों, रस बातां पाग्या छोजी।।
आंख्यां थांकी रतनाली, सारी निस रा जाग्या छोजी।
'रसिक बिहारी' प्यारा म्हानै थैं, औरां सू अनुराग्या छोजी।।[23]

इनके द्वारा रचित पदों में श्री राधाकृष्ण के जन्मोत्सव एवं प्रेमलीला, सांझीलीला, राधाजी का मान, अभिसार, विरह संयोग, सुरति तथा विविध ऋतुपर्वादी का वर्णन मिलता है। 'सालूड़ा बेस' की लोक परम्परा श्रीराधाजी के वर्णन से सम्बन्धित पद इस प्रकार है-

प्यारी जी का सालूड़ा मैं आवै छै सुगंधी रूड़ी बास।
अंग भरमजी गंध लुभाया भंवर भवै आसपास।।
लटपटै बेस आणि ऊभा रह्या आँगण कुंज निवास।
रसिक बिहारी पवन दुरावै खासा होय खवास।।[24]

श्री कृष्ण के तीखे नयनों का वर्णन करते हुए वे कहती है–

तीखे नैन कन्हाई तैंडे पल-पल जुल्म करन्दे।
भौंहें तो कमान बनी हैं, पलकैं, तीर परंदे।।

कित्ते घायल परे कराहें, दिल नहीं धीर धरंदे।
रसिक बिहारी नित वार करंदे टारे नहीं टरंदे।।[25]

दूसरी रानी महारानी बांकावती का वास्तविक नाम ब्रजकुंवरी था परन्तु विवाहोपरांत बांकावत गौत्र में उत्पन्न होने के कारण इन्हें बांकावती नाम से जाना जाने लगा। इन्होंने श्रीमद्भागवत का पद्यबद्ध अनुवाद 'ब्रजदासी भागवत' नाम से प्रस्तुत किया। इस ग्रन्थ की रचना दोहा-चौपाई छंद में हुई है। इस ग्रन्थ की भाषा साहित्यिक ब्रज है किंतु राजस्थानी शब्दों का भी यथास्थान प्रयोग द्दष्टव्य है। इनका कविता काल वि.सं. 1790 के आस-पास माना जाता है।

सुन्दरकुंवरी का जन्म रूपनगर में 1734 ई. में हुआ। इनकी माता ब्रजकुंवरी एवं सौतेले भाई सावंतसिंह थे जिनके सानिध्य से साहित्यिक क्षेत्र में इनकी रुचि जागृत हुई। सुन्दरकुंवरी ने सलेमाबाद के श्री निम्बार्कतीर्थ पीठाधीश्वर श्री वृन्दावन देवाचार्य जी से निम्बार्क वैष्णवीय दीक्षा ग्रहण की जिसका उल्लेख सुन्दरकुंवरी ने अपने ग्रन्थ 'मित्र शिक्षा' में अपना परिचय देते हुए किया है–

श्री वृन्दावन देव प्रभु, तिनकी दासित छाप।
लह बाल वय में सबहि, उदये भाग्य अमाप।।
श्री प्रभुजी निज दास्ता, छाप जवै मोहि दीन।
तव वय वर्ष चतुर्थु में, हौं जु हुती मति हीन।।[26]

सुंदरी कुंवरी की काव्य और संगीत दोनों में ही विशेष रुचि थी। उन्होंने मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में ही साहित्य सर्जन का कार्य आरम्भ कर दिया था। संगीत में विशेष रुचि होने के फलस्वरूप उन्होंने अपने पदों में संगीत की तकनीक का उपयोग करके उन्हें व्यवस्थित किया। इन्होंने राधा कृष्ण को अपनी भक्ति का आलंबन बनाया जिसमें इन्होंने राधा कृष्ण की युगल रूप में उपासना की है। इन्होंने मुख्य रूप से श्रृंगार रस से ओत-प्रोत भक्ति पदों की रचना की है। इन्होंने कई साहित्यिक ग्रंथों की रचना अपने जीवन काल में की जिसमें 'नेह निधि', 'वृन्दावन गोपी महात्मय', 'संकेत-युगल', 'रंघर गोपी महात्मय', 'रसपुंज', 'प्रेम सम्पुट', 'सुर संग्रह', 'भाव प्रकाश', 'मित्र शिक्षा', 'युगल

ध्यान' तथा 'राम रहस्य' आदि ग्रंथों की रचना की। इनके द्वारा लिखित भक्ति ग्रंथों में श्री कृष्ण के बालरूप का बहुत ही सुन्दर वर्णन मिलता है–

रज मांहि मगन कैसो खेलत है।
सुभग चिकुट तन धूरि धूसरित डेलिक किलक सकेलत है।
चौंकि चकित चंहु औरनि चितवत छिपि माटी मुख मेलत है।
सुन्दर कुंवरी घुटुरुनी दौरत कोटिन छवि पग पेलत है।[27]

सुन्दरकुंवरी अपने ग्रन्थ 'रसपुंज' में नृत्यरत श्री कृष्ण को देखकर राधा और गोपियों के मन में उठने वाले भावों का चित्रण करती हैं-

स्याम रूप सागर में नैन वार पार थके,
नाचत तरंग अंग अंग रगमगी है।
गाजन गहर धुनि, बाजन मधुर वैन,
नागिन अलग जुग सोंधे सगमगी है।
भँवर त्रिर्भताई, पान मैं लुनाई,
तामें मोती मणि जालन की जोतिजगमगी है।
काम पौन प्रबल घुकान लोपी लाज तातें,
आज राधे लाज की जहाज डगमगी है।।[28]

छत्र कुंवरी किशनगढ़ के महाराजा सरदार सिंह जी की पुत्री थी। इनको 'सिरताज कुंवरी' के नाम से भी जाना जाता है। कवित्व शक्ति इन्हें अपने पूर्वजों से विरासत में मिली थी। इन्होंने 1788 ई. में श्रृंगार रस से पूरित 'प्रेम विनोद' नामक ग्रन्थ की रचना की जिसमें अपने वंश का परिचय देते हुए ये लिखती हैं–

रूप नगर नृप राज सिंह जिन सुत नागरीदास
तिन पुत्र जू सरदार सिंह, होत न यामें जास।

इन्होंने अपने ग्रन्थ में श्री कृष्ण और राधा के युगल किशोर की विभिन्न क्रीड़ाओं का चित्रण किया है। एक पद में इन्होंने चौसर खेलने का वर्णन किया है–

बाढ़ी चित चाह दोऊ, खेलत उमाह भरे।
दसा प्रेम पूर छिल अंग दरसत हैं।
प्रेम दांव देत प्रिय झूंठे ही रूंगट कहै
गहै पानि-पानि रिस मिसै परसत हैं।[29]

महाराजा बहादुरसिंह कलाप्रेमी और संगीत प्रेमी थे। सुन्दर कुंवरी की तरह इन्होंने भी संगीतात्मक कविताओं की रचना की। इनके द्वारा रचित दो-दो और तीन-तीन तुकों के ख्याल और टप्पे प्रसिद्ध है। जैसे–

हा हा बदन दिखाय दृग, सफल करें सब कोय।
रोज सरोजन के परै, हँसी ससी की होय।।
दुलहिन बदन दुरात हौ, क्यो सकुचति सुकुमार।
सब देखन आतुर भई; चातुर पट निरवार।।
घूंघट पट खोल्यो सखी, भोरी दृग लटकाय।
मनो मदन ससि-मीन कूं, डोरी-जाल सुलाय।।[30]

हालांकि इनकी साहित्य क्षेत्र में रुचि थी लेकिन साहित्यिक क्षेत्र में अपना विशेष योगदान नहीं दे पाए।

महाराजा कल्याणसिंह भी कविता लेखन का कार्य किया करते थे इनके द्वारा रचित एक बधाई प्रसिद्ध है–

आनंद बधाई नन्द जू के द्वार।
ब्रह्मा विष्णु रूद्र धुन कीनी तिन लीनो अवतार।।
जनमत ही घर घर प्रति लक्ष्मी बांधत बदनवार।
भूप कल्याण कृष्ण जन्महि पे तन मन कीनो वार।।[31]

महाराजा मदनसिंह के बाद महाराजाधिराज श्री यज्ञनारायण सिंह जी किशनगढ़ के उत्तराधिकारी बने। यज्ञनारायण सिंह जी बाल्यकाल से ही कृष्ण उपासना में रत रहते थे। 'किशनगढ़ राजवंश की पुष्टिमार्गीय काव्यकृतियाँ' में कृष्ण भक्ति से सम्बन्धित इनके पद संकलित है। यज्ञनारायण जी द्वारा रचित इन पदों में कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन, वैराग्य व भक्ति, ब्रज वर्णन,

वृन्दावन-प्रेम, कलिकाल वर्णन, कृष्ण भक्ति, राधा कृष्ण का युगल प्रेम आदि का वर्णन हुआ है। इनके द्वारा रचित पद इस प्रकार है–

सखी है सब जुर जुर आई खेलन फाग बसंत पंचमी आज।
नये नये पुष्प नये नये पतुवा अरी कुछ गडवा लई साज।।
नये नये वषन नये नये भूषण मदन मदन ही को राज।

उपर्युक्त किए गए समग्र विवेचानोपरांत निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि कृष्णगढ़ रियासत के अनेक शासकों ने साहित्यिक सेवा की है। इन सबके आराध्य श्री कृष्ण हैं, जिन्हें आधार बनाकर साहित्य-सर्जन कर माँ भारती के भण्डार में श्रीवृद्धि की है।

पाद टिप्पणियाँ –

1. Imperial Gazetteer Of India Provincial Series Rajputana, Published By Books Treasure, Jodhpur, 2007 Page No 271
2. डॉ. अविनाश पारीक, किशनगढ़ का इतिहास, राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, पृ. सं. 145
3. डॉ.अविनाश पारीक, 'किशनगढ़ का इतिहास', राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, प्रथम संस्करण 2014, पृ. सं.13
4. डॉ. मोहनलाल गुप्ता, 'किशनगढ़ राज्य का इतिहास', शुभदा प्रकाशन, जोधपुर, पृ. सं. 18
5. अनुवादक दूगड़ रामनारायण, संपादक ओझा रायबहादुर गौरीशंकर हीराचंद, 'मुँहणोत नैणसी री ख्यात' प्रकाशक राजस्थानी ग्रन्थागार, प्रथम संस्करण 1934, पृ. सं. 148
6. अनुवादक दूगड़ रामनारायण, संपादक ओझा रायबहादुर गौरीशंकर हीराचंद, 'मुँहणोत नैणसी की ख्यात' प्रकाशक राजस्थानी ग्रन्थागार, प्रथम संस्करण 1934, पृ. सं.141
7. Impreial Gazetteer of India Provincial Series Rajputana, Published By Books Treasure, Jodhpur, 2007 Page No 271
8. अनुवादक दूगड़ रामनारायण, संपादक ओझा रायबहादुर गौरीशंकर हीराचंद, 'मुँहणोत नैणसी की ख्यात' प्रकाशक राजस्थानी ग्रन्थागार, प्रथम संस्करण 1934, पृ. सं. 148
9. Impreial Gazetteer Of India Provincial Series Rajputana, Published By Books Treasure, Jodhpur, 2007 Page No 271

10. श्यामलदास, वीर विनोद, पृ. सं.522
11. टॉड कर्नल जेम्स, राजस्थान का इतिहास, अनुवाद-बलदेव प्रसाद पृ. सं.63
12. डॉ.अविनाश पारीक, 'किशनगढ़ का इतिहास', राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, प्रथम संस्करण 2014, पृ. सं.15
13. डॉ.अविनाश पारीक, 'किशनगढ़ का इतिहास', राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, प्रथम संस्करण 2014, पृ. सं.15
14. डॉ. अविनाश पारीक, किशनगढ़ का इतिहास, राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, पृष्ठ सं. 145)
15. डॉ.राजकुमारी कौल, 'राजस्थान के राजघरानों की हिंदी सेवा', अनुपम प्रकाशन, जयपुर, पृ.सं. 99
16. डॉ.अविनाश पारीक, 'किशनगढ़ का इतिहास', राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, प्रथम संस्करण 2014, पृ.सं.147
17. डॉ. राजकुमारी कौल, 'राजस्थान के राजघरानों की हिंदी सेवा',अनुपम प्रकाशन, जयपुर, पृ.सं.102
18. hi.wikipedia.org/wiki/वृन्द
19. डॉ. अविनाश पारीक, 'किशनगढ़ का इतिहास', राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, प्रथम संस्करण 2014, पृ.सं.148
20. डॉ. फ़ैयाज अली खाँ, 'भक्तवर नागरीदास', अभिनव प्रकाशन, अजमेर प्रथम संस्करण 2015, पृ.सं.26
21. नागरीदास, 'नागर समुच्चय', पृ.सं.4, दोहा संख्या 93
22. नागरीदास, नागर समुच्चय', पृ.सं.30, दोहा संख्या 118
23. डॉ. अविनाश पारीक, 'किशनगढ़ का इतिहास', राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, प्रथम संस्करण 2014, पृ.सं.160
24. डॉ. अविनाश पारीक, 'किशनगढ़ का इतिहास', राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, प्रथम संस्करण 2014, पृ.सं.160
25. डॉ. अविनाश पारीक, 'किशनगढ़ का इतिहास', राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, प्रथम संस्करण 2014, पृ.सं.160
26. डॉ. अविनाश पारीक, 'किशनगढ़ का इतिहास', राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, प्रथम संस्करण 2014, पृ.सं.151
27. डॉ. मोहनलाल गुप्ता, 'किशनगढ़ राज्य का इतिहास',शुभदा प्रकाशन, जोधपुर, पृ.सं.112
28. डॉ. अविनाश पारीक, 'किशनगढ़ का इतिहास', राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, प्रथम संस्करण 2014, पृ.सं.153

29. डॉ. मोहनलाल गुप्ता, 'किशनगढ़ राज्य का इतिहास', शुभदा प्रकाशन, जोधपुर, पृ.सं. 112
30. डॉ. राजकुमारी कौल, 'राजस्थान के राजघरानों की हिंदी सेवा', अनुपम प्रकाशन, जयपुर, पृ.सं. 142
31. डॉ. राजकुमारी कौल, 'राजस्थान के राजघरानों की हिंदी सेवा', अनुपम प्रकाशन, जयपुर, पृ.सं. 143

डॉ. सुरेश सिंह राठौड़
सह आचार्य हिंदी विभाग
राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय,
बांदरसिंदरी, किशनगढ़
email:srathorecuraj.ac.in

भगवती सोनी
शोधार्थी हिंदी विभाग
राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय
बांदरसिंदरी, किशनगढ़
email:bhagucurajgmail.com

❑❑❑

राजस्थानी चित्रों में शबीह अंकन : एक कलात्मक अध्ययन

• डॉ. शैलेन्द्र कुमार

राजस्थान के विभिन्न केन्द्रों में राजकीय संरक्षण में 16वीं शती के अन्त से 19वीं शती के अन्त तक बहुत बड़ी संख्या में चित्र बने हैं। इनका काफी बड़ा भाग उपलब्ध है परन्तु अभी भी कितना अनुपलब्ध है अथवा नष्ट हो चुका है इसका अनुमान लगाना संभव नहीं है। जिस प्रकार साहित्य समाज का दर्पण है कुछ सीमा तक हम कह सकते हैं कि चित्र भी समाज का दर्पण है। दूसरे शब्दों में तत्कालीन जीवन पद्धतियों के विभिन्न पहलुओं को समकालीन चित्रों में उतारा गया है। संस्कृत साहित्य में जहाँ चित्रकला की अन्य विधाओं का वर्णन उपलब्ध है, वहीं व्यक्ति चित्र की कला पर भी पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। संस्कृत वाङ्मय में इसे अनेक नामों से सम्बोधित किया गया है। तिलकमंजरी में व्यक्ति चित्र के लिए 'प्रतिबिम्ब चित्र' का प्रयोग हुआ है। प्रतिबिम्ब चित्र के लिए प्रतिकृति चित्र, सादृश्य चित्र, प्रतिच्छन्दक चित्र, विद्धशालमांजिका का भी प्रयोग किया गया है। चित्रसूत्रम में इसे 'सत्य चित्र' की संज्ञा दी गई है। कादम्बरी में इसे 'सच्चरितमित्र' कहा गया है। फारसी में इसे 'शबीह' तथा आंग्ल भाषा में इसे प्रोट्रेट नाम दिया गया।

बीज शब्द : *राजस्थान, प्रतिच्छन्दक चित्र, विद्धशालमांजिका, कादम्बरी, तिलकमंजरी*

भारतीय चित्रकला के परिदृश्य में राजस्थानी चित्रकला का अपना महत्वपूर्ण निजस्व है। पहले राजस्थानी शैली के उद्भव को लेकर विद्वानों में तीक्ष्ण मतभेद था परन्तु अब ये निश्चित हो गया कि राजस्थानी शैली का उद्भव 16वीं शती के प्रारम्भ में हो गया था। राजस्थानी चित्रशैली एक नये युग का

प्रतिनिधित्व करती है, वह एक बड़े सांस्कृतिक आन्दोलन का एक अंग थी। इस सांस्कृतिक आन्दोलन के अन्तर्गत धार्मिक सम्प्रदाय, संगीत, काव्य आदि के क्षेत्रों में क्रान्ति आयी। वास्तुकला पर भी इसका प्रभाव पड़ा और एक नई शैली अपने-अपने प्रान्तीय भेदों के साथ चल पड़ी।

राजस्थान के विभिन्न केन्द्रों में राजकीय संरक्षण में 16वीं शती के अन्त से 19वीं शती के अन्त तक बहुत बड़ी संख्या में चित्र बने हैं। इनका काफी बड़ा भाग उपलब्ध है परन्तु अभी भी कितना अनुपलब्ध है अथवा नष्ट हो चुका है इसका अनुमान लगाना संभव नहीं है। जिस प्रकार साहित्य समाज का दर्पण है कुछ सीमा तक हम कह सकते हैं कि चित्र भी समाज का दर्पण है। दूसरे शब्दों में तत्कालीन जीवन पद्धतियों के विभिन्न पहलुओं को समकालीन चित्रों में उतारा गया है। मध्यकालीन राजपूत संस्कृति मुख्य रूप से परम्परावादी थी और उन परम्पराओं की रक्षक थी क्योंकि परिवर्तन के प्रभाव चारों ओर से पड़ रहे थे इनमें प्रमुख भारतीय मुस्लिम संस्कृति का प्रभाव था। सामान्य रूप से हम पाते हैं कि यह द्विपक्षीय था अर्थात् दोनों ओर से लेन-देन का प्रकरण निरन्तर चल रहा था हमारे इस काल सीमा तक आते-आते राजपूतों का सम्पर्क मुगल दरबार से लगभग 150 वर्षों से था और दोनों के बीच गहरे स्तर पर उन्मुक्त सांस्कृतिक आदान-प्रदान हुआ। इस सबके मुखर साक्षी चित्र हैं।

राजस्थानी चित्रों में राजपूत-मुगल दरबारी संस्कृति पूरी तरह से प्रतिबिम्बित है। इनमें दरबार और अन्तःपुर के दृश्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिकार के दृश्य कभी-कभी युद्ध के दृश्य आदि मिलते हैं। स्थानीय विशेषताओं को छोड़कर इनमें समान संस्कृति का प्रभाव मिलता है। कहीं-कहीं तत्कालीन बिम्बों को भी हम पाते हैं जैसे मालवा शैली के प्रसिद्ध चित्र कुम्भकर्णी निद्रा में हम तुरही, ढोल, मजीरे का प्रयोग पाते हैं जो समीचीन है पर साथ-साथ एक सैनिक राक्षस की छाती पर सवार होकर बन्दूक दाग रहा है। शोर मचाने का यह भी एक तरीका था।

संस्कृत साहित्य में जहाँ चित्रकला की अन्य विधाओं का वर्णन उपलब्ध है, वहीं व्यक्ति चित्र की कला पर भी पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। संस्कृत वाङ्मय में इसे अनेक नामों से सम्बोधित किया गया है। तिलकमंजरी में व्यक्ति चित्र के लिए 'प्रतिबिम्ब चित्र' का प्रयोग हुआ है। प्रतिबिम्ब चित्र के लिए प्रतिकृति चित्र, सादृश्य चित्र, प्रतिच्छन्दक चित्र, विद्धशालमांजिका का

भी प्रयोग किया गया है। चित्रसूत्रम में इसे 'सत्य चित्र' की संज्ञा दी गई है। कादम्बरी में इसे 'सच्चरितमित्र' कहा गया है। फारसी में इसे 'शबीह' तथा आंग्ल भाषा में इसे प्रोट्रेट नाम दिया गया।

भारतीय चित्र सम्बन्धी ग्रन्थों के अनुसार चित्रित व्यक्ति की वाह्य आकृति और आन्तरिक प्रकृति जो वाह्य आँखों द्वारा सामान्य व्यक्तियों को दिखाई नहीं देती उसी को चित्रकार अपनी तूलिका शक्ति द्वारा दिखाता है, यही वाह्य और आन्तरिक आकृति का सामंजस्यपूर्ण अंकन व्यक्तिचित्र है। भारतवर्ष में व्यक्ति चित्र (पोट्रेट) कितने प्राचीन काल से है इस विषय में कई मत हैं परन्तु यहाँ उनके विस्तार में जाने की आवश्यकता नहीं किन्तु इसमें सन्देह नहीं कि 16वीं शती के प्रारम्भ से चित्रों में हमें निश्चित व्यक्ति चित्र मिलने लगती है उदाहरण के लिए नियामतनामा की सचित्र प्रति में ग्यासशाह खिलजी की व्यक्ति चित्र (खण्डालावाला, एवं मोतीचन्द्र, बम्बई, 1969) (देखिये चित्र सं.-1)।



चित्र सं.-1 नियामतनामा, भारतीय सुल्तानी शैली, ल. 1450-1500 ई., इण्डिया ऑफिस लाइब्रेरी, लन्दन

मुगल शासकों को व्यक्ति चित्र बनवाने का बहुत शौक था। राजपूत राजा मुगल शासकों के सम्पर्क में आये और वहाँ के चित्रकारों के द्वारा चित्रित व्यक्ति चित्रों को देखा तो उन्होंने भी अपनी तथा अपने सभासदों, पारिवारिक व्यक्तियों जिनमें रानियाँ भी सम्मिलित थीं व्यक्ति चित्र बनवायें।

राजस्थानी शैली में 17वीं से 19वीं शती तक प्रत्येक केन्द्र में शबीहें बनीं जिनमें प्रतिपालक राजा स्वयं अपना चित्र, सरदारों, सेवकों आदि का चित्र बनवाते थे। चित्रकार का प्राथमिक कर्तव्य था कि अपने प्रतिपालक राजा को उसके उदात्तपक्ष के साथ शबीह में उपस्थित करे। कुछ राजाओं के व्यक्तिचित्र तो ऐसे हैं मानो वेशभूषा और आभूषणों की सूचना देने वाले संग्रहागार हों। इनमें राजाओं एवं दरबारियों के चुन्नटदार लहंगे, कुछ अलंकृत पगड़ियां उल्लेखनीय हैं। दरबार और अन्त:पुर के दृश्यों में राजाओं की व्यक्ति चित्र आत्मगौरव बढ़ाने के लिए होती थीं। इसके साथ ही जीवन की अनेक चर्चायें भी शबीहों के माध्यम से मिलती हैं जैसे—घुड़सवारी, उत्सव, नौकायन आदि के दृश्य।

चित्र सं. 2 महाराजा माधोसिंह, जयपुर, ल. 1760-65,
नेशनल गैलरी ऑफ विक्टोरियां, आस्ट्रेलिया

 ISSN 2278-4632

18वीं शती की राजकीय वस्त्राभूषण के अध्ययन के लिए हम राजा माधो सिंह की व्यक्ति चित्र को लेते हैं जो इस समय नेशनल गैलरी ऑफ विक्टोरिया कलेक्शन मेलबर्न में संग्रहीत है। (टाप्सफील्ड्र, 1980) इसे बख्ता नामक चित्रकार ने 1760-65 के बीच चित्रित किया था। यह चित्र जयपुर शैली का है इसमें राजा उत्तर मुगल शैली प्रकार के वस्त्र पहने हैं उनके जामे में बहुत से फोल्ड्स पड़े हैं उंगलियों में विभिन्न रत्नों से युक्त अगूँठी हैं। राजा के मुख के पीछे प्रभामण्डल है, पगड़ी के ऊपर कलगी और नीचे की तरफ झूमर की तरह कुछ लटक रहा है। कुल मिलाकर यह चित्र आभूषण और वस्त्र के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार इसी संग्रह की माधो सिंह की एक अन्य व्यक्ति चित्र के द्वारा भी हमें सांस्कृतिक जीवन की झलकियां मिलती हैं। (टाप्सफील्ड्र, 1980) (चित्र सं. 2)

पहली विशेषता के रूप में हमें तत्कालीन वस्त्र विधान और विशेष रूप से उसका स्थानीय स्वरूप जैसे पगड़ी की शैली। यहाँ पर महाराणा का घेरदार जामा तत्देशीय और तत्कालीन स्वरूप को दर्शाता है इस काल में झीने सादे सफेद वस्त्रों का प्रयोग अधिकांश चित्रों में मिलता है जो यहाँ भी है और इसे और भी अधिक अच्छे रूप में हम इनकी खड़े बल की व्यक्ति चित्र में पाते हैं। जामे के नीचे से रंगीन बन्डी झलक रही है। इस चित्र में पगड़ी स्थानीय प्रकार की है। यह सिर से चिपटी हुई टोपी के समान है परन्तु उसका चुना हुआ छोर पीछे की ओर दिखलाया गया है। इसी प्रकार के एक अन्य चित्र के द्वारा हमें दूसरी विशेषता का पता चलता है जो राजकीय फर्नीचर के अलंकरण को दर्शाता है यहाँ पर माधोसिंह एक अलंकृत सिंहासन पर बैठे हैं, सिंहासन भव्य हैं उसके दोनों पार्श्वो में कोहनी टेकने के लिए बैठे हुए सिंह बनाये गये हैं। राजा का भारी भरकम शरीर उनके पीछे और आगे तकियों पर टिका है। राजा सफेद मनकों की सुमरिनी चला कर जप कर रहे हैं। इस चौकी के सिंहासन की पीठ एक चौड़े पत्ते के समान फैली हुई है जो सम्भव है कि यूरोपिय एकन्थस पत्ते से ग्रहण की गयी हो जिसका स्थानीय रूप बहुत प्रचलित था। इस चौकी के पायों में बैठे हुए सिंह के द्वारा इसका सिंहासन रूप प्रगट होता है, सामने छोटे आकार की दो पुतलियाँ हैं जिनके हाथ में फूल, चंगेर आदि है, तीसरी विशेषता के रूप में हमें महाराणा को वैभवशाली जीवन व्यतीत करते हुए भी गहरी धार्मिक प्रवृत्ति को पाते हैं जिसका परिचय हमें उनके ध्यान मग्न होकर सफेद मनको की माला फेरने में

मिलता है। सम्भवतः इसी वातावरण को दिखलाने के लिए वह एकान्त में हैं उनके साथ अनुचर इत्यादि नहीं दिखलाये गये हैं।

नेशनल म्यूजियम, नई दिल्ली संग्रह में किशनगढ़ शैली की राजा हरीसिंह की व्यक्ति चित्र है। जिसका समय 1750 ई. है। (माथुर, 2000) इस चित्र के द्वारा हम 1750 ई. की राजकीय संस्कृति के उदाहरण देखते हैं। इस चित्र पर मुगल शैली के चित्रों की भरपूर छाप है जो उनके वस्त्र, आयुध और रत्न आदि में देखी जा सकती है। राजा हरीसिंह एक सूनी पृष्ठभूमि में खड़े हैं जिसका अन्त रेत के बड़े-बड़े ढूहों में दिखलाई पड़ता है सम्भव है उन्हें नगर से बहुत दूर दिखलाने के प्रयास में चित्रकार ने इस प्रकार का रेगीस्तानी वातावरण प्रस्तुत किया है परन्तु उसके बाद वाली घाटी में अत्यन्त सूक्ष्म आकृतियाँ तथा जीवन के अनेक दृश्य दिखलाये गये हैं जिनका वास्तविक उद्देश्य राजा का वैभव प्रगट करना था। इस चित्र के प्रारम्भ में दो बैलगाड़ियाँ हैं जिन पर सम्भवतः एक-एक शिकारी चीते बैठे हैं, कुछ घुड़सवार, भालाबरदार पीछे-पीछे चल रहे हैं। जिससे यह लगता है कि यह दृश्य शिकार के लिए प्रस्थान का था। इसके बाद वाली घाटी में बहुत बड़ी संख्या में घुड़सवार, पैदल, झण्डे बरदार आदि चल रहे हैं और किनारे पर कई हाथी दिखलाये गये है जिनमें एक-दो पर अम्बारी रखी है। इस सारे दृश्य में आकृतियाँ ठसाठस भरी हैं कहीं भी तिल रखने की जगह नहीं बची है। किशनगढ़ शैली में यह विशेषता है कि प्रत्येक विभाग में बहुत अधिक विवरण है। अन्त में नगर का एक दृश्य है जहाँ शिवालयों के दो झण्डायुक्त शिखर हैं। दूर पर नगर का चित्रण अकबर काल से मुगल चित्रों में मिलने लगता है।

मारवाड़ शैली की व्यक्ति चित्रण की परम्परा का सुन्दर नमूना हमें राज्य संग्रहालय, लखनऊ में संग्रहीत महाराजा अजीत सिंह की शबीह (राजकीय संग्रहालय, लखनऊ) से लगता है इसमें राजा के एक हाथ में तलवार है और दूसरे हाथ में फूल है जिसे उन्हें सूंघते हुए दिखाया गया है। चित्र के पीछे इनका नाम लिखा हुआ है। इसमें राजा का चौड़ा माथा व लम्बी कलमें, तलवार जैसी मूँछे हैं जो कि मारवाड़ शैली की पहचान है राजा घेरदार जामा और कई प्रकार के आभूषण पहने हैं। राजा के हाथ में फूल चित्रित करना भी राजस्थानी शैली में काफी प्रचलित था। केवल राजाओं, महाराजाओं की शबीहों का चित्रण चित्रकार ने नहीं किया अपितु चित्रकार ने अपनी भी शबीहों को चित्र बनाते हुए दिखाया।

कुमारसम्भव की एक सचित्र प्रति में एक पन्ने पर प्रकारान्तर से एक स्थानीय चित्रकार का अंकन हुआ है (वशिष्ठ, 1995) यह चित्र कुँवर संग्राम सिंह संग्रह, जयपुर में संग्रहीत है इसका समय लगभग 1695 ई. का है (चित्र सं. 3)। इस चित्र में एक चित्रकार पारम्परिक वीरासन मुद्रा में जाँघ पर पटली रखे हुए है, वह रंगों की प्यालियों से घिरा हुआ है उसके पार्श्व में छोटा-सा

चित्र सं. 3 कुमारसम्भव का पत्रा, मेवाड़, ल. 1690-95 ई., कुँवर संग्राम सिंह संग्रह

बस्ता और कुछ अन्य सामग्रियाँ भी दिखलायी गयी हैं, एक कोने में उसकी कटार रखी हुई है परन्तु इस दृश्य में एक दो कठिनाईयाँ भी दिखलायी पड़ती हैं। प्रथम तो उसकी उंगलियों में एक कलम के समान वस्तु है जो सामान्य तूलिका से भिन्न है दूसरे उसके तैयार किये हुए चित्र का आकार भी तत्कालीन राजस्थानी चित्रों से मेल नहीं खाता, यद्यपि अपभ्रंश शैली के 15वीं शती वाले ग्रन्थ चित्रों में कभी-कभी ठीक इसी प्रकार की पटली और चित्र दिखलाई पड़ते हैं।

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि चित्र का इतना अंश परम्परा से लिया गया था। चित्रकार को एक स्त्री की आकृति पर कलम चलाते हुए दिखाया गया है। सम्भवतः चित्र का विषय नवयौवना पार्वती है। इसके माध्यम से हम

तत्कालीन मेवाड़ी अथवा राजस्थानी चित्रकार की झलक पाते हैं। यह चित्रकार अलंकरणों से सुसज्जित धनवान व्यक्ति मालूम पड़ता है जो तत्कालीन परिस्थितियों से भिन्न है क्योंकि हमें चित्रों पर ही दिये हुए अंकों से ज्ञात है कि इन चित्रों का दाम बहुत स्वल्प होता था। अतः यहाँ एक कल्पित और आदर्श स्थिति के अन्तर्गत चित्रकार को देखते हैं।

18वीं शती के उत्तरार्द्ध का एक चित्र जिसमें बूँदी शैली के चित्रकार कनिराम की व्यक्ति चित्र है। यह नेशनल म्यूजियम संग्रह, नई दिल्ली में संग्रहीत है (बीच, 1974) (चित्र सं. 4)। यह चित्र नील कलम शैली में बना है, इस चित्र के माध्यम से चित्रकार की सामाजिक स्थिति की सूचना मिलती है यहाँ चित्रकार वीरासन मुद्रा में बैठा है अर्थात् वह एक पैर मोड़े हुए है सम्भवतः

चित्र सं. 4 चित्रकार कानिराम, बूँदी, ल. 1760,
नेशनल म्यूजियम संग्रह, नई दिल्ली पन

उसी भंगिमा में बैठकर चित्र बनाता होगा जैसा कि हमें काशी के उस्ताद रामप्रसाद के घराने में वर्तमान समय तक मिलता है। उसके चित्रण की तख्ती सामने पड़ी है क्योंकि वह एक हाथ उठाये किसी से बात करने की मुद्रा में है, दूसरी ओर उसका दाहिना हाथ तलवार की मूठ पर है मानो वह किसी को चुनौती दे रहा हो।

उस काल के सभी वर्गों के लोगों में हथियार बाँधने की परम्परा थी, यद्यपि चित्रकार के दुबले-पतले शरीर को देखकर यह नहीं कहा जा सकता कि वह तलवार से युद्ध करने के योग्य था। इसी प्रकार उसकी पेटी में पेशकब्ज भी कसा हुआ है। यहाँ हम एक विचित्र स्थिति को पाते हैं चित्र बनाने की उसकी पटिया के ऊपर लघु आकार की एक आकृति है, यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता कि वह बालकृष्ण की आकृति है अथवा किसी अन्य प्रकार की परन्तु वह घुटनों के बल चलती हुई दिखलाई गयी है, सम्भव है कि वह चित्रकार के लिए एक मॉडल हो, परन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर यह अंश बाद में जोड़ा हुआ भी हो सकता है जिस प्रकार बाँयी ओर चित्र के ऊपरी भाग में चूड़ीदार वस्त्र पहने किसी व्यक्ति का हाथ भी दिखलाया गया है जिसका चित्र से कोई सम्बन्ध नहीं है। बूंदी-कोटा शैली में विशेष रूप से नमूने की ऐसी आकृतियाँ प्राय: मिलती है। चित्रकार के सामने विभिन्न प्रकार की प्यालियों में रंग दिखलाये गये हैं एक प्याले में घोटनी रखी है जिससे यह पता लगता है कि रंग पीसा जाता था। इसी प्रकार कैंची, तूलिका रखने की खोली आदि भी बिखरी पड़ी है, इसके सिवा दो बस्ते भी दिखलाये गये हैं। वेशभूषा आदि को देखते हुए हम चित्रकार को अत्यन्त निम्न मध्य वर्ग में रखते हैं। इस प्रकार के चित्र बहुत कम मिले हैं। इसके शीर्ष पर लिखे लेख से पता चलता है कि यह किशोरावस्था की शबीह है इससे प्रतीत होता है कि इस प्रकार के परम्परागत चित्रकार बाल्यावस्था से ही अपनी परम्परागत कला में चित्रण करते थे। इस पर जो लेख लिखा है वह इस प्रकार है–

''शबी चितेरा कनिराम कि बाल पणि की''

राजपूत राजाओं का अपने प्रिय जानवर के प्रति अगाध प्रेम था इसलिए राजपूत राजा अपने प्रिय जानवरों का भी चित्र बनवाते थे और उन पर उनके नाम भी उत्कीर्ण करवाते थे इसीलिए इस काल में पशुओं के शबीह की बाढ़-सी आ गयी।

इस प्रकार राजस्थानी शैली में राजाओं द्वारा अपनी व्यक्ति चित्र बनवाने और स्वयं चित्रकार अपनी शबीह बनाने के अतिरिक्त सरदारों, सेवकों आदि के चित्र भी बनाते थे। राजपूत राजाओं को अपनी व्यक्ति चित्र बनवाने का शौक था। शबीह के माध्यम से राजपूत राजाओं का वैभव जो आभूषण, वास्तु, फर्नीचर आदि से प्रगट होता था इसी प्रकार पालतू पशु की शबीह बनवाना भी

उनके मनोरंजन के अन्तर्गत आता था और शबीह के माध्यम से 18वीं शती की संस्कृति के बारे में बहुत कुछ पता चलता है।

सन्दर्भ :

1. खण्डालावाला, कार्ल एवं मोतीचन्द्र , ए न्यू डाकूमेण्ट ऑफ इण्डियन पेंटिंगः ए रीअप्रेजल, बम्बई, 1969 प्लेट-11
2. टाप्सफील्ड, ऐण्ड्रू पेंटिंग फ्रॉम राजस्थान इन द नेशनल गैलरी ऑफ विक्टोरिया : कलेक्शन एक्वायर्ड थ्रू दि फेल्टन बेक्वेस्ट कमेटी, मेलबर्न, 1980, पृ. 127, प्लेट नं. 183
3. वही, पृ. 42, प्लेट नं. 28
4. माथुर, विजय कुमार, मारवल्स ऑफ किशनगढ़ पेंटिंग्स फ्रॉम दि कलेक्शन ऑफ दि नेशनल म्यूजियम, नई दिल्ली, 2000, 2000, पृ. 58, प्लेट नं. 11
5. राजकीय संग्रहालय, लखनऊ, सं. 5. 177
6. वशिष्ठ, आर. के., आर्ट ऐण्ड आर्टिस्ट ऑफ राजस्थान, नई दिल्ली, 1995, प्लेट-19
7. बीच, माइलो क्विलैण्ड, राजपूत पेंटिंग एट बूंदी ऐण्ड कोटा, स्वीटजरलैण्ड, 1974, प्लेट नं. 43

डॉ. शैलेन्द्र कुमार

सहायक प्राध्यापक

कला इतिहास

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

❑❑❑

सीकर में जन चेतना का प्रतीक : खादी

• सुनिता कुमारी

राजस्थान की जयपुर रियासत सीकर अंचल में गाँधी युग के राष्ट्रीय आन्दोलन के साथ रचनात्मक कार्यक्रम किए गए। रचनात्मक कार्यों में गाँधी दर्शन में चरखा और खादी को प्रथम स्थान दिया गया। 1915 में अहमदाबाद में आश्रमवासियों द्वारा राष्ट्रीय आन्दोलन की प्रथम शुरुआत खादी के रचनात्मक विचार से हुई।

चरखे से पूरे सीकर को एक सूत्र में बाँधा गया। वह आध्यात्मिक साधना का माध्यम बना। सीकर में खादी के प्रमुख केन्द्र और स्वतंत्रता सेनानियों की छावनियाँ फतेहपुर, रामगढ, रींगस, लोसल, काशी का बास, श्रीमाधोपुर आदि थी। खादी के प्रणेता सेठ जमनालाल बजाज, लादूराम जोशी, मदनलाल रूपचन्दका, सेठ सोहनलाल दूगड़, लाला मूलचन्द अग्रवाल, रामेश्वर अग्रवाल, रामवल्लभ नेवटिया, बंशीधर शर्मा, अंजना देवी चौधरी, सुमित्रा देवी खेतान आदि थी।

सीकर की स्वतंत्रता प्राप्ति का संदेशवाहक चरखा था। खादी राष्ट्रीय पोशाक के रूप में अवतरण हुई। खादी आश्रम और खादी मन्दिर स्वतंत्रता आन्दोलन के प्रमुख केन्द्र रहे। स्वदेशी भावना के प्रचार-प्रसार के लिए खादी प्रदर्शनियाँ लगाई जाती थी।

निष्कर्षत : गाँधी युग में राष्ट्रीय आन्दोलन में खादी ने जन चेतना का कार्य किया। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बन बनाया। वर्तमान में खादी राजनीतिक विचारधारा के लोगों को सम्बल प्रदान करती है।

मुख्य शब्द : *खादी, चरखा, जन चेतना।*

राजस्थान में जयपुर रियासत के शेखावाटी अंचल का सीकर ठिकाना है।[1] सीकर में गाँधी दर्शन की विचारधारा का प्रभाव था। आधुनिक भारत के

ISSN 2278-4632

इतिहास को गाँधीयुग से सम्बोधित किया गया है। क्योंकि भारतीय राजनीति में गाँधी ने प्रवेश किया था। इस अवधि में राष्ट्रीय संग्राम में सर्वोच्च नेता के रूप में भारतीय राजनीति का मार्गदर्शक किया था। उन्हें साधन दिए, उसको नया दर्शन दिया और उसे सक्रिय बनाया।[2]

गाँधी युग में राष्ट्रीय आन्दोलन के साथ रचनात्मक कार्यक्रम किए गए। रचनात्मक कार्यक्रमों खादी, हरिजनोंद्धार, साक्षर, साम्प्रदायिक सौहार्द आदि रहे। गाँधी दर्शन में खादी को सबसे पहला स्थान दिया। गाँधी दर्शन में चरखा और खादी को सबसे पहला स्थान दिया।[3]

भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन की प्रथम औपचारिक शुरुआत 1915 में अहमदाबाद में आश्रमवासियों द्वारा खादी के रचनात्मक विचार से हुई। इसका प्रभाव सेठ जमनालाल बजाज के द्वारा सीकर में खादी के रचनात्मक कार्य पर बल दिया। सीकर में खादी प्रचार कार्य को अधिक बढ़ावा देने के लिए बजाज ने 1926 में सीकर में चरखा संघ की स्थापना की।[4]

आर्थिक सहायता के साथ खादी कार्यों का निरीक्षण व कार्यकत्ताओं को मार्गदर्शन करते थे। बजाज भवन में नृसिंहदासजी की देख-रेख में सूत तथा खादी का कार्य आरम्भ करवाया उत्तराखण्ड के अलमोड़ा का निवासी शिवदत्त खादी उद्योग में कार्य करता था। संन्यास लेने से पूर्व पूर्णानन्द को अपना कार्यभार सम्भलवा कर चला गया था।[5] उत्तरप्रदेश के मेरठ निवासी मा. चन्द्रभान ने सीकर में खादी आश्रम की स्थापना की। जिसमें सूत कातना और कपड़ा बुनना प्रारम्भ किया। सूत कातने वाली सौ महिलाएँ और पिच्चहत्तर बुनकर काम करने लगे। वह समानता के आधार पर लाभ का बँटवारा कर दिया करते थे।[6]

बद्रीनारायण सोढ़ाणी ने सीकर में खादी प्रतिष्ठान की स्थापना की। इससे जनता को रोजगार मिला। आर्थिक स्वावलम्बन की भावना जाग्रत हुई। यह उसके व्यवहारिक स्वदेशी की भावना का पता चलता है। इन्हें सीकर का गाँधी कहा जाता है।[7]

काशी का बास में खादी ग्रामोद्योग समिति का मंत्री मदनलाल रूपचन्द थे। वह आजीवन खादी का प्रचार-प्रसार करते रहे। खादी की उपयोगिता के सन्दर्भ में अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते थे। ग्रामीणों की रोजगार प्रदान कर स्वावलम्बी बनाते थे।[8]

मूण्डवाड़ा के लादूराम जोशी ने सीकर के गाँवों में घूम-घूमकर ऊँटों पर

खादी लादकर विक्रय और प्रचार-प्रसार करते थे। गाँव तथा कस्बों के लोग उन्हें अपने घरों में ठहराने में सुकचाते थे। जहाँ ठहरते वहाँ पर अंग्रजों द्वारा कड़ी नजर रखी जाती थी।[9] रींगस में मूलचन्द अग्रवाल ने खादी आश्रम की स्थापना की। देवीसिंह बोचल्या को सहायक व्यवस्थापक बनाया। ग्रामीण और गरीब के रोजगार का केन्द्र बन गया। नारी उत्थान और समाज में स्त्रियों के सम्मान का प्रेरक बिन्दु भी रहा।[10] रामेश्वर अग्रवाल महात्मा गाँधी के आदर्शों पर चलकर खादी विकास के कार्यों में जुट गए।[11] मूलचन्द अग्रवाल नीमच से रींगस आकर खादी उत्पादन और वस्त्र स्वालवम्बन के कार्यों में लग गया।[12] रामस्वरूप शर्मा हिंदका खादी संस्था के माध्यम से अनेक रचनात्मक कार्य किए।[13]

फतेहपुर सेवा समिति राष्ट्रीय आन्दोलन की गतिविधियों का संचालन करती थी। उसके खादी भण्डार का संचालन किया। 1923 में खादी प्रचार समिति की संचालक है। शहरी एवं ग्रामीण लोगों से रोजगार का केन्द्र बन गई थी। सेठ केशवदेव नेवटिया, भीमराज दूगड़, गणपतराय सरावगी, भगतराम जालान आदि चरखा एवं खादी मन्दिर में कार्य करते थे। आस-पास के गाँवों को आर्थिक स्वावलम्बन बनाया। सेठ रामप्रताप चमड़िया ने खादी उत्थान के कार्यों को बढ़ावा देने के लिए 7,500 रुपए का दान दिया। खादी कार्यों से लोगों में नवीन चेतना और राष्ट्रवाद की भावना जाग्रत हुई।[14] सुमित्रा देवी खेतान ने रामगढ़ में पर्दा प्रथा त्याग चरखा संघ में काम करने लगी।[15]

श्रीमाधोपुर में मालीराम सैनी गाँधीवादी विचारों से प्रेरित थे। वे खादी आश्रम में कार्य करते थे। गाँव-गाँव और ढाणी-ढाणी में जाकर खादी का प्रचार करते थे।[16] अंजना देवी चौधरी ने पर्दा त्याग कर खादी पहनना शुरू कर दिया। वह घर-घर जाकर महिलाओं को खादी के कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित करती थी।[17] पं. बंशीधर शर्मा की धर्मपत्नी रामेश्वरी देवी शर्मा ने सीकर के गाँवों में खादी वस्त्र को राष्ट्रीय पोशाक के रूप में अवतरण किया।[18]

इस प्रकार सीकर की स्वतंत्रता प्राप्ति का संदेशवाहक चरखा था। चरखे से पूरे सीकर को एकता के सूत्र में बाँधा गया था। आध्यात्मिक साधना का माध्यम बन गया था। खादी राष्ट्रीय पोशाक के रूप में अवतरित हुई। जिससे लोगों में जन चेतना का विकास हुआ। खादी के जन जागरण से देशी रियासतों में प्रजामण्डल की स्थापना हुई। स्वदेशी आन्दोलन का भी बढ़ावा दिया। वह भारत की आजादी का मूल स्तम्भ भी रहा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. झाबरमल शर्मा, 1922 : सीकर का इतिहास, कलकत्ता, राजस्थान एजेन्सी, पृ.सं.
2. विपिनचन्द्र, 1972: स्वतंत्रता संग्राम, नई दिल्ली, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय पृ.सं. 102
3. महादेव देसाई, 1949: संक्षिप्त आत्मकथा, अहमदाबाद, नवजीवन प्रकाशन मन्दिर, पृ.सं. 31
4. सीतारामय्या, डॉ. पट्टाभि, 2016 : कांग्रेस का इतिहास, खण्ड-1 नई दिल्ली, सस्ता साहित्य मण्डल प्रकाशन, पृ.सं. 187
5. रामदास शर्मा, 2014: श्री राधेश्याम शर्मा-खादी के विकास पुरुष, पृ. सं. 180
6. मोहन सिंह, 1990: शेखावाटी में स्वतंत्रता आन्दोलन का इतिहास, झुन्झुनू, रवीन्द्र प्रकाशन, पृ. सं. 195
7. माँगीलाल मिश्र, 1999 : श्री बद्रीनारायण सोढ़ाणी स्मृति ग्रन्थ, सीकर, श्री बद्रीनारायण सोढ़ाणी स्मृति ग्रन्थ समिति, पृ. सं. 11
8. महावीर पुरोहित, 2013 : स्वाधीनता सेनानी मदनलाल रूपचन्दका स्मृति ग्रन्थ, सीकर, स्वाधीनता सेनानी मदनलाल रूपचन्दका स्मृति संस्थान, पृ.सं. 28
9. रामस्वरूप जोशी, 2003 : राजस्थान में स्वतंत्रता संग्राम के अमर पुरोधा-लादूराम जोशी, जयपुर, राजस्थान स्वर्ण जयन्ती समारोह समिति, पृ.सं. 7
10. रामगोपाल शर्मा, 2002 : राजस्थान में प्रजामाडल आन्दोलन, भाग-3 जयपुर, राजस्थान स्वर्ण जयन्ती समारोह समारोह समिति, पृ.सं. 54
11. सुमनेश जोशी, 1973: राजस्थान में सेनानी, जयपुर, ग्रन्थागार, पृ.सं. 576
12. वही पृ. सं. 616
13. मोहन सिंह, 1990: वही, पृ सं. 339
14. रामगोपाल वर्मा, 1992, नगर फतहपुर नगरां नागर, फतेहपुर-शेखावाटी, श्री सरस्वती पुस्तकालय पृ.सं. 77-78
15. मोहन सिंह, 1990: वही, पृ. सं. 281
16. वही, पृ. सं. 365
17. सुमनेश जोशी, 1973 : वही, पृ. सं. 592
18. मोहन सिंह, 1990 : वही, पृ. सं. 272

सुनिता कुमारी

शोधार्थी

इतिहास विभाग, अपेक्स विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.)

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में जीवन कौशलों के विकास हेतु प्रमुख शैक्षिक रणनीतियाँ

जसमीत कौर • अभिषेक कुमार प्रजापति

विभिन्न अध्ययन इस तथ्य को उजागर करते हैं कि किशोरावस्था की विभिन्न समस्याओं से निपटने हेतु जीवन कौशल एक महत्वपूर्ण साधन हो सकते हैं। सामान्यतः जीवन कौशल का सम्बन्ध उन मनो-सामाजिक दक्षताओं और कौशलों से सम्बन्धित हैं जो किशोर विद्यार्थियों अपने जीवन का प्रबंधन करने में मदद करते हैं। यद्यपि जीवन कौशल की आवश्यकता मानव विकास के प्रत्येक चरणों में होती है, तथापि यह किशोर विद्यार्थियों हेतु अधिक महत्वपूर्ण हो जाते है, क्योंकि किशोरावस्था में पर्याप्त क्षमताएं होने के बावजूद अधिकांशतः किशोर शराब की लत, नशीली दवाओं, यौन शोषण, धूम्रपान, लैंगिक अपराध, असामाजिक कृत्य आदि कारणों से अपनी क्षमताओं का उपयुक्त उपयोग नहीं कर पाते। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) के अनुसार, शिक्षा को न केवल संज्ञानात्मक कौशल के विकास को बढ़ावा देना चाहिए जिसमें साक्षरता और संख्यात्मकता के ''मूलभूत कौशल'' और ''उच्च-क्रम'' संज्ञानात्मक कौशल हो बल्कि उसके साथ आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान सहित सामाजिक, नैतिक और भावनात्मक कौशल अथवा जीवन कौशल आदि को भी विकसित किया जाना चाहिए, जिससे किशोरों की संज्ञानात्मक क्षमताओं के साथ-साथ उनके चरित्र, समग्र कल्याण और आवश्यक 21वीं सदी के कौशलों का निर्माण किया जा सके। द्वितीयक आँकड़ों पर आधारित यह आलेख

माध्यमिक स्तर पर के विद्यार्थियों में जीवन कौशलों के विकास हेतु विभिन्न शैक्षिक रणनीतियों के बारे में चर्चा करता है।

मुख्य शब्द : ***जीवन कौशल, जीवन कौशल शिक्षा, किशोर, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020), शैक्षिक रणनीतियाँ***

प्रस्तावना

सतत् विकास लक्ष्य (2015) के अनुसार, शिक्षा मौलिक अधिकार होने के साथ-साथ गरीबी को कम करने, स्वास्थ्य में सुधार, लैंगिक समानता, शांति, दीर्घकालिक विकास एवं समानता के साथ समावेशन सुनिश्चित करने हेतु सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है। शिक्षा न केवल मानव की पूर्ण क्षमता को साकार करने अपितु न्यायसंगत समाज बनाने और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए अति आवश्यक है। कोई भी राष्ट्र समावेशी एवं संवृद्ध तब तक नहीं हो सकता जब तक की उसके प्रत्येक नागरिक के पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुँच नहीं हो जाती। जीवन कौशल अनिवार्य रूप से वे क्षमताएं है जो किशोरों की मानसिक क्षमताओं को बढ़ावा देने और जीवन की वास्तविकताओं का सामना करने में मदद करती है। जब किशोर अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं तो वह दैनिक झगड़ों, उलझे हुए रिश्तों एवं साथियों से उत्पन्न होने वाले भावनात्मक गतिरोधों के दबाव के कारण उनके द्वारा किये जाने वाले असामाजिक कृत्य या उच्च जोखिम वाले व्यवहार को करने की सम्भावना कम होती है और साथ ही उनको जिम्मेदारी से कार्य करने एवं नियंत्रण रखने हेतु सशक्त भी बनाती है (सुबीता, 2013)। किशोरों को शराब, नशीली दवाओं का दुरूपयोग, अवैध सम्बन्ध, तनाव, चिंता, हताशा और अवसाद आदि से लड़ने हेतु जीवन कौशल शिक्षा को विद्यालयी पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता बताई है (भरत एवं किशोर, 2010)।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) प्रगतिशील, समृद्ध एवं नैतिक मूल्यों से पूर्ण समाज के विकास में जीवन कौशल के ज्ञान की महत्ता पर बल देती है और यह मानती है कि जीवन कौशल व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। यही कारण है कि नीति व्यक्ति के संज्ञानात्मक विकास, चरित्र निर्माण एवं 21वीं सदी के प्रमुख कौशलों से सम्पन्न सर्वांगीण किशोरों के निर्माण हेतु विद्यालयी शिक्षा के पाठ्यक्रम में जीवन कौशल को सम्मिलित करने की अनुशंसा करती है।

जीवन कौशल : बुनियादी समझ

विश्व स्वास्थ्य संगठन (1993) के अनुसार जीवन कौशल, ''अनुकूली और सकारात्मक व्यवहार की क्षमताएँ जो व्यक्तियों को दैनिक जीवन की मांगों और चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनाती है।'' यूनिसेफ (1997) ने जीवन कौशल को परिभाषित करते हुए कहा है कि, ''एक व्यवहार परिवर्तन या व्यवहार विकास दृष्टिकोण जो तीन क्षेत्रों के संतुलन को संबोधित करने के लिए निर्मित किया गया है: ज्ञान, दृष्टिकोण और कौशल। सी.बी.एस.ई टीचर्स मैनुअल फॉर लाइफ स्किल्स एजुकेशन (2013) के अनुसार, जीवन कौशल अनिवार्य रूप से वे क्षमताएं हैं, जो किशोरों के मानसिक कल्याण और क्षमता को बढ़ावा देने में मदद करती हैं क्योंकि वे जीवन की वास्तविकताओं का सामना करते हैं।

संक्षेप में, 'जीवन कौशल' का सम्बन्ध उन कौशलों से है जिनकी सहायता से व्यक्ति अपने जीवन के विभिन्न अवसरों का अधिकतम लाभ उठाता है। यह कौशल सामान्यता जीवन की बेहतर गुणवत्ता के प्रबंधन और जीने से जुड़े होते हुए जो व्यक्ति की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करते हैं (सुबास्री, नायर एवं रंजन, 2010)।

जीवन कौशलों का वर्गीकरण

जीवन कौशलों की सूची बहुत लम्बी हैं, परन्तु जीवन कौशल को मोटे तौर पर कुछ अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा वर्गीकृत करने का प्रयास किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (1993) द्वारा प्रस्तावित दस आधारभूत जीवन कौशलों का विवरण निम्नलिखितानुसार हैं :

1. **आत्म जागरूकता :** आत्म जागरूकता का तात्पर्य व्यक्ति द्वारा अपने चरित्र की शक्तियों और कमजोरियों को समझने के सामर्थ्य से है। आत्म-जागरूकता अपनी भावनाओं, विचारों और कार्यों के प्रति सचेत रहने की क्षमता है। यह व्यक्ति की तनावग्रस्तता या अन्य प्रकार के दबावों के बारे में बताता है व किशोरों में तनाव को पहचाननें, कम करने, विनियमित करने के साथ मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी चुनौतियों का सामना करने आदि में सक्षम बनाता है।
2. **परानुभूति :** परानुभूति स्वयं को दूसरे के स्थान पर तथा उसके नजरिये

से स्थिति को देखने व समझने का सामर्थ्य है। यह कौशल किशोरों में दूसरों की भावनाओं को संकट में समझने की क्षमता प्रदान करता है। यह कौशल किशोरों के सामाजिक मेल-जोल में भी सुधार करता है और समाज हितैषी गतिविधियों की ओर झुकाव अधिक हो इस प्रक्रिया में भी परानुभूति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है (सांग, 2022)।

3. **प्रभावी सम्प्रेषण :** प्रभावी सम्प्रेषण से तात्पर्य व्यक्ति का दूसरे व्यक्ति या समूह के साथ प्रभावी मौखिक और गैर-मौखिक सम्प्रेषण बनाए रखने की क्षमता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (1993) के अनुसार प्रभावी सम्प्रेषण कौशल अनेक सामाजिक और व्यक्तिगत मुद्दों के संदर्भ में सकारात्मक दृष्टिकोण रखने व रचनात्मक रूप से समस्या का समाधान करने के योग्य बनाता है।

4. **अंतर्वैयक्तिक संबंध :** दूसरों के साथ बातचीत करने के लिये उपयोग किये जाने वाले कौशल को 'पारस्परिक कौशल' या 'अंतर्वैयक्तिक कौशल' कहा जाता है। प्राय: प्रत्येक व्यक्ति की दिनचर्या में शामिल होता है जिसकी सहायता से वह दूसरों से अंत:क्रिया करता है। यह कौशल व्यक्तियों में सकारात्मक संबंध को शुरू करने और उनको बनाए रखने हेतु प्रोत्साहित करता है।

5. **सृजनात्मक चिंतन :** यह कौशल नवीन विचारों को उत्पन्न करने और उन्हें बुनियादी सोच के साथ जोड़ने की क्षमता प्रदान करता है। साथ ही व्यक्ति को अन्वेषण करने में सक्षम बनाकर, निर्णय लेने व समस्या समाधान करने एवं सृजनात्मकता द्वारा परिस्थितियों के अनुकूल और लचीलेपन के साथ प्रतिक्रिया करने में भी सहायक होता है। सृजनात्मक चिंतन किशोरों में विश्लेषण क्षमता, विचारों का आलोचनात्मक मूल्यांकन, जानकारी, पहचान, पक्षपात, ठोस निर्णय लेने, स्मरण शक्ति में सुधार आदि को मजबूत करता हैं (वाई एवं अन्य, 2019)।

6. **विवेचनात्मक चिंतन :** यह कौशल तर्क और वस्तुनिष्ठता पर आधारित स्व-निर्देशित, स्व-अनुशासित समझ है। यह व्यक्ति को उसके विचार गुणवत्ता में सुधार, तार्किक और निष्पक्ष रूप से जानकार व अनुभवों का विश्लेषण करने योग्य बनाता है। इस कौशल के द्वारा किशोर परिस्थितियों को पहचानने, समस्यायों का रचनात्मक समाधान प्रदान

करने, बेहतर निर्णय लेना आदि सीखते है, अतः उनमें मूल्यांकन, आलोचनात्मक क्षमता, सत्य को पहचानने व पूर्वाग्रहों से बचनें आदि जैसे कौशलों को विकसित किया जाता है (रजाक एवं अन्य, 2022)।

7. **निर्णय लेना :** यह कौशल किशोरों को समय पर सही निर्णय लेने और विभिन्न विकल्पों के पक्ष-विपक्ष का आकलन कर उनमें से सर्वश्रेष्ठ के चयन हेतु सहायता करता है। इससे वह विभिन्न विकल्पों व परिणामों का विश्लेषण कर, अपने निर्णयों को विश्वासपूर्वक स्वीकार करते है। इसके किशोरों में समस्यायों की पहचान, सूचनाओं का आलोचनात्मक विश्लेषण, विचार, परिणाम और विकल्पों का मूल्यांकन करने व सही निर्णय लेने में प्रशिक्षित करता है (कोलाकाडिओग्लू एवं सेलिक, 2016)।

8. **समस्या समाधान कौशल :** समस्या समाधान कौशल समस्याओं की पहचान, परिस्थितियों का व्यवस्थित ढंग से विश्लेषण करके प्रभावी समाधान ढूँढ़ने और समाधान के बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने की क्षमता है। यह कौशल किशोरों में आत्मविश्वास बढाता है, जिससे वह विपरीत परिस्थितियों का सामना कर सके प्रभावी ढंग से स्वयं को अभिव्यक्त करने, सक्रिय रूप से सुनने एवं रचनात्मक रूप से संघर्षों व समस्याओं का सामना करने योग्य बनते है (शेवांडी एवं अन्य, 2023, नवाबी एवं अन्य, 2019)।

9. **भावनाओं का सामना करना :** भावनाओं का सामना करने का कौशल किशोरों को उनकी व दूसरों की भावनाओं को जाननें में सहायता करता है। साथ ही भावनाओं के प्रभाव की पहचान व उचित रूप से प्रतिक्रिया करने और अत्यधिक जैसे क्रोध व दुःख को नियंत्रित करने के बारे में भी अवगत करता है। इस कौशल के द्वारा किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, चिंता, तनाव व अवसाद में कमी होती है साथ ही उनमें चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना एवं स्वयं की भावनाओं को समझने की क्षमता भी विकसित होती है (तिवारी, नाइक, निर्गुड़े एवं दत्ता, 2020)।

10. **तनाव मुक्ति कौशल :** यह कौशल किशोरों को तनाव के स्रोत, प्रभाव और उसे नियंत्रित करने की तकनीक व दूर करने के उपायों को पहचाननें

में सक्षम बनाता है इस कौशल की सहायता से किशोर अपनी भावनाओं को भली-भांति अभिव्यक्त करते है और समाज में सकारात्मक सामाजिक संबंधों का विकास करते है (कैम्पबेल, टटल एवं नैप, 2009)।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (1993) द्वारा प्रस्तावित आधारभूत दस जीवन कौशलों को तीन प्रमुख श्रेणियों में वर्गीकृत किया है यथा संज्ञानात्मक कौशल (स्वजागरूकता, महत्वपूर्ण विचार, रचनात्मक विचारशीलता, समस्या समाधान और निर्णय लेना), सामाजिक कौशल (सहानुभूति, सहयोग, सामूहिकता, सहिष्णुता, सम्मान, सहानुभूति, पारस्परिक सम्बन्ध, प्रभावी संचार और भावनाओं को व्यक्त करने की क्षमता) तथा भावनात्मक कौशल (इनमें भावनाओं को समझना, नियंत्रित करना, आत्म-प्रबंधन, तनाव से मुक्ति) आदि सम्मिलित किये जाते है।

यूनिसेफ (1994) व्यापक जीवन कौशल के कई स्तरों को पहचानता है यथा बुनियादी जीवन कौशल (जैसे सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्य), स्थिति-विशिष्ट कौशल (जैसे, बातचीत, मुखरता, संघर्ष समाधान) और व्यावहारिक जीवन कौशल (उदाहरण के लिए लिंग भूमिकाओं को समझना या चुनौती देना आदि)।

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में जीवन कौशल शिक्षा की आवश्यकता

जीवन कौशल शिक्षा ऐसा कार्यक्रम है जो सभी के लिए आवश्यक है। किशोरों हेतु यह शिक्षा विशेष रूप से आवश्यक है क्योंकि इसे जीवन की उस अवस्था के रूप में रेखांकित किया जाता है जब शारीरिक, मानसिक एवं संवेगात्मक विकास की गति अन्य अवस्थाओं की तुलना में तीव्र होती हैं। व्यवहार व स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के लिए जीवन कौशल शिक्षा एक महत्वपूर्ण साधन है।

यूनेस्को (1996) की रिपोर्ट ने भविष्य के तनावों से निपटने हेतु शिक्षा को चार स्तंभों पर आधारित होने की अनुसंशा की है यथा जानने, करने, बनने और एक साथ रहने हेतु सीखना। जीवन कौशल शिक्षा को अधिकांश राष्ट्रों के विद्यालयी शिक्षा पाठ्यक्रम में व्यापक रूप से समाहित किया गया अतः

किशोरावस्था एक ऐसी अवस्था है, जिसमें बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक परिवर्तन तेजी से होते हैं (मोशिक, तहेरे एवं परवानेह, 2014)। जब किशोरों की जिज्ञासा शांत नहीं होती या उनके हितों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नही किया जाता, तब वह मानसिक और भावनात्मक तनाव की ओर अग्रसर हो जाते है, तब उनको जीवन कौशल शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता है, जिससे किशोरों के जीवन में आने वाली कठिनाइयों का वे सफलतापूर्वक सामना कर सके।

जीवन कौशल शिक्षा एक विद्यालयी शिक्षा कार्यक्रम है, जो शैक्षिक और सह-शैक्षिक क्षेत्र को विकसित करने के लिए जीवन कौशल आवश्यक है (सी.बी., एस.सी., 2005)। अतः इसे पाठ्यक्रम में एक अनिवार्य घटक के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। जीवन कौशल किशोरों में प्रभावी संवाद, विश्लेषण, जानकारी, विचारों में स्पष्टता, सकारात्मक दृष्टिकोण व रचनात्मक रूप से समस्या का समाधान करने योग्य बनाता है (ताहन एवं अन्य, 2020)। समग्र कल्याण व विकास हेतु पारस्परिक सम्बन्ध विशेष रूप से महत्वपूर्ण होते है जो सामाजिक कौशलों को बढ़ाकर सामाजिक चिंता व अवसाद को कम करने में भी सहायक है (सुरेन्द्र एवं अन्य, 2023)।

कक्षा-कक्ष में जीवन कौशल प्रदान करने की शैक्षिक रणनीतियाँ

जीवन कौशल को प्रत्यक्ष रूप से पाठ्यक्रम में एकीकृत करके विभिन्न गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों में जीवन कौशल विकसित किया जा सकता है। माध्यमिक स्तर पर जीवन कौशल शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रभावी शैक्षिक रणनीतियों का विवरण निम्नलिखितानुसार हैं–

1. **समूह चर्चा और वाद-विवाद :** समूह चर्चा एक संवादात्मक एवं उद्देश्यपूर्ण प्रक्रिया है, जो समूह के सदस्यों को चर्चा किए जा रहे मुद्दे पर स्वतंत्र रूप से स्वयं को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है। इसमें आलोचनात्मक चिंतन और तर्क शक्ति को विकसित करने की क्षमता एवं नैतिक और आचरण मूल्यों के शिक्षण हेतु इसका उपयोग किया जा सकता है। चर्चा विधि का प्रयोग करके माध्यमिक विद्यार्थियों में सोच कौशल, विश्लेषणात्मक कौशल एवं मूल्यांकन कौशलों को विकसित किया जा सकता है (इल्जा एवं तरिस्याह, 2023)।

2. **मस्तिष्क उद्वेलन :** यह विधि समस्यामूलक एवं सोच या रचनात्मकता को विकसित करने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। इसके अंतर्गत किशोरों के समक्ष एक समस्या प्रस्तुत की जाती है, जिसमें वह 10-15 लोगों के बीच चर्चा करता है, सोचता व विश्लेषण करता है और अंत में संश्लेषण के माध्यम से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करता है। मस्तिष्क उद्वेलन विधि के द्वारा विद्यार्थियों में रचनात्मक, समस्या समाधान और आलोचनात्मक समझ आदि कौशलों को विकसित किया जा सकता है (गफौर एवं गफौर, 2020)।

3. **कहानी सुनाना :** इस रणनीति का प्रयोग शिक्षकों द्वारा चित्र, पुस्तक, कॉमिक स्लाइड आदि द्वारा कही या पढ़ कर उपयोग में लायी जाती है। इसमें विद्यार्थियों को कहानी के माध्यम से उठाए गए किशोरों के मुद्दे यथा स्वास्थ्य संबंधी, नशा मुक्ति आदि के बारे में गंभीर रूप से सोचने के लिए प्रेरित किया जाता है। कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों में विभिन्न जीवन कौशल जैसे सहानुभूति, सहयोग, जिम्मेदारी, स्व नियंत्रण आदि को विकसित किया जा सकता है (रानी, 2020)।

4. **भूमिका निर्वहन :** भूमिका निर्वहन का उपयोग एक शैक्षिक या प्रशिक्षण की तकनीक के रूप में रिलेक्टिव शिक्षण का एक अंग है। सरल रूप में रोल प्ले का अर्थ है: किसी व्यक्ति को किसी विशेष परिस्थिति में किसी व्यक्ति की भूमिका की कल्पना करने के लिए कहना। यह रणनीति किशोरों में जीवन कौशल विकसित करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है, जिसमें वह वास्तविक जीवन का अनुभव कर सीखते है। नाटक एवं अभिनय के माध्यम से विद्यार्थियों में जीवन कौशल अर्थात संवादात्मक कौशल को विकसित किया जा सकता है (शर्मा, 2021)।

5. **समूह शिक्षण :** इस गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों को पाँच या छह के छोटे समूह में विभाजित किया जाता है। उनको एक कार्य पूरा करना होता है। जिससे वे एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानते हैं और मदद करना सीखते है। सहकारी अधिगम सामूहिक शिक्षण विद्यार्थियों में सामाजिक सहयोग व पारस्परिक कौशल विकसित करने में सहायता करते हैं (बोथा,2020)।

6. **परिस्थिति विश्लेषण :** परिस्थिति विश्लेषण के दौरान, विद्यार्थियों को समस्याओं का पता लगाने व समाधानों का सुरक्षित परीक्षण करने की अनुमति दी जाती है। इसके द्वारा विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने, भावनाओं को साझा करने और रचनात्मक सोच का विकास करने का अवसर प्राप्त होता है। जिसके द्वारा विद्यार्थियों में इक्कीसवी सदी के कौशल जैसे सहयोग, सामूहिकता, नेतृत्व व आलोचनात्मक सोच आदि कौशल विकसित किये जा सकते है (मेयर्स, 2011)।

जीवन कौशल शिक्षण हेतु अन्य महत्वपूर्ण शैक्षिक रणनीतियों में साथी शिक्षण, सहयोगी शिक्षण, संगीत, नृत्य और रंगमंच आदि को भी सम्मिलित किया जाता है।

निष्कर्ष

जीवन कौशल शिक्षा किशोरों को उनके समक्ष आने वाली कठिनाइयों व समस्याओं का साहसपूर्ण सामना करने एवं बेहतर जीवन जीने में एक औषधि के रूप में काम कर सकती है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली को पाठ्यक्रम के एक हिस्से के रूप में जीवन कौशल शिक्षा को अपनाना चाहिए क्योंकि यह विद्यार्थियों में तर्कसंगतता, दैनिक जीवन में उत्पन्न होने वाले भावात्मक गतिरोधों से ऊपर उठनें में सक्षम, स्वास्थ्य व्यवहार, सकारात्मक पारस्परिकता आदि में सक्षम बनाती है। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाने, बेहतर अनुकूलित कौशलों से लैस करने, बदलती जीवन की चुनौतियों का सामना करने, समाज व राष्ट्र के प्रति योगदान देने एवं सशक्त बनाने हेतु जीवन कौशल शिक्षा की महती आवश्यकता है। पूर्व शैक्षिक नीतियों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) को भी जीवन कौशल की आवश्यकता एवं महत्त्व को ध्यान में रखकर निर्मित किया गया है, जिसमें शिक्षा के प्रत्येक स्तर पर जीवन कौशल की चर्चा एवं इन कौशलों को पाठ्यक्रम में एकीकृत करने पर भी बल दिया गया। संक्षेप में, जीवन कौशल शिक्षा किशोरों में सकारात्मक सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु प्रभावी मनोसामाजिक रणनीति साबित हुई है, जो विद्यार्थियों में चुनौतियों का सामना करने और उनमें आत्मविश्वास, सहानुभूति व भावनात्मक बुद्धिमत्ता, आलोचनात्मक सोच, समस्या समाधान व निर्णय लेने के कौशल आदि को भी विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस प्रकार, जीवन कौशल शिक्षा को नियमित विद्यालयी पाठ्यक्रम में एकीकृत करना चाहिए।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :

भरत श्रीकला एवं के.किशोर. (2010). एमपोवेरिंग एडोलसैंट्स विथ लाइफ स्किल एजुकेशन इन स्कूल्स-स्कूल्स मेंटल हेल्थ प्रोग्राम:डस आईटी वर्क?, इंडियन जर्नल ऑफ साइकाइट्री. 52(4), 344-349.https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC3025161/

सुबीता, जीवी. (2013). इम्पर्टिंग लाइफ स्किल एजुकेशन. द डिपार्टमेंट ऑफ एडल्ट एंड कंटीन्यूइंग एजुकेशन,(2006) इंटरनेशनल वर्कशॉप ऑन लाइफ स्किल एजुकेशन फॉर यूथ डेवलपमेंट इन एट द यूनिवर्सिटी ऑफ मद्रास http://www.indiaeducationreview.com/article/current-educational-systemimparting-life-skills-education-

सुबास्री आर. एवं नायर राधा.ष्णन रंजन एस. (2010). द लाइफ स्किल अस्सेस्मेंट स्केल:द कंस्ट्रक्शन एंड वेलिडेशन ऑफ ए न्यू कोम्प्रेहेंसिव स्केल फॉर मेजरिंग लाइफ स्किल्स. स्कूल ऑफ लाइफ स्किल्स एजुकेशन, आरजीएनआईवाईडी,श्रीपेरुमबुदुर. https://www.iosrjournals.org/iosr-jhss/papers/Vol19-issue1/Version-9/G019195058.pdf

ताहन, एम., कलंतरी,एम., रड, टी, एस., अग्हेल, एम. जे., अशरी, एम., एवं सबरी, ए. (2020). द इम्पैक्ट ऑफ कम्युनिकेशन स्किल्स ट्रेनिंग ऑन सोशल इम्पोवेर्मेंट एंड सोशल एडजस्टमेंट ऑफ स्लो पेस्ड एडोलसैंट्स. जर्नल ऑफ एजुकेशनल, कल्चरल एंड साइकोलॉजिकल स्टडीज (इसीपीएस जर्नल), (21), 131-147. DOI: https://doi.org/10.7358/ecps-2020-021-taha

सुरेन्द्रन, जी., सर्कार, एस,, कन्दासमी, पी., रहमान, टी., इलियास, एस., एवं सक्थिवेल, एम. (2023). इफेक्ट्स ऑफ लाइफ स्किल्स एजुकेशन ऑन सोशियो-इमोशनल फंशिनिंग ऑफ एडोलसैंट्स इन अर्बन पुदुचेरी, इंडिया:ए मिक्स्ड मेथोड्स स्टडी. जर्नल ऑफ एजुकेशन एंड हेल्थ प्रमोशन, 12(1), 250. https://pubmed.ncbi.nlm.nih.gov/37727404/

वाई, कु, के. कोंग, क्यू., सोंग, वाई., डेंग, एल., कांग, वाई., एवं हु, ए. (2019). व्हाट प्रेडिक्ट एडोलैसैंट्स क्रिटिकल थिंकिंग अबाउट रियल-लाइफ न्यूज? द रोल ऑफ सोशल मीडिया न्यूज कंसम्पशन एंड न्यूज मीडिया लिटरेसी. थिंकिंग स्किल्स एंड क्रिएटिविटी, 33, 100570. https://doi.org/10.1016/j.tsc.2019.05.004

रजाक, ए. ए., रमदान, एम. आर., महजोम, एन., जाबित, एम. एन. एम., मुहम्मद, एफ., हुसैन, एम. वाई. एम., एवं अब्दुल्लाह, एन. एल. (2022). इम्प्रोविंग क्रिटिकल थिंकिंग स्किल्स इन टीचिंग थ्रू प्रॉब्लम-बेस्ड लर्निंग फॉर स्टूडेंट्स:ए स्कोपिंग रिव्यु. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ लर्निंग, टीचिंग एंड

एजुकेशनल रिसर्च, 21(2), 342-362. http://ijlter.org/index.php/ijlter/article/view/4888/pdf

कोलाकाडिओग्लू, ओ., एवं सेलिक, डी. बी. (2016). द इफेक्ट ऑफ डिसिशन-मेकिंग स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन सेल्फ-इस्टीम एंड डिसिशन-मेकिंग स्टाइल्स. यूरेशियन जर्नल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च, 16(65), 259-276.

Chrome extension://efaidnbmnnnibpcajpcglclefindmkaj/https://files.eric.ed.gov/fulltext/EJ1121907.pdf

शेवांडी चालिचे, के., हसनवंद, एफ., गलामी, जेड., एवं नफर, जेड. (2023). द एफेक्टिवेनेस ऑफ लाइफ स्किल्स ट्रेनिंग (प्रॉब्लम-सोल्विंग एंड डिसिशन मेकिंग) ऑन इंटरपर्सनल इंटेलिजेंस, लव ऑफ लर्निंग, एंड सेल्फ-कण्ट्रोल इन मेल स्टूडेंट्स. ईरानी जर्नल ऑफ एजुकेशनल सोसायटी, 8(2), 5766. DOI: 10.22059/JAPR.2021.300406.643483

नवाबी, एम., गुडार्जी, के., रूजबहानी, एम., एवं कोर्डेस्टानी, डी. (2019). इफेक्टिवनेस ऑफ प्रॉब्लम सोल्विंग स्किल्स ट्रेनिंग ऑन साइकोलॉजिकल हार्डीनेस एंड कोगनिटिव इमोशन रेगुलेशन स्ट्रेटेजीज इन हाई स्कूल स्टूडेंट्स. ईरानी जर्नल ऑफ एजुकेशनल सोशियोलॉजी, 2(4), 158-165. DOI: 10.29252/ijes.2.4.158

तिवारी, पी., नाइक, पी.आर., निर्गुडे, ए.एस., और दत्ता, ए. (2020). एफेक्टिवेनेस ऑफ लाइफ स्किल्स हेल्थ एजुकेशन प्रोग्राम:ए क्वासी-एक्सपेरिमेंटल स्टडी अमंग स्कूल स्टूडेंट्स ऑफ साउथ इंडिया. जर्नल ऑफ एजुकेशन हेल्थ प्रमोशन, 9 (1), 336. https://pubmed. ncbi.nlm.nih.gov/33575372/

कैंपबेल-हेइडर, एन., टटल, जे., और नैप, टी. आर. (2009). सीई फीचर: द इफेक्ट ऑफ पॉजिटिव एडोलसैंट्स लाइफ स्किल्स ट्रेनिंग ऑन लॉन्ग टर्म आउटकम्स फॉर हाई रिस्क टीन्स. जर्नल ऑफ एडिक्शन नर्सिंग, 20(1),6-15.https://pmc.ncbi.nlm.nih.gov/articles/PMC2995461/

विश्व स्वास्थ्य संगठन. (1993). लाइफ स्किल्स एजुकेशन फॉर चिल्ड्रन एंड एडोलैसैंट्स इन स्कूल्ज: इंट्रोडक्शन एंड गाइडलाइन्स टू फसिलिटटे द डेवलपमेंट एंड इम्प्लीमेंटेशन ऑफ लाइफ स्किल्स प्रोग्राम्स. जिनेवा स्विट्जरलैंड: ऑथर. https://iris.who.int/handle/10665/63552

यूनिसेफ. (2012). ग्लोबल इवैल्यूएशन ऑफ लाइफ स्किल्स एजुकेशन प्रोग्राम्स : फाइनल रिपोर्ट. नई यॉर्क: यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रन'स फण्ड.

https://evaluationreports.unicef.org/Get Document? documentID = 260&fileID=33182

सांग युएनहांग. (2022). द इन्लुएंस ऑफ इम्पैथी प्रोसोशल बेहेवियर ऑफ चिल्ड्रन. एडवांसेज इन सोशल साइंस एजुकेशन एंड हुमैनिटीस रिसर्च. 664. (प्रोसीडिंग्स ऑफ द 2022, 8 इंटरनेशनल कांफ्रेंस हुमैनिटीस एंड सोशल साइंस रिसर्च). DOI: 10.2991/assehr.k.220504.081

मोशिक मेहदी. तहेरे हसनजादे एंड परवानेह तैमूर. (2014) मोश्कि इफेक्ट ऑफ लाइफ स्किल्स ट्रेनिंग ड्रग एब्यूज प्रिवेंटिव बेहवियर्स अमंग यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ प्रिवेंटिव मेडिसिन. 5(5):577-583 https://pubmed.ncbi.nlm.nih.gov/24932389/

डेलोर्स, जैक्स. (1996). लर्निंग द ट्रेजर वीथिन: रिपोर्ट ऑफ इंटरनेशनल कमीशन ऑन एजुकेशन फॉर द ट्वेंटी-फर्स्ट सेंचुरी, यूनेस्को, पेरिस.

https://unesdoc.unesco.org/ark:/48223/pf0000109590

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड. (2013). कक्षा 6वीं के लिए लाइफ स्किल्स सीबीएसई टीचर्स मैनुअल्स. http://cbseacademic.in/web_material/Lifeskills/2_Life%20

भारत सरकार. (2020). राष्ट्रीय शिक्षा नीति: 2020. मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली.

https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/nep_update/NEP_final_HI_0.pdf

सतत विकास लक्ष्य, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (2015) https://sdgs.un.org/goals

गफौर, ओला, डब्लू, ए. एवं गफौर, वालिद. (2020). क्रिएटिव थिंकिंग स्किल्स.ए रिव्यु. https://www.researchgate.net/publication/349003763_Creative_Thinking_skill-

इल्जा, परादिबा. एवं सुची, तरिस्याह. (2023). द यूस ऑफ डिस्कशन एंड डिबेट मेथोड्स इन लर्निंग सिटिजनशिप एडुकेशन टू इमप्रोव क्रिटिकल थिंकिंग स्किल्स ऑफ एलीमेंट्री. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ स्टूडेंट्स एजुकेशन. पृष्ठ संख्या-56-59, 2344-4890. https://journal.berpusi.co.id/index.php/IJoSE/article/view/264

मेयेर्स, शेली. (2011). लाइफ स्किल्स ट्रेनिंग थी सिचुएटेड लर्निंग एक्सपीरियंस: एन अल्टरनेटिव इंस्ट्रशनल मॉडल. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ स्पेशल एडुकेशन 26.(3),

https://www.researchgate.net/publication/287568405_Life_skills_training_through_situated_learning_experiences_An_alternative_instructional_model

शर्मा, हेमलता. (2021). टीचिंग कम्युनिकेशन स्किल्स एंड लाइफ स्किल्स एंड

कंटेम्पररी इंडियन ड्रामा ए स्टडी ऑफ सिलेक्टेड प्लेस ऑफ महेश दत्तानी एंड विजय तेंदुलकर. (ए डोक्टोरल थीसिस इन इंग्लिश). ओसामिया यूनिवर्सिटी. http://hdl.handle.net/10603/363229

रानी, रेखा. (2020). इफेक्ट्स ऑफ सोशल स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन सेल्फ कांसेप्ट एंड सोशल कोम्पेटेंस ऑफ एलेमेंट्री स्कूल स्टूडेंट्स. (ए डोक्टोरल थीसिस इन इंग्लिश). पंजाब यूनिवर्सिटी. http://hdl.handle.net/10603/308956

बोथा, वंदिले. (2020). कोआपरेटिव लर्निंग बिल्डिंग कोआपरेटिव लर्निंग स्किल्स एंड ऐटीटुड. https://.researchgate.net/publication/340683766_Cooperative_Learning-

विश्व स्वास्थ्य संघठन (1997). प्रोग्राम ऑन मेंटल हेल्थ, लाइफ स्किल्स एजुकेशन फॉर चिल्ड्रेन एंड अदोल्सन्ट्स इन स्कूल्स. https://apps. who.int/iris/bitstream/handle/10665/63552/WHO_MNH_PSF_93.7A_Rev.2.pdf

यूनिसेफ (1994). कोम्प्रिहेंसिव लाइफ स्किल्स फ्रेमवर्क. https://www.unicef.org/india/media/2571/file/Comprehensive-lifeskills-framework.pdf

यूनिसेफ (1997). कोम्प्रिहेंसिव लाइफ स्किल्स फ्रेमवर्क. http://exploresel.gse.harvard.edu/frameworks/63/

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (2005). सर्कुलर, लाइफ स्किल्स एजुकेशन-रिगार्डिंग. DOI: 10.22059/JAPR.2021.300406.643483

जसमीत कौर
शोधछात्रा
शिक्षाशास्त्र विभाग
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश)
ई-मेल आईडी: jk0977894@gmail.com , मो. 9695260428

अभिषेक कुमार प्रजापति
सहायक आचार्य
शिक्षाशास्त्र विभाग, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय
सागर (मध्य प्रदेश)
ई-मेल आईडी: aprajapati123@gmail.com, मो. 9074803086

❑❑❑

नये दौर में हॉर्स ट्रेडिंग एवं रिसॉर्ट कल्चर की राजनीति : एक समीक्षात्मक अध्ययन

• डॉ. शक्ति जायसवाल

आज के दौर की भारतीय राजनीति में हॉर्स ट्रेडिंग और रिसॉर्ट कल्चर जैसे रणनीतियों का प्रयोग होना आम बात हो गई है। राजनीति जो सत्ता के लिए संघर्ष का खेल होती है, उसमें सत्ता प्राप्त करने के लिए किसी भी साधनों का प्रयोग मैकियावेली और चाणक्य की काल से ही उचित माना जाता रहा है। राजतंत्र रहा हो या लोकतंत्र राजनीति सदैव सत्ता के लिए संघर्ष का खेल है। आज के लोकतांत्रिक दौर में सत्ता प्राप्त करने के लिए सदन का बहुमत हासिल करना सर्वोपरि होता है। जब सदन में किसी भी एक दल को स्पष्ट बहुमत प्राप्त न हो तो गठबंधन का दौर शुरू हुआ। गठबंधन भी सत्ता प्राप्ति के लिए एक समान विचारधारा वाली राजनीतिक दलों का गठजोड़ है। सत्ता प्राप्त करने के लिए कई बार विचारधारा भी गौण हो जाती है उदाहरण के लिए महाराष्ट्र में कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने मिलकर सरकार बनाई थी। इसी राजनीति के सर्वोत्तम सुख सत्ता प्राप्ति ने हॉर्स ट्रेडिंग और रिसॉर्ट कल्चर को भी जन्म दे दिया। जब-जब सदन में किसी एक दल ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं किया तो वहां सांसदों या विधायकों की खरीद फरोख्त आम बात हो गई। सदन के सदस्यों को मंत्री पद की लालसा, बेहतर भविष्य की चाहत या राज दंड जिसमें इनकम टैक्स, आईबी, सीबीआई के छापे के खौफ के साए में एक गुट में विपक्षी को शामिल करना आसान हो जाता है और सत्ता प्राप्त कर ली जाती है। सदन में विश्वास या अविश्वास प्रस्ताव पर बहुमत जुटाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा देश के कोने-कोने में रिसॉर्ट बुक कराए जाते हैं, एवं बहुमत प्रस्तुत करने के दिन वहां से सदस्यों को सीधे सदन में उतारा जाता है। इसके लिए विधायकों की जो खरीद-बिक्री की जाती है, वह हॉर्स ट्रेडिंग का

रूप ले चुकी है। इन सब को हम राजनीति की भाषा में दल बदल की चुनौती के रूप में परिभाषित करते हैं।

इधर कुछ सालों में कांग्रेस एवं गैर भाजपा राजनीतिक दलों का आरोप है कि बिहार, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में कांग्रेस एवं गैर भाजपा सरकारों को गिराकर जनमत की चोरी करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन लोटस को सफल बनाने के लिए साम, दाम दंड एवं भेद की रणनीति का इस्तेमाल किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के संस्थापक सदस्य **प्रोफेसर जगदीप छोकर**[1] कहते हैं कि भाजपा की कोशिश देश में डबल इंजन सरकार बनाने की है। आज के मौजूदा दौर में दल बदल विरोधी कानून बेअसर हो चुका है। हाल के वर्षों में क्रॉस वोटिंग ने कांग्रेस और दूसरी सरकार के पतन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक पंकज बोहरा के अनुसार कांग्रेस पार्टी को दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय अपनी रणनीति को ठीक करने की जरूरत है। अभिषेक मनु सिंघवी राजस्थान के हैं जबकि कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा के लिए हिमांचल से लड़ाया। इस प्रकार से अखिलेश यादव की गलती रही है कि उन्होंने राज्यसभा के लिए नौकरशाहो को खड़ा किया जिसे केवल 19 वोट मिले। पार्टी के अंदर बहुत से अच्छे उम्मीदवार होते हैं जो वर्षों तक इंतजार करते हैं लेकिन जब कांग्रेस और सपा में भी अपने कार्यकर्ता की अनदेखी की जाती है तो बगावत लाजमी है। बीजेपी ने सिर्फ विपक्षियों की अंदरूनी फूट एवं अनिश्चितता के माहौल का लाभ उठाया है।

हाल के वर्षों में दल बदल के उदाहरण :

- 2016 अरुणाचल प्रदेश के पीपुल्स पार्टी के 43 विधायकों में से 33 विधायक बीजेपी में शामिल हो गए।
- 2019 में गोवा में कांग्रेस के 15 में से 10 विधायकों ने अपने विधायक दल का भाजपा में विलय कर दिया।
- 2019 में राजस्थान में बसपा के 6 विधायकों ने अपने राजनीतिक दल का कांग्रेस में विलय कर दिया।
- 2019 कर्नाटक में कांग्रेस-जेडीएस की गठबंधन सरकार के 17 विधायकों ने इस्तीफा दे दिया तत्कालीन कर्नाटक के विधानसभा

अध्यक्ष ने उन्हें अयोग्य ठहराया, जिससे कर्नाटक विधानसभा में विधायकों की सदस्य संख्या 225 से घटकर 208 रह गई और बहुमत का आंकड़ा 105 हो गया था। बाकी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विधायकों द्वारा इस्तीफा देने का यह मतलब नहीं कि उनको अयोग्य न ठहराया जाए, साथ ही स्पीकर को यह अधिकार नहीं की बागी विधायकों को उनके विधानसभा के बचे हुए कार्यकाल तक चुनाव लड़ने से रोक लगा दे।

- 2020 मध्य प्रदेश 2 में कांग्रेस पार्टी के 22 विधायकों ने ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ पार्टी से बगावत करते हुए अपना इस्तीफा दे दिया और 21 मार्च को भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया।
- 2022 महाराष्ट्र में शिवसेना के विधायको ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में दो तिहाई विधायकों के साथ उद्धव ठाकरे को छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए और एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- 2 जुलाई 2023 महाराष्ट्र में ही एनसीपी के अजीत पवार ने अपनी पार्टी के विधायकों के साथ सिंदूर फनी सरकार में उपमुख्यमंत्री बने एनसीपी के पास 53 विधायक थे अजीत पवार ने 40 से अधिक विधायक अपने समर्थन में होने का दावा किया था।
- 2024 हिमाचल प्रदेश 3 में राज्यसभा में बगावत करने वाले सभी 6 बाकी विधायकों को हिमाचल प्रदेश विधानसभा स्पीकर कुलदीप ने अयोग्य घोषित कर दिया मतदान के दौरान कांग्रेस के 6 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायकों ने भी भाजपा की उम्मीदवार के पक्ष में वोट किया, इससे भाजपा और कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दलों की उम्मीदवार को बराबर यानी 34-34 वोट मिले फिर पर्ची के जरिए फैसला किया गया जिसमें भाजपा के हर्ष महाजन की जीत हुई। किंतु स्पीकर ने छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था जिन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

हमें यह बात समझने की जरूरत है कि हॉर्स ट्रेडिंग और रिसॉर्ट कल्चर की राजनीति भारतीय राजनीति में कोई उच्च नैतिक आदर्श या प्रतिमान नहीं

गढ़ती बल्कि यह भारतीय राजनीति में बढ़ते भ्रष्टाचार ,अनैतिकता और सदन के सदस्यों के विचार शून्यता, स्वार्थपरता का परिणाम है। इसकी शुरुआत का श्रेय भाजपा को नहीं जा सकता। हम अगर इतिहास के आईने में देखेंगे तो नेहरू जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के बाद की राजनीति में चव्हाण समिति की रिपोर्ट 1969[4] हमें बताती है कि (मार्च 1967 से फरवरी 1968) इस 12 महीने में 438 दल बदल के मामले सामने आए हैं। कुल निर्वाचित 376 उम्मीदवारों में से 157 उम्मीदवार या सदन सदस्य इन 12 महीने में विभिन्न दलों में शामिल हुए हैं। विभिन्न राज्यों के दल बदल करने वाले 210 विधायकों में से 116 विधायक को मंत्री परिषद में शामिल किया गया था। स्पष्ट है कि उसे दौर में मंत्री पद की लालच में विधायकों का पाला बदलने आम बात हो गई थी। हरियाणा के एक विधायक गया लाल ने 1967 में एक ही दिन में तीन बार अपनी पार्टी बदली और **आया राम और गया राम का नारा** भारतीय राजनीति में स्थापित कर दिया।

दल बदल को रोकने के लिए संवैधानिक प्रयास

52वाँ संविधान संशोधन विधेयक, 1985[5] दल बदल रोकने संबंधी कानून के तौर पर सर्वप्रथम राजीव गांधी की सरकार ने सफलता प्राप्त की। इन्होंने 1985 में 52 वां संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 101, 102 ,190 और 191 में संशोधन करके दल बदल करने पर निर्वाचित सांसद विधायक के अयोग्यता तय करने के साथ ही इसे दसवीं अनुसूची में स्थापित कर दिया गया।

दल बदल करने वाले निर्वाचित सदस्य निम्न आधारों पर सदन से अयोग्य घोषित हो जाएंगे :

- **स्वैच्छिक सदन सदस्यता त्याग कर**–यदि कोई निर्वाचित सदस्य स्वेच्छा से अपनी राजनीतिक दल की सदस्यता का त्याग कर देता है।
- **दलिय निर्देशों का उल्लंघन**–सदन का कोई निर्वाचित सदस्य यदि अपने राजनीतिक दल जिससे वह चुनकर गया है, उसके किसी दलीय अनुशासन/व्हिप या जारी निर्देश का उल्लंघन कर आदेश के विपरीत मतदान करता है या बिना अपनी राजनीतिक दल के स्वीकृति के मतदान में अनुपस्थित रहता है।

- निर्दलीय निर्वाचित सदन का सदस्य किसी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है।
- मनोनीत सदस्य 6 माह का कार्यकाल पूरा करने के उपरांत किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है। इन उपरोक्त सभी परिस्थितियों में दल परिवर्तन करने वाले सदन के सदस्य की सदस्यता उसे सदन के अध्यक्ष के आदेश पर रद्द की जा सकती है।

सामूहिक दल बदल की अनुमति :

52वें संविधान संशोधन अधिनियम 1985 के द्वारा व्यक्तिगत दल परिवर्तन करने पर पूरी तरीके से रोक लग गई थी, किंतु इसका एक अपवाद इसमें शामिल किया गया था, जिसके अनुसार यदि किसी राजनीतिक दल के एक तिहाई सदस्य एक साथ दल परिवर्तन कर किसी दूसरे राजनीतिक दल में शामिल होते हैं, तो उनके ऊपर यह दल परिवर्तन कानून लागू नहीं होगा। वर्ष 2003 में इसमें संशोधन करते हुए **91वां संविधान संशोधन अधिनियम 2003**[6] पारित हुआ जिसके अंतर्गत सामूहिक दल बदल को तभी वैध माना जाएगा जब दल परिवर्तन करने वाले उस मूल राजनीतिक दल के कुल दो तिहाई सदस्य, उक्त विलय के पक्ष में हो।

दल बदल विरोधी कानून की चुनौतियां :

- **चुनावी जनादेश का उल्लंघन :** यह कानून व्यक्तिगत तौर पर राजनीतिक दल के सदस्य को अपना दल परिवर्तन करने पर रोक लगाता है, किंतु सामूहिक तौर पर राजनीतिक दल के सदस्यों को दल परिवर्तन करने को वैध ठहरा देता है। इस कानून के बावजूद हाल के वर्षों में कई राजनीतिक दलों के निर्वाचित सदस्यों की खरीद-फरोख्त या हॉर्स ट्रेडिंग में निरंतर बढ़ोतरी ही हुई है और रिसॉर्ट कल्चर विकसित हुआ है, जिसमें सत्ता प्राप्त करने के लिए राजनीतिक दल द्वारा अपने-अपने विधायकों को देश भर के रिसॉर्टो में छुपाना अब आम बात हो गई है।[7]
- **सदन में अधिकांश मुद्दों पर व्हिप जारी करने की परंपरा :** इस कानून के कारण सदन के निर्वाचित सदस्य अपने स्वतंत्र विवेक एवं मतदाताओं के हित के अनुसार मतदान नहीं कर पाते हैं तथा मुद्दे की प्र.ति जो भी हो वह अपने राजनीतिक दल के अनुशासनात्मक निर्देशों को मानने के लिए विवश होते हैं।

- **बहस और चर्चा पर प्रभाव :** यह कानून निर्वाचित सदस्यों को किसी भी मुद्दे पर गहराई से जांच करने और विचार विमर्श कर खुलकर बहस एवं प्रतिभाग करने के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन नहीं देता। इस तरह यह कानून बहुत और चर्चा को बढ़ावा देने के बजाय राजनीतिक दल और आंकड़ों पर आधारित लोकतंत्र का निर्माण करता है इसे संसद में किसी भी कानून पर होने वाली बहस कमजोर हो जाती है तथा असहमति (Dissent) एवं दल बदल (Defection) के बीच अंतर नहीं रह जाता।[8]
- **जनता के प्रति जवाब देही की शृंखला को बाधित किया है :** इस कानून ने निर्वाचित सदस्यों को राजनीतिक दलों के प्रति केवल जिम्मेदार ठहराकर जनता के प्रति जवाब देही की शृंखला को कमजोर कर दिया है।
- **सदन के स्पीकर की विवादास्पद भूमिका :** इस कानून में सदन के स्पीकर या अध्यक्ष के निर्णय की समय सीमा की कोई स्पष्टता नहीं है, कुछ मामले में सदन के स्पीकर का निर्णय आते-आते 6 माह तो कुछ मामले में 3 वर्ष भी लग जाते हैं। 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में एक मंत्री को अयोग्य घोषित कर दिया क्योंकि स्पीकर 3 साल की अवधि के बाद भी उनके खिलाफ दल परिवर्तन के मामले का निस्तारण नहीं कर पाए थे। कोर्ट ने घोषणा की कि स्पीकर को दल परिवर्तन संबंधी याचिकाओं पर अपने फैसले को अधिकतम तीन माह के भीतर घोषित करना चाहिए।

दल बदल विरोधी कानून न्यायिक समीक्षा के अधीन है :

मौलिक रूप से दल बदल विरोधी कानून के नियम-7 में यह उपबंध था कि अध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्णय भारतीय संविधान के अनुच्छेद 136, 226, 227 के तहत उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर रहेंगे। किंतु उच्चतम न्यायालय ने अपने अनेक निर्णयों में यह स्पष्ट कर दिया है कि दल बदल के संबंध में स्पीकर के निर्णय की न्यायपालिका द्वारा समीक्षा की जा सकती है।

किहोता होलोहॉन बनाम जचिल्हु और अन्य मामले, 1992 एस.सी.सी.-9 न्यायालय निर्णय दिया कि स्पीकर जो न्यायाधिकरण के रूप में कार्य करता है उसके निर्णय की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है।

राजेंद्र सिंह राणा एवं अन्य बनाम स्वामी प्रसाद मौर्य एवं अन्य मामले, 2007 10 में उच्चतम न्यायालय ने कहा की न्यायिक समीक्षा की शक्ति का निम्न परिस्थितियों में उपयोग किया जा सकता है-

- जब स्पीकर दल परिवर्तन की शिकायत पर कार्रवाई करने में विफल रहता है।
- जब स्पीकर बिना किसी निष्कर्ष और करण के विभाजन या विलय के दावे को स्वीकार करता है।
- जब स्पीकर दसवीं अनुसूची के अनुसार कार्य करने में विफल रहता है।

दल बदल विरोधी कानून को बेहतर बनाने के सुझाव :

- ➢ सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील विराग गुप्ता के अनुसार दल बदल कानून के दायरे से बचने के लिए निर्वाचित सांसद या विधायक इस्तीफा दे रहे, लेकिन जरूरत है कि ऐसा प्रावधान किया जाना चाहिए कि जिस कार्यकाल के लिए वह चुने गए थे अगर उससे पहले उन्होंने स्वेच्छा से त्यागपत्र दिया तो उन्हें उस वक्त तक चुनाव नहीं लड़ दिया जाए।
- ➢ फैजान मुस्तफा के अनुसार दल बदल कानून में संशोधन कर यह प्रावधान किया जाना चाहिए कि दल बदलने वाले विधायक पूरे 5 साल के कार्यकाल में चुनाव नहीं लड़ सकता या फिर वह अविश्वास प्रस्ताव में वोट देंगे तो वो वोट काउंट नहीं किया जाएगा।
- ➢ कई विशेषज्ञों ने यह सुझाव भी दिया है कि यह कानून केवल उन वोटों के लिए वैध होना चाहिए, जो सरकार की स्थिरता निर्धारित करते हैं, जैसे वार्षिक बजट या अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर।
- ➢ दिनेश गोस्वामी समिति' 1990 और चुनाव आयोग ने सिफारिश की थी कि दसवी अनुसूची के तहत निर्हता के मुद्दे पर निर्णय लेने का अधिकार राष्ट्रपति या राज्य के राज्यपाल को दिया जाना चाहिए, जो चुनाव आयोग की सलाह पर कार्य करेंगे।
- ➢ हासिम अब्दुल हलीम समिति की रिपोर्ट 1994 ,भारतीय विधि आयोग की 170 वी रिपोर्ट 1999, भारत के संविधान के कामकाज की समीक्षा करने के लिए राष्ट्रीय आयोग के रिपोर्ट 2002, हाशिम अब्दुल हलीम समिति की रिपोर्ट 2003, भारतीय विधि आयोग की 255वीं रिपोर्ट

2015, में इस कानून की खामियों की समीक्षा कर अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं, जिससे भारतीय लोकतंत्र को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जा सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि खुले विचार के तौर से संसद के पटल पर इन सुझावों पर चर्चा करके दल बदल विरोधी कानून को और बेहतर और लोकतांत्रिक बनाए जाने की आवश्यकता है ताकि भारतीय लोकतंत्र जनता का तंत्र बन सके।

राजनीति के इस बाजारीकरण में आए दिन अपनी पार्टी के प्रति निष्ठा को कपड़ों की तरह बदल कर हॉर्स ट्रेडिंग करने वाले इन राजनेताओं को इस बात को सोचना होगा कि जनता का विश्वास हासिल करना किसी ऑपरेशन का परिणाम नहीं होता। पत्रकार रवि प्रकाश के अनुसार कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 2018 में भारतीय जनता पार्टी को 103 सीट मिली थी, लेकिन ऑपरेशन लोटस का परिणाम था कि 2023 में प्रत्यक्ष रूप से उसकी सीट घटकर मात्र 66 रह गई। इसमें रिपोर्टिंग के दौरान पार्टी के कैडर के नेता ने उनसे कहा था कि पार्टी ने अपनी विचारधारा और कैडर से समझौता किया, विधायकों को पैसे का प्रलोभन, मंत्री पद देने का निवेश से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला। लोगों के बीच पार्टी की छवि धूमिल हुई और परिणाम आप सबके सामने हैं। इसी प्रकार महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी का विखंडन करके विगत 2 साल से जो राजनीति महाराष्ट्र में चल रही है वह ऑपरेशन के तौर पर कितनी सफल होगी, यह 2025 महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव बताएगा। इसी तरीके से आम आदमी पार्टी अगर देश की उभरती हुई राजनीतिक पार्टी है तो उसमें अन्ना हजारे की वैचारिकी का अमूल्य योगदान है। ठीक उसी तरह बहुजन समाजवादी पार्टी की नींव में कांशीराम और समाजवादी पार्टी के नींव में मुलायम सिंह के लोहियावादी सोच समाहित हैं। इसी प्रकार कांग्रेस भी स्वतंत्रता संग्राम संघर्ष के सेनानियों की वैचारिकी से प्रेरित रही है। क्षणिक स्वार्थ के लिए जब भी कोई दल अपने मूल से हटकर कार्य करेगा तो दीर्घकाल में उसका नुकसान होगा। इस तरह स्पष्ट है कि नए दौर की हॉर्स ट्रेडिंग और रिसॉर्ट कल्चर की राजनीति विमर्शी एवं निगरानी के लोकतंत्र का स्थाई समाधान कभी नहीं होंगे।

हमें समझने की जरूरत है कि यह देश गांधी का देश है, जहां अटल जी जैसे प्रधानमंत्री ने पार्टी के मूल्य एवं विचार के लिए सत्ता को लात मार दी थी,

भले ही उनकी सरकार 1996 में मात्र 13 दिन रही हो या 1998 में मात्र 01 वोट से सदन में बहुमत साबित करने में चूक गयी हो। अटल जी ने कहा था कि 11 ''पार्टी तोड़कर सत्ता के लिये नया गठबंधन करके अगर सत्ता हाथ में आती तो मैं ऐसी सत्ता को चिमटे से भी छूना पसंद नहीं करूंगा। न भीतो मरणादस्मि केवलं दूषितो यशः। भगवान राम ने कहा था कि मैं मृत्यु से नहीं डरता। अगर डरता हूँ तो बदनामी से डरता हूँ, लोकोपवाद से डरता हूँ। नीयत पर शक नहीं होना चाहिए'' सदन में अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ''अध्यक्ष महोदय कमर के नीचे वार नहीं होना चाहिये। नीयत पर शक नहीं होना चाहिये। मैने यह खेल नहीं किया, मैं आगे भी नहीं करूंगा'' वास्तव में 1996 में अटल जी का मत था कि जनादेश कांग्रेस के खिलाफ है, चुनाव में कांग्रेस की संख्या आधी रह गयी, किन्तु अब सदन में भाजपा के विरूद्ध सब इकट्ठा होकर कांग्रेस का समर्थन करने को भी तैयार है और समर्थन कांग्रेस से प्राप्त भी कर रहे है। 1998 में जब 13 राजनीतिक दलों के गठजोड़ से भारतीय जनता पार्टी की सरकार मात्र 13 महीने चली, तब लालकिले की प्राचीर से 15 अगस्त को ऐतिहासिक भाषण देते हुए अटल जी ने कहा था कि ''**मैं जानता हूँ कि आज की व्यवस्था में निर्दोष संन्यासी को सत्ता-पिपासु फांसी चढ़ा देते हैं। लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि मैंने जीवन में कभी सत्ता के लालच में सिद्धान्तों के साथ समझौता नहीं किया है, और न भविष्य में करूंगा। सत्ता का सहवास और विपक्ष का वनवास मेरे लिए एक जैसा है।**'' इस तरह हमें यह नहीं भूलना चाहिए की भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक दल के तौर पर स्थापित है तो इसमें कहीं न कहीं पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई जैसे युगपुरुष की दधीचि हड्डियां की आहुति दी गई है।

आहुति बाकी, यज्ञ अधूरा
अपनों के विघ्नों ने घेरा,
अन्तिम जय का वज्र बनाने,
नव दधीचि हड्डियाँ गलाएँ।
आओ फिर से दिया जलाएँ।
अटल बिहारी वाजपेयी जी

सन्दर्भ सूची :

1. अहमद, जुबेर: ''दल-बदल और क्रॉस वोटिंग: विपक्षी सरकारों के लिये कितनी बड़ी चुनौती, बी.जे.पी. को फायदा या नुकसान, ''बी.बी.सी. संवाददाता, 02 मार्च 2024
2. सैनी, गुरप्रीत: ''मध्य प्रदेश: दल-बदल कानून कैसे हुआ, बेमानी? ''बी.बी.सी. संवाददाता, 11 मार्च 2020
3. गुप्ता, अंकित: ''हिमांचल में सदस्यता गंवाने वाले 6 विधायकों पर दल-बदल विरोधी कानून लागू होगा या नहीं? ''टी.वी.-9, 29 फरवरी 2024
4. Malhotra, G.C. : Anti-Defection law in India and the Commonwealth (pp:3-9; 987-990 & 995)

   https://eparlib.nic.in/bitstream/123456789/58674/1/Anti_Defection_Law.pdf
5. डॉ. पाण्डेय, जय नरायन: भारत का संविधान, सेन्ट्रल लॉ एजेंसी, 50वां संस्करण, 2017, पृष्ठ-481
6. वही, डॉ. पाण्डेय, जय नरायन: भारत का संविधान, सेन्ट्रल लॉ एजेंसी, 50वां संस्करण, 2017, पृष्ठ-481
7. मिश्रा, दीप्ती: ''देश में दल-बदल लॉ की जरूरत क्यो पड़ी'' जागरण, 12 अप्रैल 2024
8. Rewaria, Sakshi: Anti-Defection Laws in India

   https://eparlib.nic.in/bitstream/123456789/58674/1/Anti_Defection_Law.pdf
9. कि हो तो होलोहान बनाम जा चील वाद 1992(1) एस0सी0सी0 309
10. राजेन्द्र सिंह राणा एंव अन्य बनाम स्वामी प्रसाद मौर्या वाद-2007
11. त्रिवेदी, विजय: ''हार नहीं मानूँगा'' एक अटल जीवन गाथा, हार्परकॉलिंस पब्लिशर्स इण्डिया, 2016, पृष्ठ संख्या-118, 127, 153

डॉ. शक्ति जायसवाल

एसोसिएट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान विभाग)

बुद्ध विद्यापीठ पी.जी. कॉलेज, नौगढ़-सिद्धार्थनगर

E-Mail: shaktijaiswal59@gmail.com

Mob: 9838606388

❑❑❑

सतत विकास लक्ष्यों (SDG) की प्राप्ति की दिशा में वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों के समाजशास्त्रीय आयामों पर बॉलीवुड फिल्मों का एक अध्ययन

• प्रो. (डॉ.) रमेश कुमार शर्मा

सतत विकास लक्ष्य (SDGs) एक वैश्विक एजेंडा है जिसे 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस संकल्प के साथ अपनाया गया की आगामी पंद्रह वर्षों यानी 2030 तक वैश्विक स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, गरीबी, असमानता और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं को समाप्त करना है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए संयुक्त राष्ट्र और स्थानीय सरकारों के प्रयासों को जन जन तक पहुंचने और प्रेरित करने में सुचना और संचार के जन माध्यमों की भूमिका अत्यंत महत्त्व पूर्ण है। भारत में सिनेमा अथवा फिल्म का सूचना और जन माध्यमों का सबसे प्रचलित और आकर्षक माध्यम होने कारण इसकी भूमिका को केंद्र में रखकर अध्ययन किया गया है। बॉलीवुड भारत का सबसे बड़ा हिंदी फिल्म उद्योग है, जिसे हिंदी सिनेमा के रूप में भी जाना जाता है। यह शोध पत्र बॉलीवुड फिल्मों के माध्यम से वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों के समाजशास्त्रीय आयामों की समीक्षा करता है और भारत में सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) को प्राप्त करने में इन फिल्मों की भूमिका को उजागर करता है। कुछ चुनिंदा फिल्मों के माध्यम से पर्यावरणीय समस्याओं, सामाजिक दृष्टिकोण और जनता के व्यवहार में बदलाव की दिशा में योगदान का अध्ययन किया गया है। इस शोध का मुख्य उद्देश्य है कि यह पता लगाया जाए कि किस प्रकार बॉलीवुड फिल्मों ने पर्यावरणीय मुद्दों को समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया और समाज में जागरूकता बढ़ाई।

 ISSN 2278-4632 जनवरी-जून 2025

विशिष्ट शब्द : *सतत विकास लक्ष्य (SDGs), संयुक्त राष्ट्र, बॉलीवुड, पर्यावरण, सूचना, सिनेमा*

प्रस्तावना

सतत विकास लक्ष्य (SDGs) कुल 17 लक्ष्यों और 169 उपलक्ष्यों के माध्यम से आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय, और पर्यावरण संरक्षण और उसमें संतुलन स्थापित करने का एक संकल्प है जिसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2015 अनुमोदित किए गया और 2030 तक हासिल करने की योजना बनाई गई है। इस संकल्प में जिन 17 लक्ष्यों को चिन्हित किया गया उनका विवरण निम्नवत है :

1. गरीबी का उन्मूलन: सभी जगहों पर गरीबी को समाप्त करना।
2. भूख का उन्मूलन: खाद्य सुरक्षा और पोषण को सुनिश्चित करना, और स्थायी कृषि का विकास करना।
3. स्वास्थ्य और कल्याण: सभी के लिए स्वस्थ जीवन और कल्याण को बढ़ावा देना।
4. गुणवत्ता शिक्षा: सभी के लिए समावेशी और गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करना और जीवनभर के लिए सीखने के अवसर प्रदान करना।
5. लैंगिक समानता: महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को सशक्त बनाना और लैंगिक समानता को प्राप्त करना।
6. स्वच्छ पानी और स्वच्छता: सभी के लिए जल और स्वच्छता की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
7. सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा: सभी के लिए सस्ती, विश्वसनीय, टिकाऊ और आधुनिक ऊर्जा की पहुँच सुनिश्चित करना।
8. सामाजिक और आर्थिक विकास: समावेशी, टिकाऊ और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देना और पूर्ण और उत्पादक रोजगार और सभी के लिए काम करना।
9. औद्योगीकरण, नवाचार और अवसंरचना: टिकाऊ औद्योगीकरण और नवाचार को बढ़ावा देना।
10. असमानता में कमी: देशों के भीतर और देशों के बीच असमानता को कम करना।

11. सतत शहर और समुदायः सतत शहरों और मानव बस्तियों का निर्माण करना।
12. उपयोग और उत्पादन के पैटर्न का स्थायित्वः टिकाऊ उपभोग और उत्पादन के पैटर्न को सुनिश्चित करना।
13. जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध कार्रवाईः जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों के खिलाफ तात्कालिक कार्रवाई करना।
14. जल के पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षणः महासागरों, समुद्रों और समुद्री संसाधनों का सतत उपयोग करना।
15. स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षणः भूमि और पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण करना, वनों की रक्षा करना और भूमि में अवनति को रोकना।
16. शांतिपूर्ण और समावेशी समाजः शांतिपूर्ण और समावेशी समाज का निर्माण करना, न्याय की उपलब्धता सुनिश्चित करना और संस्थाओं का निर्माण करना।
17. सहयोग के लिए साझेदारीः वैश्विक स्तर पर सतत विकास को प्राप्त करने के लिए सहयोग बढ़ाना।

SDGs का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी लोग, चाहे वे किसी भी पृष्ठभूमि से हों, एक बेहतर जीवन जी सकें तथा प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण का समुचित उपयोग के साथ साथ उसमें संतुलन बना रहे। इन लक्ष्यों (SDGs) का समग्र दृष्टिकोण विकास के लिए समावेशी और टिकाऊ

Image source: https://sdgs.un.org/goals

ISSN 2278-4632

तरीकों को अपनाने पर जोर देता है, जिससे भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक बेहतर और अधिक सुरक्षित दुनिया का निर्माण किया जा सके।

पर्यावरणीय मुद्दे तथा समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण: साहित्य समीक्षा

भारत एक बहुसांस्कृतिक और बहुधार्मिक देश है, परन्तु यहाँ लगभग सभी धर्मों की मान्यताओं में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति गहरी आस्था पाई जाती है। हिन्दू धर्म में, नदियों, पेड़ों और पर्वतों की पूजा की जाती है, जबकि बौद्ध धर्म और जैन धर्म में अहिंसा और पर्यावरण की रक्षा पर बल दिया जाता है। इस धार्मिक दृष्टिकोण के कारण लोगों में पर्यावरण के संरक्षण की भावना स्वाभाविक रूप से विद्यमान रहती है। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी अगर हम अवलोकन करें तो हमें ज्ञात होता है की हमारे पूर्वज और मनीषी सदैव सामुदायिक विकास और स्थानीय संसाधनों के उचित उपयोग और आर्थिक विकास के साथ-साथ समाज में समानता और समरसता पर भी जोर देने की बात करते थे जो कि पर्यावरणीय संतुलन और सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों के समाजशास्त्रीय आयामों पर चर्चा करते हुए, यह समझना आवश्यक है कि पर्यावरण और समाज के बीच घनिष्ठ संबंध है। भारत में सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) की प्राप्ति के लिए यह ज़रूरी है कि हम सामाजिक संरचनाओं, आर्थिक असमानताओं और सांस्कृतिक कारकों को ध्यान में रखें। पर्यावरण के मुद्दों पर समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से सम्बंधित कुछ प्रकाशनों जैसे पुस्तकों और शोध पत्रों की संछिप्त समीक्षा इस प्रकार है:

1. Gadgil, Madhav & Guha, Ramachandra (1995). Ecology and Equity: The Use and Abuse of Nature in Contemporary India.

माधव गाडगिल और रामचंद्र गूह की पुस्तक *'इकोलॉजी एंड इक्विटी'* में समकालीन भारत में प्रकृति के उपयोग और दुरुपयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया है। लेखक यह तर्क करते हैं कि पर्यावरणीय असमानताओं के बढ़ते स्तर के साथ-साथ आर्थिक विकास की प्रक्रिया में सामाजित और पारिस्थितिकीय न्याय की कमी स्पष्ट होती जा रही है। यह पुस्तक भारत में पारिस्थितिकी और सामाजिक न्याय के बीच के संबंधों की जटिलताओं को उजागर करती है, विशेष रूप से आदिवासी और गरीब समुदायों पर इसके प्रभाव को। गाडगिल

और गूह का यह अध्ययन न केवल पर्यावरणीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक न्याय के दृष्टिकोण से भी आवश्यक है।

2. Agarwal, Anil & Narain, Sunita (1997). Dying Wisdom: Rise, Fall and Potential of India's Traditional Water Harvesting Systems.

Agarwal & Narain (1997) द्वारा प्रकाशित पुस्तक " Dying Wisdom: Rise, Fall and Potential of India's Traditional Water Harvesting Systems." भारत के पारंपरिक जल संचयन प्रणालियों के उत्थान, पतन और संभावनाओं का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक दर्शाती है कि किस प्रकार जल संकट के संदर्भ में पारंपरिक ज्ञान और प्रथाओं को भुलाया जा रहा है। लेखक बताते हैं कि इन पारंपरिक प्रणालियों का संरक्षण और पुनर्स्थापन न केवल जल संसाधनों के प्रबंधन के लिए आवश्यक है, बल्कि यह स्थानीय समुदायों के लिए भी जीवनदायिनी साबित हो सकता है। इस अध्ययन में जल प्रबंधन की पारंपरिक विधियों की पुनर्वापसी की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

3. Guha, Ramachandra & Martinez-Alier, Joan (1998). Varieties of Environmentalism: Essays North and South.

गुहा और मार्टिनेज-एलियेर (1998) की पुस्तक "Varieties of Environmentalism" में उत्तरी और दक्षिणी देशों के पर्यावरणीय विचारों की तुलना की गई है। यह पुस्तक विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भों में पर्यावरणीय चिंताओं की विविधता को उजागर करती है, जिसमें विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच के जटिल संबंधों का विश्लेषण किया गया है। लेखक यह तर्क करते हैं कि पर्यावरणीय मुद्दे केवल वैश्विक नहीं हैं, बल्कि उनके स्थानीय और ऐतिहासिक संदर्भ भी महत्वपूर्ण हैं। यह अध्ययन पर्यावरणीय सक्रियता के विभिन्न रूपों को समझने में सहायक है, जो विभिन्न देशों की विशेष परिस्थितियों पर निर्भर करते हैं।

4. Berkes, Fikret (2008). Sacred Ecology.

फिकरेट बर्केस (2008) की "Sacred Ecology" में पारिस्थितिकी और स्थानीय ज्ञान के बीच के संबंधों का अध्ययन किया गया है। लेखक यह स्पष्ट करते हैं कि पारंपरिक समुदायों का प्रकृति के प्रति संबंध एक आध्यात्मिक दृष्टिकोण से जुड़ा हुआ है, जो पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। बर्केस का यह काम दिखाता है कि कैसे स्थानीय ज्ञान और अभ्यास,

विशेष रूप से पवित्र स्थलों और सांस्कृतिक मान्यताओं के संदर्भ में, पारिस्थितिकी और संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं। यह अध्ययन पारिस्थितिकी और संस्कृति के संयोग को समझने में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

5. IPCC (2014). Climate Change 2014: Impacts, Adaptation, and Vulnerability.

आईपीसीसी (2014) की जलवायु परिवर्तन 2014: प्रभाव, अनुकूलन, और संवेदनशीलता रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों और मानव समाज पर इसके दीर्घकालिक परिणामों का विश्लेषण करती है। यह रिपोर्ट बताती है कि जलवायु परिवर्तन न केवल पर्यावरणीय बल्कि आर्थिक और सामाजिक रूप से भी विनाशकारी हो सकता है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां लोगों की संवेदनशीलता अधिक है। इसमें अनुकूलन की रणनीतियों पर जोर दिया गया है, जो स्थानीय समुदायों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचने और अपने जीवन को सुरक्षित रखने में मदद कर सकती हैं। रिपोर्ट यह दर्शाती है कि वैश्विक और स्थानीय स्तर पर सहयोग के बिना जलवायु परिवर्तन से निपटना असंभव है।

6. Shiva, Vandana (2016). Staying Alive: Women, Ecology and Development

वंदना शिवा की पुस्तक स्टेइंग अलाइव: वुमेन, इकोलॉजी एंड डेवलपमेंट में महिलाओं की भूमिका और पारिस्थितिकी के बीच के गहरे संबंधों की चर्चा की गई है। शिवा का तर्क है कि महिलाओं ने पारिस्थितिकीय स्थिरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, विशेष रूप से ग्रामीण और कृषि आधारित समुदायों में। वह इस बात पर जोर देती हैं कि विकास के मौजूदा मॉडल अक्सर महिलाओं की आवाज़ और उनके ज्ञान को नजरअंदाज करते हैं, जो कि पारिस्थितिकी और समाज के लिए हानिकारक होता है। इस प्रकार, पुस्तक यह दिखाती है कि यदि हम सच में स्थायी विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो हमें महिलाओं के पारंपरिक ज्ञान और अनुभव को सम्मानित करना और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करना आवश्यक है।

7. Singh,R. (2020). "Sustainable Development Goals and Sociological Perspectives." Journal of Environmental Sociology

Journal of Environmental Sociology में प्रकाशित R. Singh का लेख

"Sustainable Development Goals and Sociological Perspectives" पर्यावरणीय समाजशास्त्र की दृष्टि से स्थायी विकास लक्ष्यों का विश्लेषण करता है। इस लेख में बताया गया है कि कैसे समाजशास्त्र का दृष्टिकोण सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कारकों के बीच जटिल अंतर्संबंधों को समझने में मदद कर सकता है। सिंह इस बात पर जोर देते हैं कि स्थायी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हमें न केवल तकनीकी समाधान की आवश्यकता है, बल्कि सामाजिक संरचनाओं और प्रक्रियाओं के संदर्भ में भी एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। इस प्रकार, यह लेख सामाजिक न्याय, सामुदायिक भागीदारी और पर्यावरणीय स्थिरता के महत्व को रेखांकित करता है।

उपर्युक्त पुस्तकों और शोध पत्रों की समीक्षा के आधार पर हम यह कह सकते हैं की, वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण भारत के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हम पर्यावरणीय समस्याओं के सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक प्रभावों को समझें और समावेशी नीतियों के माध्यम से सभी वर्गों के लिए समान अवसर और न्याय सुनिश्चित करें। इस प्रकार, सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से पर्यावरणीय मुद्दों को समझना और उनके समाधान के लिए सामुदायिक और सामाजिक ढांचे में बदलाव आवश्यक है।

अध्ययन का उद्देश्य

बॉलीवुड, भारत की सबसे प्रचलित हिंदी फिल्म इंडस्ट्री होने के साथ-साथ सामाजिक संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का एक सशक्त साधन भी है। जिसने समय-समय पर सामाजिक मुद्दों को उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य पर्यावरणीय मुद्दों पर केंद्रित बॉलीवुड हिंदी फिल्मों का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से विश्लेषण करना है, जिनका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने और उनके व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास किया गया है।

बॉलीवुड फिल्मों में पर्यावरणीय मुद्दे तथा समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण

सुचना एवं जन संचार तथा मनोरंजन के क्षेत्र में बॉलीवुड (हिंदी फिल्म इंडस्ट्री) का प्रमुख स्थान है, यह भारत की सबसे प्रचलित एवं प्रमुख फिल्म

इंडस्ट्री होने के साथ-साथ दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म इंडस्ट्री में से एक है। बॉलीवुड की शुरुआत 1913 में दादा साहेब फाल्के के द्वारा निर्मित पहली मूक फिल्म राजा हरिश्चंद्र से हुई थी। आज लगभग सौ वर्षों से अधिक का सफर तय कर चुकी बॉलीवुड इंडस्ट्री में हर साल हज़ारों फिल्में बनती हैं, जो न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी रिलीज़ होती हैं। बॉलीवुड फिल्मों का निर्यात कई देशों में होता है, विशेषकर मध्य-पूर्व, अमेरिका, ब्रिटेन और दक्षिण-पूर्व एशिया में। बॉलीवुड भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होने के साथ पर्यटन को भी बढ़ावा देती है जिससे विदेशी दर्शक भी भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति आकर्षित होते हैं। बॉलीवुड का भारतीय समाज और जीवनशैली पर गहरा प्रभाव है। इसने मनोरंजन के अलावा सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) की प्राप्ति के लिए बॉलीवुड फिल्मों के समाजशास्त्रीय द्दटिकोण की बात करें तो हम फिल्मों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का निर्माण, संवेदनशीलता और नैतिकता का विकास, सामुदायिक भागीदारी और समाधान, पर्यावरणीय न्याय, व्यक्तिगत जिम्मेदारी का बोध और नीति निर्माताओं पर प्रभाव का आकलन करते हैं। पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए बॉलीवुड हिंदी फिल्मों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रदूषण, जल संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संतुलन जैसे विषयों को कहानी के केंद्र में रखकर कई फिल्मों का निर्माण किया है। अतः पर्यावरणीय समस्याओं का समाजशास्त्रीय अध्ययन समझने के लिए कुछ हिंदी फिल्मों का विश्लेषण प्रस्तुत है :

1. SDG 13 और 15 को केंद्र में रखकर बॉलीवूड निर्देशक अभिषेक कपूर ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और अभिनेत्री सारा अली खान को लेकर 2013 में केदारनाथ में आयी भयंकर बाढ़ और भूस्खलन की विभीषिका को एक प्रेम कहानी के माध्यम से दर्शाया गया है, फिल्म 'केदारनाथ' के केंद्र में एक बड़ा पर्यावरणीय मुद्दा है। तीर्थयात्रा के दौरान पर्यटन के बढ़ते दबाव, अव्यवस्थित विकास, और पर्यावरण के प्रति लापरवाह द्दष्टिकोण को दर्शाया गया है, जिससे प्राकृतिक आपदाओं का खतरा और भी बढ़ जाता है। बी बी सी के हवाले से प्रकाशित एक

रिपोर्ट के अनुसार इस भयावह त्रासदी में हज़ारों लोगों की मृत्यु हो गयी और कुछ का तो अता पता ही नहीं लग पाया, वैसे तो यह प्राकृतिक आपदा थी परन्तु भारी धन-जन की हानि के पीछे अव्यस्थित जनसंख्या वृद्धि और पहाड़ों को तोड़कर किया गया अव्यवस्थित निर्माण हैं। फिल्म में जलवायु परिवर्तन और मानव गतिविधियों के कारण उत्पन्न पर्यावरणीय असंतुलन को अप्रत्यक्ष रूप से दिखाया गया है।

फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह मानवीय गतिविधियों, जैसे अधिक निर्माण कार्य और जंगलों की कटाई, ने क्षेत्र की पारिस्थितिकी को प्रभावित किया है। इन गतिविधियों ने नदियों की धाराओं में अवरोध पैदा किया, जिसके परिणामस्वरूप 2013 की आपदा और भी विनाशकारी साबित हुई। 'केदारनाथ' इस बात को भी उजागर करती है कि किस प्रकार पर्वतीय क्षेत्रों में अतिवृष्टि और भूस्खलन जैसी घटनाएं जलवायु परिवर्तन से जुड़ी हुई हैं। यह प्राकृतिक आपदा हमारे लिए एक चेतावनी के रूप में देखी जा सकती है कि अगर हम जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान नहीं देंगे, तो इस तरह की आपदाएं बार-बार होंगी। फिल्म 'केदारनाथ' पर्यावरणीय असंतुलन के बीच मानवीय रिश्तों और संघर्षों को दिखाने का प्रयास करती है, जो यह संदेश देती है कि प्रकृति के साथ तालमेल बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

2. SDG 13: जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को उजागर करने और इससे निपटने के लिए 2017 में कड़वी हवा' एक संवेदनशील और गंभीर फिल्म है जो जलवायु परिवर्तन और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाले संकटों को उजागर करती है। फिल्म की कहानी बुंदेलखंड और ओडिशा के सूखाग्रस्त और बाढ़ प्रभावित इलाकों के इर्द-गिर्द घूमती है, जहाँ किसानों का जीवन जलवायु असंतुलन से बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। नील माधब पांडा द्वारा निर्देशित यह फिल्म पर्यावरण के दो बड़े मुद्दों जलवायु में आ रहे बदलाव और जल स्तर में असंतुलन और सूखा या बाढ़ जैसी गंभीर समस्याओं को दर्शाती है, फिल्म की पृष्ठ्भूमि उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड और उड़ीसा के तटीय इलाकों पर केंद्रीय है दोनों क्षेत्रों में पर्यावरणीय असंतुलन होने के कारण जहाँ बुंदेलखंड के लोग

कम बरसात होने और जल स्तर घटने की समस्या से जूझ रहे हैं वही उड़ीसा के तटीय इलाके के लोग अत्यधिक वर्षा, बाढ़ और जल स्तर बढ़ने से परेशान दिखाए गए हैं। यह फिल्म पूरे देश में जारी मौसमी बदलाव और उसके दुष्प्रभाव को दर्शाने के साथ साथ किसानों की आत्महत्या जैसे ज्वलंत मुद्दों को सामने लाती है। यह फिल्म न सिर्फ एक गंभीर सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दे को दर्शाती है बल्कि यह सन्देश भी देती है की समय रहते अगर इस गंभीर समस्या से हम सचेत नहीं होंगें तो पूरे विश्व को जलवायु परिवर्तन के गंभीर परिणामों को झेलना होगा।

3. कांतारा ऋषभ शेट्टी द्वारा निर्देशित एक कन्नड़ फिल्म है जिसको हिंदी भाषा में डब करके प्रदर्शित किया गया है, कांतारा कन्नड़ भाषा का शब्द है जिसका एक अर्थ जंगल होता है। कर्नाटक में जंगल के देवता को कांतारे कहा जाता है। यह फिल्म SDG 15 स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण करना, वनों की रक्षा करना और भूमि में अवनति को रोकना तथा SDG 16 शांतिपूर्ण और समावेशी समाज पर आधारित है, 'कांतारा' फिल्म की कहानी का मूल विषय वन और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण है, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से, फिल्म वन संसाधनों के दोहन, अवैध खनन, और जंगलों की कटाई के नकारात्मक प्रभावों को सामने लाती है, जो सीधे तौर पर स्थानीय समुदायों की आजीविका और पारिस्थितिकी पर प्रभाव डालते हैं। निर्देशक ने फिल्म के माध्यम से जंगल में बसने वाले वनवासियों और आदिवासियों का जंगल एवं वन सम्पदा पर उनके अधिकारों को प्रस्तुत करने के साथ-साथ यह संदेश भी प्रसारित करता है कि जंगल और प्राकृतिक सम्पदा के बिना वहाँ के लोगों की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान समाप्त हो जाती है। आदिवासी समुदाय अपने अस्तित्व के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर होते हैं, और इन संसाधनों की हानि न केवल पर्यावरणीय असंतुलन पैदा करती है, बल्कि स्थानीय समुदायों को भी हाशिये पर धकेलती है। कहानी के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती वन्यजीवों और मानवों के बीच संघर्ष, पारंपरिक संसाधनों की कमी और प्रकृति के प्रति मानवीय लालच की भी

आलोचना की गई है। फिल्म में दिखाया गया है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना न केवल सामुदायिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पर्यावरणीय स्थिरता के लिए भी आवश्यक है।

समाज शास्त्रीय दृष्टिकोण का सामान्य अर्थ सामाजिक जागरूपता, संवेदनशीलता, सामुदायिक भागीदारी और व्यक्तिगत जिम्मेदारी का बोध होता है। सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) में निहित वैश्विक पर्यावरणीय और जलवायु परिवर्तन समेत अन्य मुद्दों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, समानता, गरीबी उन्नमूलन, लिंग भेदभाव और स्वछता सदैव बॉलीवुड फिल्मों का प्रमुख विषय रहा है। SDG 3: स्वास्थ्य और कल्याण को ध्यान में रखकर पैडमैन, SDG 6: स्वच्छ जल और स्वच्छता पर आधारित - टॉयलेट: एक प्रेम कथा, SDG 13: जलवायु परिवर्तन पर आधारित कड़वी हवा, SDG 15: स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण-पर केंद्रित शेरनी और अभी हाल में प्रदर्शित फिल्म रोबोट जिसमें मोबाइल टावर द्वारा निकलने वाले चुंबकीय तरंगों से गोरैया व अन्य छोटी पक्षियों की प्रजातियां पर हो रहे नुकसान को दिखाया गया है। यह सब सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) पर आधारित कुछ बॉलीवुड फिल्मों के उदहारण है ऐसी अनगिनत हिंदी फ़िल्में है जिनका समाज, पारिस्थितिकी और पर्यावरण को लेकर जन चेतना के निर्माण और सामाजिक सुधारों में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।

निष्कर्ष

समाज शास्त्रीय दृष्टिकोण का सामान्य अर्थ सामाजिक जागरूपता, संवेदनशीलता, सामुदायिक भागीदारी और व्यक्तिगत जिम्मेदारी का बोध होता है। सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) में निहित वैश्विक पर्यावरणीय और जलवायु परिवर्तन समेत अन्य मुद्दों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, समानता, गरीबी उन्मूलन, लिंग भेदभाव और स्वछता सदैव बॉलीवुड फिल्मों का प्रमुख विषय रहा है। SDG 3: स्वास्थ्य और कल्याण को ध्यान में रखकर पैडमैन, SDG 6: स्वच्छ जल और स्वच्छता पर आधारित - स्वदेश लगान एवं टॉयलेट: एक प्रेम कथा, SDG 13: जलवायु परिवर्तन पर आधारित कड़वी हवा, SDG 15: स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण-पर केंद्रित शेरनी और अभी हाल में प्रदर्शित फिल्म रोबोट जिसमें मोबाइल टावर द्वारा निकलने वाले चुंबकीय तरंगों से गोरैया व अन्य छोटी पक्षियों की प्रजातियां पर हो रहे नुकसान को दिखाया गया

है। यह सब सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) पर आधारित कुछ बॉलीवुड फिल्मों के उदहारण है ऐसी अनगिनत हिंदी फ़िल्में है जिनका समाज, पारिस्थितिकी और पर्यावरण को लेकर जन चेतना के निर्माण और सामाजिक सुधारों में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:

- Agarwal, Anil & Narain, Sunita (1997). Dying Wisdom: Rise, Fall and Potential of India's Traditional Water Harvesting Systems.
- Berkes, Fikret (2008). Sacred Ecology.
- Guha, Ramachandra & Martinez-Alier, Joan (1998). Varieties of Environmentalism: Essays North and South.
- Gadgil, Madhav & Guha, Ramachandra (1995). Ecology and Equity: The Use and Abuse of Nature in Contemporary India.
- IPCC (2014). Climate Change 2014: Impacts, Adaptation, and Vulnerability.
- Singh, R. (2020). "Sustainable Development Goals and Sociological Perspectives." Journal of Environmental Sociology.
- Shiva, Vandana (1988). Staying Alive: Women, Ecology and Development.
- Shiva, Vandana (2016). Staying Alive: Women, Ecology and Development.
- https://www.jansatta.com/review/movie-review/kadvi-hawa-movie-review-film-imdb-rating
- https://www.bhaskar.com/ent-revi-rev-movie-review-jal-4570200-nor.html/
- https://www.bbc.com/hindi/articles/cge198wd4eko#
- https://indiafoundation.in/articles-and-commentaries/the-2013-kedarnath-tragedy-and-the-post-calamity-eco-conscious-development/
- https://www.bhaskar.com/bihar/shekhapura/news/sparrow39s-twitter-is-now-a-thing-of-the-past-birds-that-are-extinct-from-radiation-093005-4819319.html
- https://navbharattimes.indiatimes.com/movie-masti/movie-review/2-0-movie-review-in-hindi/moviereview/66858544.cms

प्रो. (डॉ.) रमेश कुमार शर्मा

विवेकानंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज, दिल्ली

❑❑❑

भारत में पुर्तगालियों द्वारा निर्मित प्रथम दुर्ग के अवशेष

केरल के कोच्चि के दक्षिण समुद्रतटीय क्षेत्र की लहरों के कारण से फोर्ट इम्मेनुअल के अवशेष उजागर हुए हैं। विशेषज्ञों का विश्वास है कि यह पुर्तगालियों द्वारा एशिया में निर्मित प्रथम दुर्ग है। कोचीन विश्वविद्यालय के समुद्री भूगर्भ शास्त्रियों के अनुसार उजागर हुए अवशेष सम्भवतः फोर्ट इम्मेनुअल के हो सकते हैं जिसका निर्माण पुर्तगालियों ने 1503 ई. में किया था। समुद्री भूगर्भ शास्त्री रथीस कुमार का मानना है कि वे इस बारे में यह निश्चय कर रहे हैं कि क्या यह मूल दुर्ग है जिसे पुर्तगालियों ने बनाया था या डचों ने इसका पुनर्निर्माण करवाया था।

यह अत्यंत दिलचस्प खोज है जिससे भारत में पुर्तगालियों के आगमन के काल, उनके द्वारा निर्मित दुर्ग एवं व्यापारिक संस्थान की जानकारी प्राप्त होती है।

टाईम्स ऑफ इण्डिया

25 जून, 2025

रायपुर संस्करण

❑❑❑

बहज-पुरातात्विक उत्खनन की सर्वे रिपोर्ट

प्रागैतिहासिक काल हो पुरामहत्व का युग, राजस्थान सदैव से ही चर्चा में रहा है। कालीबंगा, आहड़ जैसे पुरास्थलों ने राज्य को विश्व पटल पर विशिष्ट पहचान दी है। राजस्थान के भरतपुर संभाग के डीग जिले के पास बहज गांव में 2024 से पुरातात्विक खुदाई का कार्य चल रहा है। एक लम्बे इंतजार के बाद विगत मई में वहां की यात्रा करने का अवसर मिला। प्रारम्भिक अन्वेषण में पुराविदों ने इसे रेड-वेयर साइट रिपोर्ट किया था।

डीग अपने जल महल के लिए प्रसिद्ध है। मथुरा, वृंदावन आदि बृज क्षेत्र के समीप होने के कारण इस क्षेत्र का धार्मिक महत्व अधिक है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग जयपुर द्वारा बृज को ऐतिहासिक महत्व का घोषित करने का जिम्मा लिया और 2024 में यहां वृहद उत्खनन शुरू किया।

डीग पहुंच कर सबसे पहले पैलेस देखने का सौभाग्य लिया जो मध्यकालीन भवन स्थापत्य कला का नायाब उदाहरण है। यहां की वर्षा-जल संग्रहण की तकनीक वर्तमान समय में अत्यंत प्रांसगिक है। यहां से सुबह सात बजे बहज के लिए निकला। करीब 5 किमी की दूरी तय करने के बाद मुख्य स्थल पर पहुंचा।

बहज गांव में ऐतिहासिक उत्यानन से कई चौकाने वाले तथ्य सामने आए है। वहां जयपुर सर्किल के अधिक्षक श्री विनय गुप्ता जी से वहां मिलना हुआ। उनके अनुसार यहां महाभारत कालीन सभ्यता से जुड़े महत्वपूर्ण अवशेषों की खोज की जा रही है और काफी सामग्री मिली है। यह स्थान गोवर्धन के 84 कोस की परिक्रमा से सटा हुआ है। ऐसा माना जा रहा है कि कालीबंगा के बाद यह क्षेत्र पुरामहत्व की दृष्टि से काफी बड़ा और अहम है। उन्होंने बताया कि यहां से लगभग 4500-5000 वर्ष पुरानी महाभारत कालीन संस्कृति के प्रमाण मिले हैं। खुदाई में समग्र निवास स्थान मिला है जिसमें कुआं, भोजन शाला, शयन कक्ष व बैठक आदि हैं। यहां एक महिला का कंकाल भी मिला

है। यद्यपि वो मुझे देखने का सौभाग्य नहीं किला क्योंकि उसे डेटिंग के लिए प्रयोगशाला में भेज दिया गया था। कंकाल की लम्बाई 5 फीट 2 इंच बताई गई। संभवत: कंकाल को गुप्त कालीन माना जा रहा है। इसी तरह हड्डियों से औजार बनाने का कारखाना अथवा कार्यशाला के अवशेष भी मिले हैं।

खुदाई में लगे पवन सारस्वत ने बताया कि आरंभ में इस स्थल में उत्खनन कार्य PGW सांस्कृतिक जमाव का अध्ययन करना था लेकिन बाद में सब बदलता ही चला गया। यहां से शिव पार्वती की मूर्तियां मिली हैं। एक मिट्टी के टुकड़े पर त्रिशूल और डमरू कर अंकन मिला है यह देखकर मैं रोमांचित हो रहा था। यह अब तक की सबसे महत्वपूर्ण सामग्री है। मनकों के अवशेष, शंख से बनी चुड़ियां और धातु के औजार बनाने की भट्टियां भी मिली है। ऐसा माना जा रहा है कि यह उत्खनन महाभारत कालीन सभ्यताा को समझने में महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी।

पवन के अनुसार यहां से मिलने वाली सामग्री में पंचमार्क सिक्के भी महत्वपूर्ण सामग्री है। 2000 से 5000 साल पुरानी मुहर, सिलिंग के साथ-साथ इनसे भी पुराने पंचमार्क सिक्के मिले हैं। मौर्य कालीन ब्राह्मी की मुहर और सिलिंग मिली है जिसका निर्माण जेस्पर से किया गया है। इन पर ब्राह्मी लिपि के साथ स्वास्तिक व पंच जीवों का अंकन है जिसमें मोर, मछली, कछुआ आदि है। प्राप्त मोहर अति दुर्लभ है जो राजकीय प्रमाण की हो सकती है। वहीं अन्य मुहरों में शुंग कुषाण काल के स्थलों से मिली है। इनमें ब्राह्मी, खरोष्ठी दोनों लिपि की सिलिंग है। खरोष्ठी लिपि की सिलिंग बृज क्षेत्र में मिलना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। मुहरों पर स्वास्तिक त्रिरत्न आदि का अंकन है। खुदाई में कुछ स्तरों से चांदी व तांबे के पंचमार्क सिक्के मिले हैं। शुंग-कुषाण काल के सिक्कों पर हाथी, मेरू पर्वत, वृषभ, कुषाण शासकों व दैवियों का अंकन है। यह इस खुदाई की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है।

यहां मुहरों के अलावा टेराकोटा पात्र, कपड़े, रिंग स्टोन आदि पर भी लिपि का अंकन मिला है। खुदाई में जो 4 मिट्टी की सिलिंग मिली है उन पर ब्राह्मी का अंकन है। ये ब्राह्मी के प्राचीनतम प्रमाण है।

उत्खनन स्थल का सबसे उत्कृष्ट दृश्य मिट्टी के रिंग बेल थे। यहां करीब 10 माउंट (टेंच) पर खुदाई हो रही है। उनमें करीब तीन ऐसे टेंच हैं

जिनमें 6 रिंग वेल मिले है। ये करीब 40 फीट गहरी है। ऐसा अनुमान है यहां एक दौर में सरस्वती नदी का पाट रहा है। यह दृश्य सिर्फ उत्खनन क्षेत्र में ही देखा जा सकता है अन्यत्र नहीं। श्री विनय गुप्ता ने यह दावा किया है कि यह सरस्वती नदी के बहाव क्षेत्र का की ओर इशारा करता है। यदि गुप्ता जी का यह दावा सही साबित हो जाता है तो इसे इस उत्खनन की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक माना जाएगा। जिसका श्रेय सभी काम करने वाले मजदूरों और पुरातत्वविदों को जाता है। इसे पैलियो चैनल माना जा रहा है। एक दफन प्राचीन नदी तल जो बहज को बड़ी सरस्वती बेसिन संस्कृति से जोड़ता है। उन्होंने यह भी माना कि इस नदी के कारण ही यहां सभ्यता का विकास हुआ।

खुदाई को और अधिक उल्लेखनीय बनाने वाली बात है वहां मिले अनुष्ठान के अवशेष। यहां 15 यज्ञ कुंड, शक्ति पुजा के लिए समर्पित मन्नत टैंक महत्वपूर्ण है। यज्ञ कुंड महाजनपद कालीन है जो रेतीली मिट्टी से भरे हैं और वहीं छोटे बर्तनों में बिना लिखे तांबे के सिक्के भी थे।

उत्खनन से बहज की समृद्ध शिल्प विरासत का भी पता चलता है। यहां से मिलने वाली सामग्री निवासियों की आर्थिक जीवंतता को उजागर करती है। मुख्य रूप से मिट्टी के बर्तनों में सबसे नीचे के स्तर से गैरिक मृदभांड संस्कृति के अवशेष मिले हैं। उसके ऊपर के जमाव में (BRW) कृष्ण मार्जित मृदभांड संस्कृति का छोटा जमाव मिला है। (BRW) जमाव के ऊपर हमें एक बड़ा जमाव चित्रित धूसर मृदभांड संस्कृति का जमाव मिला है। इसके ऊपर फिर हमें क्रमवार मौर्य, शुंग, कुषाण व गुप्त काल के जमाव मिले हैं।

मुख्यतः OCP को छोड़कर ऊपर के जमाव में कच्ची ईंटों की प्राप्ति हुई है। शुंग काल से मुख्यतः पक्की ईंटों का निर्माण व्यापक स्तर पर दिखता है। कुषाण काल तक आते आते इन शुंग ईंटों का पुन उपयोग भवन निर्माण में दिखता है। इसके साथ भवनों में कच्ची मिट्टी के फर्श, चूल्हे, सिलबट्टे व स्टोरेज के जार भी मिले हैं।

जहां तक मनकों की बात है तो अगेट, क्रिस्टल, करनेलियन, ग्लास, हड्डी, शंख, अमिथिस्ट, फिआंस इत्यादि की प्राप्ति विभिन्न स्तरों से हुई है। इसी तरह कुषाण काल के टेराकोटा प्लेक मातृदेवियों की मूर्तियां, अश्विनी

GOVT. OF INDIA
भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण
ARCHAEOLOGICAL SURVEY OF INDIA
उत्खनन स्थल, बहज
EXCAVATION SITE, BAHAJ
जिला - डीग
Distt. DEEG



कुमार, नवग्रह पैनल, कुबेर, महिषासुर मर्दिनी आदि की मूर्तियां भी यहां से मिली है।



इस प्रकार इस क्षेत्र ने सारा परिदृश्य ही बदल दिया। यहां प्राचीन बस्ती के निर्माण के साक्ष्य, औद्योगिक नगर होने के प्रमाण, धार्मिक महत्व, व्यापारिक व प्रशासनिक स्थिति के प्रमाण तथा विभिन्न सांस्कृतिक जमाव साक्ष्य मिले हैं। इससे बहज भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण ही नहीं बल्कि एक समृद्ध सभ्यता का प्रतीक बन गई है। मुझे इस पुरास्थल का दौरा करने से ज्ञानवर्धन हुआ और इसके लिए मैं श्री विनय गुप्ता जी व उनके सहयोगी पवन सारस्वत, मनोज मीना, सत्यप्रकाश कुमावत का तथा वहां लगे सभी कर्मचारियों का हार्दिक आभार प्रकट करता हूं।

डॉ. रीतेश व्यास

बीकानेर (राज)

❑❑❑

हीरक जयन्ती

राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति

संस्कृति भवन, श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर) राज.

कार्यकारिणी समिति-वर्ष 2025-2030

श्याम महर्षि
अध्यक्ष

सुशील कुमार बाहेती
वरिष्ठ उपाध्यक्ष

भीखमचंद पुगलिया
उपाध्यक्ष


सत्यदीप
उपाध्यक्ष

डॉ. मदन सैनी
उपाध्यक्ष

रवि पुरोहित
मंत्री

सत्यनारायण योगी
संयुक्त मंत्री

विजय महर्षि
संयुक्त मंत्री

रामचन्द्र राठी
कोषाध्यक्ष

महावीर सारस्वत
प्रचार मंत्री

शोभाचंद आसोपा
सदस्य

भीकमचन्द पुगलिया
सदस्य

बजरंग शर्मा
सदस्य

महावीर प्रसाद माली
सदस्य

भंवरलाल भोजक
सदस्य

तुलसीराम चौरड़िया
सदस्य


गोपीराम फूलभाटी
सदस्य

महेश जोशी
सदस्य

नारायणचन्द्र शर्मा
सदस्य

भगवती पारीक
सदस्य

सम्पर्क : 9414416274, 9414416252, 9414416269, 01565-294670 (कार्यालय)

www.rbhpsdungargarh.com hindipracharsamiti@gmail.com

जूनी ख्यात परिवार की तरफ से हार्दिक बधाई।

मरूभूमि शोध संस्थान

संस्कृति भवन, श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर) राज.

कार्यकारिणी समिति-वर्ष 2025-2030



प्रो. बी. एल. भादानी
अध्यक्ष एवं पदेन निदेशक

डॉ. चेतन स्वामी
उपाध्यक्ष

डॉ. गजादान चारण
उपाध्यक्ष

श्याम महर्षि
सचिव

रवि पुरोहित
उपसचिव

रामचन्द्र राठी
कोषाध्यक्ष

श्याम सुन्दर आर्य
सदस्य

डॉ. अनिता वर्मा
सदस्य

विजयराज सेठिया
सदस्य

श्रीभगवान सैनी
सदस्य

ओमप्रकाश गुरावा
सदस्य

सम्पर्क : 9414416274, 9414416252, 9414416269, 01565-294670 (कार्यालय)

www.rbhpsdungargarh.com hindipracharsamiti@gmail.com

जूनी ख्यात परिवार की तरफ से हार्दिक बधाई।

महावीर प्रसाद माली मरुभूमि शोध संस्थान,
श्रीडूँगरगढ़ के लिए मुद्रित एवं प्रकाशित।

मुद्रक : महर्षि प्रिंटर्स, श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर) राज.

जूनी ख्यात बैंक विवरण :

Account Name : Marubhumi Shodh Sansthan
Bank : Punjab National Bank, Sridungargarh
Account No. : 3604000100174114
IFSC : PUNB0360400

Website : http://rbhpsdungargarh.com